KGS Publications

# करेंट अफेयर्स

BPSC, बिहार दारोगा, बिहार SSC, बिहार शिक्षक एवं राज्य की सभी एक दिवसीय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी

## अप्रैल 2024

वर्ष 01 | अंक 04






- बिहार, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय
- बिहार का आधुनिक इतिहास
- करेंट अफेयर प्रैक्टिस सेट
- वर्तमान परीक्षा पैटर्न पर आधारित BPSC का मॉडल टेस्ट प्रश्नपत्र
- नवीनतम तथ्यों का समावेश

डेस्टिनेशन बिहार एक्सपो 2024 | संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार | पंच प्रण कार्यक्रम | उच्चतम न्यायालय द्वारा चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक घोषित किया जाना | लद्दाख के लिए पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग | भारत-EFTA व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता गर्भिनी-GA2 AI मॉडल | भारत का दूसरा रॉकेट स्पेसपोर्ट | सेला सुरंग

KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform

KGS IAS

# KHAN GLOBAL STUDIES

## Most Trusted Learning Platform



GET IN ON Google Play

Download on the App Store

Download the
Khan Global Studies App

**प्रकाशक**
**के जी एस पब्लिकेशन**
**सर्वाधिकार सुरक्षित**

**प्रधान कार्यालय :**
Urbtech Trade Center, Tower – C/310, सेक्टर - 132, नोएडा, (उत्तर प्रदेश)
पिन - 201304.
Web-kgspublication.com
E-mail-business@kgspublication.com
Mob. : 9910129844

| | | |
|---|---|---|
| **पुस्तक** | : | करेंट अफेयर्स पत्रिका (BPSC) |
| **सम्पादक/लेखक** | : | के जी एस (BPSC) टीम |
| **ISBN** | : | 978-81-971379-1-4 |
| **मूल्य** | : | 70/- |
| **कोड** | : | KGS-BM01 |
| **मुद्रक** | : | आर बी डी, जयपुर (राजस्थान) |

**विधिक क्षेत्राधिकार –**

- केजीएस पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक के सभी तथ्य उचित एवं विश्वसनीय स्रोतों से लिए गए हैं। जानकारी को त्रुटी रहित बनाने का यथासंभव प्रयास किया गया है। मानवीय त्रुटी की सम्भावना रह सकती है ।
- इस पुस्तक के किसी भी अंश का इलेक्ट्रॉनिक, फोटोकापी, रिकार्डिंग या वेब माध्यम, मैकेनिकल या अन्य किसी प्रणाली के माध्यम से बिना प्रकाशक की अनुमति के प्रकाशन या वितरण आपराधिक श्रेणी में रखा जायेगा।
- पुस्तक में प्रकाशित किसी सूचना की सत्यता के प्रति हुई क्षति के लिए प्रकाशक, लेखक,सम्पादक तथा मुद्रक जिम्मेदार नहीं है
- प्रकाशन से सम्बन्धित सभी विवाद न्यायिक क्षेत्र नोएडा होगा।

KGS IAS

Online Programmes

UPSC (PRE + MAINS)

English Medium

Hindi Medium

BPSC
(PRE + MAINS)
Bilingual

UPPSC
(PRE + MAINS)
Hindi Medium

MPPSC
(PRE + MAINS)
Hindi Medium

OPTIONAL COURSES

Scan To Know More

Admission Open

Start Your Prepration Online With Khan Global Studies App

GET IN ON Google Play

Download on the App Store

www.khanglobalstudies.com

+91 875 735 4880

enquiry@khanglobalstudies.com

# विषय सूची


**बिहार स्पेशल** 1-18

- पोषण पुनर्वास केंद्र
- बिहार द्वारा सड़क निर्माण और मरम्मत में AI का उपयोग
- जर्दालू आम के लिए उत्कृष्टता केंद्र (CoE)
- पेइंग गेस्ट हट
- बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार हेतु पहल
- कृषि देव ज्ञान ऐप
- बिहार में नहरों के किनारे सोलर पार्क
- बिहार में ग्लूकोनाइट और निकेल-क्रोमियम खनन
- मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना
- बिहार राज्य फसल सहायता योजना
- जीविका पुस्तकालय
- बिहार में बुनियादी ढांचे का विकास
- टर्न द बस ऐप
- डेस्टिनेशन बिहार एक्सपो 2024
- बिहार एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन (BIWRM) परियोजना
- सिमरिया धाम
- बिहार में पर्यटन स्थल
- राज्य स्तरीय फेलोशिप योजना
- बिहार में स्वास्थ्य देखभाल विकास परियोजनाएँ
- संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार
- ई-बर्ड रिपोर्ट में बिहार येलो जोन में सूचीबद्ध
- बिहार: जेंडर बजट और बाल कल्याण बजट
- पंच प्रण कार्यक्रम
- गया-औरंगाबाद में खनिज ब्लॉक विकास
- राष्ट्रीय डॉल्फिन अनुसंधान केंद्र, पटना
- बिहार में वायु प्रदूषण
- बिहार के राज्यपाल भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को थाईलैंड ले गए
- बिहार में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएँ
- बिहार में चिकित्सा शिक्षा
- बिहार में कृषि योजनाओं का उद्घाटन
- बिहार में ग्रीन टाउनशिप
- बिहार पुलिस की विशेष शाखा के लिए एक नया कैडर
- **वन लाइनर**

**राष्ट्रीय** 19-38

**राजव्यवस्था**

- चुनावी बॉन्ड असंवैधानिक: उच्चतम न्यायालय
- लद्दाख के लिए पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग
- लोकसभा की विशेषाधिकार समिति
- किशोरियों की पोषण संबंधी आवश्यकताएँ
- पीएम-जनमन (PM-JANMAN)
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
- सशक्त नारी-विकसित भारत कार्यक्रम
- उज्ज्वला योजना पर मिलने वाली सब्सिडी की अवधि में वृद्धि

**अर्थव्यवस्था**

- रेलवे अवसंरचना परियोजनाएँ
- भारत-EFTA व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता

**भूगोल**

- कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना (KLIP)
- कोरोनल मास इजेक्शन

**पर्यावरण**

- नॉर्दन पिंटेल
- राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड
- भारत की पर्यावरण स्थिति रिपोर्ट 2024
- समुद्री स्लग का नाम राष्ट्रपति के नाम पर रखा गया
- अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस
- जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान में वृक्षों की अवैध कटाई
- भारत में गोल्डन लंगूर

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी**

- भू-तुल्यकालिक उपग्रह प्रक्षेपण यान
- ओरेगन (संयुक्त राज्य अमेरिका) में ब्यूबोनिक प्लेग
- बर्ड फ्लू का प्रकोप
- डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म
- पॉजिट्रोनियम का लेजर कूलिंग
- कालाजार का उन्मूलन
- गर्भिनी-GA2 AI मॉडल
- वर्ष 2035 तक भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन
- भारत का दूसरा रॉकेट स्पेसपोर्ट
- सेला सुरंग
- अग्नि 5 का सफल परीक्षण
- वायुमंडलीय अनुसंधान परीक्षण स्थल

- गूगल डीपमाइंड का नवीन AI

कला एवं संस्कृति

- आदि महोत्सव
- सम्मक्का-सरलम्मा जात्रा
- माखा बुचा उत्सव
- **वन लाइनर**

**अंतर्राष्ट्रीय 39-44**

- इंडस-एक्स शिखर सम्मेलन
- इंटरपोल
- रायसीना डायलॉग 2024
- अमेरिका ने 50 वर्षों में पहली बार चंद्रमा पर लैंडिंग की
- नॉर्डिक-बाल्टिक 8 (NB8)
- G33
- स्वीडन नाटो में शामिल होने वाला 32वां सदस्य
- **वन लाइनर**

**विविध 45-52**

- सेल्यूलर जेल
- फली सैम नरीमन
- राष्ट्रीय युवा संसद 2024
- संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार
- प्रथम नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार
- ऑस्कर पुरस्कार
- भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक
- एंटी ड्रोन प्रणाली
- उन्नत मध्यम युद्धक विमान
- कीर्ति (KIRTI) कार्यक्रम
- वैश्विक मानव विकास सूचकांक
- विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट
- एक्स टाइगर ट्राइंफ - 24

**प्रीलिम्स स्पेशल 53-71**

- चर्चा में रहे व्यक्तित्व
- चर्चित स्थल
- पुरस्कार एवं सम्मान
- महत्वपूर्ण दिवस और विषय
- खेल आयोजन
- खेल पुरस्कार/रिकॉर्ड/रैंकिंग
- किताबें और लेखक
- निधन
- संक्षिप्तीकरण (ABBREVIATION)
- रिपोर्ट और सूचकांक (अंतरराष्ट्रीय)
- समझौता ज्ञापन (MOUs)
- सैन्य अभ्यास
- रक्षा और सुरक्षा
- शिखर सम्मेलन
- नियुक्ति-राष्ट्रीय
- नियुक्ति-अंतर्राष्ट्रीय
- नियुक्ति (अंतर्राष्ट्रीय संगठन)
- त्यौहार
- भौगोलिक संकेतक टैग
- इसरो का मिशन/पहल
- विभिन्न ऑपरेशन
- प्रमुख योजना
- अभियान
- मोबाइल ऐप/पोर्टल

**अपना बिहार 72-77**

आधुनिक युग में बिहार

- 1857 के विद्रोह में बिहार की भूमिका
- बिहार में विद्रोह की प्रमुख घटनाएँ
- कुँवर सिंह और 1857 का विद्रोह
- विद्रोह का अन्य क्षेत्रों में प्रसार
- बिहार प्रांतीय कांग्रेस
- बिहार में होम रूल आंदोलन
- चंपारण सत्याग्रह
- भारतीय/राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में बिहार की भूमिका
- भारत सरकार अधिनियम 1935 के तहत बिहार में चुनाव
- बिहार में आदिवासी और अन्य आंदोलन
- बिहार में किसान आंदोलन
- आधुनिक बिहार के निर्माण में महिलाओं की भूमिका
- बिहार के महत्वपूर्ण व्यक्तित्व

**अभ्यास कार्य 78-108**

- BPSC TEST PAPER - 2
- उत्तरमाला
- करेंट अफेयर्स वस्तुनिष्ठ प्रश्न
- उत्तरमाला

# करेंट अफेयर्स

## बिहार स्पेशल

### पोषण पुनर्वास केंद्र

**संदर्भ**

पिछले एक साल में कमजोर बच्चों को अस्पतालों से **पोषण पुनर्वास केंद्रों** (NRC) में भेजने में लापरवाही हुई है।

#### महत्त्वपूर्ण तथ्य

- वर्ष 2022 में **यूनिसेफ** ने स्वास्थ्य विभाग को ओपीडी (बाह्य **रोगी** विभाग) में आने वाले कमजोर और कुपोषित बच्चों को ठीक होने के बाद पोषण पुनर्वास केंद्र भेजने की सलाह दी थी।

#### पोषण पुनर्वास केंद्र (NRC)




- यह एक प्रकार का **सुविधा-आधारित देखभाल केंद्र** है, जहाँ माँ और बच्चे दोनों को स्वास्थ्यवर्धक भोजन और दवाएँ मिलती हैं।
- यह परियोजना **छह महीने से साठ महीने** की उम्र के उन बच्चों को सहायता प्रदान करती है जो गंभीर तीव्र कुपोषित (SAM) हैं। इन बच्चों को पूरी तरह से ठीक होने के बाद ही अस्पताल से छुट्टी दी जाती है।
- माताओं को पोषण, बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता आदि में प्रशिक्षण दिया जाता है।
- बिहार में पोषण पुनर्वास केंद्र का संचालन "**निदान** (NIDAN)" द्वारा किया जाता है।
- बिहार में, अनुमानित 9,74,610 बच्चे, या कुल बच्चों का 8.33 **प्रतिशत,** गंभीर तीव्र कुपोषण से प्रभावित हैं, जिससे उनकी मृत्यु का खतरा सर्वाधिक है। इस पहल से उन बच्चों को मदद मिलेगी जो अति गंभीर कुपोषण से प्रभावित हैं।

### बिहार द्वारा सड़क निर्माण और मरम्मत में AI का उपयोग

**संदर्भ**

हाल ही में, प्रायोगिक आधार पर पहली बार, बिहार के सड़क निर्माण विभाग ने प्रखंड स्तर पर सड़कों के निर्माण के लिए AI का उपयोग करने का निर्णय लिया।

#### महत्वपूर्ण तथ्य

- प्रत्येक प्रखंड में **60 किमी** सड़क की निगरानी AI से की जाएगी।
- AI निगरानी के लिए वाहन-आधारित मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग किया जाएगा।
- सड़क ऑडिटिंग वाहन द्वारा की जाएगी, और फिर AI सभी ऑडिट रिपोर्टों को चित्रों में परिवर्तित कर देगा।
- AI-आधारित प्रणाली गड्ढों, दरारों और अन्य खतरों की पहचान करने के लिए इमेज रेकग्निशन और मशीन लर्निंग का उपयोग करेगा।
- इन प्रणालियों से एकत्र किए गए डेटा का उपयोग सड़क रखरखाव योजनाओं, सड़कों की स्थिति आदि को ट्रैक करने के लिए किया जाएगा।

#### अन्य पहल

- **बिहार ग्रामीण सड़क रखरखाव नीति-2018:** बिहार ग्रामीण सड़कों के रखरखाव और मरम्मत में NHAI और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के कई मानदंडों का उपयोग करता है।
- **अनुरक्षण मोबाइल ऐप:** ग्रामीण सड़कों की **ऑनलाइन निगरानी** के लिए यह एक मोबाइल ऐप है।

### जर्दालू आम के लिए उत्कृष्टता केंद्र (CoE)

**संदर्भ**

बिहार सरकार ने भागलपुर के शाहकुंड में जर्दालु आम के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है।

#### महत्वपूर्ण तथ्य

- **चौथे कृषि रोडमैप** के तहत बिहार में जर्दालु आम के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र प्रस्तावित है।


KGS

- इस उत्कृष्टता केंद्र में **शेड नेट और पॉली हाउस** भी स्थापित किए जाएंगे, जिससे फल को कृत्रिम वातावरण में उगाया जा सके।
- यह CoE किसानों के लिए एक ज्ञान और कौशल केंद्र के रूप में भी काम करेगा, किसानों को नई तकनीक का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।
- यहां जर्दालू आम पर शोध भी किया जाएगा, ताकि गुणवत्ता में सुधार हो सके।

### जर्दालु आम




### बिहार में अन्य उत्कृष्टता केंद्र

- **चंडी, नालन्दा** में सब्जियों के लिए उत्कृष्टता केंद्र (भारत-इजरायल सहयोग के तहत खोला गया)।
- वैशाली में आम और लीची के लिए उत्कृष्टता केंद्र (भारत-इजराइल सहयोग के तहत खोला गया)।

## पेइंग गेस्ट हट

**संदर्भ**

राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, पर्यटन विभाग ने पेइंग गेस्ट हट पहल की शुरुआत की है, जिसमें पर्यटन स्थलों के नजदीक बसे गांवों में पेइंग गेस्ट सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- **उद्देश्य:** बिहार में पर्यटन स्थलों के निकट बसे सभी गांवों का विकास करना।
- इस योजना के लिए **कोई वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जाएगी,** बल्कि सरकार द्वारा ग्रामीणों को झोपड़ी (हट) बनाने और इस योजना के कार्यान्वयन के लिए एक सुविधाप्रदाता के रूप में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।
- पर्यटन विभाग ने संभावित गांवों की मैपिंग की है और ग्रामीणों को पेइंग गेस्ट की अवधारणा और इससे जुड़े लाभों के बारे में अवगत कराया है।
- इसके लिए प्रत्येक जिले से दो पर्यटक स्थलों का चयन किया जाएगा।

| जिले | पर्यटक स्थल (आस-पास के विकसित गाँव) |
|---|---|
| 1. भागलपुर | • बटेश्वर स्थान<br>• तीन पहाड़ी |
| 2. बांका | • ओढ़नी बांध<br>• मंदार पर्वत |
| 3. मुंगेर | • भीम बाँध<br>• ऋषि कुंड |
| 4. लखीसराय | • अशोक धाम<br>• श्रृंगी पहाड़ (पर्वत) |
| 5. खगड़िया | • कात्यायनी स्थान |
| 6. सहरसा | • मत्स्य गंध<br>• मंडन भारती धाम |
| 7. मधेपुरा | • सिंघेश्वर मंदिर<br>• बाबा विशु राउत पचरासी धाम |
| 8. पूर्णिया | • पूरण देवी मंदिर<br>• प्रह्लाद स्तंभ |

## बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार हेतु पहल

**संदर्भ**

बिहार में जिला अस्पतालों को मेडिकल कॉलेजों से जोड़ा जाएगा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए राज्य में "डॉक्टर्स मेंटरिंग प्रोग्राम" शुरु किया जाएगा।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- मेडिकल कॉलेजों की सहायता से जिला अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।
- मेडिकल कॉलेजों के माध्यम से जिला अस्पताल के डॉक्टरों को नई तकनीक, नई स्वास्थ्य दिशा-निर्देश, आधुनिक दवाओं आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## मुख्य जोर

- **शिशु मृत्यु दर (IMR) को कम करना,** नवजात शिशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना आदि।

## प्रशिक्षण चरण

- पहले चरण में डॉक्टरों को आपातकालीन प्रसव और बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।
- दूसरे चरण में मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टरों को प्रत्येक 3 महीने में अस्पताल का निरीक्षण करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर मौके (on-the-spot) पर ही प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जाएगी।
- स्वास्थ्य विभाग (बिहार) और इंडियन पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन द्वारा **डॉक्टर्स मेंटरिंग प्रोग्राम** की शुरुआत की गई।

## बिहार सरकार द्वारा संचालित अन्य स्वास्थ्य संबंधी पहल

1. मुख्यमंत्री डिजिटल स्वास्थ्य योजना
2. सबके लिए अतिरिक्त स्वास्थ्य योजना (सात निश्चय योजना-2 के अंतर्गत)
3. वंडर ऐप
4. अश्विन पोर्टल

# कृषि देव ज्ञान ऐप

**संदर्भ**

**"कृषि देव ज्ञान ऐप"** (स्मार्ट फार्म प्रोजेक्ट) नामक एक पायलट प्रोजेक्ट का परीक्षण डोभी (गया) में किया जा रहा है।

## कृषि देव ऐप

- यह **इफको** द्वारा विकसित एक ऐप है जो किसानों को फसलों के बारे में जानकारी प्रदान करता है।
- इससे किसानों को मृदा की नमी, पौधों की पानी की आवश्यकता, रोग, कीट और मौसम संबंधी जानकारी एक सप्ताह पहले ही उनके मोबाइल पर मिल जाएगी।
- किसान अपने खेतों में लगे मोटर पंपों को घर बैठे अपने मोबाइल ऐप से चालू और बंद भी कर सकेंगे।
- जल्द ही इस ऐप का उपयोग **पूरे प्रदेश** के किसान कर सकेंगे।

## ऐप के लाभ

- यह एप्लिकेशन खेतों में उगने वाले पौधों की सामान्य बीमारियों का पता लगाएगा और किसानों को मैसेज के साथ-साथ कॉल के माध्यम से भी सूचित करेगा।
- यह किसानों को फसल बचाने के लिए समाधान और सुझाव भी देगा।

# बिहार में नहरों के किनारे सोलर पार्क

**संदर्भ**

बिहार सरकार द्वारा बिहार की विभिन्न नहरों के किनारे कुल 250 मेगावाट क्षमता के सोलर पार्क निर्मित किये जायेंगे।

## महत्वपूर्ण तथ्य

- इस परियोजना के अंतर्गत नहरों की कुल संयुक्त लंबाई **लगभग 500 किलोमीटर** होगी।
- इस परियोजना के लिए विभिन्न नदियों जैसे सोन, कोसी, गंडक, बागमती आदि पर निर्मित नहरों का उपयोग किया जाएगा।
- इस परियोजना का कुल परिव्यय **1.5 हजार करोड़ रुपए** है।
- प्रारंभ में पटना के नजदीक स्थित **बिक्रम में सोन नहर पर 2 मेगावाट** के सोलर प्लांट का निर्माण कार्य शुरू हुआ है। इसी तरह **नवादा के फुलवरिया झील पर 10 मेगावाट** का सोलर प्लांट बनाया जायेगा।
- **इस परियोजना की आवश्यकता:** राज्य सरकार को नवीकरणीय खरीद दायित्व (ROP) के लक्ष्य को पूरा करने के लिए।
- चूँकि बिहार में पवन ऊर्जा और जल विद्युत ऊर्जा की क्षमता सीमित है, इसलिए ROP के लक्ष्य को पूरा करने के लिए बिहार में सोलर पार्क विकसित करना आवश्यक है।

## बिहार में अन्य सौर परियोजनाएँ

| | |
|---|---|
| 1. कजरा सोलर प्लांट, लखीसराय | 254 मेगावाट बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के साथ 185 मेगावाट सौर पीवी संयंत्र। |
| 2. कादिराबाद फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट, दरभंगा | 2 मेगावाट क्षमता |

## सरकारी योजनाएँ

1. **पीएम कुसुम योजना:** ग्रिड पर निर्भरता को कम करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सौर पंपों की स्थापना।
2. **रूफटॉप सौर योजना:** छतों पर सौर पैनल स्थापित करके सौर ऊर्जा का उपयोग करना।
3. **सोलर पार्क योजना:** भारत में लगभग 500 मेगावाट की क्षमता वाले कई सोलर पार्क निर्मित करना।

## बिहार में ग्लूकोनाइट और निकेल-क्रोमियम खनन

**संदर्भ**

केंद्र सरकार ने बिहार के औरंगाबाद और रोहतास जिलों में लोगों से निकेल-क्रोमियम खदानों की निविदा आमंत्रित करने के लिए एक नोटिस जारी किया है।

### महत्वपूर्ण तथ्य

| ब्लॉक | भौगोलिक क्षेत्र | खनिज पदार्थ | अन्य |
|---|---|---|---|
| 1. गेनजाना निकेल-क्रोमियम और PEG ब्लॉक | 1. जिला: [औरंगाबाद, गया]<br>2. प्रखंड: बांके बाजार<br>3. गाँव: गेनजाना, लकराही | पेंटलैंडाइट, प्लैटिनम, पैलेडियम, क्रोमाइट ($Cr_2O_3$) | क्षेत्रफल: 7.8885 वर्ग कि.मी<br>अन्वेषण का स्तर: G4 |
| 2. चुटिया-नौहट्टा ग्लूकोनाइट ब्लॉक (ग्लूकोनाइट बलुआ पत्थर) | 1. जिला: रोहतास<br>2. ब्लॉक: नौहट्टा<br>3. गांव: चुटिया-नौहट्टा | पोटाश ($K_2O_3$) | क्षेत्रफल: 4.6395 वर्ग किमी<br>अन्वेषण का स्तर: G3<br>संसाधन: 141.73 मिलियन टन (MT) |
| 3. पिपराडीह-भुरवा ग्लूकोनाइट ब्लॉक | 1. जिला: रोहतास<br>2. ब्लॉक: नौहट्टा<br>3. गांव: पहाड़िया, मंगरदह, चपला और बनुआ | पोटाश ($K_2O_3$) | क्षेत्रफल: 4.1538 वर्ग किमी<br>अन्वेषण का स्तर: G3<br>संसाधन: 88.38 मीट्रिक टन |

*नोट: अन्वेषण के चार स्तर हैं G1, G2, G3 और G4 जहां G का अर्थ 'भूवैज्ञानिक' है।*

- केंद्र सरकार नवंबर 2023 से बिहार में इन खदानों के विकास के लिए आदेश जारी कर रही है।
- इन खदानों को मिलाकर राज्य में 9 खनिज ब्लॉकों को **अति महत्वपूर्ण खदानों** के रूप में चिन्हित किया गया है।

### खनिजों का उपयोग

- निकेल (Ni) -क्रोमियम (Cr):

1. निकेल का उपयोग इस्पात में तन्य शक्ति, कठोरता को बढ़ाने और संक्षारण प्रतिरोध में सुधार करने के लिए किया जाता है।
2. क्रोमियम का उपयोग स्टील में ऑक्सीकरण और संक्षारण प्रतिरोध में सुधार के लिए किया जाता है।

- PEG खनिज: एलईडी पैनल बनाने के लिए उपयोग किया जाता है।
- प्लैटिनम: आभूषणों में उपयोग किया जाता है।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना

**संदर्भ**

बिहार सरकार ने राज्य के **58 लाख परिवारों** को **5 लाख** रुपये का स्वास्थ्य बीमा देने का निर्णय किया है।

### योजना से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य

- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) - 2013 के तहत, बिहार के कुल 1.79 करोड़ परिवार सूचीबद्ध हैं और इनमें से कुल 1.21 करोड़ परिवार ही आयुष्मान भारत पीएम जन आरोग्य योजना के तहत बीमाकृत हैं, इस प्रकार लगभग 58 लाख परिवार ऐसे हैं जो आयुष्मान भारत PMJAY योजना में शामिल नहीं हैं।
- इसलिए, बिहार सरकार ने इन 58 लाख वंचित परिवारों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने का निर्णय लिया है।
- "मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना" के तहत इन वंचित परिवारों को 5 लाख रु. प्रति वर्ष का बीमा प्राप्त होगा।
- स्वास्थ्य एवं आपूर्ति विभाग (बिहार सरकार) इस योजना की कार्यान्वयन एजेंसी होगी।
- **पात्रता:** लाभार्थी बिहार का निवासी होना चाहिए और उसके पास **राशन कार्ड** होना अनिवार्य है।

### आयुष्मान भारत पीएम जन आरोग्य योजना

| | |
|---|---|
| 1. प्रारंभ | 23 सितंबर 2018 को रांची से पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा। |
| 2. मौद्रिक कवरेज | द्वितीयक और तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल हेतु अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक। |
| 3. लाभार्थी | PM-JAY मुख्य रूप से नवीनतम SECC (सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना) डेटा के अनुसार गरीब, वंचित ग्रामीण परिवारों और शहरी श्रमिकों के रूप में पहचान की गई व्यावसायिक श्रेणियों को लक्षित करता है।<br>लगभग 10.74 करोड़ परिवारों (लगभग 50 करोड़ लाभार्थी) की पहचान की गई है। |
| 4. वित्तपोषण | केंद्र प्रायोजित योजना |

## बिहार राज्य फसल सहायता योजना

**संदर्भ**

बिहार सरकार का लक्ष्य अगले 5 वर्षों में 1.5 करोड़ किसानों को फसल सहायता योजना के अंतर्गत लाना है।

## महत्त्वपूर्ण तथ्य

- अगले 5 वर्षों में पांच लाख किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के लाभ के दायरे में लाया जाएगा।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए फसल सहायता योजना के तहत **541 करोड़ रुपये** आवंटित किए गए हैं।
- PACS (प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसाइटी) को एक बहुउद्देशीय केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा जिसमें किसानों के लिए CSP केंद्र, जेनेरिक दवाएं, उर्वरक, कीटनाशक, कीटनाशकों के छिड़काव के लिए ड्रोन और पेट्रोल आउटलेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।
- पहले चरण में 105 PACS का चयन **जन औषधि केंद्र** के लिए किया गया है।
- 6073 **PACS** पर 15.12 लाख मीट्रिक टन की अतिरिक्त भंडारण क्षमता के साथ गोदामों का निर्माण किया गया है।

## बिहार राज्य फसल सहायता योजना

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा यह योजना वर्ष **2018** में शुरू की गई थी।
- यह योजना प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले फसल के नुकसान की स्थिति में किसानों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करने का प्रयास करती है।
- लाभ:
  - यदि फसल नुकसान 20% से कम है, तो 7500 रुपये प्रति हेक्टेयर।
  - यदि फसल नुकसान 20% से अधिक है, तो 10,000 रुपये प्रति हेक्टेयर।

## जीविका पुस्तकालय

**संदर्भ**

बिहार में **434** अन्य प्रखंडों में जीविका पुस्तकालय खोला जाएगा।

- **जीविका पुस्तकालय का उद्देश्य:** इसका उद्देश्य पुस्तकालयों के माध्यम से ग्रामीण शिक्षा को प्रोत्साहित करना है।

## महत्वपूर्ण तथ्य

- ग्रामीण शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बिहार के प्रत्येक ब्लॉक में पुस्तकालय खोलने की योजना है।
- जल्द ही फुलवारी प्रखंड के कुरकुरी गांव में **101वां** पुस्तकालय खोला जाएगा।
- वर्तमान में **32** जिलों के **100** प्रखंडों में पुस्तकालय संचालित किए जा रहे हैं।
- इनमें से प्रत्येक पुस्तकालय की देखरेख विद्या दीदियों द्वारा की जाती है।
- यह प्रतिदिन आठ घंटे तक खुली रहती है।
- प्रत्येक पुस्तकालय में डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा और लगभग एक हजार पुस्तकें हैं।
- सभी पुस्तकालयों में बच्चों का एक अनुभाग होगा।




Source: gaonconnection.com

## जीविका पुस्तकालय के अंतर्गत उपलब्ध पुस्तकें

- समसामयिक पत्रिका
- दैनिक समाचार पत्र
- प्रशासनिक सेवा की पुस्तकें
- BPSC, रेलवे, बैंकिंग परीक्षा की पुस्तकें इत्यादि।

## पुस्तकालय के अंतर्गत सुविधाएं

- नौकरी एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु मार्गदर्शन
- ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए विशेषज्ञों से कैरियर परामर्श
- लघु प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन
- जिन महिलाओं की पढ़ाई छूट गई है उन्हें शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पाने के लिए सहायता कार्यक्रम।

## बिहार में बुनियादी ढांचे का विकास

**संदर्भ**

21 फरवरी 2024 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना से 4446.188 करोड़ रुपए की कुल **3618** परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

## महत्वपूर्ण तथ्य

- कुल 3618 परियोजनाओं में से 3590 ग्रामीण सड़कें और 28 सड़क पुल हैं। इन सड़कों और पुलों का निर्माण राज्य की विभिन्न

योजनाओं के तहत बिहार के ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा किया गया है।

## विकास परियोजनाओं का विवरण

| योजना | परियोजनाएं | व्यय |
|---|---|---|
| 1. मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना | 1583 सड़कें और 11 पुल | 1735.814 करोड़ |
| 2. मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना | 1977 सड़कें | 2576.07 करोड़ |
| 3. राज्य की अन्य योजनाओं के अंतर्गत | 30 सड़कें और 17 पुल | 134.30 करोड़ |

- छह घंटे में राज्य के किसी भी सुदूर इलाके से राजधानी पटना तक पहुंचने के लक्ष्य को हासिल कर लिया गया है। अब पांच घंटे के लक्ष्य पर काम किया जा रहा है।
- ग्रामीण कार्य विभाग का वार्षिक बजट जो वित्त वर्ष 2007-08 में केवल 1390 करोड़ रुपये था,अब वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 11,569 करोड़ रुपये हो गया है।
- **मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना:** यह योजना वर्ष 2023 में बिहार में ग्रामीण सड़कों के रखरखाव के लिए शुरू की गई थी।

## बिहार में अन्य बुनियादी ढांचा विकास योजनाएं

1. ग्रामीण टोला संपर्क निश्चय योजना
2. मुख्यमंत्री ग्रामीण गली-नाली निश्चय योजना
3. सुलभ संपर्कता (सात निश्चय 2.0 के तहत)

# टर्न द बस ऐप

**संदर्भ**

जीविका बिहार ग्रामीण आजीविका कार्यक्रम (जीविका) ने बिहार में **टर्न द बस ऐप** से 1 लाख से अधिक बच्चों को जोड़ा है।

## महत्वपूर्ण तथ्य

- दिसंबर 2023 में जीविका ने ग्रामीण और आर्थिक रूप से पिछड़े छात्रों को इस ऐप से जोड़ने के लिए बिहार के विभिन्न जिलों में एक विशेष अभियान चलाया था।
- आर्थिक तंगी या किसी अन्य कारण से ट्यूशन या कोचिंग कक्षाएं लेने में असमर्थ छात्रों के लिए, जीविका द्वारा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया गया।
- पिछले साल 10वीं और 12वीं कक्षा के 1,85,000 छात्रों ने अपनी बोर्ड परीक्षा के लिए इस ऐप पर डिजिटल कक्षाएं लीं थी।
- जीविका ने वर्ष 2019 में पटना में टर्न द बस ऐप के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किया था।

## ऐप से संबंधित जानकारी

- यह ऐप वर्ष 2018 में लॉन्च किया गया था। यह अमेरिका के सिएटल में स्थित, एक एड-टेक आधारित गैर-लाभकारी संगठन है।
- यह ऐप डिजिटल शिक्षा प्रदान करने वाले अन्य ई-एजुकेशन ऐप के समान है। इस ऐप में ऑनलाइन कक्षाएं, ऑनलाइन ट्यूटोरियल, क्विज़, एनसीईआरटी सामग्री और प्रश्न-उत्तर अनुभाग जैसी सुविधाएं हैं।
- **मिशन:** स्मार्टफोन की मदद से शैक्षिक असमानता को कम करके आय असमानता को कम करना।
- **इस ऐप में शामिल भागीदार:** जीविका, बीएसईबी पटना, तकनीकी संगठन जैसे- अमेज़ॅन, माइक्रोसॉफ्ट, डेमोक्रेसी लैब्स, आदि, और उच्च संस्थान जैसे आईआईएम कलकत्ता, आदि।




# डेस्टिनेशन बिहार एक्सपो 2024

**संदर्भ**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 23 फरवरी 2024 को गांधी मैदान पटना में **डेस्टिनेशन बिहार एक्सपो-2024** का शुभारंभ किया।

## महत्वपूर्ण तथ्य

- इस एक्सपो का आयोजन बिहार इंडस्ट्री एसोसिएशन और CREDAI (द कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया) द्वारा पांच दिनों तक पटना में किया गया था।
- इस एक्सपो में देशभर की लगभग 250 कंपनियों और 400 से ज्यादा स्टालों ने अपने उत्पाद और सेवाओं को प्रदर्शित किया।

- इस एक्सपो में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं उपक्रमों के स्टॉल भी लगाये गये थे।
- **एक्सपो का उद्देश्य:** यह राज्य में एमएसएमई और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश को बढ़ाएगा। यह राज्य में औद्योगीकरण की दर और रोजगार के अवसर को भी बढ़ाएगा।
- इस एक्सपो के दौरान बिहार सरकार की **"नई आईटी नीति - 2024"** पर चर्चा के लिए एक सम्मेलन का भी आयोजन किया गया।

### नई आईटी नीति 2024

- बिहार सरकार द्वारा जनवरी 2024 में लॉन्च किया गया।
- **अवधि:** पांच वर्ष
- इस नीति के तहत, 30 करोड़ रुपये तक की निश्चित पूंजी निवेश पर 30% सब्सिडी प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त,पांच वर्ष के लिए 40 करोड़ रुपये तक की पूंजी पर 10% ब्याज छूट का विकल्प भी उपलब्ध है।
- निवेशक पांच साल की अवधि के लिए किराये के मूल्य के **50%** तक की लीज रेंटल सब्सिडी का लाभ उठा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, उन्हें पांच वर्षों के लिए 25% बिजली टैरिफ सब्सिडी भी मिल सकती है।

## बिहार एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन (BIWRM) परियोजना

**संदर्भ**

वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने हाल ही में राज्य की जल संसाधन प्रबंधन परियोजना के लिए विश्व बैंक से बिहार को वित्तीय मदद के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- विश्व बैंक बिहार में BIWRM परियोजना के लिए 3090 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। यह परियोजना लागत का लगभग 70% है और शेष राशि बिहार सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी।
- **4415 करोड़ रुपये** की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना को **छह वर्षों** में पूरा करने का प्रस्ताव है।

### इस परियोजना का उद्देश्य

- राज्य में जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन, बिहार में बाढ़ के खतरे को कम करना और राज्य में अतिरिक्त सिंचाई क्षमता का निर्माण करना।

### BIWRM परियोजना के तहत प्रस्तावित विकास कार्य

- "जल जीवन हरियाली अभियान" और "हर खेत तक सिंचाई का पानी" जैसी योजनाओं के लक्ष्य पूरे किए जाएंगे।
- राज्य की पूर्व चेतावनी प्रणाली को आधुनिक बनाया जाएगा।
- पुराने बैराज की मजबूती और बैराज के रखरखाव का अध्ययन।
- बिहार में विभिन्न नदी जोड़ो परियोजनाओं आदि के लिए फंडों का इस्तेमाल किया जाएगा।

## सिमरिया धाम

**संदर्भ**

24 फरवरी 2024 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने **सिमरिया धाम (बेगूसराय)** में विकास कार्यों का उद्घाटन किया।




### महत्वपूर्ण तथ्य

- **सिमरिया धाम** को **हरिद्वार के हर की पौड़ी धाम** की तर्ज पर विकसित करने के लिए, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 30 मई 2023 को गंगा के किनारे स्थित एक सांस्कृतिक केंद्र सिमरिया धाम के पुनरुद्धार की आधारशिला रखी।
- **जल संसाधन विभाग** ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगभग 115 करोड़ रुपये की लागत से सीढ़ी घाट, चेंजिंग रूम, गंगा

आरती स्थल, पार्किंग, 3 मंजिला धर्मशाला आदि विकसित किया है।

- यह विकास कार्य जल संसाधन विभाग की **"रिवर फ्रंट योजना"** के अंतर्गत किया जा रहा है।
- सिमरिया धाम के पुनरुद्धार से यह स्थान एक तीर्थ और पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित होगा जिससे क्षेत्र में पर्यटन और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र के लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

## सिमरिया धाम

- सिमरिया घाट उत्तरवाहिनी **गंगा नदी के बाएं तट** पर स्थित है जो प्राचीन काल से ही आध्यात्मिक और धार्मिक दृष्टिकोण से प्रसिद्ध स्थल है।
- सिमरिया धाम को वैदिक युग से ही **"कुंभ स्थली"** एवं **"कल्पवास"** के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल का गौरव प्राप्त है।
- ऐसी मान्यता है कि राजा विदेह के समय से ही सिमरिया धाम में एक माह तक चलने वाले कल्पवास मेले की परंपरा चली आ रही है।
- **कल्पवास मेले** का आयोजन प्रत्येक वर्ष **कार्तिक** माह में किया जाता है। बिहार सरकार ने **वर्ष 2012** में कल्पवास मेले को राज्य मेले का दर्जा दिया था।
- यहां तक कि अंतिम संस्कार के लिए भी यह पूरे मिथिला क्षेत्र में सबसे पवित्र स्थल माना जाता है।

# बिहार में पर्यटन स्थल

**संदर्भ**

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने पहली बार बिहार सरकार से राज्य के **70 स्थलों** की विशेषता और धार्मिक संबंधों के बारे में जानकारी मांगी है।

## महत्वपूर्ण तथ्य

- अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने इन स्थलों का चयन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के डेटाबेस से किया है।
- मंत्रालय द्वारा इस डेटा के संग्रह का **उद्देश्य** इन स्थलों के रखरखाव कार्य और सुरक्षा से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं की स्थिति को जानना है।
- बिहार के **17 अलग-अलग जिलों से इन 70 स्थलों** का चयन किया गया है।

## पर्यटन स्थल

| जिला | स्थान |
|---|---|
| 1. पटना (11 स्थल चयनित) | बुलंदीगढ़, छोटी पहाड़ी, कुम्हरार महल, शाह मखदूम दौलत मनेरी और इब्राहिम गुंबद (मनेर में), मूर्ति (दतियाना), आदि |
| 2. गया (11 स्थल चयनित) | हसरकोल घाटी, सोमनाथ टीला, गुनारी, शिव मंदिर (कोंच), कुरीसराय की कवाडोल पहाड़ियों के सभी 6 स्थान, आदि |
| 3. भागलपुर (4 स्थल चयनित) | विक्रमशिला के अवशेष, तीन पत्थर की पहाड़ियाँ, बटेश्वर गुफा, अजगैबीनाथ मंदिर |
| 4. किशनगंज (1 स्थल चयनित) | कन्हैया जी मंदिर |
| 5. औरंगाबाद (1 स्थल चयनित) | शमशेर खान का गुंबद |
| 6. बक्सर (1 स्थल चयनित) | प्राचीन टीला |
| 7. पूर्वी चंपारण (3 स्थल चयनित) | लौरिया अरेराज, सागरडीह स्तूप, बुद्ध स्तूप (ताजपुर देउर)। |
| 8. जहानाबाद (9 स्थल चयनित) | बराबर और नागार्जुनी पहाड़ियों में गोपी गुफाएँ |
| 9. कैमूर (2 स्थल चयनित) | मुंडेश्वरी मंदिर, बख्तियार खान का किला |
| 10. मुजफ्फरपुर (1 स्थल चयनित) | अशोक स्तम्भ (कोल्हुआ) |
| 11. सारण (1 स्थल चयनित) | मांझी का प्राचीन शहर |
| 12. वैशाली (3 स्थल चयनित) | जामी मस्जिद, स्तूप के अवशेष, राजा विशाल का गढ़ |
| 13. सीवान (1 स्थल चयनित) | राजेंद्र प्रसाद का पुराना घर |
| 14. पश्चिमी चंपारण (7 स्थल चयनित) | अशोक स्तंभ, नंदनगढ़ किला, खंडहर किला (चंकी गढ़), आदि। |
| 15. नालंदा (8 स्थल चयनित) | प्राचीन टीला (बड़गांव), मलिक इब्राहिम बायू का मकबरा, घोरकटोरा में प्राचीन घर आदि। |
| 16. मधुबनी (1 स्थल चयनित) | राजा बलि का घर (बलराजगढ़) |
| 17. रोहतास (5 स्थल चयनित) | चंदन साहिब पहाड़ियाँ, रोहतासगढ़ किला, आदि |

## राज्य स्तरीय फेलोशिप योजना

**संदर्भ**

बिहार का शिक्षा विभाग, राज्य में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक राज्य स्तरीय फेलोशिप योजना शुरु करेगा।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- राज्य में उच्च शिक्षा में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए यह योजना **वित्त वर्ष 2024-25** में शुरू की जाएगी।
- **लाभार्थी:** इसमें सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के सभी मेधावी छात्रों को लाभ प्रदान करने का प्रस्ताव है।
- शोधकर्ताओं के चयन के लिए बिहार राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा एक समिति की स्थापना की जाएगी। यह समिति शोधकर्ताओं द्वारा प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों की जांच करेगी और उनमें से सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति का चयन करेगी।
- **कवरेज:** संबंधित छात्रों को **विदेशी** और **भारतीय संस्थानों** में अध्ययन के लिए फेलोशिप प्रदान की जाएगी।
- हर साल बिहार के 400 से 450 मेधावी छात्रों को पीएचडी करने के लिए फेलोशिप दी प्रदान की जाएगी।
- **परिव्यय:** प्रत्येक वर्ष लगभग 6 से 8 करोड़ रुपये खर्च होंगे।
- शोधार्थियों को प्रत्येक माह 10-12 हजार रुपये दिये जाएंगे।

### अन्य पहल

- **स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड:** इस योजना के तहत प्रति छात्र 4 लाख रुपये तक का एजुकेशन लोन उच्च शिक्षा के लिए (42 विभिन्न विषयों में अध्ययन के लिए) प्रदान किया जाता है। 87 नए विषयों को शामिल करने से इनकी संख्या अब बढ़कर 129 हो गई है।

## बिहार में स्वास्थ्य देखभाल विकास परियोजनाएँ

**संदर्भ**

हाल ही में बिहार में PMCH पुनर्विकास कार्य, ई-क्षमता ऐप, यू-विन(U-WIN) पोर्टल की निगरानी और कार्यान्वयन, टेली मॉनिटरिंग सेल आदि जैसी स्वास्थ्य देखभाल विकास परियोजनाएं लागू की गईं।

### महत्वपूर्ण तथ्य

#### PMCH विकास कार्य

- 27 फरवरी 2024 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने PMCH पुनर्विकास परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन किया।

**पुनर्विकास कार्यों में शामिल हैं -**

1. 20 विभागों का ओपीडी ब्लॉक, ब्लड बैंक और मेडिकल स्टोर।
2. ग्रीन GIS पावर सब स्टेशन, 550 बिस्तरों वाला गर्ल्स हॉस्टल, मल्टी लेवल पार्किंग आदि।

- **फरवरी 2021** में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने PMCH को राज्य में विश्व स्तरीय सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल सुविधा केंद्र बनाने के दृष्टिकोण से पुनर्विकास परियोजना की शुरुआत की।
- इस परियोजना का लक्ष्य वर्ष 2028 तक 3 चरणों में विकास कार्यों को पूरा करके PMCH को 5462 बिस्तरों वाले अस्पताल के रूप में विकसित करना है।

### PMCH का इतिहास

- **1874 में,** इसे अंग्रेजों द्वारा **टेम्पल मेडिकल कॉलेज** (TMC) के रूप में स्थापित किया गया था।
- **25 फरवरी 1925** को TMC **का नाम बदलकर प्रिंस ऑफ वेल्स मेडिकल कॉलेज, पटना** कर दिया गया।

### ई-क्षमता ऐप

- राज्य में नर्सिंग छात्रों के कौशल और अधिगम क्षमता को बढ़ाना।
- **आस्ट्रिका फाउंडेशन** के साथ मिलकर बिहार के स्वास्थ्य विभाग ने यह ऐप लॉन्च किया है।
- **लाभ:** ANM और GNM पाठ्यक्रमों की ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, ऑनलाइन प्रशिक्षण सुविधाएं, ऑनलाइन टेस्ट आदि।
- ये सुविधाएं सभी 121 नर्सिंग कॉलेज के छात्रों के लिए निःशुल्क उपलब्ध हैं।

### टीकाकरण कार्यक्रम की निगरानी

| | |
|---|---|
| 1. यू-विन पोर्टल | • कोविन पोर्टल की तरह सभी नियमित टीकाकरण हेतु इलेक्ट्रॉनिक रजिस्ट्री के लिए।<br>• यू-विन पोर्टल भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के लिए वन-स्टॉप समाधान है, बच्चों और गर्भवती माताओं आदि के सभी टीकाकरणों का रिकॉर्ड इस पोर्टल पर दर्ज किया जाता है।<br>• भारत सरकार द्वारा वर्ष 2023 में यह पोर्टल लॉन्च किया गया था। |
| 2. (बच्चों के अनुकूल) आदर्श टीकाकरण केंद्र और कॉर्नर | • प्रदेश में 260 केंद्र स्थापित।<br>• उद्देश्य: बच्चों का टीकाकरण<br>• लॉन्च: वर्ष 2021 में बिहार के स्वास्थ्य विभाग ने शुरुआत में 35 जिलों में इन केंद्रों को लॉन्च किया। |
| 3. टेली मॉनिटरिंग सेल | • राज्य में सभी टीकाकरण कार्यों की रीयल टाइम निगरानी। |

- बिहार में **आदर्श टीकाकरण केंद्र और कॉर्नर, यू-विन पोर्टल** और **टेली मॉनिटरिंग सेल** के उचित कार्यान्वयन के कारण IMR (**शिशु मृत्यु दर**) 2 अंक और कम होकर **अब 27** अंक (**बिहार के लिए**) हो गया है।

## बिहार सरकार की अन्य स्वास्थ्य देखभाल पहल

1. मुख्यमंत्री डिजिटल स्वास्थ्य योजना
2. सबके लिए अतिरिक्त स्वास्थ्य सुविधा (सात निश्चय-2 योजना के अंतर्गत)
3. बाल हृदय योजना
4. वंडर ऐप, अश्विन ऐप इत्यादि

# संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

**संदर्भ**

हाल ही में **बिहार** के कलाकारों को **वर्ष 2022 और 2023** के लिए **संगीत नाटक अकादमी** और **उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार** के लिए चुना गया।

## महत्वपूर्ण तथ्य

- **5 कलाकारों** को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और **4 कलाकारों** को उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार मिलेगा।

## संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

| कलाकार | कार्य क्षेत्र |
|---|---|
| 1. प्रेम लता मिश्रा | • मैथिली मंच अभिनय<br>• आकाशवाणी पटना की पहली महिला कलाकार। |
| 2. डॉ. नीतू कुमार नूतन | • बिहार की लोक गायिका |
| 3. भरत शर्मा व्यास | • बिहार के लोक गायक |
| 4. सीताराम सिंह | • गायक |
| 5. आसिफ अली हैदर खान | • नाट्य लेखक |

## उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार

| कलाकार | कार्य क्षेत्र |
|---|---|
| 1. समित मलिक | • ध्रुपद गायक |
| 2. हरि शंकर रवि | • निर्देशक |
| 3. कुमार रविकांत | • कलाकार |
| 4. कुमार उदय सिंह | • लौंडा नाच |

| | |
|---|---|
| संगीत नाटक अकादमी | इसकी स्थापना 1953 में हुई थी, और प्रस्ताव शिक्षा मंत्रालय द्वारा पारित किया गया था। |
| | **डॉ पी.वी. राजा मन्नार** इस संस्थान के पहले **अध्यक्ष** थे। |
| | यह **संस्कृति मंत्रालय** के अंतर्गत काम करता है। |
| | यह एक **स्वायत** निकाय है। |
| | उद्देश्य: समृद्ध भारतीय कला, नृत्य, गायन, नाटक और अन्य कला और संस्कृति को बढ़ावा देना और संरक्षित करना। |
| उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार | यह पुरस्कार उस्ताद बिस्मिल्लाह खान के सम्मान में **वर्ष 2006** में शुरु किया गया था। |
| | यह पुरस्कार उत्कृष्ट कलाकारों को **संगीत, नृत्य, नाटक और अन्य लोक** कला आदि के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए दिया जाता है। |
| | यह पुरस्कार **40 वर्ष से कम आयु** के कलाकारों को दिया जाता है। |
| | यह पुरस्कार प्रतिवर्ष दिया जाता है और दिए गए वर्ष में पुरस्कारों की कुल संख्या 33 से अधिक नहीं होगी। |
| संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार | यह पुरस्कार नृत्य, संगीत, नाटक, लोक कला आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कलाकार को दिया जाता है। |
| | अकादमी पुरस्कार प्राप्तकर्ता को 1 लाख रुपये, अक ताम्रपत्र और एक अंगवस्त्र मिलता है |

# ई-बर्ड रिपोर्ट में बिहार येलो जोन में सूचीबद्ध

**संदर्भ**

राज्य में **पक्षी प्रजातियों की कम होती संख्या** को देखते हुए हाल ही में ई-बर्ड रिपोर्ट में बिहार और झारखंड को **येलो जोन** में सूचीबद्ध किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- ई-बर्ड रिपोर्ट में पक्षियों की केवल **326 प्रजातियाँ** पाई गई हैं। पिछले वर्ष राज्य में पक्षियों की **400 प्रजातियाँ** पाई गई थी।
- देश में कुल **1371 पक्षी प्रजातियाँ** पाई गई हैं।
- राज्य में पक्षियों की प्रजातियों में कमी आने से आने वाले दिनों में पारिस्थितिकी तंत्र पर इसका गहरा प्रभाव पड़ने की संभावना है।
- पक्षियों की गणना **भारतीय प्राणी सर्वेक्षण** (ZSI), **WWF, मंदार नेचर क्लब** और **पेशेवर पक्षी विशेषज्ञों** और छात्रों द्वारा की गई।
- **गणना की विधि:** पक्षियों की गणना **"प्वाइंट काउंटिंग विधि"** द्वारा की जाती है, इसके लिए विशेषज्ञों द्वारा पक्षियों की तस्वीरें एकत्र की जाती हैं, और कैमरे में जीपीएस लगे होते हैं।
- **पक्षियों की सर्वाधिक संख्या वाले जिले:** 1. पश्चिम चंपारण 2. भागलपुर, 3. जमुई, 4. पटना।

- **शीर्ष हॉटस्पॉट क्षेत्र:** 1. जगतपुर झील (भागलपुर), 2. नागी बांध पक्षी अभयारण्य (जमुई), 3. मदनपुर वेटलैंड (पश्चिम चंपारण), 4. गोगाबिल पक्षी अभयारण्य (कटिहार)

## बिहार: जेंडर बजट और बाल कल्याण बजट

**संदर्भ**

हाल ही में **बिहार के वित्त मंत्री** ने वित्त वर्ष **2024-25** के लिए **राज्य विधानसभा** में जेंडर बजट और बाल कल्याण बजट परिव्यय का विवरण प्रस्तुत किया।

### महत्वपूर्ण तथ्य

**जेंडर बजट 2024-25**

- वित्त वर्ष 2024-25 में विभिन्न महिला विकास कार्यक्रमों पर राज्य में कुल **39,000** करोड़ रुपये अर्थात कुल बजट का **14%** व्यय किए जाएंगे।
- यह राशि जीविका, सात निश्चय2- और महिला स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, कल्याण आदि कार्यक्रमों पर व्यय की जाएगी।

**बिहार में जेंडर बजट से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य**

- बिहार में पहली बार **वित्त वर्ष 2008-09** में जेंडर बजट प्रस्तुत किया गया था।
- इस बजट का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के विकास और प्रोत्साहन के लिए विभिन्न योजनाओं का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करना है।
- इस बजट के तहत योजनाओं को दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है:

| | | |
|---|---|---|
| श्रेणी-A | महिलाओं पर 100% व्यय | ऐसी योजनाएँ और कार्यक्रम जो पूर्ण रुप से महिलाओं और बालिकाओं के कल्याण पर केंद्रित हैं। |
| श्रेणी-B | महिलाओं पर 30% से अधिक और 100% से कम व्यय | ऐसी कोई भी योजना जिसमें कुछ घटक महिला एवं बालिका कल्याण से संबंधित हो। |

### बाल कल्याण बजट 2024-25

- वित्त वर्ष 2024-25 में राज्य में विभिन्न बाल कल्याण कार्यक्रमों पर कुल 55,000 करोड़ रुपये, जो कुल बजट का **16%** है, व्यय किए जाएंगे।

### बिहार में बाल कल्याण बजट से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य

- बिहार में बाल कल्याण बजट पहली बार वित्त वर्ष **2013-14** में पेश किया गया था।
- केरल और असम के बाद, बिहार बच्चों से संबंधित बजट पेश करने वाला भारत का तीसरा राज्य था।
- इसके तहत 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और कल्याण पर बजट की राशि खर्च की गई है।

## पंच प्रण कार्यक्रम

**संदर्भ**

बिहार पुलिस सप्ताह के अवसर पर राज्य के सभी पुलिस कर्मियों ने पंच प्रण (शपथ) का संकल्प लिया।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- इसके लिए "पंच प्रण" संकल्प 100, 75, 30, 20 और 0 को आधार बनाया गया है।

| पंच प्रण सूत्र | उद्देश्य |
|---|---|
| 100 | • इसके अनुसार शत-प्रतिशत शिकायतें पुलिस स्टेशनों में दर्ज की जाएंगी।<br>• FIR दर्ज करने के बाद तत्काल FIR की रसीद प्रदान की जाएगी, राज्य में बेहतर पुलिसिंग के लिए अपराध सर्वेक्षण, संदिग्ध स्थानों पर CCTV कैमरे लगाना, सोशल मीडिया ऐप आदि का उपयोग किया जाएगा। |
| 75 | • किसी भी मामले की जांच अधिकतम 75 दिनों में पूर्ण की जाएगी।<br>• किसी भी जिले के टॉप 10 अपराधियों में से 75 फीसदी की गिरफ्तारी के बाद अपराधों का खुलासा किया जाएगा। |
| 30 | • थाने आने वाले लोगों को 30 मिनट के अंदर सहायता उपलब्ध करवायी जाएगी।<br>• 30 दिन के अंदर लोगों को जांच रिपोर्ट निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।<br>• 30 दिनों के भीतर चरित्र सत्यापन, लाइसेंस और किरायेदारों का सत्यापन किया जाएगा। |
| 20 | • 20 मिनट के अंदर पुलिस को घटनास्थल और लापता लोगों की सूचना वाले घटनास्थल पर पहुंचना होगा।<br>• न्यायालय से प्राप्त वारंट/समन को 20 दिनों के अंदर डिस्चार्ज करना। |
| 0 | • शून्य प्रतिशत टॉलरेंस |

- राज्य में पुलिस स्टेशन के कार्य के मूल्यांकन हेतु **"स्वतंत्र नागरिक सर्वेक्षण"** फीडबैक लिया जाएगा।

## गया-औरंगाबाद में खनिज ब्लॉक विकास

**संदर्भ**

हाल ही में **खनन मंत्रालय** ने गया-औरंगाबाद के क्षेत्र में **खनिजों (सीसा, टंगस्टन और दुर्लभ मृदा तत्व)** की उपस्थिति की पुष्टि की है और अपने अन्वेषण लाइसेंस ब्लॉक को बिहार में बढ़ावा दिया है।

### प्रमुख बिंदु

- टिन (Sn), टंगस्टन (W), और दुर्लभ मृदा तत्व (REE) की खोज बिहार के औरंगाबाद जिले के देव के दक्षिण में स्थित वन क्षेत्र में की गई थी। इस खनिज क्षेत्र का कुछ भाग गया जिले में भी पड़ता है।
- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) के वैज्ञानिकों ने वन के 550 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में इन खनिजों की मौजूदगी की पुष्टि की है।
- अब अन्वेषण कार्य के लिए चुनी गई कंपनी उस स्थान को चिह्नित करेगी जहां इन खनिजों का वृहद भंडार मौजूद है और यह भी पता लगाएगी कि इन खनिजों की कितनी मात्रा वहां मौजूद है।

### इन खनिजों का उपयोग

| खनिज | उपयोग |
|---|---|
| दुर्लभ मृदा तत्व | इसका उपयोग कंप्यूटर उपकरणों, स्मार्टफोन की स्क्रीन, पेट्रोलियम रिफाइनिंग, रासायनिक प्रसंस्करण, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक कारों की बैटरियों, टेलीविजन और नई पीढ़ी के प्रकाश बल्बों आदि में उत्प्रेरक के रूप में किया जाता है। |
| टंगस्टन | प्रकाश बल्बों के फिलामेंट्स बनाने में, भारी मिश्र धातुओं (जैसे हाई-स्पीड इस्पात) में, इलेक्ट्रोड में , हीटिंग एलिमेंट और फील्ड उत्सर्जक आदि के रूप में किया जाता है। |
| टिन | सोल्डर में उपयोग किया जाता है, अन्य तत्वों के मिश्र धातु बनाने में उपयोग किया जाता है, टिन को (उच्च संक्षारण प्रतिरोध के कारण) कोटिंग और पॉलिशिंग के रूप में उपयोग किया जाता है |

### गया और औरंगाबाद जिले में पाए जाने वाले अन्य खनिज

| | |
|---|---|
| औरंगाबाद | गेनजाना Ni-Cr और PGE ब्लॉक:<br>• क्षेत्र-[औरंगाबाद, गया जिला]<br>पाए जाने वाले खनिज: पेंटलैंडाइट, प्लैटिनम, पैलेडियम और क्रोमाइट ($Cr_2O_3$) |
| गया | • गेनजाना Ni-Cr और PGE ब्लॉक<br>• फेल्सपार: गया, जमुई, मुंगेर<br>• ग्रेनाइट: गया, भागलपुर, जहानाबाद, जमुई<br>• लौह अयस्क (मैग्नेटाइट): गया, जमुई<br>• अभ्रक: गया, नवादा, मुंगेर, भागलपुर<br>• यूरेनियम: गया<br>• क्वार्टजाइट: (रामशिला एवं प्रेतशिला पहाड़ियाँ) गया, मुंगेर |

## राष्ट्रीय डॉल्फिन अनुसंधान केंद्र, पटना

**संदर्भ**

4 मार्च 2024 को, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में **राष्ट्रीय डॉल्फिन अनुसंधान केंद्र (NDRC)** का उद्घाटन किया।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- NDRC न केवल भारत बल्कि पूरे एशिया में पहला डॉल्फिन अनुसंधान केंद्र है। इस केंद्र की स्थापना **पटना विश्वविद्यालय परिसर** में गंगा नदी के पास की गई है।
- प्रसिद्ध गंगा डॉल्फिन विशेषज्ञ, **आर.के. सिन्हा** ने एक दशक पहले NDRC का विचार प्रस्तावित किया था।
- इस परियोजना को वर्ष 2013 में मंजूरी मिली थी और वर्ष 2020 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस केंद्र का शिलान्यास किया था।

### NDRC का उद्देश्य

- इस केंद्र में वैज्ञानिक डॉल्फिन के प्राकृतिक आवास में उसके व्यवहार के विभिन्न पहलुओं पर शोध करेंगे और गंगा डॉल्फिन के खानपान की आदतें, जीवित रहने के कौशल, मृत्यु के कारण और जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलन जैसे कारकों का अध्ययन करेंगे।
- मत्स्यन कार्य के दौरान गलती से डॉल्फिन को नुकसान न हो, के तरीकों पर मछुआरों को प्रशिक्षित करने में भी NDRC महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
- इस प्रकार, यह केंद्र गंगा डॉल्फिन के अनुसंधान और संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
- अन्य उद्देश्य NDRC को गंगा डॉल्फिन अनुसंधान के लिए **उत्कृष्टता केंद्र** के रूप में स्थापित करना है।

### गंगा डॉल्फिन से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य

- गंगा नदी डॉल्फिन विश्व की मीठे पानी की चार डॉल्फिन प्रजातियों में से एक है।

- चीन में यांग्त्ज़ी नदी [अब विलुप्त]
- पाकिस्तान में सिंधु नदी
- दक्षिण अमेरिका में अमेजन नदी

**वैज्ञानिक नामः**

**प्लैटनिस्टा गैंगेटिका**





**स्थितिः**

1. वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत: अनुसूची -1 जंतु (उच्च संरक्षण) में सूचीबद्ध
2. IUCN की लाल सूची के तहत: संकटापन्न प्रजाति घोषित
3. संकटापन्न प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES): **परिशिष्ट I**
4. प्रवासी प्रजातियों पर कन्वेंशन (CMS): **परिशिष्ट II**

- **बिहार में गंगा नदी डॉल्फिन पाई जाती है-**
  - सारण जिले में डोरीगंज में गंगा और गंडक के संगम पर।
  - सारण जिले में सोनपुर में गंगा और गंडक के संगम पर।
  - कटिहार में कुरसेला के पास गंगा और कोसी के संगम पर।
  - पटना और भागलपुर जिलों के कुछ हिस्से में।
- **विशेषताएँ**
  - गंगा नदी डॉल्फिन अंधी होती हैं और इकोलोकेशन [ध्वनि उत्सर्जित करके (अल्ट्रासोनिक ध्वनि)] के माध्यम से नदी के पानी में अपना रास्ता और शिकार ढूंढती हैं ।
  - गंगा नदी डॉल्फिन ऐसे पानी में रहना पसंद करती हैं जो कम से कम 5 से 8 फीट गहरा हो और ऐसा क्षेत्र हो जहां बहुत कम या कोई जलधारा **न** हो।
- **महत्व**
  - चूँकि गंगा डॉल्फिन मीठे पानी में रहती हैं, इसलिए ये नदी पारिस्थितिकी तंत्र के एक विश्वसनीय संकेतक के रूप में कार्य करती हैं।

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- **वर्ष 2009** में, भारत सरकार ने गंगा डॉल्फिन को राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया और **5 अक्टूबर को राष्ट्रीय गंगा नदी डॉल्फिन दिवस** के रूप में घोषित किया गया।
- यह डॉल्फिन मुख्य रूप से भारत, नेपाल और बांग्लादेश में गंगा-ब्रह्मपुत्र और उनकी सहायक नदियों में पाई जाती है।

# बिहार में वायु प्रदूषण

**संदर्भ**

हाल ही में जारी IIT दिल्ली की रिपोर्ट में बिहार के 8 जिलों को वायु प्रदूषण का हॉटस्पॉट जिला घोषित किया गया।

## महत्वपूर्ण तथ्य

- बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (BSPCB) ने IIT दिल्ली के सहयोग से बिहार में वायु प्रदूषण के स्रोतों पर एक अध्ययन किया है।
- इस रिपोर्ट में मुख्य रूप से वायु प्रदूषण के छह स्रोतों की पहचान की गई है।

## राज्य में वायु प्रदूषण के स्रोत

| स्रोत | प्रदूषक | वायु प्रदूषण में योगदान |
|---|---|---|
| 1. घरेलू और वाणिज्यिक क्षेत्र | PM 2.5 | 37% |
| 2. कृषि | PM 2.5 | 13% |
| 3. परिवहन | PM 2.5 | 10% |
| 4. ठोस अपशिष्ट दहन | PM 2.5 | 10% |
| 5. मध्यम एवं लघु उद्योग | PM 2.5 | 7% |
| 6. विद्युत और बड़े उद्योग | PM 2.5 | 7% |

## रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष

- **हॉट-स्पॉट जिले:** पटना, वैशाली, समस्तीपुर, सहरसा, पूर्णिया, भागलपुर, रोहतास और बांका।
- बिहार के वायु प्रदूषण में **परिवहन एवं ठोस अपशिष्ट का योगदान 20%** है।
- **परिवहन क्षेत्र में प्रदूषण** के मामले में केवल पटना को हॉटस्पॉट जिला घोषित किया गया है।
- **घरेलू उपयोग के लिए बायोमास** (गाय का गोबर, लकड़ी, आदि) का उपयोग अभी भी पटना, वैशाली और समस्तीपुर में किया जाता है।
- **कृषि से सर्वाधिक वायु प्रदूषण वाले चार जिले**- सहरसा, रोहतास, भागलपुर और पूर्णिया।

## राज्य में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए सरकार की पहल

- **पटना स्वच्छ वायु कार्य योजना**- वायु प्रदूषण के संबंध में वैज्ञानिक उपाय करके शहर में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए BSPCB द्वारा शुरू की गई पहल।

- शहर में **पुराने सार्वजनिक डीजल वाहनों पर प्रतिबंध** लगाना और **सीएनजी/इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा** देना।
- राज्य के सभी 543 प्रखंडों में **"वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र के लिए एकीकृत डैशबोर्ड"** की स्थापना।
- राज्य में सतत पर्यावरण विकास के लिए **"बिहार के लिए जलवायु अनुकूल और न्यून कार्बन विकास विधि"** का मसौदा।

## बिहार के राज्यपाल भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को थाईलैंड ले गए

**संदर्भ**

**बिहार के राज्यपाल, श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार** के नेतृत्व में 22 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा थाईलैंड में 26 दिनों की प्रदर्शनी के लिए भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को थाईलैंड ले जाया गया है।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- भगवान बुद्ध और उनके दो सम्मानित शिष्यों, **अरहत सारिपुत्र, और अरहत मौदगलायन** के पवित्र अवशेष को **22 फरवरी 2024** को थाईलैंड की पवित्र यात्रा पर ले जाया गया।
- भगवान बुद्ध के चार अस्थि के टुकड़े (**कपिलवस्तु अवशेष** के रूप में स्वीकृत) जो वर्तमान में **राष्ट्रीय संग्रहालय** में रखे गए थे, उन्हें थाईलैंड ले जाया गया।
- पहली बार, भगवान बुद्ध के अवशेषों के साथ **सांची (म.प्र.)** से बुद्ध के शिष्यों **अरहत** सारिपुत्र और **अरहत** मौदगलायन के अवशेषों को ले जाया गया।



- इन पवित्र अवशेषों को पूरे थाईलैंड में कई स्थानों पर प्रदर्शित जाएगा, जिससे भक्तों को श्रद्धांजलि देने का मौका मिलेगा।
- इन पवित्र अवशेषों को **"माखा बुचा महोत्सव"** के दौरान भी प्रदर्शित किया जाएगा ताकि आम लोग पवित्र अवशेषों के प्रति अपनी श्रद्धा को व्यक्त कर सके।
- ये अवशेष **पुरावशेषों और कला खजानों की "AA (दुर्लभ) श्रेणी"** के अंतर्गत आते हैं। इसका अर्थ यह है कि इन अवशेषों को भारत के भीतर या विदेशों में **प्रदर्शनी** के लिए उधार नहीं दिया जा सकता।
- हालाँकि, थाईलैंड सरकार के विशेष अनुरोध पर इन अवशेषों की प्रदर्शनी थाईलैंड में आयोजित की गई थी।



- अतीत में, अवशेषों को श्रीलंका (1976, 2012), मंगोलिया (1993, 2022), सिंगापुर (1994, 2007), दक्षिण कोरिया (1995), और थाईलैंड (1995) ले जाया गया था।

### इस आयोजन का महत्व

- यह भारत-थाईलैंड संबंधों में एक ऐतिहासिक घटना है जो दोनों देशों के बीच **सभ्यतागत संबंध** को दर्शाती है। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने की भारत की **एक्ट ईस्ट पॉलिसी** का भी हिस्सा है।

## बिहार में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएँ

**संदर्भ**

बिहार की ट्रैफिक पुलिस द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण से पता चला है कि वर्ष 2023 में बिहार में सड़क दुर्घटनाओं में 8898 से अधिक लोगों की मौत हो गई।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- इस ट्रैफिक पुलिस सर्वे रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2023 में सड़क दुर्घटना में मरने वालों में सबसे ज्यादा लोग (लगभग 3345) पैदल यात्री थे।
- इस रिपोर्ट में बिहार में सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य रूप से 8 कारण सामने आये।
- वाहन पलटने, किसी वाहन से टकराने, दौड़कर सड़क पार करने और यातायात नियमों (जैसे हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट बांधना आदि) का पालन न करने के कारण।
- NCRB की "भारत में आकस्मिक मृत्यु एवं आत्महत्या 2022" रिपोर्ट के अनुसार बिहार देश में 13वें स्थान पर है। इस रिपोर्ट के अनुसार बिहार में वर्ष 2021 की तुलना में वर्ष 2022 में सड़क दुर्घटनाओं में 13.1% की वृद्धि हुई है।

## सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए बिहार सरकार की पहल

- **यातायात पुलिस थाना:**
  - वर्ष 2023 में, राज्य सरकार ने 28 अन्य ट्रैफिक पुलिस स्टेशन खोले (पूर्व में 12 ट्रैफिक पुलिस स्टेशन खोले गए थे), ताकि राज्य में ट्रैफिक प्रबंधन ठीक से हो सके।
- **राजमार्ग पुलिस गश्ती बल:**
  - राज्य सरकार ने राज्य में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजमार्ग गश्ती बल तैनात किया है।
- **बिहार में शराबबंदी:**
  - बिहार ने वर्ष 2016 में राज्य में पूर्ण शराबबंदी को लागू किया। इस फैसले के कारण बिहार में सड़क दुर्घटनाएं भी कम हो गईं।
- **कैमरे लगाना:**
  - बिहार पुलिस द्वारा जगह-जगह पर कैमरे भी लगाए गए हैं, ताकि अगर कोई व्यक्ति यातायात नियमों (ओवरस्पीड, गलत तरीके से गाड़ी चलाना आदि) का उल्लंघन करता है, तो पुलिस उन्हें ई-चालान जारी करती है।
- **राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह:**
  - सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु 11 से 17 जनवरी तक हर वर्ष राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है।

# बिहार में चिकित्सा शिक्षा

**संदर्भ**

शीघ्र ही बिहार में डिप्लोमा ऑफ नेशनल बोर्ड (DNB) पाठ्यक्रम और 22 नए नर्सिंग संस्थानों में प्रवेश शुरू किया जाएगा।

## महत्वपूर्ण तथ्य

- बिहार सरकार, सभी जिला अस्पतालों और राज्य के अन्य मुख्य अस्पतालों में DNB पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना बना रही है।
- इससे राज्य में पीजी स्तर पर 100 DNB सीटें बढ़ जाएंगी, जिससे बिहार के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।
- इस पाठ्यक्रम में अध्ययनरत मेडिकल छात्र अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान करेंगे।
- DNB कोर्स के लिए मान्यता नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन फॉर मेडिकल साइंसेज द्वारा दी जाती है।

## बिहार में 22 नये नर्सिंग संस्थान खुले

- इस सत्र से राज्य के सभी 22 नये ANM, GNM और Bsc नर्सिंग संस्थानों में छात्रों को प्रवेश मिलेगा।
- वर्तमान में राज्य में नर्सिंग कोर्स में नर्सिंग की 1320 नई सीटें जोड़ी गई हैं।
- इससे राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

## बिहार में स्वास्थ्य सुविधाओं की वर्तमान स्थिति

- नीति आयोग के स्वास्थ्य सूचकांक 2020-21 के 5वें संस्करण के अनुसार, बड़े राज्यों में बिहार की रैंकिंग 19वीं है।
- बिहार में सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर जनसंख्या अनुपात प्रति 22,000 लोगों पर लगभग एक डॉक्टर है, जबकि WHO द्वारा अनुशंसित जनसंख्या अनुपात 1: 1,000 है।
- बिहार खराब स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे, नर्सिंग स्टाफ और स्वास्थ्य देखभाल अधिकारियों की कमी जैसी समस्याओं से भी पीड़ित है।

## उपरोक्त परियोजनाओं का महत्व

- DNB कोर्स करने वाले मेडिकल छात्र पहले ही अपनी MBBS पूरी कर चुके होते हैं, इसलिए वे अपनी पढ़ाई के साथ-साथ अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान करते हैं, इससे राज्य में डॉक्टरों की कमी को दूर करने में मदद मिलती है।
- बिहार को प्रशिक्षित मेडिकल नर्सों की कमी का भी सामना करना पड़ता है, नव स्थापित ANM या GNM और Bsc नर्सिंग कॉलेज इस समस्या को दूर करने में मदद करेंगे।

# बिहार में कृषि योजनाओं का उद्घाटन

**संदर्भ**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 15 मार्च 2024 को कृषि विभाग की कई योजनाओं का उद्घाटन किया।

## महत्वपूर्ण तथ्य

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना से चार **"कृषि ज्ञान वाहन"** का शुभारंभ किया। इन वाहनों का उद्देश्य किसानों को **आधुनिक कृषि पद्धति** की जानकारी प्रदान करना है।
- **चौथे कृषि रोड** मैप के तहत राज्य के किसानों को आधुनिक कृषि की जानकारी उपलब्ध कराने का प्रावधान है।
- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 811 करोड़ रुपये की 20 योजनाओं (कृषि से संबंधित) का उद्घाटन/शिलान्यास किया।
- **मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा प्रारंभ की गई योजनाएं:**
  - बिहार पौष्टिक अनाज (मोटा अनाज) विकास योजना
  - बिहार मक्का विकास योजना
  - जैविक खेती प्रोत्साहन योजना

- मखाना विकास, पान विकास, मधुमक्खी पालन मिशन, केला विकास आदि संबंधित योजनाएं।
- कृषि यंत्रीकरण योजना
- उन्होंने किसानों को कृषि संबंधी जानकारी प्रदान करने के लिए **"किसान कॉल सेंटर"** का भी शुभारंभ किया।

### बिहार में अन्य कृषि संबंधी योजनाएँ

- मुख्यमंत्री बागवानी मिशन
- मुख्यमंत्री त्वरित बीज योजना
- बिहार राज्य फसल सहायता योजना
- मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना आदि।

## बिहार में ग्रीन टाउनशिप

**संदर्भ**

बिहार सरकार ने हाल ही में बिहार में ग्रीन टाउनशिप विकसित करने की घोषणा की है।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- प्रदेश के मुख्य शहरों के निकट ग्रीन टाउनशिप का विकास किया जाएगा।
- शहर की ग्रीन टाउनशिप विकास योजना **"विकसित बिहार"** संकल्प के अनुरूप है।
- यह टाउनशिप प्रमुख शहरों के आसपास बनाई जाएगी जो अविकसित या अल्पविकसित हैं।
- इन टाउनशिप में सड़क, हरे-भरे पार्क, जल निकासी, शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल आदि संसाधन उपलब्ध होंगे।

### उद्देश्य

- शहरों के आसपास के क्षेत्र का विकास करना, जो अविकसित या अल्पविकसित हैं।
- राज्य की जनसंख्या में वृद्धि हो रही है इसलिए शहरों के लिए इन टाउनशिप की आवश्यकता है।
- मुख्य शहरों की आबादी पहले से ही बहुत अधिक है।

### अन्य शहरी विकास परियोजनाएँ

- **स्मार्ट सिटी मिशन:**
  - आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा वर्ष 2015 में इस मिशन का शुभारंभ किया गया था।
  - विभिन्न राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के **100 शहरों** को स्मार्ट सिटी योजना के लिए चुना गया था।
- भारत में विभिन्न शहरों के बीच प्रतिस्पर्धात्मकता को बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार प्रत्येक वर्ष **स्मार्ट सिटी रैंकिंग** भी जारी करती है।

## बिहार पुलिस की विशेष शाखा के लिए एक नया कैडर

**संदर्भ**

हाल ही में बिहार सरकार के गृह विभाग ने बिहार पुलिस की विशेष शाखा के लिए एक नए कैडर के गठन को मंजूरी दे दी है।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- गृह विभाग ने इससे संबंधित बिहार पुलिस विशेष शाखा सिपाही और बिहार पुलिस विशेष शाखा सब-इंस्पेक्टर नियमावली 2024 को मंजूरी दे दी है।
- इस कैडर के बलों को एक विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।
- इस विशेष शाखा की सभी भर्तियां पृथक रूप से की जाएंगी।

### इस विशेष कैडर पुलिस की आवश्यकता

- राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की **"भारत में अपराध-2022" रिपोर्ट** के अनुसार, भारत में एटीएम धोखाधड़ी और विवादों (विशेषकर भूमि और संपत्ति से संबंधित) के मामले में बिहार शीर्ष पर है।
- बिहार में वर्ष 2021 की तुलना में भारतीय दंड संहिता (IPC) तथा विशेष और स्थानीय कानूनों (SLL) के तहत अपराधों की संख्या में **23% की वृद्धि** दर्ज की गई।
- राज्य में 2022 में 4736 दंगे दर्ज किए गए, जो महाराष्ट्र के बाद भारत में दर्ज होने वाले सबसे अधिक दंगे हैं।
- बिहार में वर्ष 2022 में **जालसाजी/धोखाधड़ी** की घटनाओं में भी **35% की वृद्धि** दर्ज की गई।
- बिहार में **शराबबंदी कानून** लागू होने के बाद से प्रत्येक वर्ष शराब से संबंधित लगभग **50,000 मामले** दर्ज किए जाते हैं।
- इसके अलावा, बिहार हत्या के मामले में दूसरे स्थान पर तथा अपहरण के मामले में देश में तीसरे स्थान पर है।
- ऐसे में बिहार में कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार की आवश्यकता है।
- बिहार को देश में स्टार्टअप हब बनाने, राज्य में विदेशी निवेश को आकर्षित करने और बिहार को विनिर्माण गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिए राज्य सरकार को बिहार को अपराध और अवैध गतिविधि से मुक्त करना होगा।

# वन लाइनर

- एशियाई विकास अनुसंधान संस्थान, पटना के नए अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया है **- प्रोफेसर अजीत सिन्हा**
- जर्दालू आम हेतु उत्कृष्टता केंद्र बिहार के किस जिले में स्थापित किया जाएगा **- भागलपुर (शाहकुंड)**
- बिहार के किस जिले में अपशिष्ट उत्पादों से ट्रॉली बैग बनाए जाएंगे **- भागलपुर**
- 'उन्नत सिरेमिक-हाल के विकास और नई तकनीक पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन' बिहार के किस शैक्षणिक संस्थान में आयोजित किया गया था **- आईआईटी पटना**
- 14वीं राज्य स्तरीय जूनियर-सीनियर बॉडी-बिल्डर चैंपियनशिप बिहार के किस जिले में आयोजित की गई **- पटना (पाटलिपुत्र कॉम्प्लेक्स)**
- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अब तक बिहार विधानसभा में कितनी बार विश्वास मत जीता है **- 5 बार**
- 'पंडित मदन मोहन मालवीय पुरस्कार 2024' से किसे सम्मानित किया गया **- डॉ. बीरबल झा (मधुबनी निवासी)**
- 2023-24 में 67वीं नेशनल स्कूल गेम्स वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में बिहार ने कितने पदक जीते **- 2 (मोनिका शर्मा-कांस्य पदक, अमन मेहता-रजत पदक)**
- छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2024 में बिहार पदक तालिका में किस स्थान पर रहा **- 21वें (5 पदक)**
- बिहार में दलहन अनुसंधान संस्थान कहाँ है **- पटना जिले के मोकामा में**
- बिहार राज्य बार काउंसिल के उपाध्यक्ष के रूप में किसे चुना गया है **- श्री धर्मनाथ प्रसाद यादव**
- राष्ट्रीय लोक जनता दल का नाम बदलकर क्या रखा गया है **- राष्ट्रीय लोक मोर्चा**
- फरवरी 2024 में बिहार से राज्यसभा के लिए कितने सदस्य चुने गए **- 6 [संजय कुमार झा: (जेडीयू), डॉ. भीम सिंह और धर्मशीला गुप्ता: बीजेपी, मनोज झा और संजय यादव: राजद, डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह: कांग्रेस]**
- बाढ़ नियंत्रण का अध्ययन करने के लिए भारत का दूसरा फिजिकल मॉडलिंग सेंटर बिहार के किस जिले में स्थापित किया जाएगा **- वीरपुर (सुपौल)**
- जमुई, बिहार में 17 से 19 फरवरी 2024 तक आयोजित नागी पक्षी महोत्सव-2024 का शुभंकर क्या था **- पीकू (PIKU), द पोचार्ड**
- 41वीं जूनियर नेशनल बॉयज-गर्ल्स सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप 2024 कहाँ आयोजित की गई **- पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (पटना)**
- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 21 फरवरी 2024 को कुल 3618 परियोजनाओं (3590 ग्रामीण सड़कें और 28 पुलों) का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं का निर्माण किया गया **- बिहार के ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा**
- बिहार में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना कब प्रारंभ हुई **- वर्ष 2023 में**
- बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 के अनुसार बिहार में कौन सी नदी सर्वाधिक प्रदूषित है **- सिरसिया नदी (पूर्वी चंपारण)**
- बेर्रा बराज का निर्माण बिहार में किस नदी पर किया जाएगा **- दरधा नदी, बेर्रा गांव (मसौढ़ी प्रखंड, पटना)**
- बिहार में "ग्रामीण मंडी" की स्थापना के लिए कितने प्रखंडों का चयन किया गया है **- 25 प्रखंडों का**
- हाल ही में, बिहार सरकार ने राज्य के कितने शहरों के विकास के लिए "मास्टर प्लान" तैयार किया है **- 100 शहर (इस मास्टर प्लान के लिए बजट के तहत 2.82 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं)**
- हाल ही में जारी ईबर्ड रिपोर्ट में बिहार को किस जोन में रखा गया है **- येलो जोन (पक्षी प्रजातियों की कम संख्या के कारण)**
- बिहार सरकार ने स्कूलों में मॉडल प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए किस संस्थान के साथ साझेदारी की है **- आईआईटी पटना (शुरुआत में 78 स्कूलों में)**
- बिहार का पहला पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सेंटर किस स्थान पर स्थापित किया गया है **- तेग बिगहा गांव, (बख्तियारपुर)**
- बिहार के कितने कलाकारों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए साहित्य नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया **- 5 कलाकार**
- 68वीं जूनियर नेशनल बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में महिला वर्ग में किस राज्य को जीत हासिल हुई **- तमिलनाडु (बिहार उपविजेता)**
- "इंडिया टुडे टूरिज्म सर्वे एंड अवार्ड 2023" में बिहार को कितने पुरस्कार प्राप्त हुए **- 3**
- वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आईआईटी दिल्ली के वायु प्रदूषण सर्वेक्षण में बिहार के कितने जिलों को वायु प्रदूषण हॉट-स्पॉट जिलों के रूप में चिह्नित किया है **- 8 जिले (पटना, वैशाली, समस्तीपुर, सहरसा, रोहतास, बांका, भागलपुर, पूर्णिया)**

- बिहार में हाल ही में स्मार्ट ग्राम पंचायत परियोजना कहाँ शुरू की गई **- पपरौर ग्राम पंचायत (बेगूसराय)**
- आयुष मंत्रालय द्वारा बिहार के किस जिले में आयुष क्षेत्रीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया **- पटना**
- हाल ही में किस राज्य सरकार ने बिहार की तर्ज पर जाति सर्वेक्षण कराने की घोषणा की **- झारखंड**
- बिहार के नए मुख्य सचिव के रूप में किसे नियुक्त किया गया है **- ब्रजेश मेहरोत्रा**
- हाल ही में उत्तर बिहार में ऑनलाइन बिजली मीटर रिचार्ज के लिए किस निजी कंपनी का चयन किया गया है **- ऑरेंज पे**
- एशियन ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप 2024 में बिहार के कितने खिलाड़ियों ने पदक जीते **- 2 खिलाड़ी [सुहासिनी कुमारी (कांस्य), जलाउद्दीन अंसारी (रजत)]**
- हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में आमस-दरभंगा फोर लेन एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया, यह एक्सप्रेसवे बिहार के कितने जिलों से होकर गुजरता है **- 7 जिले (औरंगाबाद, गया, जहानाबाद, पटना, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा)**
- खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2024 में बिहार ने कितने पदक जीते **- 1 पदक [ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, बिहार (कांस्य पदक)]**
- हाल ही में, बिहार का कौन सा स्टार्टअप भारत में 100 करोड़ स्टार्टअप क्लब में शामिल हुआ **- विमानिका एयरोस्पेस (मनीष दीक्षित द्वारा)**
- स्मार्ट बाइक हेलमेट ऐप किसने बनाया है **- प्रभात कुमार (उन्होंने स्मार्ट वेल्डिंग हेलमेट भी बनाया है)**
- प्रधानमंत्री युवा योजना के लिए बिहार से कितने लेखकों का चयन किया गया **- 3 लेखक (दीप सिखा, नीतू कुमार, ताजीम आलम)**
- "CITIIS 2.0 योजना" में बिहार से कितने शहरों का चयन किया गया **- एक शहर (मुजफ्फरपुर)**
- बिहार के श्रम संसाधन विभाग द्वारा हाल ही में 151 ITI में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) की स्थापना के लिए किस कंपनी के साथ सहयोग किया गया है **- टाटा टेक्नोलॉजी**
- इंद्रपुरी जलाशय परियोजना बिहार की किस नदी पर स्थित है **- सोन नदी (बिहार के रोहतास जिले में)**
- NCRB की रिपोर्ट के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं में बिहार का स्थान क्या है **- 13वाँ**
- बिहार में कितने क्षेत्रीय मेलों को "राज्य मेले" के रूप में मान्यता दी गई है **- 14** (क्षेत्रीय मेला)
- 7 से 11 मार्च 2024 तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार किस देश के दौरे पर थे **- यूके (लंदन, साइंस सिटी के लिए)**
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पूर्वव्यापी प्रदर्शनी का उद्घाटन बिहार के किस स्थान पर किया गया **- बिहार संग्रहालय, पटना**
- बिहार में "बिहार राज्य पंचायत संसाधन केंद्र" कहां खोला जाएगा **- सोनपुर (पंचायत प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण के लिए)**
- बिहार के किस स्थान पर कैलाश पति मिश्र की प्रतिमा और कैलाश पति मिश्र स्मृति उद्यान का उद्घाटन किया गया **- आईसीएआर अटारी, पटना (गृह मंत्री अमित शाह द्वारा)**
- UDISE रिपोर्ट 2021-22 के अनुसार बिहार में सरकारी स्कूल के छात्रों के स्वास्थ्य जांच का प्रतिशत कितना है **- केवल 0.5%**

# राष्ट्रीय

## राजव्यवस्था

### चुनावी बॉन्ड असंवैधानिक: उच्चतम न्यायालय

**संदर्भ**

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 5 जजों की पीठ ने सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय में चुनावी बांड को असंवैधानिक और स्पष्ट रुप से मनमाना घोषित किया।

#### महत्वपूर्ण तथ्य

- निर्णय में यह भी कहा गया कि यह योजना जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, कंपनी अधिनियम और आयकर अधिनियम में किए गए पूर्ववर्ती संशोधन मतदाताओं के अनुच्छेद 19(1) (A) के तहत राजनीतिक वित्तपोषण के बारे में सूचना के अधिकार का उल्लंघन है।
- न्यायालय ने कहा कि इस योजना से आर्थिक असमानताओं को बढ़ावा मिला है, क्योंकि इससे आम नागरिकों की तुलना में अधिक वित्तीय क्षमता वाले कॉर्पोरेट जगत को लाभ हुआ है। अतः चुनावी बांड जारी करने पर रोक लगाई जाती है।

#### चुनावी बांड

- यह व्यक्तियों और संगठनों को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए एक तंत्र प्रदान करता है, जिससे दानदाताओं की गुमनामी सुनिश्चित होती है।


SBI
भारतीय स्टेट बैंक STATE BANK OF INDIA
(Constituted under the State Bank of India Act, 1955)
Corporate Centre, State Bank Bhavan, Madame Cama Road, Nariman Point, Mumbai - 400021
इलेक्टोरल बॉण्ड / ELECTORAL BOND
(IN THE FORM OF PROMISSORY NOTE)
DATE OF ISSUE : 10 APR 2018
VALID UPTO 15 DAYS FROM THE DATE OF ISSUE
VALUE OF THE INSTRUMENT : ₹ 1,000/- (Rupees One Thousand only)

For value received, the Bank hereby promises to pay on demand to the eligible Payee which is holding this instrument, upon surrender of the original instrument in the Designated Account of the eligible Political Party with the Bank, the sum representing the value of this instrument of ₹ 1,000/- (Rupees One Thousand only) in accordance with the Scheme called 'The Electoral Bond Scheme, 2018', notified by the Central Government vide Gazette Notification No. 20 dated the 2nd January, 2018.

On payment of the said amount, the liability of the Bank hereunder shall stand fully extinguished.

SAMPLE

स्थान / Place : NEW DELHI

प्राधिकृत हस्ताक्षरी
Authorized Signatory

स्रोत: The Hindu

- इसे राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से वर्ष 2017 में प्रस्तुत किया गया था और इसे वर्ष 2018 में लागू किया गया।
- चुनावी बांड भारतीय स्टेट बैंक की चयनित शाखाओं पर उपलब्ध थे।
- इस बांड को या तो किसी व्यक्ति द्वारा स्वयं या दूसरों के साथ साझेदारी में खरीदा जा सकता था।
- चुनावी बांड पर दानकर्ता के नाम का खुलासा नहीं किया जाता है।
- केवल वे राजनीतिक दल जो जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29A के तहत आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त हैं और जिन्हें लोकसभा या राज्य विधानसभाओं के हालिया चुनावों में कुल वोटों के कम से कम 1 प्रतिशत वोट मिले हैं, इन बांडों के माध्यम से धन प्राप्त करने के पात्र थे।

### लद्दाख के लिए पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग

**संदर्भ**

लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने तथा भूमि, संस्कृति, भाषा और पर्यावरण की रक्षा हेतु इसे छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर हजारों लोग लद्दाख की सड़कों पर आ गए।

#### लद्दाख की वर्तमान स्थिति

- वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद लद्दाख को भारत का केंद्र शासित प्रदेश घोषित किया गया था।
- जम्मू-कश्मीर के विपरीत लद्दाख में विधानसभा नहीं है।

#### छठी अनुसूची क्या है

- अनुच्छेद 244 के तहत छठी अनुसूची स्वायत्त प्रशासनिक प्रभागों के गठन का प्रावधान करती है,जिनके पास राज्य के भीतर कुछ विधायी, न्यायिक और प्रशासनिक स्वायत्तताऐं होती है।
- वर्तमान में असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम छठी अनुसूची में शामिल राज्य हैं।

#### छठी अनुसूची की विशेषताएं

- छठी अनुसूची उत्तर-पूर्वी राज्यों के कुछ जनजातीय क्षेत्रों में स्वायत्त जिला परिषदों के निर्माण का प्रावधान करती है।

- सभी जिला परिषदों के पास भूमि आवंटन, जल प्रवाह का उपयोग और विरासत संपत्ति जैसे कई विषयों पर कानून बनाने की शक्ति होती है।
- भारतीय संविधान के अनुसार स्वायत्त जिला परिषद में अधिकतम तीस सदस्य हो सकते हैं।
- 30 सदस्यों में से केवल 4 सदस्यों को राज्य के राज्यपाल द्वारा मनोनीत किया जा सकता है। अन्य का चयन निर्वाचन के आधार पर होता है।
- यदि किसी स्वायत्त जिले में अलग-अलग अनुसूचित जनजातियाँ हैं, तो राज्यपाल उन्हें स्वायत्त क्षेत्रों के रूप में पृथक कर सकते हैं।

**लद्दाख में जनजातियाँ**

- लद्दाख में 90% आबादी जनजातीय समुदाय से है। लद्दाख में निवास करने वाली कुछ प्रमुख जनजातियाँ इस प्रकार हैं:
  - बलती, बेडा
  - बॉट, बोटो
  - ब्रोकपा,
  - ड्रोकपा, दर्द
  - शिन चांग्पा
  - गर्रा, मोन

## लोकसभा की विशेषाधिकार समिति

**संदर्भ**

लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने एक नोटिस जारी कर पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों को तलब किया है।

### विशेषाधिकार समिति से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य

- विशेषाधिकार समिति संसद के दोनों सदनों में मौजूद एक संसदीय समिति होती है।
- लोकसभा में इस समिति में अध्यक्ष द्वारा मनोनीत **15 सदस्य** होते हैं, जबकि राज्यसभा में इसमें सभापति द्वारा मनोनीत **10 सदस्य** होते हैं।
- इसका प्राथमिक कार्य सदन या उसके सदस्यों के विशेषाधिकारों के उल्लंघन से जुड़े प्रश्नों की जांच करना है।
- समिति यह निर्धारित करने के लिए प्रत्येक मामले की जांच करती है कि विशेषाधिकार का उल्लंघन हुआ है या नहीं।
- यह अपनी रिपोर्ट में उचित अनुशंसाएँ अध्यक्ष या सभापति के समक्ष प्रस्तुत करता है।
- सदन का कोई भी सदस्य अध्यक्ष या सभापति की सहमति से विशेषाधिकार हनन से जुड़ा प्रश्न उठा सकता है।

### सजा

- यदि कोई सदस्य दोषी पाया जाता है, तो उन्हें सदन से निलंबन या निष्कासन का सामना करना पड़ सकता है। उदाहरण के लिए वर्ष 1978 में इंदिरा गांधी को आपातकाल के दौरान शक्ति का दुरुपयोग करने के लिए सदन से निष्कासित कर दिया गया था।

## किशोरियों की पोषण संबंधी आवश्यकताएँ

**संदर्भ**

हाल ही में, **पाँच "उत्कर्ष" जिलों** में किशोरियों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय** और **आयुष मंत्रालय** ने **पाँच** "उत्कर्ष" जिलों में किशोर लड़कियों की **पोषण संबंधी आवश्यकताओं** को पूरा करने के लिए **आयुष हस्तक्षेप** लागू करने हेतु एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- प्रायोगिक तौर पर चुने गए 5 जिले हैं: **राजस्थान में धौलपुर, झारखंड में पश्चिमी सिंहभूम, छत्तीसगढ़ में बस्तर, महाराष्ट्र में गढ़चिरौली** और **असम में धुबरी**।
- इस समझौते के माध्यम से दोनों मंत्रालयों ने "**एनीमिया मुक्त भारत**" के लिए प्रतिबद्धता जताई है।

### मिशन उत्कर्ष

- इसे जनवरी 2022 में प्रारंभ किया गया था।
- **15 केंद्रीय मंत्रालय** और विभाग पिछड़े जिलों में चुनिंदा प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों में सुधार करने और उन्हें राज्य और राष्ट्रीय औसत के स्तर पर लाने के लिए काम कर रहे हैं।
- "**चयनित जिलों का तीव्र सुधार**" के नाम से जाने जाने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्रीय मंत्रालयों द्वारा चयनित जिलों में कुछ **प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों** (KPI) में सुधार करना है।

### मिशन उत्कर्ष का उद्देश्य

- **एक वर्ष के भीतर चयनित जिलों के KPI के प्रदर्शन को वर्तमान/आधार स्तर से राज्य औसत स्तर तक सुधार** और उन्हें **2 वर्षों के भीतर राष्ट्रीय औसत या बेहतर स्तर पर ले जाना।**
- इस मिशन के माध्यम से प्राप्त जानकारी का उपयोग करके प्रत्येक जिले के प्रदर्शन में सुधार करना।

### मिशन के अंतर्गत शामिल जिले

| क्रम संख्या | राज्य | जिले |
|---|---|---|
| 1. | असम | कार्बी आंगलोंग |
| 2. | बिहार | भोजपुर |
| 3. | छत्तीसगढ़ | रायगढ़ |
| 4. | झारखंड | जमतारा |
| 5. | मध्य प्रदेश | डिंडौरी |
| 6. | मेघालय | पश्चिम खासी हिल्स |
| 7. | उड़ीसा | मयूरभंज |
| 8. | राजस्थान | प्रतापगढ़ |
| 9. | तमिलनाडु | कुड्डालोर |
| 10. | उत्तर प्रदेश | बाँदा |

## पीएम-जनमन (PM-JANMAN)

**संदर्भ**

जनजातीय समूहों के लिए आवास से संबंधित एक योजना को सटीक आंकड़ों की कमी के कारण बाधा का सामना करना पड़ रहा है।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- केंद्र द्वारा जनजातियों के लिए बनाए जाने वाले **5 लाख घरों** में से 15 फरवरी 2024 तक केवल **2.5 लाख घरों को मंजूरी** दी गई थी।

### पीएम-जनमन (प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान)

- इसकी घोषणा **केंद्रीय बजट 2023** में की गई थी।
- इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा **15 नवंबर 2023** को **झारखंड के खूंटी जिले** से 'जनजातीय गौरव दिवस', जो बिरसा मुंडा की जयंती पर मनाया जाता है, के अवसर पर किया गया था।
- यह एक **केंद्र प्रायोजित योजना** है।
- **आवंटित राशि का लगभग 80%** केवल घरों और सड़कों के निर्माण हेतु है।
- इसे **अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्य योजना** (DAPST) के तहत **वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2025-26** के लिए लॉन्च किया गया था।




### पीएम-जनमन का उद्देश्य

- इसका उद्देश्य **देश भर के 200 जिलों** के विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (PVTG) से संबंधित **22,000 परिवारों** तक पहुंचना है।
- इसका उद्देश्य जागरूकता को बढ़ाना और यह सुनिश्चित करना है कि **PVTG बहुसंख्यक आदिवासी समुदायों** में सभी सरकारी कार्यक्रम पूरी तरह से लागू हों।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

**संदर्भ**

वित्त वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के तहत नामांकन में **27 प्रतिशत** की वृद्धि हुई है।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- इस वित्तीय वर्ष के दौरान किसानों द्वारा **31,130 करोड़** रुपये की राशि जमा की गई।
- इसके बदले में किसानों को **1,55,977 करोड़** रुपये का भुगतान किया गया।
- किसानों को मिलने वाली मुआवजे की राशि के बढ़ने से किसान भी इस योजना से स्वयं जुड़ रहे हैं।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) से संबंधित तथ्य

- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में वर्ष 2016 के खरीफ सीजन से शुरू की गई थी।

- PMFBY स्वतंत्र भारत के इतिहास की सबसे बड़ी फसल बीमा योजना है और प्रीमियम की दृष्टि से विश्व स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी योजना है।

## उद्देश्य

- अनपेक्षित घटनाक्रम के कारण फसल हानि/क्षति से पीड़ित किसानों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करना।
- किसानों की आय को सुदृढ़ करना ताकि वे अपने कृषि कार्यों को जारी रख सकें।
- किसानों को नवीन और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना।
- कृषि क्षेत्र में ऋण का प्रवाह सुनिश्चित करना जो किसानों को उत्पादन के जोखिमों से बचाने के अलावा खाद्य सुरक्षा, फसल विविधीकरण और कृषि क्षेत्र की वृद्धि और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने में योगदान देगा।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के घटक




# सशक्त नारी-विकसित भारत कार्यक्रम

**संदर्भ**

हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में आयोजित सशक्त नारी-विकसित भारत कार्यक्रम में भाग लिया।

## महत्वपूर्ण तथ्य

- प्रधानमंत्री ने नमो ड्रोन दीदियों द्वारा आयोजित कृषि ड्रोन प्रदर्शन को देखा।

**नमो ड्रोन दीदी पहल**

- इस पहल के तहत, ग्रामीण महिलाओं को कृषि उद्देश्यों के लिए ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण दिया जाता है।
- इस पहल का उद्देश्य-
  - विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण द्वारा महिलाओं की वित्तीय स्वायत्तता को बढ़ाना।

- प्रधानमंत्री ने 1,000 नमो ड्रोन दीदियों को ड्रोन प्रदान किया।
- स्वयं सहायता समूहों (SHGs) को रियायती ब्याज दर पर लगभग 8,000 करोड़ रुपये का बैंक ऋण वितरित किया गया।
- प्रधानमंत्री द्वारा SHGs को लगभग 2,000 करोड़ रुपये का पूंजीकरण सहायता कोष प्रदान किया गया।

## नारी शक्ति हेतु सरकार द्वारा संचालित अन्य पहल

| | |
|---|---|
| 1. बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ | • भ्रूण हत्या को रोकना और महिलाओं में साक्षरता दर को बढ़ाना। |
| 2. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना | • इस योजना के तहत गर्भवती माताओं के पोषण के लिए 5000 रुपये दिए जाते हैं। |
| 3. सुकन्या समृद्धि योजना | • यह योजना लड़कियों को शिक्षा अवधि के दौरान संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करती है। |
| 4. पीएम मुद्रा योजना | • यह योजना महिलाओं को धन उपलब्ध कराकर उनमें उद्यमिता को बढ़ावा देती है। |
| 5. पीएम आवास योजना | • इस योजना के तहत घरों का पंजीकरण महिलाओं के नाम पर किया जाता है। |
| 6. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना | • इस योजना के तहत निःशुल्क LPG कनेक्शन दिया जाता है। |

# उज्ज्वला योजना पर मिलने वाली सब्सिडी की अवधि में वृद्धि

**संदर्भ**

हाल ही में, भारत सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत गरीब महिलाओं को मिलने वाली 300 रुपये प्रति LPG सिलेंडर सब्सिडी की समय अवधि को बढ़ाने की घोषणा की है।

## उज्ज्वला योजना से संबंधित तथ्य

- गरीबी रेखा से नीचे (BPL) के परिवारों की महिलाओं को LPG कनेक्शन प्रदान करने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शुरू की गई थी।




स्रोत : Sharnarthi Sewa NGO

- इस योजना की शुरुआत 1 मई 2016 को उत्तर प्रदेश के बलिया से की गई थी।

### योजना के उद्देश्य

- महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना
- खाना पकाने के लिए स्वच्छ ईंधन प्रदान करना
- जीवाश्म ईंधन के उपयोग के कारण लाखों ग्रामीण आबादी में होने वाली खतरनाक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को रोकना।

### पात्रता मापदंड

- आवेदक 18 वर्ष से अधिक आयु की महिला होनी चाहिए।
- आवेदक को BPL कार्ड धारक ग्रामीण निवासी होना चाहिए।
- सब्सिडी राशि प्राप्त करने के लिए महिला आवेदक के पास देश के किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता होना चाहिए।
- आवेदक के परिवार के पास पहले से ही LPG कनेक्शन नहीं होना चाहिए।

*नोट: WHO के अनुसार वर्ष 1990 में घरेलु प्रदूषण से 1.9 मिलियन भारतीयों की समय से पहले मौत हो गई। LPG के आने के बाद इसमें गिरावट शुरू हो गई है।*

# अर्थव्यवस्था

## रेलवे अवसंरचना परियोजनाएँ

**संदर्भ**

हाल ही में, प्रधानमंत्री ने **41,000** करोड़ रुपये की **2000** रेलवे अवसंरचना से संबंधित परियोजनाओं का शुभारंभ किया। अमृत भारत स्टेशन के तहत करीब **25,000 करोड़** रुपये व्यय किया जाएगा।

### अमृत भारत स्टेशन

- सरकार ने महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने की पहल के तहत रेलवे ओवरब्रिज और अंडरब्रिज की आधारशिला रखी है।
- वर्तमान में, इस योजना में भारतीय रेलवे नेटवर्क के **1309 स्टेशनों** के आधुनिकीकरण और उन्नयन का प्रावधान किया गया है।
- इस पहल के तहत विशेष रूप से बिहार के तैंतीस रेलवे स्टेशनों को चुना गया है।
- इसमें विभिन्न स्टेशनों पर सुविधाओं को बढ़ाने के लिए मास्टर प्लान बनाना और उन्हें विभिन्न चरणों में क्रियान्वित करना शामिल है।

### अमृत भारत स्टेशन की विशेषताएं

- सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक विभिन्न यात्री आवश्यकताओं के लिए स्टेशनों में विशिष्ट क्षेत्रों की उपलब्धता है, जैसे छोटी व्यावसायिक मीटिंगों के लिए एग्जीक्यूटिव लाउंज और स्थान।
- यह योजना सभी स्टेशन श्रेणियों के लिए उच्च-स्तरीय प्लेटफार्मों के निर्माण को भी प्राथमिकता देती है, जिन प्लेटफार्म का प्रसार आमतौर पर 600 मीटर तक और ऊंचाई 760 और 840 मिमी के बीच है।
- इसके अंतर्गत आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, जैसे शौचालय, दिव्यांगजन (विशेष रूप से सक्षम लोगों) सुविधाएं, एस्केलेटर, वेटिंग-हॉल में फर्नीचर और मुफ्त वाई-फाई कनेक्टिविटी इत्यादि।

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- वर्ष 2023 में, भारतीय रेलवे ने 3.52 बिलियन यात्रियों को सेवा प्रदान करने के अलावा 1512 मीट्रिक टन माल ढुलाई की।
- भारतीय रेलवे के अंतर्गत प्रत्येक दिन 13,000 से अधिक ट्रेनें चलती है, जो देश भर के 7,325 स्टेशनों को जोड़ती हैं।

## भारत-EFTA व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता

**संदर्भ**

हाल ही में, भारत ने यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA) के साथ व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (TEPA) पर हस्ताक्षर किए।

### यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA)

- यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA) यूरोप में स्थित एक अंतर-सरकारी संगठन है।
- **गठन**- इस संघ का गठन वर्ष 1960 में इसके तत्कालीन सात सदस्य देशों (ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, नॉर्वे, पुर्तगाल, स्वीडन, स्विट्जरलैंड और यूनाइटेड किंगडम) द्वारा अपने सदस्यों के बीच मुक्त व्यापार और आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए की गई थी। अब इसमें केवल चार सदस्य देश हैं।
- **सदस्य देश**- आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड।







# भूगोल

## कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना (KLIP)

**संदर्भ**

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने कहा कि कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना की लागत 1.47 लाख करोड़ रुपए से अधिक होने की संभावना है।




## कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना (KLIP) से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य

- यह विश्व की सबसे बड़ी बहुचरणीय लिफ्ट सिंचाई परियोजना है।
- यह परियोजना तेलंगाना में प्राणहिता और गोदावरी नदी के संगम पर स्थित है।
- भूमिगत और सतही जल पंपिंग स्टेशनों की एक श्रृंखला इस परियोजना की प्रमुख विशेषता है।

## परियोजना का लाभ

- इससे सिंचाई और पीने के लिए पानी की उपलब्धता बढ़ेगी।
- इससे तेलंगाना में भूजल का स्तर बढ़ेगा।
- इस परियोजना से मिशन काकतीय और मिशन भागीरथ जैसे जल संरक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा।

**गोदावरी नदी**

- गोदावरी, भारत की दूसरी सबसे लंबी नदी है।
- इसे दक्षिण की गंगा के नाम से भी जाना जाता है।
- उद्गम: महाराष्ट्र में नासिक के पास त्र्यंबकेश्वर की पहाड़ी से।
- जल ग्रहण क्षेत्र- गोदावरी नदी का जल ग्रहण क्षेत्र मुख्य रूप से महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश राज्यों में फैला हुआ है।
- सहायक नदियाँ- पूर्णा, प्राणहिता, इंद्रावती, सबरी, प्रवरा, मंजीरा और मनेर।
- सांस्कृतिक महत्व- नासिक में गोदावरी नदी के तट पर कुंभ मेले का भी आयोजन होता है।
- गोदावरी नदी पर स्थित महत्वपूर्ण परियोजनाएँ- पोलावरम सिंचाई परियोजना, कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना आदि।

## कोरोनल मास इजेक्शन

**संदर्भ**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि आदित्य-एल1 पर प्लाज्मा एनालाइजर पैकेज फॉर आदित्य (PAPA) पेलोड ने कोरोनल मास इजेक्शन (CMEs) के प्रभाव का पता लगाया है।

### PAPA की विशेषताएं




- PAPA एक ऊर्जा और द्रव्यमान विश्लेषक है जो सौर पवन आयनों और इलेक्ट्रॉनों की कम ऊर्जा वाले इन-सीटू माप हेतु अभिप्रेत है।
- सोलर विंड इलेक्ट्रॉन एनर्जी प्रोब (SWEEP) और सोलर विंड आयन कंपोजिशन एनालाइजर इसमें लगे दो सेंसर हैं।
- सेंसर सौर पवन कण के आगमन की दिशा भी निर्धारित कर सकते हैं।

### कोरोनल मास इजेक्शन के बारे में

- कोरोनल मास इजेक्शन (CME) सूर्य के कोरोना (सूर्य की सबसे बाहरी परत) से प्लाज्मा और चुंबकीय क्षेत्रों का वृहद उत्सर्जन है। ये अरबों टन कोरोनल पदार्थ का उत्सर्जन कर सकते हैं और एक अंतर्निहित चुंबकीय क्षेत्र का सृजन कर सकते हैं।
- CME सूर्य से बाहर की ओर **250 किलोमीटर प्रति सेकंड (किमी/सेकंड)** की कम गति से लेकर लगभग 3000 किमी/सेकेंड तक की गति से यात्रा करते हैं।
- सर्वाधिक तीव्र पृथ्वी-निर्देशित CME हमारे ग्रह तक 15-18 घंटों में पहुंच सकते हैं। धीमी CME को पहुँचने में कई दिन लग सकते हैं।

# पर्यावरण

## नॉर्दर्न पिंटेल

**संदर्भ**

हाल ही में, पुलिकट झील में कई प्रवासी बत्तख "नॉर्दर्न पिंटेल" मृत पाए गए। मौत का संदिग्ध कारण उर्वरक या कीटनाशक का अंतर्ग्रहण है।

### नॉर्दर्न पिंटेल से संबंधित तथ्य

- नॉर्दर्न पिंटेल व्यापक भौगोलिक वितरण वाली बत्तख की एक प्रवासी प्रजाति है।
- ये यूरेशिया और उत्तरी अमेरिका के आर्कटिक क्षेत्र में प्रजनन करते हैं।
- ये नवंबर तक भारत में आते हैं और अपने प्रजनन स्थल पर लौटने से पहले मार्च तक भारत में रहते हैं।
- नॉर्दर्न पिंटेल भारत में आर्द्रभूमि, झीलों और धान के खेतों सहित विभिन्न आवासों में पाए जा सकते हैं।
- भारत में नॉर्दर्न पिंटेल के कुछ प्रमुख स्थलों में पुलिकट झील (आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु), चिल्का झील (ओडिशा), केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (राजस्थान) और डल झील (जम्मू और कश्मीर) शामिल हैं।




- IUCN स्थिति – कम चिंताजनक
- लंबी गर्दन और चोंच
- सिर और पंखों पर निशान



KGS




## राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड

**संदर्भ**

हाल ही में, राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (NBWL) ने असम में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के पास एक एलिवेटेड सड़क परियोजना को मंजूरी दी।

- NBWL ने दीपोर बील, जो एक प्रमुख आर्द्रभूमि और असम में स्थित एक रामसर स्थल है, तक जाने वाले दो एलिवेटेड रेलवे गलियारों को भी मंजूरी दी।

### राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (NBWL) से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य

- राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थापना वर्ष **2003** में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत की गई थी।
- **NBWL की संरचना**- NBWL की अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते हैं। इसमें प्रधानमंत्री सहित **47** सदस्य होते हैं।
- NBWL की स्थायी समिति की अध्यक्षता पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री करते हैं।

**काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान**

- **अवस्थित-** असम के गोलाघाट और नागांव जिले में।
- **दर्जा-**
  - इसे वर्ष 1974 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था।
  - इसे वर्ष 2007 में बाघ अभयारण्य घोषित किया गया था।
  - इसे वर्ष 1985 में यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था।
  - बर्डलाइफ इंटरनेशनल द्वारा इसे एक महत्वपूर्ण पक्षी क्षेत्र के रूप में मान्यता दी गई है।
- काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की **'बिग फोर'** प्रजातियाँ - **एक सींग वाला गैंडा, हाथी, रॉयल बंगाल टाइगर** और **एशियाई जलीय भैंस**।
- **राष्ट्रीय राजमार्ग 37** इसके अंदर से होकर गुजरता है।
- **डिफ्लू नदी** इससे होकर प्रवाहित होती है।
- **वनस्पति-** उष्णकटिबंधीय नम पर्णपाती वन और उष्णकटिबंधीय अर्द्ध-सदाबहार वन, लंबी घास, खुले वन और छोटी घास।

- यह वन्यजीव से संबंधित सभी मामलों की समीक्षा करता है तथा राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों में एवं उसके आसपास परियोजनाओं को मंजूरी देता है।
- राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों में सीमाओं का परिवर्तन केवल NBWL की मंजूरी से किया जा सकता है।
- राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की भूमिका सलाहकारी प्रकृति की होती है।

**दीपोर बील**

- **अवस्थिति-** कामरूप जिला, असम।
- यह एक **नदी आर्द्रभूमि** है, जो ब्रह्मपुत्र नदी की पुरानी वाहिका में स्थित है।
- यह असम में स्थित **एकमात्र रामसर साइट** है। इसे नवंबर, 2002 में रामसर साइट के रूप में नामित किया गया था।

## भारत की पर्यावरण स्थिति रिपोर्ट 2024

**संदर्भ**

सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (CSE) द्वारा **28 फरवरी, 2024** को राजस्थान के निमली में अनिल अग्रवाल पर्यावरण प्रशिक्षण संस्थान में भारत की पर्यावरण स्थिति रिपोर्ट 2024, जारी की गई।

### रिपोर्ट से संबंधित तथ्य

- **डाउन टू अर्थ पत्रिका** द्वारा इसे प्रत्येक वर्ष संकलित और जारी किया जाता है।
- रिपोर्ट में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, 2023 में चरम मौसम की घटनाओं के परिणामस्वरूप **109 देशों** को **नुकसान हुआ**, इनमें से अधिकांश देश **अफ्रीका, यूरोप** और **पश्चिम एशिया** से थे।
- **लीबिया में सर्वाधिक मौतें** हुईं, जबकि **इंडोनेशिया** में **प्रभावित व्यक्तियों की संख्या (लगभग 19 मिलियन) सबसे अधिक है।**
- भारत में **122 वर्षों** में वर्ष 2023 में अगस्त और सितंबर माह में सर्वाधिक गर्मी का अनुभव किया गया।
- भारत में चरम मौसम की स्थिति के कारण 86,432 घर क्षतिग्रस्त हो गए, 3,287 मानव जीवन, 2.21 मिलियन हेक्टेयर फसल क्षेत्र प्रभावित हुए और 124,813 जानवरों की मृत्यु हुई।
- इसका प्रभाव भारत के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर पड़ा।
- **हिमाचल प्रदेश** में 149 दिनों के साथ **सबसे अधिक चरम मौसम की घटनाएं दर्ज** की गईं, इसके बाद **141 दिनों के साथ मध्य प्रदेश का दूसरा स्थान** रहा। केरल और उत्तर प्रदेश **119 दिनों** के साथ अगले स्थान पर थे।

| राज्य | घटनाएं |
|---|---|
| 1. बिहार | सर्वाधिक संख्या में मृत्यु (642 मौतें) |
| 2. हरियाणा | सर्वाधिक प्रभावित फसल क्षेत्र |
| 3. गुजरात | सर्वाधिक संख्या में क्षतिग्रस्त मकान |
| 4. पंजाब | सर्वाधिक संख्या में पशुओं की मृत्यु |

## समुद्री स्लग का नाम राष्ट्रपति के नाम पर रखा गया

**संदर्भ**

हाल ही, में जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (ZSI) द्वारा **हेड-शील्ड समुद्री स्लग की एक नई समुद्री प्रजाति** का नाम **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम पर रखा गया।**

### हेड-शील्ड समुद्री स्लग से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य

- नई खोजी गई प्रजाति **फाइलम मोलस्क** के **मेलानोक्लामिस जीनस** से संबंधित है।
- हेड-शील्ड समुद्री स्लग की नई प्रजाति का नाम ***मेलानोक्लामिस द्रौपदी*** रखा गया है।
- इस प्रजाति की खोज **पश्चिम बंगाल तट के दीघा** और **ओडिशा तट के उदयपुर** में की गई थी।

**हेड-शील्ड समुद्री स्लग की रूपात्मक (आकृति संबंधी) विशेषताएं**

- यह एक छोटा अकशेरुकी प्राणी है जिसकी अधिकतम लंबाई 7 मिमी तक होती है।
- यह भूरे-काले रंग का होता है जिसके पीछे रूबी-लाल धब्बे होते हैं।
- इसका शरीर छोटा, कुंद और बेलनाकार होता है और पृष्ठीय सतह चिकनी होती है।
- इसमें दो पृष्ठ समान या असमान ढाल वाले होते हैं, जिन्हें एंटीरियर शीर्ष और पश्च ढाल नाम दिया गया है।

**भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (ZSI)**

- भारतीय प्राणी सर्वेक्षण पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला एक अधीनस्थ संगठन है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1916 में हुई थी।
- इसका मुख्यालय **कोलकाता** में है और इसके 16 क्षेत्रीय केंद्र हैं।
- ZSI का उद्देश्य भारतीय उपमहाद्वीप में जंतु वर्गीकरण के विभिन्न पहलुओं पर सर्वेक्षण, अन्वेषण, अनुसंधान और दस्तावेज़ीकरण को बढ़ावा देना है।
- ZSI **राष्ट्रीय जैव विविधता अधिनियम, 2002** की धारा 39 के अनुसार राष्ट्रीय प्राणी संग्रह के लिए एक निर्दिष्ट संग्रहालय के रूप में कार्य करता है।
- यह भारतीय जंतुओं से संबंधित रेड डेटा बुक को प्रकाशित करता है।

## अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस

**संदर्भ**

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस (IBCA) का मुख्यालय स्थापित करने की घोषणा की है।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- इसके लिए केंद्र सरकार 150 **करोड़ रुपये का धन आवंटित करेगा।**
- यह बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर और प्यूमा जैसी सात बड़ी बिल्लियों के संरक्षण के लिए एक उभयनिष्ठ मंच और सफल प्रथाओं के केंद्रीकृत कोष के रूप में कार्य करेगा।
- इनमें से पांच बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ और चीता भारत में पाए जाते हैं।
- संगठन का नेतृत्व एक सचिवालय, एक स्थायी समिति और एक महासभा द्वारा किया जाएगा जिसमें सभी सदस्य शामिल होंगे।
- इसे अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की तर्ज पर निर्मित किया जाएगा
- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2023-24 से 2027-28 तक पांच साल की अवधि के लिए IBCA हेतु **150 करोड़** रुपये की एकमुश्त बजटीय सहायता को मंजूरी दे दी है।




## जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान में वृक्षों की अवैध कटाई

**संदर्भ**

हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने उत्तराखंड के जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान में इमारतों के निर्माण हेतु **6,000 से अधिक वृक्षों की अवैध कटाई** की निंदा की।

### उच्चतम न्यायालय का निर्णय

- उच्चतम न्यायालय ने इसे विशुद्ध रूप से लाभ-संचालित कारणों से पर्यावरण को प्रदूषित करने के लिए अधिकारियों और राजनेताओं की सांठगांठ का "**क्लासिक मामला**" बताया।
- न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि बाघ अभयारण्यों के बफर क्षेत्रों के भीतर बाघ सफारी की अनुमति के संबंध में जांच करने और सिफारिशें करने के लिए **पर्यावरण, वन** और **जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** द्वारा एक विशेष समिति की स्थापना की जाएगी।
- न्यायालय ने मामले की जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) को अधिकृत किया और कहा कि एजेंसी **तीन महीने की अवधि के भीतर** अपनी रिपोर्ट सौंपे।
- न्यायालय ने एक विशेष समिति का भी प्रस्ताव रखा जिसमें **राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण** (NTCA), **भारतीय वन्यजीव संस्थान, केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति और मंत्रालय के एक संयुक्त सचिव** शामिल होंगे।
- न्यायालय ने कहा कि ये दोषी व्यक्ति और अधिकारी पुनर्बहाली की लागत का भुगतान करेंगे। इस धन का उपयोग विशेष रूप से वन बहाली के लिए किया जाएगा।
- इस समिति के दिशा-निर्देश अखिल भारतीय स्तर पर लागू किये जाएंगे।




## भारत में गोल्डन लंगूर

**संदर्भ**

भारत में प्राइमेट्स (वानर प्रजाति से संबंधित) पर सबसे हालिया अध्ययन में यह अनुमान लगाया है कि भारत में 7,396 गोल्डन लंगूर हैं।



KGS

### महत्वपूर्ण तथ्य

- लुप्तप्राय प्राइमेट की विस्तृत जनसंख्या का अनुमान प्राइमेट रिसर्च सेंटर एनई इंडिया (PRCNE), असम वन विभाग, बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल, सलीम अली सेंटर फॉर ऑर्निथोलॉजी एंड नेचुरल हिस्ट्री (SACON) और कंजर्वेशन हिमालय द्वारा दो चरणों में किया गया था।
- गोल्डन लंगूर का वितरण मानस बायोस्फीयर रिजर्व और असम के पश्चिमी भाग के सभी खंडित वनों(जैसे रायमोना नेशनल पार्क - चिरांग रिजर्व फॉरेस्ट, मानस नेशनल पार्क) में है।

**गोल्डन लंगूर**



- यह असम में पाया जाने वाला एक बंदर है।
- वयस्क नर बंदर के पार्श्व भाग गहरे सुनहरे रंग के होते हैं, जबकि मादा और किशोर बंदर में ये हल्के रंग के होते हैं।
- यह ऊँचे पेड़ों पर रहता है और फल, पत्तियाँ, बीज, कलियाँ और फूल शाकाहारी भोजन के रूप में खाता है।
- **IUCN स्थिति-संकटग्रस्त**

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी

## भू-तुल्यकालिक उपग्रह प्रक्षेपण यान

**संदर्भ**

हाल ही में इसरो द्वारा नई पीढ़ी का मौसम संबंधी उपग्रह इन्सैट-3DS का प्रक्षेपण किया गया है।

### इन्सैट-3DS



स्रोत: ISRO

- इस मिशन की शुरुआत **17 फरवरी, 2024** को की गई।
- इसे पर्यावरण, महासागरों, वायुमंडल और पृथ्वी की सतह की बेहतर निगरानी करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- अपनी इच्छित भूस्थैतिक कक्षा प्राप्त करने के लिए, उपग्रह को **GSLV-F 14** रॉकेट से प्रक्षेपित किया गया।
- यह GSLV का **16वां** मिशन था।

### GSLV (भू-तुल्यकालिक उपग्रह प्रक्षेपण यान)

- यह **51.7 मीटर लंबा तीन चरणों** वाला प्रक्षेपण यान है।
- इसका भार **420 टन** है।
- पहले चरण में एक ठोस प्रणोदक (S139) मोटर शामिल है, जिसमें **139-टन** प्रणोदक और चार भू-भंडारण प्रणोदक चरण (L40) स्ट्रैपऑन हैं, जिनमें प्रत्येक में **40 टन** तरल प्रणोदक होते हैं।
- दूसरा चरण **40-टन** प्रणोदक से भरा हुआ एक भू -भंडारण प्रणोदक चरण है।
- तीसरा चरण एक क्रायोजेनिक चरण है जिसमें तरल ऑक्सीजन (LOX) और तरल हाइड्रोजन (LH2) की **15 टन** प्रणोदक लोडिंग होती है।
- GSLV का उपयोग संचार, नेविगेशन, पृथ्वी संसाधन सर्वेक्षण में सक्षम विभिन्न प्रकार के अंतरिक्ष यान को प्रक्षेपित करने के लिए किया जा सकता है।

### GSLV को "नॉटी बॉय" क्यों कहा जाता है?

**अतिरिक्त जानकारी**
- PSLV अपने 60 प्रक्षेपणों में से केवल दो बार विफल रहा है।
- LVM3 रॉकेट सात बार उड़ान भर चुका है और कभी विफल नहीं हुआ।

- GSLV को असंगत प्रदर्शन के इतिहास के कारण "नॉटी बॉय" की उपाधि दी गई है।
- इससे पहले, GSLV ने **15 उड़ानें** भरी थीं, जिनमें से चार असफल रहीं, जो किसी भी रॉकेट के लिए अत्यंत उच्च विफलता दर है।



KGS

## ओरेगन (संयुक्त राज्य अमेरिका) में ब्यूबोनिक प्लेग

**संदर्भ**

हाल ही में, संयुक्त राज्य अमेरिका के ओरेगन में स्वास्थ्य अधिकारियों ने वर्ष 2005 के बाद से राज्य में ब्यूबोनिक प्लेग के पहले मामले की पुष्टि की।

### ब्यूबोनिक प्लेग क्या है?

- ब्यूबोनिक प्लेग एक संक्रामक और जूनोटिक रोग है जो येर्सिनिया पेस्टिस नामक जीवाणु से होता है।
- इसका नाम सूजी हुई लसीका ग्रंथि (ब्यूबोस) के कारण पड़ा है, जो इस बीमारी का एक लक्षण है।
- संक्रमित व्यक्ति की त्वचा पर काले धब्बे दिखने के कारण इसे ब्लैक डेथ के नाम से भी जाना जाता है।

> • **ज़ूनोटिक रोग-** एक बीमारी या संक्रमण जो प्राकृतिक रूप से कशेरुक जीवों से मनुष्यों में या मनुष्यों से कशेरुक जीवों में फैल सकता है। 60% से अधिक मानव रोगज़नक़ मूल रूप से ज़ूनोटिक हैं।

- **ब्यूबोनिक प्लेग के लक्षण:** इसमें बुखार, सिरदर्द, कमजोरी और लसीका ग्रंथि में सूजन होती है।

### संक्रमण का संचरण




## बर्ड फ्लू का प्रकोप

**संदर्भ**

हाल ही में, आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में बर्ड फ्लू के फैलने की पुष्टि हुई थी।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- भोपाल में स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाई-सिक्योरिटी एनिमल डिजीज ने पुष्टि की कि यह H5N1 **(इन्फ्लूएंजा वायरस) के टाइप A स्ट्रेन** के कारण हुआ था।
- ये वायरस स्वाभाविक रूप से जंगली जलीय पक्षियों में फैलते हैं तथा घरेलू पोल्ट्री और अन्य पशु और पक्षी प्रजातियों को संक्रमित कर सकते हैं।

### बर्ड फ्लू से संबंधित तथ्य

- बर्ड फ्लू का तात्पर्य एवियन (पक्षी) इन्फ्लूएंजा (फ्लू) टाइप A वायरस के संक्रमण से होने वाली बीमारी से है।
- बर्ड फ्लू के वायरस आमतौर पर इंसानों को संक्रमित नहीं करते हैं। हालाँकि, बर्ड फ्लू वायरस से छिटपुट मानव संक्रमण हुआ है।




- **मनुष्यों में लक्षण:** खांसी, दस्त, सांस लेने में कठिनाई, बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, बेचैनी आदि।

## डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म

**संदर्भ**

हाल ही में, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने डिजिटल स्वास्थ्य पर एक वैश्विक पहल (GIDH) प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया, जिस पर वर्ष 2023 में भारत की अध्यक्षता में संपन्न G20 सम्मेलन के दौरान देशों द्वारा सहमति व्यक्त की गई थी।


KGS

## डिजिटल स्वास्थ्य क्या है

- डिजिटल स्वास्थ्य से तात्पर्य स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी, जैसे मोबाइल डिवाइस, ऐप्लिकेशन और अन्य डिजिटल उपकरणों के उपयोग से है।




- डिजिटल स्वास्थ्य, या डिजिटल स्वास्थ्य सेवा, एक व्यापक, बहु-विषयक अवधारणा है, जिसमें स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में प्रौद्योगिकी और नवाचार के बीच अंतर संबंधों की अवधारणाएं शामिल हैं।
- डिजिटल स्वास्थ्य का तात्पर्य स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सफल और ठोस डिजिटल परिवर्तन से भी है।
- डिजिटल स्वास्थ्य के उदाहरण टेलीमेडिसिन,मोबाईल हेल्थ ऐप्स, स्मार्ट हेल्थ वियरेबल्स और EMR इत्यादि है ।

## लाभ

- इससे स्वास्थ्य देखभाल की लागत कम हो जाएगी।
- डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफ़ॉर्म दूरस्थ रोगी सहायता में तेजी ला रहे हैं।
- चिकित्सा क्षेत्र में AI की प्रगति के साथ डिजिटल हेल्थ प्लेटफॉर्म कैंसर, तपेदिक जैसी बीमारियों का शुरुआती चरण में ही पता लगाने में मदद करता है।

# पॉजिट्रोनियम का लेजर कूलिंग

**संदर्भ**

हाल ही में, **"एंटी-हाइड्रोजन एक्सपेरिमेंट: ग्रेविटी, इंटरफेरोमेट्री, स्पेक्ट्रोस्कोपी" (AEgIS)** के भौतिकविदों की अंतरराष्ट्रीय टीम ने पॉजिट्रोनियम के लेजर कूलिंग का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया।

## प्रयोग से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य

- यह प्रयोग जिनेवा स्थित यूरोपीय परमाणु अनुसंधान संगठन (जिसे CERN भी कहा जाता है) में किया गया था।
- यह प्रयोग त्वरक बीम हॉल के नीचे एक उच्च विनियमित प्रयोगशाला के बाहर किया गया था।
- शोधकर्ताओं ने पॉजिट्रोनियम परमाणुओं को लेजर से सफलतापूर्वक ठंडा (तापमान को लगभग 380 केल्विन से कम कर लगभग 170 केल्विन तक किया गया) किया।
- इसमें एक आयाम में शीतलन को प्रदर्शित करने के लिए अलेक्जेंड्राइट-आधारित लेजर प्रणाली के **70**-नैनोसेकंड पल्स का उपयोग किया गया।




## पॉजिट्रोनियम

- यह एक अल्पकालिक हाइड्रोजन जैसा परमाणु है, जो एक इलेक्ट्रॉन और एक पॉज़िट्रॉन (न कि इलेक्ट्रॉन और एक प्रोटॉन) से बना होता है।
- अत्यधिक कम जीवन काल होने के कारण इसका अर्द्ध-जीवन **142 नैनो-सेकंड** होता है।
- इसका द्रव्यमान इलेक्ट्रॉन के द्रव्यमान का दोगुना होता है।

## एंटी-हाइड्रोजन प्रयोग: ग्रेविटी, इंटरफेरोमेट्री, स्पेक्ट्रोस्कोपी (AEgIS)

- यह कई देशों के भौतिकविदों का सम्मिलित प्रयोग है। भारतीय भौतिक विज्ञानी भी इस संगठन का हिस्सा हैं।
- **एंटी-हाइड्रोजन प्रयोग का प्राथमिक वैज्ञानिक लक्ष्य:** ग्रेविटी, इंटरफेरोमेट्री, स्पेक्ट्रोस्कोपी (एईजीआईएस) एंटी-हाइड्रोजन पर पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण त्वरण का प्रत्यक्ष माप है।

# कालाजार का उन्मूलन

**संदर्भ**

भारत ने वर्ष 2023 में सभी प्रखंडों में प्रति 10,000 जनसंख्या पर एक से कम कालाजार के मामले दर्ज करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है।

## महत्वपूर्ण तथ्य

- राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के आंकड़ों से पता चला है कि पिछले साल देशभर में कालाजार के 595 मामले और 4 मौतें दर्ज की गई, जबकि वर्ष 2022 में 891 मामले और 3 मौतें दर्ज की गई थी।

## कालाजार से संबंधित तथ्य

- कालाजार सबसे खतरनाक उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोगों (NTD) में से एक है। यह 76 देशों में स्थानिक रोग  है और जिससे लगभग 200 मिलियन लोगों को संक्रमण का खतरा है।
- यह प्रतिरक्षा प्रणाली पर आघात करता है, और उपचार न किए जाने पर घातक होता है।

## कालाजार का कारण

- कालाजार लीशमैनिया परजीवी मादा फ़्लेबोटोमाइन सैंड फ्लाई के काटने से होता है।
- सैंड फ्लाई अपने अंडों के विकास के लिए मनुष्य और जानवरों के रक्त पर आश्रित होती हैं।



Source-ResearchGate

- यदि सैंड फ्लाई द्वारा किसी जानवर या इंसान से लीशमैनिया परजीवी युक्त रक्त चूसा जाता है, तो किसी दूसरे व्यक्ति को सैंड फ्लाई द्वारा काटे जाने पर वह व्यक्ति संक्रमित हो जाएगा और उसके शरीर में लीशमैनियासिस विकसित हो जाएगा।
- इस प्रारंभिक संक्रमण के कुछ महीनों बाद रोग अधिक गंभीर रूप में विकसित हो सकता है, जिसे विसेरल लीशमैनियासिस या कालाजार कहा जाता है।

# गर्भिनी-GA2 AI मॉडल

**संदर्भ**

शोधकर्ताओं ने गर्भावस्था के दूसरे और तीसरे तिमाही में भ्रूण की गर्भकालीन आयु को सटीक रूप से निर्धारित करने के लिए एक भारत-विशिष्ट कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) मॉडल विकसित किया है।

## गर्भिनी-GA2 से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य

- गर्भिनी(GARBH-Ini) एक क्लिनिकल डेटासेट है जिसमें मानवमिति (**anthropometric**), **सामाजिक-आर्थिक, क्लिनिकल और अल्ट्रासोनोग्राफिक मापदंडों** जैसी विशेषताएं शामिल हैं।
- फ़रीदाबाद के ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के शोधकर्ताओं ने इसे डिज़ाइन किया है।
- यह **DBT इंडिया पहल** (GARBH-Ini) **कार्यक्रम** का एक घटक है, जो जन्म परिणामों पर उन्नत शोध के लिए एक अंतर्विषयक समूह है।
- यह त्रुटि को लगभग तीन गुना तक कम कर देता है और भ्रूण की सटीक आयु का अनुमान प्रदान करता है।
- यह भारतीय आबादी (पहले के मॉडलों में पश्चिमी आबादी का उपयोग किया गया है) का उपयोग करके विकसित किया जाने वाला पहला आखिरी तीन महीने के GA के अनुमान वाला मॉडल है।
- मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को कम करने के लिए, भारतीय डेटा गर्भवती महिलाओं को उचित स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने और जन्म का सही दिन जानने में मदद करेगा।

# वर्ष 2035 तक भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन

**संदर्भ**

हाल ही में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि वर्ष 2035 तक भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा।

## अंतरिक्ष स्टेशन से संबंधित तथ्य

- अंतरिक्ष स्टेशन एक कृत्रिम संरचना है जिसे पृथ्वी की कक्षा में प्रक्षेपित किया जाता है और यह बिजली की आपूर्ति, पर्यावरण प्रणाली, दबावयुक्त अहाता और दीर्घकालिक मानव निवास को बनाए रखने के लिए आवश्यक अन्य उपयोगिताओं से सुसज्जित होता है।
- इनमें पृथ्वी के पर्यावरण और संसाधनों का अध्ययन करना, सैन्य अवलोकन, सूर्य और अन्य खगोलीय पिंडों पर नज़र रखना और दीर्घकालिक अध्ययन करना शामिल है।

## अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS)

- ISS संयुक्त राज्य अमेरिका (NASA), रूस (रोस्कोस्मोस), यूरोप (ESA), जापान (JAXA) और कनाडा (CSA) की अंतरिक्ष एजेंसियों की एक संयुक्त परियोजना है।
- ISS की असेंबलिंग और निर्माण कार्य वर्ष 1998 में शुरू किया गया था और अंततः यह वर्ष 2011 में पूर्ण हुआ।

- पृथ्वी की परिक्रमा करने के लिए मानव द्वारा निर्मित अब तक की सबसे बड़ी वस्तु अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) है।
- ISS का दाबयुक्त आयतन लगभग **900 घन मीटर** है।
- ISS का भार **400,000 किलोग्राम** से अधिक है।
- ISS सौर सरणी **2,247 वर्ग मीटर** के क्षेत्र को कवर करती है और इसकी वार्षिक क्षमता **735,000 किलोवाट**-घंटे बिजली उत्पादन की है।



- यह **370-460 किमी** की ऊंचाई पर परिक्रमा करता है।
- वायुमंडलीय घर्षण के कारण यह लगातार पृथ्वी की ओर गिर रहा है।
- इसे कक्षा में स्वयं को स्थापित करने के लिए समय-समय पर रॉकेट फायरिंग की आवश्यकता होती है।
- **51.6°** के कक्षीय झुकाव के कारण ISS पृथ्वी के 90% बसे हुए भाग पर उड़ान भरने में सक्षम है।
- यह लगभग **28,000 किमी/घंटा** की गति से पृथ्वी के चारों ओर परिक्रमा करता है। इसका अर्थ यह है कि यह लगभग हर 90 मिनट में पृथ्वी की परिक्रमा करता है।

### कुछ अन्य अंतरिक्ष स्टेशन

1. तियांगोंग 1 और 2 - चीन
2. मीर- सोवियत अंतरिक्ष कार्यक्रम
3. स्काईलैब - संयुक्त राज्य अमेरिका

## भारत का दूसरा रॉकेट स्पेसपोर्ट

**संदर्भ**

हाल ही में, प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के थूथुकुडी जिले के कुलसेकरपट्टिनम नामक तटीय गांव में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के दूसरे रॉकेट स्पेसपोर्ट का उद्घाटन किया।

### उद्देश्य

- क्रियाशील होने के बाद, स्पेसपोर्ट का उपयोग विशेष रूप से वाणिज्यिक, ऑन-डिमांड, छोटे उपग्रह प्रक्षेपण के लिए किया जाएगा।

### भारत को नए स्पेसपोर्ट की आवश्यकता क्यों है

- निजी कंपनियों के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र को खोलने के केंद्र सरकार के विजन को मूर्त रूप देने के लिए।
- सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (SDSC), श्रीहरिकोटा रेंज (SHAR) से प्रक्षेपण के बोझ को कम करने के लिए।
- यद्यपि SHAR का उपयोग केवल भारी प्रक्षेपण वाहनों के लिए किया जाएगा, कुलसेकरपट्टिनम स्पेसपोर्ट का उपयोग छोटे उपग्रह प्रक्षेपण यानों के लिए किया जाएगा।

### तमिलनाडु में स्थापित किए जाने का कारण

- **भूमध्य रेखा से निकटता:** भूमध्य रेखा के निकट के स्थानों से पूर्व दिशा की ओर प्रक्षेपित उपग्रह को पृथ्वी की सतह के वेग के बराबर प्रारंभिक वेग मिलेगा। यह वैसा ही है जैसे कोई एथलीट डिस्कस या शॉट पुट फेंकने से पहले गोल-गोल चक्कर लगाता है।
- **पृथ्वी का घूर्णन:** चूँकि पृथ्वी पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है, इसलिए घूर्णन को बढ़त के रूप में उपयोग करने के लिए और कीमती ईंधन को व्यय न करने के लिए, हमें पूर्व की ओर प्रक्षेपित करने की आवश्यकता होती है।
- **सुरक्षा:** किसी दुर्घटना की स्थिति में, मानव जीवन को खतरे में डालने या संपत्तियों को नुकसान से बचाने के लिए अधिकांश अंतरिक्ष एजेंसियां अपने लॉन्च पैड बड़े जल निकायों के पास स्थापित करती हैं। कजाकिस्तान में बैकानूर कोस्मोड्रोम इसका एक अपवाद है, लेकिन यह एक निर्जन रेगिस्तान के बीच में स्थित है।

## सेला सुरंग

**संदर्भ**

हाल ही में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में रणनीतिक रुप से महत्वपूर्ण "सेला सुरंग" का उद्घाटन किया।

- इस सुरंग की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2019 में ही रखी थी।



## सेला सुरंग परियोजना से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य

| | |
|---|---|
| सेला सुरंग | • यह दुनिया की सबसे लंबी दो लेन वाली सुरंग है।<br>• यह सुरंग 13,000 **फीट** की ऊंचाई पर स्थित है।<br>• यह सुरंग सेला दर्रे से 400 मीटर नीचे स्थित है।<br>• यह सुरंग असम के तेजपुर को अरुणाचल प्रदेश में चीन के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) के नजदीक स्थित तवांग से जोड़ती है।<br>• इस परियोजना में दो सुरंगें और एक लिंक रोड शामिल है। पहली सुरंग 980 मीटर लंबी सिंगल-ट्यूब सुरंग है, जबकि दूसरी सुरंग 1,555 मीटर लंबी ट्विन-ट्यूब सुरंग है। इन सुरंगों के बीच लिंक रोड की लंबाई 1,200 मीटर है। |
| निर्माण | सीमा सड़क संगठन (BRO) |
| कुल परियोजना लागत | 825 करोड़ रु. |
| सुरंग के अंदर सुरक्षा | ये सुरंगें वेंटिलेशन सिस्टम, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और अग्निशमन क्षमता से सुसज्जित हैं। |
| क्षमता | सुरंग से प्रतिदिन 30000 कारें और 2000 ट्रक गुजर सकते हैं। |
| महत्व | सामरिक महत्व<br>• यह सुरंग चीन के साथ किसी भी विवाद की स्थिति में असम के मैदानी इलाकों से तवांग तक तोपखाने बंदूकों सहित सैनिकों और भारी हथियारों की तीव्र गति से तैनाती सुनिश्चित करती है।<br>• LAC (वास्तविक नियंत्रण रेखा) से चीनी सैनिकों को सेला दर्रा दिखाई देता है जो भारत के लिए एक सामरिक दृष्टि से एक अलाभकारी स्थिति है। यह सुरंग सेला दर्रे के नीचे से गुजर रही है, जिससे सैन्य भेद्यता कम हो गई है।<br>परिवहन<br>• सेला सुरंग से अरुणाचल प्रदेश के तवांग और कामेंग जिलों के बीच की दूरी 12 किमी कम हो जाएगी, जिससे यात्रियों को लगभग 90 मिनट की बचत होगी। |

## अग्नि 5 का सफल परीक्षण

**संदर्भ**

हाल ही में भारत ने **MIRV तकनीक से लैस अग्नि-V मिसाइल** का परीक्षण किया है।

## महत्वपूर्ण तथ्य

- **DRDO** ने एक नई अग्नि-V मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है जो कई लक्ष्यों को भेद सकती है और कई हथियार को ले जा सकती है।
- यह मिसाइल MIRV (**मल्टीपल इंडिपेंडेंटली-टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल**) तकनीक से युक्त है।

| MIRV बनाम पारंपरिक मिसाइल |
|---|
| • **पारंपरिक मिसाइलों** को एक ही हथियार, या वारहेड ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसे लक्ष्य को भेदने के लिए लॉन्च किया जाता है।<br>• **MIRV तकनीक** में एक ही मिसाइल प्रणाली पर कई हथियारों को लोड करने और भिन्न-भिन्न ठिकानों पर भिन्न-भिन्न लक्ष्यों को भेदने के लिए प्रोग्राम करने की क्षमता होती है। |




## MIRV तकनीक से संबंधित जानकारी

- इसमें **परमाणु हथियार** का इस्तेमाल करने की क्षमता है।
- **संयुक्त राज्य अमेरिका** और बाद में **सोवियत संघ** इस तकनीक का

उपयोग करने वाले शुरुआती देश थे, जिसका विकास 1960 के दशक में किया गया था और 1970 के दशक में इसे तैनात किया गया था।

- मिसाइल द्वारा ले जाने वाले हथियारों की संख्या उसके **डिजाइन, वजन, आकार, रेंज और अन्य मापदंडों** पर निर्भर करती है।

## MIRV तकनीक से युक्त अग्नि 5 मिसाइल के लाभ

- ये मिसाइलें रक्षा प्रणालियों को अतिरिक्त विनाशकारी क्षति पहुँचाने से बचा सकती हैं।
- MIRV क्षमता के विकास के साथ भारत की मिसाइल प्रणाली में बड़ा उन्नयन हुआ है, जिससे इसके परमाणु विकल्प में भी बढ़ोतरी हुई है।

**अग्नि मिसाइल प्रणाली**

- इसका विकास 1990 के दशक में किया गया था।
- अग्नि मिसाइल, भारत के परमाणु हथियारों के लिए भूमि-आधारित प्रक्षेप की मुख्य प्रणाली है।
- अग्नि-1 **DRDO** द्वारा वर्ष **1983 में लॉन्च** की गई अग्नि श्रृंखला की पांच मिसाइल में से प्रथम **(परमाणु-सक्षम मिसाइल)** है।
- पहली पीढ़ी की अग्नि मिसाइलों को **2000 के दशक के मध्य में** सशस्त्र बलों में तैनात किया गया था।
- अग्नि-I से अग्नि-IV मिसाइलें 12 से 40 किलोटन वजन वाले एकल पेलोड को ले जा सकती हैं और इनकी मारक क्षमता **700 से 3500 किमी** तक होती है।
- अग्नि-V, जो MIRV तकनीक से लैस है, की मारक क्षमता **5,000 किमी** और उससे अधिक है।
- **अग्नि-V मिसाइल** कम दूरी की मिसाइलों **अग्नि-1 और अग्नि-2** का उन्नत संस्करण हैं।

# वायुमंडलीय अनुसंधान परीक्षण स्थल

**संदर्भ**

हाल ही में, मानसून कोर जोन (MCZ) की पहचान करने के लिए भारत के वायुमंडलीय अनुसंधान परीक्षण स्थल (ART) के पहले चरण का **उद्घाटन मध्य प्रदेश के सीहोर जिले** में किया गया।

## वायुमंडलीय अनुसंधान परीक्षण स्थल (ART) से संबंधित जानकारी

- यह एक खुला क्षेत्र, केंद्रित अवलोकन और विश्लेषणात्मक अनुसंधान कार्यक्रम है।
- यह मौसम के विभिन्न घटकों जैसे तापमान, हवा की गति, वायु दाब आदि पर भू-आधारित अनुसंधान करेगा।
- ART स्थित सेटअप का उपयोग विभिन्न उपग्रह-आधारित अवलोकनों की जाँच करने और सत्यापित करने के लिए भी किया जाएगा
- मानसून कोर जोन (MCZ) का पता लगाने के लिए 25 उच्च स्तरीय मौसम संबंधी उपकरण लगाए गए हैं।

## MCZ महत्वपूर्ण क्यों है

- भारतीय कृषि का एक वृहद् भाग साथ ही मध्य भारत में गुजरात से लेकर पश्चिम बंगाल तक फैले मानसून कोर जोन (MCZ) के निकट की कृषि वर्षा पर निर्भर है।
- देश की वार्षिक औसत वर्षा में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी दक्षिण-पश्चिम मानसून की है।
- भारत में खरीफ की अधिकांश फसलें जुलाई और अगस्त के बीच होती हैं और औसत वर्षा क्रमशः 280.4 मिमी और 254.9 मिमी होती है।
- इस मौसम के दौरान बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव क्षेत्र का निर्माण होता है और यह प्रणाली MCZ क्षेत्रों से होकर गुजरती है, जिससे भारी वर्षा होती है।
- इसलिए मानसून कोर जोन की पहचान करना अत्यंत आवश्यक है।

## मध्य प्रदेश के सीहोर जिले का चयन क्यों किया गया है

- यह क्षेत्र प्रत्यक्ष रूप से प्रमुख वर्षा-वाहक सम्मिलित प्रणालियों के मार्ग में है।
- इससे प्रत्यक्ष निगरानी और ट्रैकिंग की सुविधा मिलेगी।
- यह क्षेत्र प्रदूषण और मानवीय गतिविधियों से मुक्त है।

# गूगल डीपमाइंड का नवीन AI

**संदर्भ**

हाल ही में, गूगल डीपमाइंड ने **SIMA या स्केलेबल** इंस्ट्रक्शनल मल्टीवर्ल्ड एजेंट नामक नवीनतम AI गेमिंग एजेंट को पेश किया, जो प्राकृतिक भाषा में दिए गए निर्देशों के आधार पर वीडियो गेम वातावरण में कार्यों को समझ सकता है और निष्पादित कर सकता है।

## इसकी विशेषताएं क्या हैं

- SIMA एक AI टूल है जो वीडियो गेमिंग के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
- यह हमें AI के एक कदम और करीब ले जाता है जो वास्तविक दुनिया के साथ-साथ गेम में भी कार्यों को पूरा करने के लिए मनुष्यों के साथ प्रभावी ढंग से काम कर सकता है।

## SIMA क्या है

- SIMA एक AI एजेंट है, जो अन्य AI मॉडल जैसे OpenAI के ChatGPT या Google जेमिनी से भिन्न है।
- यह एक वर्चुअल मित्र की तरह कार्य करता है जो सभी प्रकार के वर्चुअल वातावरणों में निर्देशों को समझ सकता है और उनका पालन कर सकता है।
- SIMA को एक सामान्यवादी AI एजेंट कहा जाता है जो विभिन्न प्रकार के कार्य करने में सक्षम है।

### SIMA किस प्रकार कार्य करता है

- SIMA सर्वप्रथम उपयोगकर्ता के आदेशों को "समझता" है क्योंकि इसे मानव भाषा को संसाधित करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है।
- इस AI टूल की एक विशेषता यह है कि यह मानव भाषा को समानांतर रूप से सीखता है और उसे अपनाता है।
- SIMA उपयोगकर्ता के साथ इंटरैक्शन के माध्यम से ऐसा करता है।

# कला एवं संस्कृति

## आदि महोत्सव

**संदर्भ**

हाल ही में वार्षिक **"आदि महोत्सव - राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव"** जिसका उद्घाटन माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने किया था, का समापन 18 फरवरी 2024 को हुआ।

### आदि महोत्सव 2024

- 10 फरवरी से 18 फरवरी तक **ट्राइफेड** द्वारा नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में **नौ दिवसीय** महोत्सव आयोजित किया गया था।
- इसका उद्देश्य जनजातीय उद्यमिता, शिल्प, संस्कृति, व्यंजन और वाणिज्य के माध्यम से **जनजातीय समुदायों को सशक्त** बनाना है।
- यह **जनजातीय कारीगरों** की असाधारण प्रतिभा और शिल्प कौशल के साथ ही **जनजातीय संस्कृति, जीवनशैली और गौरवशाली परंपराओं** को भी प्रदर्शित करता है।
- इस उत्सव में देश भर के जनजातीय समुदायों की कलात्मक प्रतिभा की झलक भी देखने को मिली।




- इस वर्ष के मुख्य आकर्षणों में अनुसूचित जनजातियों के लिए वेंचर कैपिटल फंड की शुरुआत करना शामिल है, जिसका उद्देश्य जनजातीय उद्यमियों के बीच स्टार्टअप संस्कृति और आर्थिक नवाचार को बढ़ावा देना है।

## सम्मक्का-सरलम्मा जात्रा

**संदर्भ**

हाल ही में, जनजातीय संस्कृति और विरासत को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने मेदाराम जात्रा त्योहार 2024 के लिए **2.30 करोड़ रुपये** स्वीकृत किए हैं।

### "सम्मक्का-सरलम्मा जात्रा" से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य

- **सम्मक्का-सरलम्मा जात्रा** या **मेदाराम जात्रा** त्यौहार में सम्मक्का और सरलम्मा देवी के सम्मान में **बंगारम** (गुड़) चढ़ाते हैं।
- यह प्रत्येक दो वर्ष में तेलंगाना के मुलुगु जिले के तडवई मंडल के मेदाराम गांव में आयोजित किया जाता है।
- कोया जनजाति के पुजारी कोया परंपराओं और रीति-रिवाजों के अनुसार देवी-संबंधी सभी अनुष्ठान करते हैं।
- इस महोत्सव को वर्ष **1998** में राज्य महोत्सव घोषित किया गया था।
- मेदाराम इटुरनगरम वन्यजीव अभयारण्य में एक दूरस्थ स्थान है, जो दक्कन में सबसे बड़ा वन क्षेत्र है।
- यह दुनिया का सबसे बड़ा जनजातीय मेला और कुंभ मेले के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा मेला है; जो **'एक भारत, श्रेष्ठ भारत'** का प्रतीक है।

| कोया जनजाति |
|---|
| • ये आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और गोदावरी नदी से लगे पापिकोंडा पर्वत श्रेणी क्षेत्र में निवास करते हैं।<br>• भारतीय बाइसन को संरक्षित करने के प्रयास में, इस जनजाति द्वारा अपने पारंपरिक बांसुरी, जिसे **पर्माकोर** कहा जाता है, को ताड़ के पत्तों से बनाना शुरू किया गया है। पहले इस बांसुरी को बनाने के लिए बाइसन के सींगों का प्रयोग किया जाता था।<br>• ये भारत के कुछ बहुभाषी और बहु जातीय आदिवासी समुदायों में से एक हैं।<br>• अधिकांश कोया लोग **कोयी** भाषा के साथ गोंडी या तेलुगु भी बोलते हैं।<br>• वे मृतक की याद में **स्मारकों** का निर्माण करते हैं। |

## माखा बुचा उत्सव

**संदर्भ**

थाईलैंड में बौद्धों के पांच सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक पवित्र माखा बुचा (माघ पूजा) समारोह का आयोजन सोमदत और थाईलैंड के अन्य वरिष्ठ भिक्षुओं द्वारा किया गया।

## माखा बुचा उत्सव से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य

- माखा बुचा का उद्देश्य- **"अपने मन को शुद्ध करना और केवल अच्छे कर्म करना।"**
- माखा बुचा थाईलैंड के सबसे महत्वपूर्ण बौद्ध त्योहारों में से एक है, क्योंकि इस दिन बुद्ध द्वारा अपने शिष्यों को बौद्ध धर्म की शिक्षाओं और सिद्धांतों से अवगत कराया गया था।
- यह **तीसरे चंद्र माह की पूर्णिमा** को मनाया जाता है।
- **माखा** शब्द पाली भाषा के **"माघ"** शब्द से आया है और यह तीसरे चंद्र माह को संदर्भित करता है, जबकि **बुचा का अनुवाद "पूजा करना"** के रूप में किया जा सकता है।
- यह **थाईलैंड, लाओस और कंबोडिया** में मनाया जाता है, जहां अधिकांश बौद्ध **थेरवाद बौद्ध धर्म** के अनुयायी हैं।
- लोग मंदिरों में जाते हैं और उस दिन शराब पीने या कोई पाप करने से दूर रहते हैं।


स्रोत-Reuters

## वन लाइनर

- एक लोक नृत्य शैली **'पुरुलिया छऊ'**, किस राज्य से संबंधित है **- पश्चिम बंगाल**
- गोदावरी नदी पर स्थित 'कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना' किस राज्य में स्थित है **- तेलंगाना**
- भारत का कौन सा राज्य झाड़ू घास (Broom grass) का सबसे बड़ा उत्पादक है **- असम**
- हाल ही में किस अंतरिक्ष एजेंसी ने GSLV-F14 रॉकेट का उपयोग करके **"नॉटी बॉय"** नामक मौसम पूर्वानुमान उपग्रह लॉन्च किया है **- इसरो**
- हाल ही में किस भारतीय क्रिकेटर ने टेस्ट मैच में अपने 500 विकेट पूरे किए **- रविचंद्रन अश्विन**
- देश के किस राज्य में सर्वाधिक सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन हैं **- कर्नाटक**
- किस टेक कंपनी ने **'शोरा'** नामक एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल विकसित किया है जो टेक्स्ट प्रॉम्प्ट का उपयोग करके वीडियो निर्मित करता है - OpenAI
- सर्वोच्च न्यायालय का टी. एन. गोदावर्मन थिरुमुलपाद का निर्णय किससे संबंधित है **- वन से**
- खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का चौथा संस्करण कहाँ आयोजित किया गया **- गुलमर्ग (जम्मू और कश्मीर)**
- हाल ही में फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'शेवेलियर डे ला लीजन डी' ऑनर' भारत के किस राजनीतिक नेता को प्रदान किया गया **- शशि थरूर**
- हाल ही में किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश को अपनी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन प्राप्त हुई है **- जम्मू और कश्मीर**
- हाल ही में भारत सरकार द्वारा किस क्षेत्र में 100% FDI को मंजूरी दी गई है **- अंतरिक्ष क्षेत्र**
- भारत का कौन सा राज्य ऐसे नियमों का मसौदा तैयार कर रहा है जो बहुराष्ट्रीय कंपनियों (MNCs) को कन्नड़ कर्मचारियों का विवरण प्रदर्शित करने के लिए बाध्य करेगा **- कर्नाटक**
- हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सेमिनार 2024 का आयोजन कहाँ किया गया **- विशाखापत्तनम**
- किरू हाइडल परियोजना किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में स्थित है **- जम्मू और कश्मीर**
- किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश ने मैतेई को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने वाले खंडों/क्लॉज को हटा दिया है **- मणिपुर**
- BBC के पहले भारतीय मूल के अध्यक्ष कौन हैं **- डॉ. समीर शाह**
- हाल ही में, NTPC नवीकरणीय ऊर्जा लिमिटेड की पहली सौर परियोजना का परिचालन शुरू किया गया **- राजस्थान के छत्तरगढ़ में**
- हाल ही में, भारत का पहला गति शक्ति अनुसंधान पीठ स्थापित किया गया **- IIM शिलांग**
- भारत के सबसे बड़े ग्लोबल टेक्सटाइल मेगा इवेंट "भारत टेक्स 2024" का आयोजन कहाँ किया गया **- नई दिल्ली**
- हाल ही में, भारत का सबसे बड़ा जनजातीय त्योहार, सम्मक्का-सरलम्मा जतारा का आयोजन कहाँ किया गया **- मेदाराम (तेलंगाना)**
- महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष जिनका हाल ही में निधन हो गया **- मनोहर जोशी**

- हाल ही में, किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश ने **'मुस्लिम विवाह कानून'** को समाप्त कर दिया **- असम**
- हाल ही में गगनयान मिशन के लिए नामित चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की गई, ये कौन हैं **- ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला**
- हाल ही में 12वीं सदी का श्री जगद्गुरु मुरुगराजेंद्र ब्रुहन मठ चर्चा में था। यह किस राज्य में स्थित है **- कर्नाटक**
- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (28 फरवरी) 2024 की थीम थी **- "सतत विकास के लिए विज्ञान"**
- किसे लोकपाल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है **- ए.एम. खानविलकर**
- हाल ही में, किन दो मंत्रालयों ने संयुक्त रूप से 'मेरा पहला वोट देश के लिए' नामक राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान शुरू किया है **- शिक्षा मंत्रालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय**
- भारत किस वर्ष तक अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन लॉन्च करेगा **- वर्ष 2035 तक**
- हाल ही में, किसने हॉकी इंडिया के CEO पद से इस्तीफा दे दिया **- एलेना नॉर्मन**
- अंतर्राष्ट्रीय "पर्पल फेस्ट 2024" का आयोजन कहाँ किया गया **- गोवा (सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के द्वारा)**
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस स्थान पर इसरो के नए लॉन्च कॉम्प्लेक्स की आधारशिला रखी **- कुलसेकरपट्टिनम, थूथुकुडी जिला, तमिलनाडु**
- नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट के अनुसार भारत में अति धनाढ्य लोगों की संख्या कितने प्रतिशत तक बढ़ी है **- 6%**
- भारत की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन सेल नौका का उद्घाटन कहाँ किया गया **- कोच्चि**
- पर्यावरण मंत्रालय द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, किस राज्य में तेंदुए की संख्या सर्वाधिक है **- मध्य प्रदेश (3907)**
- हाल ही में चर्चा में रहा "चला कदनकोट्टू मक्कम भगवती मंदिर" किस राज्य में स्थित है **- केरल**
- भारत सरकार ने हाल ही में डाक मतपत्र सुविधा पाने हेतु पात्रता में संशोधन किया है, जिसके तहत वरिष्ठ नागरिकों की आयु को 80 वर्ष से बढ़ाकर कर दिया है **- 85 वर्ष से अधिक**
- हाल ही में भारतीय नौसेना द्वारा 'आईएनएस जटायु' को किस स्थान पर लॉन्च किया गया **- मिनिकॉय द्वीप, लक्षद्वीप**
- हाल ही में भारतीय नौसेना में शामिल (कमीशन प्राप्त) मल्टी रोल हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन का क्या नाम है **- MH-60R**
- मूडी की रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (GDP) कितनी है **- 6.8%**
- प्रधानमंत्री ने किस शहर में भारत की पहली अंडरवाटर मेट्रो लाइन की शुरुआत की **- कोलकाता**
- हाल ही में, किस राज्य सरकार ने मानव-वन्यजीव संघर्ष को राज्य-विशिष्ट आपदा घोषित किया है **- केरल**
- हाल ही में, किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की सरकार ने 'मोबाइल पशु चिकित्सा क्लिनिक' स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है **- दिल्ली सरकार**
- हाल ही में चर्चा में रही शंकराचार्य पहाड़ी किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में स्थित है **- जम्मू और कश्मीर**
- हाल ही में किसने पाकिस्तान के राष्ट्रपति पद की शपथ ली **- आसिफ अली जरदारी**
- किस मंत्रालय द्वारा "पोषण पखवाड़ा" का आयोजन किया गया **- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**
- हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा विरोध प्रदर्शनों में संपत्ति के नुकसान की वसूली हेतु एक विधेयक लाया गया है **- उत्तराखंड**
- हाल ही में, 'कुरसुरा सबमरीन म्यूजियम' के पास एक फ्लोटिंग सी ब्रिज का उद्घाटन किया गया, यह कहाँ स्थित है **- विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश**
- हाल ही में, भारत के सबसे लंबे केबल-आधारित पुल "सुदर्शन सेतु" का उद्घाटन किस राज्य में किया गया **- गुजरात**
- "उपभोग सर्वेक्षण रिपोर्ट 2024" किसके द्वारा जारी की गई **- राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय द्वारा**

# अंतर्राष्ट्रीय

## इंडस-एक्स शिखर सम्मेलन

**संदर्भ**

20-21 फरवरी, 2024 को नई दिल्ली में 2 दिवसीय INDUS-X शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया।

### इंडस-एक्स शिखर सम्मेलन

- इसे जून 2023 में शुरू किया गया था।
- यह रक्षा और नवाचार के क्षेत्र में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास है।
- इसका आयोजन संयुक्त राज्य अमेरिका के रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय और रक्षा विभाग (DOD) के तहत इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस (iDEX) द्वारा यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल और सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (SIDM) के संयोजन में किया गया था।

### शिखर सम्मेलन का उद्देश्य

- इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच रणनीतिक तकनीकी गठबंधन और रक्षा उद्योग सहयोग को आगे बढ़ाना है।

## इंटरपोल

**संदर्भ**

हाल ही में, इंटरपोल के रेड नोटिस या गिरफ्तारी अलर्ट पर निगरानी को सख्त कर दिया गया है, जिससे इसका दुरुपयोग करना पहले से कहीं अधिक कठिन हो गया है।




### इंटरपोल (अंतर्राष्ट्रीय अपराध पुलिस संगठन)

- इंटरपोल की स्थापना **वर्ष 1923** में की गई थी, उस समय इसमें **20 सदस्य** देश थे।
- वर्तमान में इसमें 196 सदस्य देश शामिल हैं।
- इसका मुख्यालय **लियोन फ्रांस** में है।
- भारत वर्ष 1949 में इसमें शामिल हुआ।
- यह दुनिया भर की पुलिस को तकनीकी और व्यक्तिगत रूप से एकीकृत करता है।
- यह राष्ट्रीय पुलिस बलों को अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने में सक्षम बनाने हेतु सूचना साझाकरण नेटवर्क के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- इंटरपोल की एक सुरक्षित संचार प्रणाली I-24/7, 196 सदस्य देशों को जनरल सचिवालय और एक दूसरे से जोड़ती है।
- यह सदस्य देशों को केंद्रीय और दूरस्थ दोनों स्थानों से इंटरपोल डेटाबेस और सेवाओं तक पहुंचने में सक्षम बनाता है।
- इंटरपोल का अंतर्राष्ट्रीय रेडियो नेटवर्क 1935 में लॉन्च किया गया था।
- फिंगरप्रिंट जांच के लिए आवश्यक समय को कम करने के प्रयास में इंटरपोल ने वर्ष 2000 में एक स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली (AFIS) लागू की।

### इंटरपोल द्वारा जारी नोटिस के प्रकार

1. **रेड नोटिस:** यह किसी भगोड़े व्यक्ति का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के लिए जारी किया जाता है।
2. **येलो नोटिस:** यह लापता व्यक्तियों, नाबालिगों का पता लगाने में मदद करने या उन व्यक्तियों की पहचान करने में मदद करने के लिए जारी किया जाता है, जो खुद की पहचान करने में असमर्थ हैं।
3. **ब्लू नोटिस:** यह किसी अपराध के संबंध में किसी व्यक्ति की पहचान, स्थान या गतिविधियों के बारे में अतिरिक्त जानकारी एकत्र करने के लिए जारी किया जाता है।
4. **ब्लैक नोटिस:** यह सदस्य देशों में अज्ञात शवों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए जारी किया जाता है।
5. **ग्रीन नोटिस:** यह उन व्यक्तियों के बारे में चेतावनी और खुफिया जानकारी प्रदान करने के लिए जारी किया जाता है, जिन्होंने किसी देश में कोई आपराधिक कृत्य किया है, और किन्हीं अन्य देशों में उसके द्वारा इन अपराधों को दोहराने की संभावना है।
6. **ऑरेंज नोटिस:** यह किसी घटना, व्यक्ति, वस्तु या सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक गंभीर और आसन्न खतरे के बारे में चेतावनी प्रदान करने के लिए जारी किया जाता है।

7. **पर्पल नोटिस:** यह अपराधियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले, वस्तुओं, उपकरणों और छुपने के तरीकों की जानकारी प्राप्त करने या प्रदान करने के लिए जारी किया जाता है।

*नोट: जनवरी 2020 में, इंटरपोल ने भगोड़े स्वयंभू बाबा नित्यानंद को ट्रैक करने के प्रयास में एक ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया।*

## रायसीना डायलॉग 2024

**संदर्भ**

हाल ही में रायसीना डायलॉग 2024 का **9वां संस्करण** 21 से 23 फरवरी तक नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

### रायसीना डायलॉग 2024 के बारे में अतिरिक्त तथ्य

- इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।
- इसके मुख्य अतिथि **ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस** थे।
- रायसीना डायलॉग 2024 की थीम- **"चतुरंग: संघर्ष, प्रतियोगिता, सहयोग, निर्माण"**।
- सम्मेलन के प्रतिभागियों ने **"छह विषयगत स्तंभों"** पर एक-दूसरे से बातचीत की। इनमें शामिल हैं:
  - **i. टेक फ्रंटियर्स: विनियम और वास्तविकताएँ;**
  - **ii. ग्रह के साथ शांति: निवेश और नवप्रवर्तन;**
  - **iii. युद्ध और शांति: शस्त्रागार और विषमताएं;**
  - **iv. उपनिवेशवाद से मुक्ति बहुपक्षवाद: संस्थाएं और समावेशन;**
  - **v. 2030 के बाद का एजेंडा: लोग और प्रगति;**
  - **vi. लोकतंत्र की रक्षा: समाज और संप्रभुता।**




### रायसीना डायलॉग के बारे में

- रायसीना डायलॉग भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर आयोजित भारत का एक प्रमुख सम्मेलन है।
- यह एक वार्षिक सम्मेलन है, जिसका आयोजन **विदेश मंत्रालय** द्वारा ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के सहयोग से किया जाता है।
- रायसीना डायलॉग का नाम रायसीना हिल के नाम पर रखा गया है, जो नई दिल्ली में स्थित है, और यहां भारत का राष्ट्रपति भवन भी है।
- रायसीना डायलॉग का उद्देश्य- दुनिया के सामने आने वाले सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों का समाधान करना।

| ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन |
|---|
| • इसकी स्थापना 1990 के दशक में हुई थी। |
| • यह दिल्ली स्थित एक स्वतंत्र वैश्विक थिंक टैंक है। |

| लक्ष्य |
|---|
| • नीति निर्माण में सहायता और प्रभाव डालना तथा नीति विकल्प विकसित करना; |
| • सुसंगत, तर्कसंगत और सुसंगत नीति-निर्माण को सक्षम करने के लिए भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करना; |
| • भारत की विदेश नीति को दिशा देना। |

## अमेरिका ने 50 वर्षों में पहली बार चंद्रमा पर लैंडिंग की

**सन्दर्भ**

हाल ही में 50 से अधिक वर्षों के बाद टेक्सास की एक कंपनी "इंटूटिव मशीन्स" का लैंडर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरा। इस उपलब्धि के साथ, 1972 में नासा के अपोलो कार्यक्रम के बंद होने के बाद अमेरिका पहली बार चंद्रमा पर पहुंचा है।




### मिशन के बारे में

- यह अंतरिक्ष यान "इंटूटिव मशीन्स" द्वारा निर्मित किया गया था जो चंद्रमा के **दक्षिणी ध्रुव** के पास उतरा।
- यह पहली बार है कि जब **निजी क्षेत्र की कोई इकाई** चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंची।

- यह एक **मानव रहित मिशन** था।
- इसमें छह पैरों वाला "**ओडीसियस**" नाम का रोबोट-लैंडर है।
- इंटूटिव मशीन्स (IM) नासा के **वाणिज्यिक चंद्रमा पेलोड सर्विसेज** (CLPS) कार्यक्रम का एक घटक है, जिसके तहत एजेंसी चंद्रमा पर कार्गो सेवाओं के लिए कई निजी अमेरिकी व्यवसायों को भुगतान करती है; ओडीसियस की फीस 118 मिलियन डॉलर है।

## नॉर्डिक-बाल्टिक 8 (NB8)

**संदर्भ**

रायसीना संवाद 2024 में आठ नॉर्डिक-बाल्टिक देशों (NBB) को नॉर्डिक बाल्टिक सहयोग के सम्मिलित प्रतिनिधियों के रूप में देखा जा रहा है।

### प्रमुख चर्चा के क्षेत्र

- अशांति और संघर्ष के समय में, दुनिया को अधिक विश्वास, संवाद और सहयोग की आवश्यकता है।
- मुक्त व्यापार, स्थिरता और दीर्घकालिक साझेदारी के आधार पर विश्व अर्थव्यवस्था को मजबूत करना।

### NB8 के बारे में

- NB8 विदेश और सुरक्षा नीति के क्षेत्र में नॉर्डिक-बाल्टिक सहयोग का एक अनौपचारिक प्रारूप है।



स्रोत: The Hindu

- NB8 का नेतृत्व विदेश मंत्रियों द्वारा किया जाता है, जो समसामयिक मुद्दों पर सहयोग को और प्रगाढ़ करने के लिए हर साल कई बार मिलते हैं।
- NB8 8 देशों की सरकारों का प्रतिनिधित्व करता है जिनमें से 5 नॉर्डिक देश डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फिनलैंड और आइसलैंड तथा तीन बाल्टिक देश एस्टोनिया, लातविया और लिथुआनिया है।




## G33

**संदर्भ**

हाल ही में, अबू धाबी में आयोजित 13वें WTO मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में G-33 के मंत्रियों ने कृषि व्यापार वार्ता पर वक्तव्य जारी किया।

### प्रमुख बिंदु

- G33 में **खाद्य सुरक्षा** सुनिश्चित करने के लिए दीर्घकालिक समाधान की मांग की गई।
- इस बैठक का समन्वय **इंडोनेशिया** द्वारा किया गया।
- भारत सहित विकासशील देशों द्वारा स्टॉकहोल्डिंग योजनाओं के लिए सब्सिडी में वृद्धि, (जैसे **न्यूनतम समर्थन मूल्य**, जो उत्पादन के मूल्य के **10%** की सीमा के अधीन है) के संबंध में कानूनी मुद्दों से निपटने के लिए एक दीर्घकालिक समाधान आवश्यक है।

### G33

- इसे "कृषि में विशेष उत्पादों के मित्र" के रूप में भी जाना जाता है।
- G33 नाम के विपरीत इस समझौते में 33 से अधिक देश शामिल हैं।
- G-33 समूह, जिसमें 47 विकासशील और अल्पविकसित देश (LDC) और शुद्ध खाद्य आयातक विकासशील देश (NFIDCs) शामिल हैं।
- भारत भी G33 का सदस्य है।
- विश्व व्यापार संगठन द्वारा पहली बार G-33 सम्मेलन की मेजबानी **2003** में कानकुन में की गई थी।
- इस समझौते की घोषणा विश्व व्यापार संगठन के दोहा दौर के समन्वय में की गई थी।
- एंटीगुआ और बारबुडा, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, डोमिनिकन गणराज्य, जमैका, मेडागास्कर, मंगोलिया, नाइजीरिया, फिलीपींस, श्रीलंका, त्रिनिदाद और टोबैगो, तुर्की, वेनेजुएला और जिम्बाब्वे कुछ G-33 के सदस्य देश हैं।

## G33 का उद्देश्य

- इसका उद्देश्य किसानों की आजीविका और खाद्य सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उठाना है।

# स्वीडन नाटो में शामिल होने वाला 32वां सदस्य

**संदर्भ**

हाल ही में हंगरी ने स्वीडन के उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

## प्रमुख बिंदु

- नाटो के सभी 31 सदस्यों से मंजूरी मिलने पर स्वीडन 32 वां सदस्य बन गया। फिनलैंड 31 वां सदस्य बना।
- स्वीडन ने 2022 में नाटो की सदस्यता के लिए आवेदन किया था और हंगरी एवं तुर्की को छोड़कर सभी सदस्य देश स्वीडन के नाटो में शामिल होने पर सहमत हो गए थे।
- यह प्रस्ताव स्वीडन की लंबे समय से चली आ रही तटस्थता की नीति की समाप्ति का प्रतीक है, जो देश की सुरक्षा नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव है।
- हंगरी की मंजूरी के बाद **राजनयिक प्रयास** किए गए, जिसमें दोनों देशों के बीच **हथियारों का सौदा** और **स्वीडन के पीएम उल्फ क्रिस्टर्सन** की हंगरी यात्रा शामिल है।
- तुर्की की मंजूरी **कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी** (PKK) के खिलाफ कार्रवाई और एक हथियार बिक्री समझौते के संबंध में बातचीत के बाद मिली, जिसमें तुर्की को F-16 जेट की अमेरिकी बिक्री के साथ एक सशर्त संबंध भी शामिल था।



स्रोत : GIS Geography

## नाटो के बारे में

- नाटो, **उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन,** 1949 में स्थापित **एक अंतर सरकारी सैन्य गठबंधन** है। इसका मूलभूत उद्देश्य राजनीतिक और सैन्य सहयोग के माध्यमों से सदस्य देशों को स्वतंत्रता और सुरक्षा की गारंटी प्रदान करना है। नाटो लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देता है और सदस्यों को यूरो-अटलांटिक क्षेत्र की स्थिरता को प्रभावित करने वाली चुनौतियों का समाधान करते हुए रक्षा और सुरक्षा

से संबंधित मुद्दों पर परामर्श और सहयोग करने में सक्षम बनाता है।

- **स्थापना और सदस्य:** नाटो का गठन 12 संस्थापक सदस्यों के साथ किया गया था और तब से इसमें अन्य देशों को शामिल किया जा रहा है, फिनलैंड को शामिल करने के साथ इसके सदस्यों की संख्या 31 तक पहुंच गई है।
- **अनुच्छेद 5:** सामूहिक सुरक्षा नाटो का एक प्रमुख सिद्धांत है, जिसका उल्लेख उत्तरी अटलांटिक संधि के अनुच्छेद 5 में किया गया है। इसमें कहा गया है कि एक या अधिक सदस्यों के खिलाफ सशस्त्र हमला सभी के विरुद्ध हमला माना जाएगा और यह सामूहिक सुरक्षा के सिद्धांत का आधार निर्मित करता है।
- **अनुच्छेद 10:** यह सदस्यता के मापदंडों को परिभाषित करता है। यह किसी भी यूरोपीय देशों के लिए द्वार खोलता है जो संधि के सिद्धांतों को पूरा सकते  है और उत्तरी अटलांटिक क्षेत्र की सुरक्षा में योगदान दे सकता है।
- **निर्णय लेने की प्रक्रिया:** नाटो का प्रमुख राजनीतिक निकाय, नए सदस्यों के संबंध में निर्णय लेने की प्रक्रिया में केंद्रीय भूमिका निभाता है। परिषद् सर्वसम्मति के आधार पर कार्य करती है, जिसका अर्थ है कि किसी नए सदस्य को आमंत्रित करने के किसी भी निर्णय के लिए सभी मौजूदा सदस्यों के बीच सर्वसम्मति की आवश्यकता होती है। यह सुनिश्चित करता है कि सभी सहयोगी गठबंधन के विस्तार के रणनीतिक और सुरक्षा निहितार्थों पर सहमत हैं।




## वन लाइनर

- हाल ही में, भारत ने त्वरित प्रेषण सुविधा हेतु UPI से जुड़ने के लिए किस देश के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए **- नेपाल**
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किस देश में पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया है? **- संयुक्त अरब अमीरात (अबू धाबी)**
- नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में कौन एक अतिथि देश था **- सऊदी अरब**
- हाल ही में किस देश ने समलैंगिक विवाह को वैध कर दिया है **- ग्रीस**
- भारतीय कंपनियों ने किस देश से 'सोकोल ऑयल' की पुनः खरीद शुरू कर दी है **- रूस**
- 18 फरवरी को विशाखापट्टनम में भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित मिलन 24 में किस देश के आर्ले बर्क-श्रेणी के एक विध्वंसक, USS हैल्सी (DDG-97), ने भाग लिया **- संयुक्त राज्य अमेरिका**
- किस देश के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा को छह महीने की हिरासत के बाद पैरोल पर रिहा किया गया **- थाईलैंड**
- किन दो भारतीय फिल्मों को 74वें बर्लिन पुरस्कार में प्रवेश मिला **- कोट्टुकाली और द फैबल**
- फॉर्मूला 1 विश्व चैम्पियनशिप का 75 वां संस्करण कहाँ आयोजित किया गया था **- बहरीन**
- हाल ही में एक महान क्रिकेटर माइक प्रॉक्टर का निधन हो गया, वह किस देश से संबंधित थे **- दक्षिण अफ्रीका**
- हाल ही में, यमन के हूती विद्रोहियों से लाल सागर में जहाजों की सुरक्षा के लिए किस संगठन द्वारा "शील्ड" (ग्रीक-एस्पाइड्स) नामक एक नौसैनिक मिशन शुरू किया गया है **- यूरोपीय संघ**
- हाल ही में खबरों में रहा 'राफा शहर' किस देश में स्थित है **- फिलिस्तीन**
- हाल ही में किस रॉकेट द्वारा ओडिसी लैंडर को लॉन्च किया गया **- स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट**
- किस देश के राष्ट्रीय संग्रहालय में भारत द्वारा भेजे गए बुद्ध के अवशेष प्रदर्शित हैं **- थाईलैंड**
- भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर एक प्रमुख सम्मेलन 'रायसीना डायलॉग 2024' का आयोजन किस शहर में किया गया **- नई दिल्ली**
- एशियाई ट्रैक साइक्लिंग स्पर्धा में भारत ने कितने पदक जीते **- 4 (1 स्वर्ण, 2 रजत, 1 कांस्य)**

- इजराइल में 'हाइफा बंदरगाह' का स्वामित्व किस भारतीय कंपनी के पास है **- अदानी समूह**
- पाकिस्तान में पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री कौन बनीं **- मरियम नवाज**
- कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करने वाला एक नया चैट उत्पाद 'जेमिनी' का निर्माण किस टेक कंपनी ने किया है? **- गूगल**
- हाल ही में समाचारों में रहा नॉर्डिक-बाल्टिक आठ (NB8) कितने देशों का एक क्षेत्रीय सहयोग है **- 8 (डेनमार्क, एस्टोनिया, फिनलैंड, आइसलैंड, लातविया, लिथुआनिया, नॉर्वे और स्वीडन)**
- हाल ही में किस देश ने सीमित मात्रा में 'मारिजुआना' रखने को वैध घोषित किया है **- जर्मनी**
- कौन सी कंपनी चंद्रमा पर रोबोटिक यान की सॉफ्ट-लैंडिंग करने वाली पहली निजी कंपनी बन गई है **- यूएसए आधारित इंट्यूटिव मशीन्स**
- हाल ही में, किस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपयोगकर्ता द्वारा निर्मित सामग्री तक पहुंच के लिए Google के साथ सालाना 60 मिलियन डॉलर का लाइसेंसिंग सौदा किया है **- रेडिट (Reddit)**
- हाल ही में किस देश की प्रजनन दर पहली बार 1% से नीचे चली गई **- सिंगापुर**
- किस देश ने रूस से इमेजिंग उपग्रह 'पार्स-I' को कक्षा में लॉन्च किया **- ईरान**
- बेंगलुरु स्थित एक कंपनी (यू-सोलर क्लीन एनर्जी सॉल्यूशन) ने हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली बनाने के लिए किस देश के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं **- श्रीलंका**
- किस देश ने ड्रोन 'MQ-9B' को 3.99 अरब डॉलर की अनुमानित लागत पर भारत में इसकी बिक्री को मंजूरी दे दी है **- संयुक्त राज्य अमेरिका**
- हाल ही में, डिजिटल अर्थव्यवस्था में महिला निर्यातक (WEIDE) कोष संयुक्त रूप से किन दो संगठनों द्वारा लॉन्च किया गया **- विश्व व्यापार संगठन (WTO) और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र (ITC)**
- हाल ही में, किस देश ने 'पारिस्थितिकी हत्या' (ecocide) को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अपराध के रूप में मान्यता दी है **- बेल्जियम**
- हाल ही में चर्चा में रहा अगालेगा द्वीप किस देश से संबंधित है **- मॉरीशस**
- हाल ही में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन का आयोजन किस देश में किया गया **- जर्मनी**
- हाल ही में भारत ने किस देश के साथ 'समुद्र लक्ष्मण' नामक द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास आयोजित किया **- मलेशिया**
- हाल ही में किस गोल्फ खिलाड़ी को USGA सम्मान प्राप्त हुआ **- टाइगर वुड**
- हाल ही में किस देश ने गर्भपात को एक संवैधानिक अधिकार के रूप में मान्यता दी **- फ्रांस**
- संयुक्त राष्ट्र के अनुसार पिछले दस वर्षों में कौन सा वर्ष प्रवासियों के लिए सबसे घातक वर्ष था **- वर्ष 2023**
- हाल ही में, किस दूरबीन से सबसे पुरानी 'मृत आकाशगंगा' (जिसमें 13 अरब साल पहले तारे निर्मित होना बंद हो गए थे) का अवलोकन किया गया **- जेम्स वेब टेलीस्कोप**
- यूनिसेफ ने किन दो संगठनों के साथ मिलकर सर्वाइकल कैंसर से निपटने के लिए करीब 600 मिलियन डॉलर देने का वादा किया है **- विश्व बैंक, बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन**
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 का थीम क्या है **- "महिलाओं में निवेश-प्रगति में तेजी"**
- हाल ही में, भारत ने किस संघ के साथ व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (TEPA) पर हस्ताक्षर किए **- यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड)**
- हाल ही में किस हॉलीवुड फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का ऑस्कर मिला **- ओपेनहाइमर**
- 'डेमोक्रेसी रिपोर्ट 2024' जिसमें भारत को "सबसे खराब निरंकुशों में से एक" के रूप में वर्गीकृत किया गया है, किसके द्वारा जारी की गई है **- गोथेनबर्ग स्थित वी-डेम इंस्टीट्यूट**
- हाल ही में, किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने विश्व के पहले AI कानून को अपनी अंतिम मंजूरी दी है **- यूरोपीय संघ**
- वैश्विक मानव विकास सूचकांक किसके द्वारा जारी किया जाता है **- संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)**
- गूगल डीपमाइंड द्वारा विकसित नवीनतम गेमिंग एजेंट का क्या नाम है **- सीमा (SIMA)**
- इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस में कितने सदस्य देश हैं **- 96**
- हाल ही में रेक्जेन्स प्रायद्वीप में ज्वालामुखी विस्फोट देखा गया है, यह कहाँ स्थित है **- आइसलैंड**
- हाल ही में, यूरोपीय संघ ने मिस्र को कितने डॉलर के सहायता पैकेज की घोषणा की **- 8 बिलियन डॉलर**
- हाल ही में श्रीलंका को किस देश से अनुदान के माध्यम से बम स्क्वाड उपकरणों का खेप प्राप्त हुआ **- चीन**
- भारतीय नौसेना द्वारा किस नौसैनिक पोत को लाल सागर में तैनात किया गया है? **- आईएनएस कोलकाता**
- हाल ही में पोखरा को किस देश की पर्यटन राजधानी घोषित किया गया **- नेपाल**

# विविध

## सेल्यूलर जेल

**संदर्भ**

हाल ही में, भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पोर्ट ब्लेयर में स्थित सेल्युलर जेल का दौरा किया।

### सेल्यूलर जेल के बारे में



स्रोत -wikipedia

- सेल्युलर जेल देश की आजादी में शामिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के कष्टों और पीड़ाओं का प्रतीक है।
- भारत की मुख्य भूमि से इसकी दूरी और जेल अधिकारियों द्वारा जेल के कैदियों को दी जाने वाली यातनाओं के कारण इसे 'काला पानी जेल' के नाम से भी जाना जाता है।
- इसका निर्माण 1893 में शुरू हुआ और 1906 में पूरा हुआ।
- **उद्देश्य**-अंग्रेजों ने स्वतंत्रता सेनानियों को कैद करने और स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन को दबाने के लिए इस जेल की स्थापना की थी।
- **डिजाइन**- कैदियों के बीच संचार पर रोक लगाने के लिए जेल में अलग-अलग सेल थे। स्वतंत्रता सेनानियों के बीच विचारों के आदान-प्रदान को रोकने के लिए इसकी डिजाइन ऐसे की गई थी।

### सेल्यूलर जेल में कैद कुछ प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी थे

- विनायक दामोदर सावरकर
- बटुकेश्वर दत्त
- योगेन्द्र शुक्ल एवं
- वी.ओ. चिदंबरम पिल्लई
- सेल्युलर जेल एक राष्ट्रीय स्मारक- भारत सरकार ने 11 फरवरी 1979 को सेल्युलर जेल को "राष्ट्रीय स्मारक" घोषित किया।

*नोट- शेर अली अफरीदी नामक एक सेल्युलर जेल के कैदी ने फरवरी 1872 में पोर्ट ब्लेयर की यात्रा के दौरान भारत के तत्कालीन वायसराय लॉर्ड मेयो की हत्या कर दी थी।*

## फली सैम नरीमन

**संदर्भ**

हाल ही में न्यायविद और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील "फली सैम नरीमन" का निधन हो गया।

### फली सैम नरीमन

- उनका जन्म **10 जनवरी, 1929 को रंगून** में हुआ था।
- उन्होंने अपने कानूनी करियर की शुरुआत नवंबर 1950 में बॉम्बे हाई कोर्ट के वकील के रूप में की।
- उनकी कृतियां/किताबें:
  - **"बिफोर द मेमोरी फेड्स"**
  - **"द स्टेट ऑफ़ द नेशन"**
  - **"इंडियास लीगल सिस्टम: कैन इट बी सेव्ड"**
  - **"गॉड सेव द ऑनरेबल सुप्रीम कोर्ट"**
  - **"यू मस्ट नो योर कॉन्स्टिट्यूशन"**
- उन्हें जनवरी **1991** में **पद्म भूषण** से सम्मानित किया गया।
- उन्हें **2007** में **पद्म विभूषण** से सम्मानित किया गया।
- वह **1991 से 2010** तक बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रहे।
- उनका **95** साल की उम्र में निधन हुआ।



स्रोत- Forbes India

## फली सैम नरीमन के ऐतिहासिक मामले

- **भोपाल गैस त्रासदी मामला**
- **गोलकनाथ मामला**, संवैधानिक संशोधनों पर न्यायिक समीक्षा।
- **TMA पाई मामला, अनुच्छेद 30** के तहत अल्पसंख्यक अधिकारों की सीमा को संबोधित करता है।
- उन्होंने **नर्मदा पुनर्वास मामले** में गुजरात सरकार का प्रतिनिधित्व किया।

# राष्ट्रीय युवा संसद 2024

**संदर्भ**

ओम बिड़ला (लोकसभा अध्यक्ष) और श्री अनुराग सिंह ठाकुर (सूचना एवं प्रसारण मंत्री) ने समापन दिवस पर राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव, 2024 को संबोधित किया।

## प्रमुख बिंदु

- राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव, 2024 का आयोजन 5 और 6 मार्च को संसद के केंद्रीय कक्ष में किया गया था।




- 2024 की थीम 'यंग वॉयस: एंगेज एंड एम्पावर फॉर नेशन ट्रांसफॉर्मेशन' है।
- युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा 9 फरवरी, 2024 से 6 मार्च, 2024 तक देश भर में इसे आयोजित किया गया था।
- इसे तीन स्तरों में आयोजित किया गया था, जिसमें देश के सभी **785 जिले** शामिल थे।
- 9 फरवरी 2024 से 14 फरवरी 2024 के मध्य जिला युवा संसद का भी आयोजन हुआ था।

## विजेता

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार विजेता | हरियाणा के भास्कर दुग्गल |
| द्वितीय पुरस्कार विजेता | तमिलनाडु के वैष्णा पिचाई |
| तृतीय पुरस्कार विजेता | राजस्थान की कनिष्क शर्मा |

## राष्ट्रीय युवा संसद

- जिला, राज्य और राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव का आयोजन **युवा मामले और खेल मंत्रालय** द्वारा **नेहरू युवा केंद्र संगठन** (NYKS) और **राष्ट्रीय सेवा योजना** (NSS) के माध्यम से किया गया था।
- यह युवाओं को अपने नेतृत्व कौशल को विकसित करने, पूर्ण क्षमता प्राप्त करने और देश का निर्माण करने में मदद करता है।
- **प्रधानमंत्री द्वारा 31 दिसंबर, 2017 को अपने मन की बात** संबोधन के दौरान राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव (NYPF) की अवधारणा प्रस्तुत की गई थी।

# संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

**संदर्भ**

हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कला से जुड़े प्रख्यात कलाकारों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्रदान किया।




## प्रमुख बिंदु

- राष्ट्रपति ने सात प्रतिष्ठित कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप या अकादमी रत्न भी प्रदान किया।
- उल्लेखनीय पुरस्कार:
  - संगीत के क्षेत्र से 12 कलाकार
  - नृत्य के क्षेत्र से 12
  - लोक एवं जनजातीय कला से 11
  - रंगमंच के क्षेत्र से 9

| पुरस्कार प्राप्तकर्ता | संबद्ध क्षेत्र |
|---|---|
| विनायक खेडेकर और वीणा वादक आर. विश्वेश्वरन | लोक कला |
| दुलाल रॉय और डी.पी. सिन्हा | रंगमंच |
| सुनयना हजारीलाल | कथक |
| राजा और राधा रेड्डी | कुचिपुड़ी नृत्य |
| बॉम्बे जयश्री रामनाथ | कर्नाटक गायक |
| नेवेली नारायणन | कर्नाटक वाद्य यंत्र (मृदंग) |
| उर्मिला सत्यनारायणन | भरतनाट्यम |
| पल्लवी कृष्णन | मोहिनीअट्टम |

**संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार**

- इसकी स्थापना 1953 में शिक्षा मंत्रालय द्वारा पारित एक प्रस्ताव के माध्यम से की गई थी।
- डॉ. पी.वी. राजा मन्नार इस संस्थान के पहले अध्यक्ष थे।
- यह संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत काम करता है और यह एक स्वायत्त निकाय है।
- उद्देश्य: समृद्ध भारतीय कला, नृत्य, गायन, नाटक और अन्य कला और संस्कृति को बढ़ावा देना और उन्हें संरक्षित करना।
- यह पुरस्कार नृत्य, संगीत, नाटक, लोक कला आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कलाकार को दिया जाता है।
- अकादमी पुरस्कार प्राप्तकर्ता को **1 लाख रुपये, एक ताम्रपत्र और एक अंगवस्त्रम** मिलता है।
- अकादमी के अध्यक्ष की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा पाँच वर्ष की अवधि के लिए की जाती है।

## प्रथम नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार

**संदर्भ**

हाल ही में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई दिल्ली के भारत मंडपम में प्रथम नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार प्रदान किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- उन्होंने कंटेंट क्रिएटर्स से भारत के इतिहास, परंपराओं, संस्कृति और रीति-रिवाजों के बारे में दुनिया के साथ साझा करने के लिए 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' शुरू करने का आग्रह किया।
- उन्होंने कहा कि कंटेंट क्रिएटर्स पूरी दुनिया में भारत के डिजिटल और वोकल फॉर लोकल के ब्रांड एंबेसडर भी हैं।
- प्रधानमंत्री ने बच्चों में तनाव और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर समस्याओं के बारे में जागरूकता का प्रसार करने के अलावा स्थानीय भाषा में कंटेंट निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने की सिफारिश की।
- प्रधानमंत्री ने ऐसा कंटेंट तैयार करने का भी सुझाव दिया जो युवाओं पर नशीली दवाओं के हानिकारक प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित करे।

### नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार

- यह पुरस्कार क्रिएटर्स समुदाय की प्रतिभा और सकारात्मक बदलाव लाने के उनके जुनून को मान्यता प्रदान करता है।
- इसका उद्देश्य शिक्षा, गेमिंग, सामाजिक परिवर्तन की वकालत, स्टोरीटेलिंग और पर्यावरणीय स्थिरता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता और महत्व को स्वीकार करना है।
- पहले दौर में 20 श्रेणियों में 1.5 लाख से अधिक नामांकन प्राप्त हुए थे।



| व्यक्ति | क्षेत्र |
|---|---|
| रणवीर अल्लाहबादिया | "डिसरप्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड" |
| जया किशोरी | "सामाजिक परिवर्तन के लिए सर्वश्रेष्ठ क्रिएटर" |
| मल्हार कलांबे | "स्वच्छता राजदूत पुरस्कार" |
| ड्रियू हिक्स | हिंदी और बिहारी धाराप्रवाह उच्चारण के लिए "सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिएटर पुरस्कार" |
| मैथिली ठाकुर | "वर्ष का सांस्कृतिक राजदूत पुरस्कार" |

## ऑस्कर पुरस्कार

**संदर्भ**

हाल ही में, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज द्वारा प्रस्तुत **96वां अकादमी पुरस्कार समारोह** 10 मार्च, 2024 को हॉलीवुड, लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में आयोजित हुआ।



## ऑस्कर 2024: विजेताओं की सूची

| | |
|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ फिल्म | ओपेनहाइमर |
| लीडिंग रोल में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता | सिलियन मर्फी (ओपेनहाइमर) |
| सपोर्टिंग रोल में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता | रॉबर्ट डाउनी जूनियर (ओपेनहाइमर) |
| लीडिंग रोल में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री | एमा स्टोन (पुअर थिंग्स) |
| सपोर्टिंग रोल में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री | डेविन जॉय रैंडोल्फ (द होल्डओवर्स) |
| सर्वश्रेष्ठ निर्देशन | क्रिस्टोफर नोलन (ओपेनहाइमर) |
| सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फीचर फिल्म | द बॉय एंड द हेरॉन |
| सर्वश्रेष्ठ रुपांतरित पटकथा | अमेरिकन फिक्शन |
| सर्वश्रेष्ठ मूल पटकथा | एनाटॉमी ऑफ ए फॉल |
| सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफी | ओपेनहाइमर |
| सर्वश्रेष्ठ कॉस्ट्यूम डिज़ाइन | पुअर थिंग्स |
| सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म | 20 डेज़ इन मारियुपोल |
| सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म | द जोन ऑफ इंटरेस्ट |
| सर्वश्रेष्ठ मौलिक गीत | व्हाट वाज़ आई मेड फॉर? (बार्बी) |

**ऑस्कर पुरस्कार**

- इस पुरस्कार को **अकादमी पुरस्कार** के नाम से भी जाना जाता है।
- फिल्म उद्योग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के सम्मान में ये पुरस्कार प्रतिवर्ष दिए जाते हैं।
- पुरस्कार प्रदानकर्ता- **द एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज**।
- ऑस्कर पुरस्कार समारोह का आयोजन पहली बार 1929 में किया गया था।

# भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक

**संदर्भ**

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की स्थिति दुनिया के शीर्ष हथियार आयातक के रुप में बनी हुई है।

## रिपोर्ट के निष्कर्ष

- भारत दुनिया का शीर्ष हथियार आयातक बना हुआ है और 2014-2018 और 2019-2023 के बीच इसके आयात में 4.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- रूस भारत का प्रमुख हथियार आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। भारत अपने कुल आयात का 36 प्रतिशत रूस से आयात करता था।
- 1960-64 के बाद पहली बार 2019-2023 की अवधि में रूस से डिलीवरी भारत के हथियार आयात के आधे से भी कम थी।
- 2019-23 में पाकिस्तान पांचवां सबसे बड़ा हथियार आयातक था और उसके हथियारों के आयात का 82 प्रतिशत की आपूर्ति चीन से थी।
- चीन के हथियारों के आयात में 44 प्रतिशत की कमी आई, जिसका मुख्य कारण चीन में रक्षा क्षेत्र का स्वदेशीकरण था।

## रक्षा स्वदेशीकरण की दिशा में सरकार की पहल

| | |
|---|---|
| 1. रक्षा खरीद नीति, 2016 | • यह नीति 'भारत में निर्मित' हथियारों की खरीद को बढ़ावा देती है। |
| 2. रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार (iDEX) | • यह पहल रक्षा क्षेत्र में नवाचार के लिए उद्योगों (विशेष रुप से स्टार्टअप), व्यक्तिगत नवप्रवर्तकों, शिक्षाविदों और सरकारी संगठनों के बीच सहयोग को बढ़ावा देती है। |
| 3. स्प्रिंट चुनौतियाँ | • इसका उद्देश्य कम से कम 75 नई स्वदेशी प्रौद्योगिकियों/उत्पादों को भारतीय नौसेना में एकीकृत करना है। |
| 4. रक्षा औद्योगिक गलियारे | • सरकार ने उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में दो रक्षा औद्योगिक गलियारे स्थापित किए हैं। |
| 5. सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियाँ | • यह आयात प्रतिस्थापन को बढ़ावा देता है। |
| 6. एफडीआई नीति | • भारत सरकार रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी विनिर्माण के लिए स्वचालित मार्ग के तहत 74% तक FDI की अनुमति दे रही है। |

## एंटी ड्रोन प्रणाली

**संदर्भ**

रक्षा मंत्रालय ने iDEX पहल के तहत एंटी-ड्रोन प्रणाली के लिए ₹200 करोड़ के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

### प्रमुख बिंदु

- इस अनुबंध पर हस्ताक्षर भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना (IAF) के बीच बिग बैंग बूम सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (BBBS) के साथ किए गए हैं।
- यह रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार (iDEX) पहल के तहत MoD द्वारा हस्ताक्षरित सबसे बड़ा अनुबंध है।
- iDEX कार्यक्रम का मुख्य फोकस रक्षा में नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास के एक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है।

### एंटी ड्रोन प्रणाली के बारे में

- एंटी ड्रोन प्रणाली का उपयोग अवांछित ड्रोन और मानव रहित हवाई वाहनों (UAV) का पता लगाने और/या उन्हें रोकने के लिए किया जाता है।
- ड्रोन का उपयोग विस्फोटकों को ले जाने, प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी करने या संवेदनशील संपत्तियों पर खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के लिए किया जा सकता है, और कम लागत वाले UAV के प्रसार से इन घटनाओं में वृद्धि हुई है।

### क्या है काउंटर ड्रोन तकनीक

- काउंटर ड्रोन तकनीक का उपयोग शत्रुतापूर्ण UAV से निपटने के लिए किया जाता है, और इसमें पहचान, ट्रैकिंग और अवरोधन विधियों की एक श्रृंखला शामिल हो सकती है।



## उन्नत मध्यम युद्धक विमान

**संदर्भ**

हाल ही में, सुरक्षा पर कैबिनेट समिति (CCS) ने भारत के पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट उन्नत मध्यम युद्धक विमान (AMCA) को डिज़ाइन और विकसित करने की परियोजना को मंजूरी दे दी है।

### प्रमुख बिंदु

- AMCA भारत को उन चुनिंदा देशों में शामिल कर देगा जिन्होंने पांचवीं पीढ़ी (5G) के लड़ाकू विमान विकसित किए हैं।
- यह परियोजना DRDO के एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (ADA) के तहत विकसित की जाएगी।
- इसका निर्माण हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा होगा।




### AMCA की विशेषताएं

1. **ईंधन और हथियार:** इस विमान में 6.5 टन की क्षमता वाला एक बड़ा आंतरिक ईंधन टैंक और स्वदेशी हथियारों सहित कई हथियारों को रखने के लिए एक आंतरिक हथियार बे है।
2. **इंजन क्षमता:** AMCA Mk2 को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया जाएगा। MCA Mk2 इंजन अमेरिका में निर्मित GE 414 इंजन से अधिक शक्तिशाली होगा। AMCA Mk2 की इंजन क्षमता 110 किलोन्यूटन (KN) है।
3. **स्टेल्थ:** दो इंजन वाला यह विमान वर्तमान में भारतीय वायुसेना के पास मौजूद अन्य फाइटर जेट से बड़ा होगा। हालाँकि, अपने बड़े आकार के साथ, इसमें दुश्मन के रडार से बचने के लिए आधुनिक स्टेल्थ तकनीक भी है।

## AMCA विशेष क्यों है

- AMCA भारत का स्वदेशी रूप से विकसित पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान होगा।
- इस विमान में कम इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सिग्नेचर होगा, जिससे दुश्मन के रडार के लिए इसका पता लगाना मुश्किल हो जाएगा।
- इनके अलावा, AMCA में दुश्मन के विमानों का पता लगाने और उन्हें बाहर निकालने के लिए उन्नत सेंसर और हथियार लगे होंगे।

# कीर्ति (KIRTI) कार्यक्रम

**संदर्भ**

हाल ही में केंद्रीय खेल मंत्री ने चंडीगढ़ में कीर्ति कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय मंत्री ने प्रत्येक बच्चे से माय भारत पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण करने और KIRTI के माध्यम से अवसर प्राप्त करने का आग्रह किया।
- इसे देशभर के **50 केंद्रों में** लॉन्च किया गया।
- पहले चरण में, फुटबॉल, मुक्केबाजी, कुश्ती, हॉकी और एथलेटिक्स सहित दस विभिन्न खेलों में **पचास हजार आवेदकों** का मूल्यांकन किया गया था।
- यह घोषणा की गई कि प्रतिभा की पहचान करने के लिए पहले वर्ष में नामित प्रतिभा मूल्यांकन केंद्रों द्वारा 20 लाख मूल्यांकन किए जाएंगे।

## कीर्ति (खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन) कार्यक्रम

- यह एक राष्ट्रव्यापी प्रतिभा खोज योजना है।
- इस कार्यक्रम 9 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के स्कूली बच्चों के लिए है।
- इसका मुख्य लक्ष्य स्वस्थ जीवन शैली के लिए एक उपकरण के रूप में खेल के उपयोग पर जोर देकर बच्चों को नशीली दवाओं और गैजेट से होने वाली विकर्षणों से दूर रखना है।

## उद्देश्य

- इसका उद्देश्य देश के प्रत्येक ब्लॉक तक पहुंचना और उन बच्चों से जुड़ना है जो कोई खेल खेलना चाहते हैं।

# वैश्विक मानव विकास सूचकांक

**सन्दर्भ**

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा वैश्विक मानव विकास सूचकांक जारी किया गया।

- यह सूचकांक 'ब्रेकिंग द ग्रिडलॉक: रीइमेजिनिंग को ऑपरेशन इन ए पोलराइज्ड वर्ल्ड' शीर्षक वाली रिपोर्ट का हिस्सा है।

## भारत की रैंक

| सूचकांक वर्ष | शीर्ष देश | भारत की रैंक | भारत का स्कोर | कुल देशों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| वैश्विक मानव विकास सूचकांक 2022 | स्विट्ज़रलैंड | 134 | 0.644 | 193 |
| वैश्विक मानव विकास रिपोर्ट 2021 | स्विट्ज़रलैंड | 135 | 0.633 | 192 |

## वैश्विक मानव विकास सूचकांक के बारे में

- मानव विकास सूचकांक (HDI) दुनिया भर के देशों के सामाजिक और आर्थिक विकास का आकलन करने के लिए एक सांख्यिकीय उपाय है।
- इसे UNDP द्वारा 1990 से प्रतिवर्ष जारी किया जाता है।
- वैश्विक मानव विकास सूचकांक की कल्पना पाकिस्तानी अर्थशास्त्री महबूब उल हक और भारतीय नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने की थी।

## वैश्विक मानव विकास सूचकांक के आयाम एवं संकेतक



## वैश्विक मानव विकास सूचकांक 2022 में भारत के पड़ोसी देशों की रैंक

| देश का नाम | रैंक |
|---|---|
| श्रीलंका | 78 |
| चीन | 75 |
| भूटान | 125 |
| बांग्लादेश | 129 |

**संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)**

- UNDP संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है, जिसकी स्थापना 1966 में हुई थी।
- **UNDP के फोकस क्षेत्र**
  - सतत विकास,
  - लोकतांत्रिक शासन और शांति स्थापना
  - जलवायु और आपदा लचीलापन।
- **वित्तपोषण** - यह पूरी तरह से सदस्य राष्ट्र के स्वैच्छिक योगदान से वित्त पोषित है।
- **मुख्यालय** - न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका
- **UNDP द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट**
  - मानव विकास सूचकांक
  - सतत विकास लक्ष्य
  - लिंग असमानता सूचकांक

# विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट

**संदर्भ**

हाल ही में विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट-2023 जारी की गई।

## विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के बारे में

- यह रिपोर्ट IQAir नाम की स्विस संस्था द्वारा तैयार की जाती है।
- यह रिपोर्ट दुनिया भर के सरकारी एजेंसियों, शैक्षणिक संस्थानों और गैर-लाभकारी संगठनों के निगरानी स्टेशनों से डेटा प्राप्त करती है।

## रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष

- दिल्ली 2023 में दुनिया के सबसे प्रदूषित राजधानी शहरों में पहले स्थान पर है।
- 2023 में PM (पार्टिकुलेट मैटर) 2.5 स्तर के मामले में दिल्ली भारत का तीसरा सबसे प्रदूषित शहर था।

| रैंक | राजधानी शहर का नाम | औसत वार्षिक PM 2.5 स्तर |
|---|---|---|
| 1. | दिल्ली | 92.7 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर |
| 2. | ढाका | 80.2 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर |

*नोट: विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार औसत वार्षिक PM 2.5 का स्तर 5 μg/m3 से अधिक नहीं होना चाहिए।*

- सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाले भारत के शीर्ष 3 शहर

| रैंक | शहर का नाम | औसत वार्षिक PM 2.5 स्तर |
|---|---|---|
| 1 | बेगूसराय | 118.9 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर (μg/m3) |
| 2 | गुवाहाटी | 105.4 μg/m3 |
| 3 | दिल्ली | 92.7 μg/m3 |

- 134 देशों/क्षेत्रों में बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद भारत 54.4 μg/m3 के औसत वार्षिक PM 2.5 स्तर के साथ तीसरे स्थान पर है।

| रैंक | देशों के नाम | औसत वार्षिक PM 2.5 स्तर |
|---|---|---|
| 1. | बांग्लादेश | 70 μg/m3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर(μg/m3) से अधिक |
| 2. | पाकिस्तान | 70 μg/m3 से अधिक |
| 3. | भारत | 54.4 μg/m3 |

- भारत में लगभग 1.36 बिलियन लोग PM 2.5 सांद्रता से प्रभावित हैं जो WHO द्वारा अनुशंसित वार्षिक दिशा निर्देश स्तर 5 μg/m3 से अधिक है।

# एक्स टाइगर ट्राइंफ - 24

**संदर्भ**

हाल ही में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच टाइगर ट्राइंफ-24, नामक संयुक्त सैन्य अभ्यास 18 से 30 मार्च के बीच हुआ।

## एक्स टाइगर ट्राइंफ के बारे में

| | |
|---|---|
| युद्धाभ्यास की प्रकृति | यह एक द्विपक्षीय त्रि-सेवा मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR) अभ्यास है। |
| युद्धाभ्यास का स्थान | भारत का पूर्वी समुद्री तट (पूर्वी तट)। |
| युद्धाभ्यास का उद्देश्य | • दोनों देशों की सेनाओं के बीच HADR संचालन के लिए अंतरसंचालनीयता को विकसित करना।<br>• दोनों देशों की सेनाओं के बीच तीव्र और सुचारु समन्वय को सक्षम करने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं (SOPs) को परिष्कृत करना। |

| | |
|---|---|
| युद्धाभ्यास में भाग लेने वाले | भारतीय पक्ष से-<br>• भारतीय नौसेना के जहाज, हेलीकॉप्टर और लैंडिंग क्राफ्ट।<br>• भारतीय सेना के जवान और वाहन<br>• भारतीय वायु सेना के विमान और हेलीकॉप्टर<br>• रैपिड एक्शन मेडिकल टीम (RAMT)<br>**अमेरिका की ओर से-**<br>• अमेरिकी नौसेना के जहाज<br>• अमेरिकी मरीन कोर सैनिक<br>• अमेरिकी सेना के सैनिक |
| युद्धाभ्यास के चरण | हार्बर चरण-<br>• इसमें प्रशिक्षण सत्र, विशेषज्ञ चर्चाएं, खेल का आयोजन तथा भारतीय और अमेरिकी कर्मियों के बीच सामाजिक अन्योन्यक्रिया शामिल थी।<br>समुद्री चरण-<br>• दोनों पक्षों के जहाज और सैनिक कृत्रिम परिस्थितियों के आधार पर समुद्री, उभयचर और मानवीय सहायता/आपदा राहत अभियान चलाते हैं। |
| एक्स टाइगर ट्राइंफ का इतिहास | • टाइगर ट्राइंफ युद्धाभ्यास पहली बार 2019 में आयोजित किया गया था। |

## भारत और अमेरिका के बीच अन्य अभ्यास

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वज्र प्रहार युद्ध अभ्यास | यह भारत-अमेरिका के बीच एक विशेष बल युद्धाभ्यास है। |
| 2. | युद्ध अभ्यास | यह भारतीय सेना और संयुक्त राज्य अमेरिका की सेना द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक वार्षिक युद्ध अभ्यास है। |
| 3. | एक्सरसाइज कोप इंडिया | यह अमेरिकी वायु सेना और भारतीय वायुसेना के बीच एक युद्ध अभ्यास है। |
| 4. | मिलान-24 | मिलान-24 एक बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है जिसमें भारतीय और अमेरिकी नौसेना ने भी भाग लिया। |
| 5. | सी-डिफेंडर्स 2024 | यह एक समुद्री सुरक्षा अभ्यास है, जो भारतीय तटरक्षक (ICG) और संयुक्त राज्य अमेरिका तटरक्षक के बीच पोर्ट ब्लेयर में आयोजित किया जाता है। |

# प्रीलिम्स स्पेशल

## चर्चा में रहे व्यक्तित्व

| क्रम संख्या | व्यक्ति | संबंधित क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | सर सी. वी. रमन | • वह एक भौतिक विज्ञानी थे।<br>• उन्होंने रमन प्रभाव की खोज की।<br>• रमन प्रभाव की खोज को चिह्नित करने के लिए **राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (28 फरवरी)** मनाया जाता है।<br>• उन्हें 1930 में रमन प्रभाव की खोज के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। |
| 2. | गुरु रविदास | • वह एक रहस्यवादी कवि-संत थे।<br>• उन्होंने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से मानवाधिकारों, समानता और आध्यात्मिक ज्ञान पर जोर दिया।<br>• उनकी रचनाएँ गुरु ग्रंथ साहिब जी में भी शामिल हैं। |
| 3. | सुनील भारती मित्तल | • वह यूनाइटेड किंगडम के राजा चार्ल्स तृतीय से मानद नाइटहुड प्राप्त करने वाले पहले भारतीय नागरिक हैं। |
| 4. | मरियम नवाज़ | • वह पाकिस्तान में पश्चिमी पंजाब की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं। |
| 5. | अरुण गोयल | • हाल ही में उन्होंने भारत के चुनाव आयुक्त के पद से इस्तीफा दे दिया। |
| 6. | सुधा मूर्ति | • वह एक लेखिका, शिक्षिका और समाज सेविका हैं।<br>• हाल ही में उनका मनोनयन राज्यसभा के सदस्य के रुप में किया गया है। |
| 7. | एलेक्सी नवालनी | • वह एक प्रमुख रुसी विपक्षी नेता और भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ता थे।<br>• हाल ही में, रुस की आर्कटिक जेल में उनकी मृत्यु हो गई, जहां वह तीन दशक की जेल की सजा काट रहे थे। |

## चर्चित स्थल

| क्रम संख्या | स्थान | स्थान का विवरण |
|---|---|---|
| 1. | जेमीथांग, ताकसिंग और चायांग ताजो गांव (अरुणाचल प्रदेश) | • वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम का लक्ष्य 663 सीमावर्ती गांवों को व्यापक सुविधाओं वाले आधुनिक बस्तियों में बदलना है।<br>• इस कार्यक्रम के तहत पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर चीन की सीमा से लगे 17 गांवों को विकास के लिए चुना गया था।<br>• इस कार्यक्रम के तहत अरुणाचल प्रदेश के तवांग क्षेत्र के जेमीथांग, ताकसिंग, चयांग ताजो, तूतिंग और किबिथु जैसे गांवों की पहचान की गई है। |
| 2. | पोनमुडी हिल स्टेशन (केरल) | • केरल के पोनमुडी हिल्स में क्लिफसाइड बंबू टेल (फाइलोनुरा रुपेस्ट्रिस) नाम की एक नई डैमसेल्फ्लाई प्रजाति पाई गई। |
| 3. | श्री कल्कि धाम मंदिर-संभल (उत्तर प्रदेश) | • हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के संभल जिले में श्री कल्कि धाम मंदिर की आधारशिला रखी। |
| 4. | पश्चिमी घाट | • हाल ही में वैज्ञानिकों ने पश्चिमी घाट में गोल्डन बैक्ड मेंढक के पार्श्व पर उगने वाले **बोनट मशरुम** की खोज की।<br>• पश्चिमी घाट केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों में फैला है।<br>• पश्चिमी घाट को **यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल** के रूप में मान्यता दी गई है।<br>• यह विश्व में **जैव विविधता के आठ हॉटस्पॉट में से** एक है। |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | अयुथ्या शहर (थाईलैंड) | • हाल ही में बिहार के राज्यपाल ने थाईलैंड के प्राचीन शहर अयुथ्या का दौरा किया।<br>• इस शहर का नाम भारत में भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या के नाम पर रखा गया है।<br>• इस शहर की स्थापना वर्ष 1350 में हुई थी। |
| 6. | सुदर्शन सेतु (गुजरात) | • सुदर्शन सेतु, जिसे पहले ओखा-बेट द्वारका सिग्नेचर ब्रिज के नाम से जाना जाता था, भारत में स्थित एक केबल-आधारित पुल है।<br>• यह पुल कच्छ की खाड़ी में स्थित बेट द्वारका द्वीप और ओखा को आपस में जोड़ता है।<br>• इस पुल की कुल लंबाई 2,320 मीटर है। इसका उद्घाटन 25 फरवरी 2024 को हुआ था। |
| 7. | अगलेगा द्वीप (मॉरीशस) | • हाल ही में, भारतीय प्रधानमंत्री और मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने मॉरीशस के अगलेगा द्वीप पर एक आधुनिक हवाई पट्टी और जेटी का उद्घाटन किया।<br>• ये परियोजनाएं मॉरीशस मुख्य भूमि के साथ द्वीपों की कनेक्टिविटी को मजबूत करेंगी। |
| 8. | रंगपो रेलवे स्टेशन (सिक्किम) | • हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री ने रंगपो में सिक्किम के पहले रेलवे स्टेशन की आधारशिला रखी। |
| 9. | कुलसेकरपट्टिनम स्पेसपोर्ट (तमिलनाडु) | • प्रधान मंत्री ने तमिलनाडु में कुलसेकरपट्टिनम स्पेसपोर्ट का उद्घाटन किया, जो आंध्र प्रदेश में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के बाद दूसरा स्पेसपोर्ट है। |
| 10. | छत्तीसगढ़ में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (SECL) की गेवरा खदान | • यह खदान एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान बन गई। |
| 11. | कलपक्कम | • यह जगह तमिलनाडु में स्थित है।<br>• कलपक्कम में परमाणु रिएक्टर है। |

# पुरस्कार एवं सम्मान

| क्रम संख्या | पुरस्कार | व्यक्ति/संगठन | व्यक्ति/पुरस्कार का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार-द शेवेलियर डे ला लेगियन डी' होनूर | शशि थरूर | • वह एक भारतीय पूर्व अंतरराष्ट्रीय सिविल सेवक, राजनयिक, नौकरशाह, राजनीतिज्ञ, एक प्रसिद्ध लेखक और बुद्धिजीवी हैं जो 2009 से केरल से संसद सदस्य के रूप में कार्यरत हैं।<br>• शशि थरूर द्वारा लिखित पुस्तकें-**एन एरा ऑफ डार्कनेस** (2016), **द पैराडॉक्सिकल प्राइम मिनिस्टर** (2018), **अंबेडकर: ए लाइफ** (2022)। |
| 2. | ज्ञानपीठ पुरस्कार | **गुलज़ार**- उर्दू शायर और बॉलीवुड हस्ती<br>**जगद्गुरु रामभद्राचार्य**- प्रतिष्ठित संस्कृत विद्वान और आध्यात्मिक गुरु | • यह भारतीय साहित्य का सर्वोच्च सम्मान है।<br>• इस पुरस्कार की स्थापना वर्ष 1965 में **भारतीय ज्ञानपीठ** द्वारा की गई थी।<br>• इस पुरस्कार में 11 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, वाग्देवी की एक मूर्ति और एक प्रशस्ति पत्र शामिल होता है।<br>• इस वर्ष पुरस्कार का 58 वां संस्करण था। |
| 3. | बाफ्टा पुरस्कार, 2024 | **सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म**-ओपेनहाइमर<br>**सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री**- मारियुपोल में 20 दिन<br>**सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फिल्म**-द बॉय एंड द हेरॉन।<br>**सर्वश्रेष्ठ निर्देशक**-क्रिस्टोफर नोलन, (ओपेनहाइमर)<br>**प्रमुख अभिनेता** -सिलियन मर्फी, ओपेनहाइमर<br>**प्रमुख अभिनेत्री** -एम्मा स्टोन, पुअर थिंग्स। | • बाफ्टा का पूर्ण विस्तार ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | जीवन रक्षा पदक | श्री शशिकांत कुमार (रेलवे सुरक्षा विशेष बल के एक कांस्टेबल) | • यह पुरस्कार भारत के राष्ट्रपति द्वारा दिया जाता है।<br>• इस पुरस्कार की शुरुआत 1961 में हुई थी।<br>• यह पुरस्कार किसी की जान बचाने के लिए व्यक्तियों को दिया जाता है। |
| 5. | नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी विकास पुरस्कार | **REC लिमिटेड**<br>विद्युत मंत्रालय के अधीन महारत्न CPSE (केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम)।<br>एक प्रमुख NBFC (गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी) | • इस पुरस्कार समारोह की मेजबानी IIT मद्रास ने की थी। |
| 6. | अंडरवॉटर फ़ोटोग्राफ़र ऑफ़ द ईयर 2024 पुरस्कार | **एलेक्स डॉसन,** स्वीडिश फोटोग्राफर। | • तस्वीर का नाम **'व्हेल बोन्स'** |
| 7. | दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड्स 2024 का 70 वां संस्करण | **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता** - शाहरुख खान (जवान)<br>**सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री-** रानी मुखर्जी (मिसेज चटर्जी बनाम नॉर्वे)<br>**सर्वश्रेष्ठ फिल्म-** जवान<br>**सर्वश्रेष्ठ निर्देशक-** संदीप रेड्डी वांगा (एनिमल) | • यह पुरस्कार समारोह मुंबई में आयोजित किया गया था।<br>• 40 व्यक्तियों को पुरस्कृत किया गया। |
| 8. | जीडी बिड़ला पुरस्कार, 2023 | डॉ अदिति सेन डे | • उन्हें वैज्ञानिक उत्कृष्टता की श्रेणी में सम्मानित किया गया है।<br>• वह प्रयागराज में हरिश्चंद्र रिसर्च इंस्टीट्यूट से जुड़ी एक प्रतिष्ठित भौतिक विज्ञानी हैं।<br>• क्वांटम टेक्नोलॉजी में उनका योगदान अतुलनीय है। |
| 9. | रोमेन रोलैंड बुक पुरस्कार, 2024 | पंकज कुमार चटर्जी | • उन्हें जीन-डैनियल बाल्टसैट के **"ले दिवान डी स्टालिन"** के बंगाली में उल्लेखनीय अनुवाद के लिए सम्मानित किया गया, जिसका शीर्षक **"स्टालिनर दीवान"** था। |
| 10. | वैश्विक जैन शांति दूत | आचार्य लोकेश मुनि | • यह प्रतिष्ठित पहचान उन्हें भारतीय विरासत और जैन धर्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए दी गई है। |
| 11. | मानद नाइटहुड(Honorary Knighthood) | सुनील भारती मित्तल | • वह भारती एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष और संस्थापक हैं।<br>• उन्हें ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय द्वारा मानद नाइटहुड से सम्मानित किया गया है। |
| 12. | महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार, 2024 | डॉ. प्रदीप महाजन | • पुनर्योजी औषधियों (regenerative medicine) के क्षेत्र में उनका योगदान उल्लेखनीय है। |
| 13. | वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान उत्कृष्ट लेखांकन के लिए पुरस्कार। | सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार | • यह प्रतिष्ठित सम्मान मंत्रालय के उत्कृष्ट योगदान और वित्तीय उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। |
| 14. | बॉब जोन्स पुरस्कार, 2024 | टाइगर वुड्स | • यह यूनाइटेड स्टेट्स गोल्फ एसोसिएशन (USGA) द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। |
| 15. | राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव, 2024 में प्रथम पुरस्कार | यतिन भास्कर दुग्गल | • वह हरियाणा के रहने वाले हैं।<br>• उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए उन्हें प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16. | 'इंडिया-यूके अचीवर्स' पुरस्कार, 2024 | जोया अख्तर<br>अस्मा खान | • जोया अख्तर<br>• उन्हें लिविंग लीजेंड अवार्ड से सम्मानित किया गया।<br>• वह एक मशहूर फिल्म निर्माता हैं।<br>• अस्मा खान<br>• वह एक मशहूर शेफ हैं।<br>• वह लंदन में महिलाओं के नेतृत्व वाला दार्जिलिंग एक्सप्रेस रेस्तरां चलाती हैं। |
| 17. | नेशनल क्रिएटर्स अवार्ड, 2024 | यह पुरस्कार 20 श्रेणियों में दिए गए- मैथिली ठाकुर ( सांस्कृतिक राजदूत ऑफ़ द ईयर)। अंकित बैयनपुरिया (सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य और फिटनेस क्रिएटर)। | • इस पुरस्कार की शुरुआत इसी वर्ष 2024 में हुई है।<br>• भारत के प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में भारत मंडपम में यह पुरस्कार प्रदान किया। |
| 18. | 'खसरा और रुबेला चैंपियन' पुरस्कार | भारत | • यह पुरस्कार खसरा एंड रुबेला पार्टनरशिप द्वारा दिया जाता है।<br>• यह पुरस्कार खसरा और रुबेला रोगों की रोकथाम में भारत के अनुकरणीय प्रयासों को मान्यता देता है। |
| 19. | मिस वर्ल्ड 2024 | क्रिस्टीना पिस्ज़कोवा | • वह चेक गणराज्य की रहने वाली हैं।<br>• यह प्रतियोगिता मुंबई, भारत में आयोजित की गई थी। |
| 20. | मिस वर्ल्ड ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड, 2024 | नीता अंबानी | • उन्हें गैर-लाभकारी संगठन, रिलायंस फाउंडेशन में उनके कार्य के लिए सम्मानित किया गया। |
| 21. | प्रिट्ज़कर आर्किटेक्चर पुरस्कार, 2024 | रिकेन यामामोटो | • वह एक जापानी वास्तुकार हैं।<br>• प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार को वास्तुकला के क्षेत्र में सर्वोच्च सम्मान माना जाता है। |
| 22. | इरास्मस पुरस्कार, 2024 | **अमिताव घोष** | • यह पुरस्कार द प्रिमियम इरास्मियानम फाउंडेशन द्वारा दिया जाता है।<br>• उन्हें **"अकल्पनीय की कल्पना"** विषय पर उनके भावुक योगदान के लिए सम्मानित किया गया है, जिसमें उन्होंने अपने साहित्यिक कार्यों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के अभूतपूर्व वैश्विक संकट की खोज की है। |
| 23. | आईएए गोल्डन कम्पास पुरस्कार, 2024 | श्रीनिवासन स्वामी | • श्रीनिवासन स्वामी आर.के स्वामी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हैं।<br>• मलेशिया के पेनांग में 45वीं IAA वर्ल्ड कांग्रेस में उन्हें सम्मानित किया गया।<br>• वह यह प्रतिष्ठित सम्मान पाने वाले पहले भारतीय उद्योग जगत के नेता हैं। |
| 24. | चमेली देवी जैन पुरस्कार, 2024 | ग्रीष्मा कुठार - स्वतंत्र पत्रकार<br>रितिका चोपड़ा - इंडियन एक्सप्रेस | • उन्हें संयुक्त रूप से वर्ष की उत्कृष्ट महिला मीडिया पर्सन का पुरस्कार दिया गया। |
| 25. | पीवी नरसिम्हा राव मेमोरियल पुरस्कार | रतन टाटा | • उन्हें उनके उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए सम्मानित किया गया है।<br>• वह टाटा संस के पूर्व अध्यक्ष हैं। |
| 26. | 'डायना मेमोरियल अवार्ड', 2024 | उदय भाटिया<br>मानसी गुप्ता | • यह पुरस्कार प्रत्येक दूसरे वर्ष राजकुमारी डायना की स्मृति में दिया जाता है।<br>• यह असाधारण युवाओं को उनके सामाजिक कार्यों या मानवीय सेवाओं के लिए मान्यता देता है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27. | संगीत कलानिधि पुरस्कार, 2024 | थोडुर मदाबुसी कृष्णा | • टी एम कृष्णा एक प्रसिद्ध कर्नाटक संगीतकार हैं।<br>• इस पुरस्कार को कर्नाटक संगीत के लिए ऑस्कर के समकक्ष माना जाता है।<br>• यह पुरस्कार चेन्नई में संगीत अकादमी द्वारा दिया जाता है। |
| 28. | 33वाँ सरस्वती सम्मान, 2023 | प्रभा वर्मा | • वह एक प्रसिद्ध मलयालम कवि और लेखक हैं।<br>• उन्हें उनके उपन्यास **"रौद्र सात्विकम"** के लिए सम्मानित किया गया है।<br>• 1991 में के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा सरस्वती सम्मान की शुरुआत की गई। |

# महत्वपूर्ण दिवस और विषय

| क्रम संख्या | दिवस | तिथि | महत्तवपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|---|
| 1. | अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 2024 | 21 फरवरी | • बांग्लादेश की पहल पर अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने का विचार प्रस्तुत किया गया था। यूनेस्को द्वारा इसका अनुमोदन 1999 में किया गया था और वर्ष 2000 से संपूर्ण विश्व में इस दिवस का आयोजन किया जा रहा है। |
| 2. | वैश्विक पर्यटन लचीलापन दिवस 2024 | 17 फरवरी | • **2024 के लिए थीम: "लचीला पर्यटन: बिल्डिंग बैक बेटर"** |
| 3. | दुर्लभ रोग दिवस 2024 | 29 फरवरी | • **थीम: "शेयर योर कलर्स"** |
| 4. | राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 | 28 फरवरी | • **थीम: "विकसित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकियाँ"**<br>• इस दिन 1928 में सीवी रमन ने 'रमन प्रभाव' की खोज की थी।<br>• यह दिन 'रमन प्रभाव' की खोज की स्मृति में मनाया जाता है और इसका उद्देश्य विज्ञान के महत्व और लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में इसकी भूमिका के बारे में जागरुकता पैदा करना है।<br>• सीवी रमन को उनकी खोज के लिए 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। |
| 5. | विश्व सतत ऊर्जा दिवस 2024 | 28 फरवरी से लेकर 3 मार्च तक | • यह दिन रोजमर्रा के उपयोग हेतु सतत ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। |
| 6. | केंद्रीय उत्पाद शुल्क दिवस 2024 | 24 फरवरी | • यह दिन 1944 में केंद्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम कानून की स्मृति  में मनाया जाता है।<br>• यह दिन केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) के गठन का प्रतीक है। |
| 7. | विश्व शांति और समझ दिवस 2024 | 23 फरवरी | • यह दिन वैश्विक शांति निर्माण को समर्पित है।<br>• आज ही के दिन 1905 में रोटरी इंटरनेशनल की पहली बैठक हुई थी।<br>• रोटरी इंटरनेशनल मानवीय सेवाओं के लिए समर्पित एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है। |
| 8. | विश्व स्काउट दिवस 2024 | 22 फरवरी | • यह दिन लॉर्ड रॉबर्ट बेडेन-पॉवेल की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिन्होंने ब्यॉय स्काउट्स आंदोलन की स्थापना की थी।<br>• थीम- **"बेहतर विश्व के लिए स्काउट्स"** |
| 9. | विश्व सामाजिक न्याय दिवस 2024 | 20 फरवरी | • यह दिन निष्पक्ष और अधिक न्यायसंगत समाज निर्माण की आवश्यकता पर जोर देता है।<br>• थीम- **"ब्रिजिंग गैप्स, बिल्डिंग अलायन्सेस"** |


KGS

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10. | शून्य भेदभाव दिवस 2024 | 1 मार्च | • शून्य भेदभाव दिवस विश्व स्तर पर समानता, समावेशन और सहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। |
| 11. | विश्व वन्यजीव दिवस 2024 | 3 मार्च | • यह दिन वन्यजीव संरक्षण के महत्व और लुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा की आवश्यकता के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।<br>• 2024 का थीम है **"लोगों और ग्रह को जोड़ना: वन्यजीव संरक्षण में डिजिटल नवाचार की खोज"** |
| 12. | राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2024 | 4 मार्च | • यह दिन राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।<br>• इस वर्ष की थीम- **"पर्यावरण, सामाजिक और शासन की उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व"** |
| 13. | अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2024 | 8 मार्च | • यह दिन लैंगिक समानता में तेजी लाने के लिए कार्रवाई के आह्वान का प्रतीक है।<br>• 2024 की थीम- **'महिलाओं में निवेश करें: प्रगति में तेजी लाएं'** |
| 14. | पाई (Pi) दिवस 2024 | 14 मार्च | • यह दिन पाई के स्थाई मान और विभिन्न विषयों में गणनाओं को सरल बनाने में इसके महत्व की याद में मनाया जाता है।<br>• पाई किसी वृत्त की परिधि और उसके व्यास का अनुपात होता है। इसका अनुमानित मान लगभग 3.14 होता है। |
| 15. | नदियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई दिवस | 14 मार्च | • 2024 के लिए थीम- "जल सभी के लिए" |
| 16. | विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 2024 | 15 मार्च | • यह दिन बाजार में उपभोक्ताओं के अधिकारों और उत्तरदायित्वों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।<br>• 2024 की थीम-**'उपभोक्ताओं के लिए निष्पक्ष और उत्तरदायी कृत्रिम बुद्धिमत्ता'** |
| 17. | अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस 2024 | 20 मार्च | • यह दिन हमारे जीवन में प्रसन्नता के महत्व के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। |
| 18. | विश्व गौरैया दिवस 2024 | 20 मार्च | • यह दिन घरेलू गौरैया और इसकी जनसंख्या में चिंताजनक गिरावट के बारे में वैश्विक जागरुकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। |

# खेल आयोजन

| क्रम संख्या | खेल आयोजन | तिथि | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | 73 वीं राष्ट्रीय जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप | 4 -11 फरवरी 2024 | भुवनेश्वर |
| 2. | इंटरनेशनल हाई जंप गाला एल्मोस 2024 | यह आयोजन 10 फरवरी को शुरु हुआ था | बेल्जियम |
| 3. | एल एंड टी मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट | 11 फरवरी | मुंबई |
| 4. | अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 | 11 फरवरी | विलोमूर पार्क, बेनोनी, दक्षिण अफ्रीका |
| 5. | चौथा खेलो इंडिया शीतकालीन खेल | 21-25 फरवरी | गुलमर्ग(जम्मू और कश्मीर)<br>**मस्कट-स्नो लियोपार्ड** |
| 6. | खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स | 19 फरवरी | युवा मामले और खेल मंत्री द्वारा गुवाहाटी में लॉन्च किया गया। |
| 7. | प्रथम एशियाई रिवर राफ्टिंग चैंपियनशिप | 4 से लेकर 9 मार्च तक | यह चैंपियनशिप शिमला में आयोजित की गई थी। 20 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टीमों ने भाग लिया है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8. | आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप 2024 | यह आयोजन 1 जून से शुरु होगा। | संयुक्त राज्य अमेरिका में 3 स्थान और कैरेबियन में 6 स्थान। |
| 9. | सांसद खेल महाकुंभ 3.0 | इसका उद्घाटन 5 मार्च को हुआ था। | इसका उद्घाटन हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर के लुहणू क्रिकेट ग्राउंड में किया गया। |
| 10. | नॉर्थ ईस्ट गेम्स 2024 का तीसरा संस्करण | नॉर्थ ईस्ट गेम्स 2024 का तीसरा संस्करण 19 मार्च को शुरु हुआ। | नागालैंड |

# खेल पुरस्कार/रिकॉर्ड/रैंकिंग

| क्रम संख्या | खिलाड़ी/टीम | वर्ग | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | रविचंद्रन अश्विन | क्रिकेट | वह **टेस्ट मैचों में 500 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज** बने। |
| 2. | भारतीय फुटबॉल टीम | फुटबॉल | नवीनतम फीफा रैंकिंग में राष्ट्रीय फुटबॉल टीम 15 स्थान गिरकर **117 वें स्थान** पर आ गई, जो पिछले सात वर्षों में सबसे निचला स्थान है। |
| 3. | भारतीय महिला बैडमिंटन टीम | बैडमिंटन | टीम ने मलेशिया में आयोजित बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप 2024 में **स्वर्ण पदक** जीता. |
| 4. | महेंद्र सिंह धोनी | क्रिकेट | उन्हें आईपीएल की सर्वकालिक महान टीम के लीडर के रूप में चुना गया है। |
| 5. | बाबर आज़म | क्रिकेटर (पाकिस्तान) | वह **टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 10,000 रन का आंकड़ा पार करने वाले बल्लेबाज** बन गए। |
| 6. | बी. साई प्रणीत | बैडमिंटन | उन्होंने खेल से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है।<br>उन्होंने 2019 में स्विट्ज़रलैंड के बेसल में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। |
| 7. | स्पेन की महिला फुटबॉल टीम | फुटबॉल | स्पेन की महिला टीम ने फ्रांस को हराकर पहली बार UEFA महिला नेशन्स लीग को जीता। |
| 8. | जेम्स एंडरसन | क्रिकेट | वह 700 टेस्ट विकेट लेने वाले समूह में शामिल हो गए। |
| 9. | मुंबई रणजी ट्रॉफी | क्रिकेट | मुंबई ने विदर्भ को 169 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी 2024 को जीत लिया। यह मुंबई का 42वां रणजी ट्रॉफी खिताब था। |
| 10. | मैक्स वेरस्टैपेन | फॉर्मूला वन रेसिंग | उन्होंने सऊदी अरब ग्रांड प्रिक्स जीता। |

# किताबें और लेखक

| क्रम संख्या | किताबें | लेखक |
|---|---|---|
| 1. | "डबलिंग इन डिप्लोमेसी: ऑथराइज्ड एंड अदर, रिकॉलेक्शंस ऑफ ए नॉन-कैरियर डिप्लोमैट" | प्रोफ़ेसर एस.डी मुनि |
| 2. | "स्कल्प्टेड स्टोन्स: मिस्ट्रीज़ ऑफ़ मामल्लपुरम" | अश्विन प्रभु |
| 3. | "बेसिक स्ट्रक्चर एंड रिपब्लिक" | **पी एस श्रीधरन पिल्लई**<br>वह गोवा के राज्यपाल हैं। |
| 4. | "स्वालोइंग द सन" | **लक्ष्मी मुर्देश्वर पुरी**<br>संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव।<br>वह केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की पत्नी हैं। |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | "एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023" | इस किताब का विमोचन ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने किया।<br>यह पुस्तक 2023 में आयोजित 15वें FIH ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप के सार और उत्साह को समाहित करती है। |
| 6. | "द कॉन्स्पिरेसी टू आउस्ट मी फ्रॉम द प्रेसीडेन्सी" | गोतबाया राजपक्षे<br>वह श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति हैं। |

# निधन

| क्रम संख्या | व्यक्ति | योगदान |
|---|---|---|
| 1. | कविता चौधरी | • वह एक अभिनेत्री थीं।<br>• उन्होंने 'उड़ान' (एक आईपीएस अधिकारी पर केंद्रित महिला सशक्तिकरण के बारे में एक प्रगतिशील शो) धारावाहिक को लिखा, इसमें अभिनय किया और इसे निर्देशित किया। |
| 2. | एलेक्सी नवालनी | • वह रुस के विपक्षी नेता, वकील, भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ता और राजनीतिक कैदी थे।<br>• वह राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनकी सरकार के खिलाफ थे। |
| 3. | माइक प्रोक्टर | • वह एक क्रिकेट दिग्गज और दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के पूर्व राष्ट्रीय कोच थे। |
| 4. | योगेश सैनी | • वह एक स्ट्रीट कलाकार थे।<br>• उन्होंने दिल्ली स्ट्रीट आर्ट (DSA) के बैनर तले अपना कला अभियान शुरु किया। |
| 5. | अमीन सयानी | • वह एक प्रतिष्ठित रेडियो उद्घोषक थे।<br>• वह अपने कार्यक्रम **बिनाका गीतमाला** के लिए जाने जाते हैं। |
| 6. | फली एस नरीमन | • वह एक प्रसिद्ध संवैधानिक न्यायविद और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील थे।<br>• उन्होंने भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल और द बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के रुप में कार्य किया।<br>• पुरस्कार- पद्म भूषण(1991), पद्म विभूषण (2007)।<br>• आपातकाल की घोषणा के विरोध में उन्होंने जून 1975 में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के पद से इस्तीफा दे दिया।<br>• पुस्तकें- **'यू मस्ट नो योर कंस्टीटूशन', भारत की कानूनी प्रणाली: क्या इसे बचाया जा सकता है?, गॉड सेव द ऑनरेबल सुप्रीम कोर्ट** |
| 7. | इम्तियाज़ कुरैशी | • वह पेशे से एक शेफ थे।<br>• उन्हें "पाककला" की श्रेष्ठता के लिए जाना जाता है।<br>• उन्हें 2016 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।<br>• उन्होंने भारतीय व्यंजनों में खाना पकाने की प्राचीन दम पुख्त तकनीक को शुरु किया। |
| 8. | सुहानी भटनागर | • उन्होंने प्रशंसित फिल्म "दंगल" में बबीता फोगाट का किरदार निभाया।<br>• 19 साल की उम्र में उनकी मृत्यु हो गई। |
| 9. | आचार्य विद्यासागर महाराज | • वह एक प्रसिद्ध जैन भिक्षु थे। |
| 10. | ऋतुराज सिंह | • वह एक बहुमुखी अभिनेता थे।<br>• उन्होंने विभिन्न प्रतिष्ठित टेलीविजन शो जैसे "बनेगी अपनी बात," "कहानी घर घर की," "कुटुंब." और "यह रिश्ता क्या कहलाता है" में अभिनय किया। |
| 11. | मनोहर जोशी | • उन्होंने 1995 से 1999 तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रुप में कार्य किया।<br>• उन्होंने लोकसभा के अध्यक्ष के रुप में भी कार्य किया।<br>• वह शिव सेना के एक प्रमुख नेता थे। |

| | | |
|---|---|---|
| 12. | एंड्रियास ब्रह्मे | • वह एक जर्मन फुटबॉल खिलाड़ी और कोच थे।<br>• उन्हें 1990 के जर्मनी के विश्व कप हीरो के रूप में याद किया जाता है। |
| 13. | कुमार साहनी | • वह भारतीय समानांतर सिनेमा में एक प्रमुख व्यक्ति थे।<br>• उनके द्वारा निर्देशित पहली फिल्म "माया दर्पण" (1972) थी। |
| 14. | पंकज उधास | • वह एक महान गजल गायक थे।<br>• उन्हें फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार, ग़ज़ल गायन के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और पद्म श्री पुरस्कार प्राप्त हुआ था। |
| 15. | शफीकुर्रहमान बर्क | • वह संसद में **सबसे वरिष्ठ सांसद** और समाजवादी पार्टी के सदस्य थे। |
| 16. | ब्रायन मुलरोनी | • वह कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री थे जो अपनी परिवर्तनकारी नीतियों के लिए जाने जाते थे। |
| 17. | अजीज कुरैशी | • वह कांग्रेस के नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल थे। |
| 18. | डॉ. अरुण कुमार शर्मा | • उन्होंने भारतीय पुरातत्व में महत्वपूर्ण योगदान दिया। राम जन्मभूमि अयोध्या स्थल की खुदाई में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण थी। |
| 19. | कपिलदेव प्रसाद | • वह बिहारशरीफ के रहने वाले थे।<br>• उन्होंने अपना जीवन हथकरघा और बावन-बूटी साड़ियों की कला को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए समर्पित कर दिया। |
| 20. | पॉल अलेक्जेंडर | • वह एक अमेरिकी लेखक और वकील थे।<br>• पोलियो के कारण उन्होंने अपने जीवन का एक लंबा समय लोहे के फेफड़ों में व्यतीत किया। |
| 21. | एडमिरल लक्ष्मीनारायण रामदास | • वह भारतीय नौसेना अध्यक्ष (1990-1993) थे। |

# संक्षिप्तीकरण (ABBREVIATION)

| क्रम संख्या | संक्षिप्त रूप | फुल फॉर्म |
|---|---|---|
| 1. | IED | इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस |
| 2 | CCTV | क्लोज़्ड सर्किट टेलीविज़न |
| 3. | PIL | पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (जनहित याचिका) |

# रिपोर्ट और सूचकांक (अंतरराष्ट्रीय)

| क्रम संख्या | रिपोर्ट | जारीकर्ता | भारत की रैंक | शीर्ष रैंक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (IP) सूचकांक 2024 | यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स | 42 वीं | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 2. | वैश्विक हथियार आयात रिपोर्ट 2024 | स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) | प्रथम (1st) | भारत |
| 3. | लैंगिक असमानता सूचकांक 2022 | संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) | 108 वीं | डेनमार्क |
| 4. | संयुक्त राष्ट्र मानव विकास सूचकांक (HDI) 2022 | संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) | 134 वीं | स्विट्ज़रलैंड |
| 5. | विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023 | स्विस संगठन IQAir द्वारा | तृतीय (3rd) | बांग्लादेश |
| 6. | विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट 2024 | संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क | 126वीं | फ़िनलैंड |

# समझौता ज्ञापन (MOUS)

| क्रम संख्या | माह | संबंधित क्षेत्र | भागीदार देश |
|---|---|---|---|
| 1. | फरवरी 2024 | सफल डिजिटल समाधान साझा करने के क्षेत्र में सहयोग। | भारत और कोलंबिया |
| 2. | फरवरी 2024 | हरित प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में नवाचार और अनुसंधान को बढ़ाना। | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की (IIT रुड़की) और इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (EIL) |
| 3. | फरवरी 2024 | ए आई नवाचार | संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग (DOT) की तकनीकी शाखा दूरसंचार इंजीनियरिंग केंद्र (TEC) और अमृता (AMRITA) विश्वविद्यालय |
| 4. | फरवरी 2024 | पारस्परिक व्यापार | भारत और पूर्वोत्तर एशियाई देश |
| 5. | फरवरी 2024 | भारतीय मत्स्य पालन के क्षेत्र में डिजिटल वाणिज्य की क्षमता को उजागर करना। | मत्स्य पालन विभाग (भारत सरकार) और ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ONDC) |
| 6. | फरवरी 2024 | सीमा पार प्रेषण के लिए UPI-NPI लिंकेज | भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) और नेपाल राष्ट्र बैंक |
| 7. | फरवरी 2024 | आयुर्वेद और थाई पारंपरिक चिकित्सा में अकादमिक सहयोग। | राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (NIA), भारत और थाईलैंड |
| 8. | फरवरी 2024 | फार्माकोपिया की पारस्परिक मान्यता। | भारत और निकारागुआ |
| 9. | मार्च 2024 | ग्रामीण विकास के लिए भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी और कृत्रिम प्रौद्योगिकी (AI)। | ग्रामीण विकास मंत्रालय और IIT दिल्ली |
| 10. | मार्च 2024 | (भारत नेट इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करके) ग्रामीण भारत में डिजिटल सेवाएं प्रदान करने हेतु, | प्रसार भारती, यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (दूरसंचार विभाग), और ONDC (ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स) |
| 11. | मार्च 2024 | कानून और विवाद समाधान (अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक विवाद समाधान सहित) | भारत और सिंगापुर |
| 12. | मार्च 2024 | अनुसंधान एवं प्रशिक्षण पहल को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त परियोजनाओं के माध्यम से अनुप्रयुक्त अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी विकास। | IIT दिल्ली और इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (IAI) |
| 13. | मार्च 2024 | पीएम श्री स्कूलों की स्थापना | तमिलनाडु सरकार और भारत सरकार |
| 14. | मार्च 2024 | ऑटोमोटिव और इलेक्ट्रिकल वाहन (EV) में नवाचार और विकास को बढ़ावा देना। | भारी उद्योग मंत्रालय और IIT रुड़की |
| 15. | मार्च 2024 | सूचना और संचार प्रौद्योगिकी कौशल, नौकरी के अवसर और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में सुधार करना | राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (NIELIT), भारत, और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ITI), मिस्र |
| 16. | मार्च 2024 | भारत और नेपाल के बीच सीमा पार UPI (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) भुगतान प्रणाली को सक्षम करने हेतु | NPCI इंटरनेशनल पेमेंट लिमिटेड (NIPL), भारत, और फोन पे पेमेंट सर्विस लिमिटेड, नेपाल |
| 17. | मार्च 2024 | सीमा पार लेनदेन के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देना | भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) और बैंक इंडोनेशिया (BI) |
| 18. | मार्च 2024 | गहन तकनीकी अनुसंधान और विकास के लिए NPCI-IISc उत्कृष्टता केंद्र (CoE) स्थापित करना। | नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) और द इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (IISc) |
| 19. | मार्च 2024 | भारत के दूरसंचार क्षेत्र को आगे बढ़ाने और आत्मनिर्भर भारत (नवाचार और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में) को बढ़ावा देने के लिए | टेलीमैटिक्स विकास केंद्र (C-DOT) और क्वालकॉम प्रौद्योगिकी |
| 20. | मार्च 2024 | सार्वजनिक स्थानों और भवनों में विकलांग व्यक्तियों (PwDs) के लिए पहुंच और समावेशिता को बढ़ावा देना। | विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण विभाग (DEPwD), भारत सरकार और वास्तुकला परिषद (COA) |

# सैन्य अभ्यास

| क्रम संख्या | युद्धाभ्यास का नाम | तिथि | स्थान | सेना | भाग लेने वाले राष्ट्र/ सेनाएँ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | धर्म गार्जियन | 25 फरवरी | महाजन फील्ड, राजस्थान | थल सेना | भारत और जापान |
| 2. | वायु शक्ति युद्धाभ्यास-2024 | 17 फरवरी | जैसलमेर के निकट पोखरण, राजस्थान | वायु सेना | यह भारतीय वायुसेना का अभ्यास है |
| 3. | लमित्ये-2024 | 18 मार्च से लेकर 31 मार्च तक | भारत | थल सेना | भारत और सेशेल्स |
| 4. | भारत शक्ति अभ्यास | 12 मार्च | पोखरण, राजस्थान | तीनों सेनाओं का संयुक्त अभ्यास | भारत की थल सेना, नौसेना और वायुसेना। |
| 5. | एक्स-टाइगर ट्रायम्फ-2024 | 18 मार्च | भारत का पूर्वी तट | तीनों सेनाओं का संयुक्त अभ्यास | भारत-संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 6. | एक्स मिलान-2024 | 19 से लेकर 27 फरवरी तक | विशाखापट्नम | नौसेना बहुपक्षीय अभ्यास | भारत सहित 50 देशों ने भाग लिया। |
| 7. | समुद्र लक्ष्मण समुद्री अभ्यास | 28 फरवरी से लेकर 2 मार्च तक | विशाखापट्नम | नौसेना | भारत- मलेशिया |
| 8. | स्टीडफ़ास्ट डिफेंडर 2024 | 22 जनवरी, 2024 से लेकर 31 मई, 2024 तक | यूरोप | मिलिट्री एक्स (भूमि, वायु, समुद्र, साइबर, आदि) | नाटो देश |
| 9. | सी डिफेंडर्स-2024 | 9-10 मार्च | पोर्ट ब्लेयर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | कोस्ट गार्ड | भारत -संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 10. | समुद्री सुरक्षा बेल्ट-2024 अभ्यास | मार्च 2024 | ओमान की खाड़ी के निकट | नौसेना | रूस-ईरान-चीन |
| 11. | अभ्यास कटलैस एक्सप्रेस-2024 | 26 फरवरी से लेकर 8 मार्च तक | पोर्ट विक्टोरिया, सेशेल्स | नौसेना | इस बहुराष्ट्रीय अभ्यास में भारतीय नौसेना ने भी भाग लिया |

# रक्षा और सुरक्षा

| क्रम संख्या | उपकरण/चर्चित घटनाएं | कारण | विवरण/विशेषता |
|---|---|---|---|
| 1. | हूती विद्रोहियों पर अमेरिका का हमला | आत्मरक्षा | लाल सागर में बढ़ते तनाव के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका ने यमन के हूती -नियंत्रित क्षेत्रों में पांच हमले किए। |
| 2. | लक्षद्वीप के अगत्ती और मिनिकॉय द्वीप में नौसेना बेस बनाया जाएगा | महत्वपूर्ण समुद्री संचार मार्गों की सुरक्षा करना | लक्षद्वीप और मिनिकॉय द्वीप 9-डिग्री चैनल पर स्थित है। |
| 3. | हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) और रक्षा मंत्रालय के बीच एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किया गया। | मिग-29 विमानों के लिए एयरो-इंजन की खरीद हेतु। | सोवियत संघ में डिजाइन किया गया मिग-29 विमान दो इंजन वाला लड़ाकू विमान है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | रक्षा मंत्रालय और लार्सन एंड टुब्रो (L&T) के बीच अनुबंध पर हस्ताक्षर। | क्लोज-इन वेपन सिस्टम (CIWS) और हाई-पावर रडार (HPR) की खरीद के लिए | CIWS एक बिंदु-रक्षा हथियार प्रणाली (point-defence weapon system) है, जो दुश्मन के कम दूरी की मिसाइलों और विमानों का पता लगाती है और उन्हें नष्ट कर देती है। |
| 5. | रक्षा मंत्रालय और ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (BAPL) के बीच अनुबंध पर हस्ताक्षर। | ब्रह्मोस मिसाइलों और जहाज-जनित ब्रह्मोस मिसाइल प्रणालियों की खरीद के लिए | ब्रह्मोस एक परमाणु-सक्षम सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली है। ब्रह्मोस का नाम **ब्रह्मपुत्र और मोस्कवा (रूस)** नदियों के नाम पर रखा गया है। |
| 6. | भारतीय सेना नवीन तकनीकी इकाई : सिग्नल प्रौद्योगिकी मूल्यांकन अनुकूलन समूह (STEAG) | STEAG आधुनिक तकनीक जैसे 5G, AI, मशीन लर्निंग, क्वांटम टेक्नोलॉजी आदि के अध्ययन और समावेशन पर ध्यान केंद्रित करेगा। | **उद्देश्य:** अगली पीढ़ी की संचार प्रौद्योगिकियों के लिए अनुसंधान और मूल्यांकन करना। |
| 7. | 451 एविएशन स्क्वाड्रन | भारतीय सेना में अपाचे हेलीकॉप्टरों का पहला बैच शामिल हुआ | यह स्क्वाड्रन AH-64E अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर के लिए जोधपुर में स्थापित किया गया था।<br>अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए भारतीय सेना का यह पहला स्क्वाड्रन है। |
| 8. | डोर्नियर 228 विमान | गुयाना भारत के हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से दो डोर्नियर 228 विमान खरीदेगा। | गुयाना EXIM बैंक से 23.27 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण लेकर भारत से ये दोनों विमान खरीदेगा। |
| 9. | INS एग्रे<br>INS अक्षय | भारतीय नौसेना के लिए | **निर्माता:** गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE)। यह 8 ASW SWC (एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट) प्रोजेक्ट की श्रृंखला में 5वां और 6वां जहाज है।<br>**उद्देश्य:** पनडुब्बी रोधी ऑपरेशन, कम तीव्रता वाला समुद्री ऑपरेशन (LIMO), आदि |
| 10. | BBBS's का वज्र सेंटिनल सिस्टम | यह एक अत्याधुनिक एंटी ड्रोन सिस्टम है जिसे दूर से ड्रोन का पता लगाने, ट्रैक करने और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। | रक्षा मंत्रालय ने iDEX (इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस) पहल के तहत बिग बैंग बूम सॉल्यूशंस (BBBS) प्राइवेट लिमिटेड को एंटी ड्रोन सिस्टम के लिए 200 करोड़ रुपये का ऑर्डर दिया है। |
| 11. | INS जटायु | लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप पर एक उन्नत नौसेना बेस। | यह बेस भारतीय नौसेना की परिचालन, निगरानी, एंटी-पाइरेसी और एंटी-नारकोटिक्स क्षमताओं को बढ़ाता है।<br>आईएनएस द्वार रक्षक, कवरत्ती लक्षद्वीप में एक अन्य नौसेना बेस है। |
| 12. | बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (VSHORADS) | यह एक मैन पोर्टेबल एयर-डिफेंस सिस्टम (MANPADS) है जिसका उद्देश्य कम दूरी पर कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों को बेअसर करना है। | **निर्माता और परीक्षणकर्ता:** DRDO (रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन)। |
| 13. | मिशन दिव्यास्त्र | अग्नि 5 मिसाइल | DRDO ने स्वदेशी रूप से विकसित AGNI 5 मिसाइल का MIRV (मल्टिपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल) तकनीक के साथ सफलतापूर्वक परीक्षण किया। |
| 14. | गोला बारूद एवं मिसाइल कॉम्प्लेक्स, कानपुर | हथियार, गोला-बारूद और मिसाइल निर्माण के लिए। | अडानी डिफेंस ने **कानपुर में दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा गोला-बारूद विनिर्माण केंद्र खोला।**<br>यह केंद्र **"बालाकोट स्ट्राइक"** के वीर सैनिकों को समर्पित है। |

# शिखर सम्मेलन

| क्रम संख्या | सम्मेलन का नाम | कार्यक्रम की तिथि | स्थान | मुख्य बिंदु |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 60वां म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन | 19 फरवरी | जर्मनी | महत्वपूर्ण वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों के साथ-साथ द्विपक्षीय सहयोग पर भी चर्चा हुई। |
| 2. | भविष्य कौशल शिखर सम्मेलन | 15 फरवरी | गुवाहाटी | ऐसी प्रतिभा को बढ़ावा देना जो भारत और शेष विश्व के भविष्य के लिए तैयार हो। |
| 3. | नीम शिखर सम्मेलन और वैश्विक नीम व्यापार मेला | 19-20 फरवरी | नई दिल्ली | मानव कल्याण में नीम के महत्व को बताया गया। |
| 4. | विश्व व्यापार संगठन (WTO) का 13 वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन | 26 से लेकर 29 फरवरी 2024 तक | अबू धाबी | बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली और विश्व व्यापार संगठन के भविष्य के कार्यों की समीक्षा करना। |
| 5. | 10वां भारत-थाईलैंड संयुक्त आयोग | 27 फरवरी 2024 | नई दिल्ली | **उद्देश्य:** आयुर्वेद और थाई पारंपरिक चिकित्सा में अकादमिक सहयोग स्थापित करना। |
| 6. | 9वां संस्करण, रायसीना डायलॉग 2024 | 21 से लेकर 23 फरवरी 2024 तक | नई दिल्ली | विश्व की भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर चर्चा के लिए रायसीना डायलॉग का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। **थीम: चतुरंग: संघर्ष, प्रतियोगिता, सहयोग।** |
| 7. | चौथा शंघाई सहयोग संगठन (SCO) स्टार्टअप फोरम 2024 | 19 मार्च 2024 | नई दिल्ली | सभी SCO सदस्य देश स्टार्टअप और इनोवेशन के लिए एक विशेष कार्य समूह (SWG) स्थापित करने पर सहमत हुए। **शिखर सम्मेलन का उद्देश्य:** सदस्य देशों के बीच स्टार्टअप संपर्क और नवाचार को बढ़ाना। |
| 8. | भारत-ब्राजील 2+2 वार्ता | 14 मार्च 2024 | नई दिल्ली | रक्षा और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए पहली बार भारत और ब्राजील 2+2 वार्ता नई दिल्ली में आयोजित की गई। |
| 9. | स्टार्टअप महाकुंभ 2024 | 18 से लेकर 20 मार्च 2024 तक | भारत मंडपम, नई दिल्ली | इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ, निवेशक और उद्यमी आए और देश में साझेदारी और स्टार्टअप को बढ़ाने के लिए अपने ज्ञान और विशेषज्ञता को साझा किया। |
| 10. | पहला भारत स्टीम बॉयलर एक्सपो 2024 | 5 - 7 मार्च 2024 | गुवाहाटी, असम | **उद्देश्य:** बॉयलर डिजाइन और स्वचालन, ईंधन दक्षता, प्रदूषण नियंत्रण आदि में नवाचार और सहयोग को बढ़ाना। |
| 11. | ऑल इंडिया रिसर्च स्कॉलर समिट 2024 | 4- 7 मार्च 2024 | IIT मद्रास | इस कार्यक्रम में देशभर से विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ और विद्वान आए और विभिन्न अनुसंधान क्षेत्रों में हालिया विकास पर अपने विचार साझा किए। |
| 12. | पहली अमेरिका-भारत साइबर सुरक्षा पहल | 26 फरवरी 2024 | यह पहल MCCIA पुणे बिजनेस इंटरनेशनल बिजनेस समिट के दौरान लॉन्च की गई थी। | **द्वारा:** यूएस वाणिज्य दूतावास मुंबई और महरत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्रीज एंड एग्रीकल्चर (MCCIA)। **उद्देश्य:** यह शिखर सम्मेलन अत्याधुनिक तकनीकी समाधानों पर चर्चा करने और दुनिया में रोजगार के अवसर उत्पन्न करने के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों को एक साथ लाता है। |
| 13. | भारत-अमेरिका डिफेंस एक्सेलेरेटर इकोसिस्टम (INDUS-X) शिखर सम्मेलन | 20 फरवरी 2024 | नई दिल्ली | **उद्देश्य:** रक्षा नवाचार और स्टार्टअप के क्षेत्र में दो देशों के बीच सहयोग को बढ़ाना। |

# नियुक्ति-राष्ट्रीय

| क्रम संख्या | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | अनिल कुमार लाहोटी | TRAI (भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण) के अध्यक्ष |
| 2. | जस्टिस रितु भंडारी | उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (उत्तराखंड उच्च न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश)। |
| 3. | लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी | भारत के थल सेनाध्यक्ष के उप प्रमुख |
| 4. | जस्टिस विजय विश्नोई | गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश |
| 5. | नवीन तहिलियानी | टाटा डिजिटल के CEO और MD |
| 6. | अजय कुमार चौधरी | NPCI (भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम) के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष |
| 7. | निखिल जोशी | बोइंग डिफेन्स इंडिया के MD |
| 8. | रंजीत कुमार अग्रवाल | ICAI (भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट संस्थान) के 72वें अध्यक्ष। |
| 9. | शुभमन गिल | 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब स्टेट आइकन। |
| 10. | अनुराग अग्रवाल | लोकसभा के सुरक्षा प्रमुख |
| 11. | दलजीत सिंह चौधरी | NSG (राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड) के महानिदेशक। |
| 12. | रेणु सूद कर्नाड | PayU के अध्यक्ष और स्वतंत्र निदेशक। |
| 13. | न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर | लोकपाल के अध्यक्ष |
| 14. | अरविंद पनगढ़िया | 16 वें वित्त आयोग के अध्यक्ष। |
| 15. | चंपई सोरेन | झारखण्ड के 12वें मुख्यमंत्री। |
| 16. | संजय वर्मा | UPSC (संघ लोक सेवा आयोग) के सदस्य। |
| 17. | अपूर्व चंद्रा | सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार। |
| 18. | संजय जाजू | सचिव, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार। |
| 19. | आशीष कुमार भूटानी | सचिव, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार। |
| 20. | संजय कुमार जैन | SBI कैपिटल मार्केट्स के MD और CEO। |
| 21. | वीरेंद्र बंसल | IRCTC (इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन) के CMD |
| 22. | ज्ञानेश कुमार | चुनाव आयुक्त |
| 23. | डॉ. सुखबीर सिंह संधू | चुनाव आयुक्त |
| 24. | विनय कुमार | रूस में भारत के नये राजदूत |
| 25. | नवनीत कुमार सहगल | प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष |
| 26. | नवीन जिंदल | भारतीय इस्पात संघ के अध्यक्ष |
| 27. | एम वी राव | अध्यक्ष, इंडियन बैंक एसोसिएशन |
| 28. | राहुल सिंह | CBSE (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) के अध्यक्ष |

| | | |
|---|---|---|
| 29. | किशोर मकवाना | राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष |
| 30. | देवेन्द्र झाझरिया | भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष |
| 31. | दीपक बल्लानी | महानिदेशक, ISMA (इंडियन शुगर एंड बायो-एनर्जी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन)। |
| 32. | शीतल देवी | भारत निर्वाचन आयोग (ECI) की राष्ट्रीय Pwd (विकलांग व्यक्ति) आइकन |
| 33. | बी साईराम | NCL (नॉर्दर्न कोलफील्ड्स) के नए MD और CEO |

# नियुक्ति-अंतर्राष्ट्रीय

| क्रम संख्या | देश | राजधानी | मुद्रा | प्रधानमंत्री/राष्ट्रपति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रुस | मास्को | रुबल | व्लादिमीर पुतिन (राष्ट्रपति) |
| 2. | अल सल्वाडोर | सैन सेल्वाडोर | अमरीकी डालर और बिटकॉइन | नायब बुकेले (राष्ट्रपति) |
| 3. | यमन | साना | यमनी रियाल (YER) | अहमद अवद बिन मुबारक((प्रधानमंत्री) |
| 4. | उत्तरी आयरलैंड | बेलफास्ट | पौंड स्टर्लिंग | मिशेल ओ'नील (प्रथम मंत्री) |
| 5. | भूटान | थिम्पू | भूटानी नगुल्ट्रम (BTN) | शेरिंग तोबगे (प्रधानमंत्री के रुप में दूसरा कार्यकाल) |
| 6. | मलेशिया | कुआलालंपुर | मलेशियाई रिंग्गित | सुल्तान इब्राहिम (17वें राजा) |
| 7. | कोमोरोस | मोरोनी | कोमोरियन फ्रैंक | अज़ाली असौमानी(राष्ट्रपति) |
| 8. | इंडोनेशिया | जकार्ता | इंडोनेशियाई रुपिया | प्राबोवो सुबिआंतो (राष्ट्रपति) |
| 9. | पाकिस्तान | इस्लामाबाद | पाकिस्तानी रुपया | आसिफ़ अली ज़रदारी (14वें राष्ट्रपति) |
| 10. | पाकिस्तान | इस्लामाबाद | पाकिस्तानी रुपया | शहबाज शरीफ (प्रधानमंत्री) |
| 11. | हंगरी | बुडापेस्ट | फ़ोरिंट | तामस सुल्योक(राष्ट्रपति) |

# नियुक्ति (अंतर्राष्ट्रीय संगठन)

| क्रम संख्या | संगठन | मुख्यालय | पद का नाम | व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विश्व स्वर्ण परिषद | लंदन (यूनाइटेड किंगडम) | भारत में विश्व स्वर्ण परिषद के CEO | सचिन जैन |
| 2. | विश्व बैंक | वाशिंगटन डी सी | प्रबंध निदेशक | वेन्साई झांग (Wencai Zhang) |
| 3. | अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष | वाशिंगटन डी सी | आंतरिक लेखा परीक्षा कार्यालय के निदेशक | एशलीन वान डेर कॉल्फ़ |

# त्यौहार

| क्रम संख्या | त्यौहार | माह | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | आदि महोत्सव | फरवरी 2024 | नई दिल्ली |
| 2. | खजुराहो महोत्सव | फरवरी 2024 | मध्य प्रदेश |
| 3. | अट्टुकल पोंगल | फरवरी 2024 | केरल |

# भौगोलिक संकेतक टैग

| क्रम संख्या | माह | राज्य | उत्पाद |
|---|---|---|---|
| 1. | मार्च | गुजरात | कच्छ की रोगन कला |
| 2. | मार्च | ओडिशा | कटक रुपा तारकशी |
| 3. | मार्च | पश्चिम बंगाल | बांग्लार मलमल |
| 4. | मार्च | गुजरात | अम्बाजी सफेद संगमरमर |
| 5. | मार्च | आंध्र प्रदेश | नरसापुर का क्रोशिया लेस शिल्प |
| 6. | मार्च | मध्य प्रदेश | रतलाम रियावन लहसुन |
| 7. | मार्च | असम | माजुली मुखौटा |
| 8. | मार्च | असम | माजुली पाण्डुलिपि पेंटिंग |
| 9. | मार्च | त्रिपुरा | त्रिपुरा रिसा वस्त्र |
| 10. | मार्च | तेलंगाना | हैदराबाद की लाख की चूड़ियाँ |

# इसरो का मिशन/पहल

| क्रम संख्या | मिशन/पहल | लांच की तिथि | मिशन/पहल के बारे में विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | इसरो का दूसरा स्पेसपोर्ट | 28 फरवरी | कुलसेकरपट्टिनम तमिलनाडु के थूथुकुडी जिले में स्थित एक तटीय गांव है। |
| 2. | इन्सैट-3डीएस उपग्रह | 17 फरवरी | **लॉन्च किया गया:** जीएसएलवी एफ-14 रॉकेट (उपनाम- नॉटी बॉय)।<br>**उद्देश्य:** यह भारत की मौसम और जलवायु पूर्वानुमान सेवाओं, प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली और आपदा-संबंधी सेवाओं को बेहतर करता है। |

# विभिन्न ऑपरेशन

| क्रम संख्या | ऑपरेशन | के द्वारा किया गया | उद्देश्य |
|---|---|---|---|
| 1. | ऑपरेशन संकल्प | भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना द्वारा संयुक्त रुप से। | एक एंटी-पाइरेसी मिशन, **उद्देश्य:** सोमाली समुद्री डाकुओं द्वारा अपहरण किए गए एम वी रुएन जहाज को छुड़ाना। |

# प्रमुख योजना

| क्रम संख्या | योजना/कार्यक्रम | के द्वारा लॉन्च किया गया | मुख्य बिंदु |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना | मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार। | • यह योजना पीएम मत्स्य सम्पदा योजना का एक उप-भाग है।<br>• **अवधि:** वित्तीय वर्ष 2023-24 से वित्तीय वर्ष 2026-27 तक<br>• **उद्देश्य:** स्व-पंजीकरण के माध्यम से असंगठित मत्स्य पालन क्षेत्र को धीरे-धीरे औपचारिक बनाना और अन्य सुविधाएं प्रदान करना। |
| 2. | वन मित्र योजना | हरियाणा वन विभाग | • राज्य में हरित आवरण को बढ़ाना। |
| 3. | स्वयं योजना | ओडिशा सरकार | • ओडिशा सरकार युवा सशक्तिकरण के लिए राज्य के युवाओं (18-35 वर्ष की आयु) को 1 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करती है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | किलकारी कार्यक्रम | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार। | • इस कार्यक्रम का लक्ष्य नवजात शिशु, गर्भवती माता और बाल स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में सुधार के लिए इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम (IVRS) के माध्यम से 72 ऑडियो संदेश भेजना है। |
| 5. | सहकारी क्षेत्र में विश्व का सबसे बड़ा अनाज/खाद्य भंडारण | इसे पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा लॉन्च किया गया **इसमें शामिल मंत्रालय:** कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय। | • **उद्देश्य:** अगले 5 वर्षों में 1.25 लाख करोड़ रुपये की लागत से 700 लाख मीट्रिक टन का भंडारण बुनियादी ढांचा स्थापित करना। |
| 6. | भारत ए आई मिशन | भारत सरकार | • केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अगले 5 वर्षों के लिए इस मिशन हेतु 10,372 करोड़ रुपये की मंजूरी दी।<br>• इस मिशन की सात प्रमुख विशेषताओं में भारत को एक उच्च-स्तरीय स्केलेबल ए आई कंप्यूटिंग पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में विकसित करना, स्वदेशी LLM(लार्ज लैंग्वेज मॉडल) का विकास, ए आई स्टार्टअप का समर्थन, ए आई पाठ्यक्रम, एक ए आई नवोन्मेष हब आदि हैं। |
| 7. | इथेनॉल 100 ईंधन | पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार | • यह पहल भारत को "अन्नदाता से ऊर्जादाता" में बदलने के दृष्टिकोण से प्रेरित है।<br>• **इथेनॉल 100** - गैसोलीन से अधिक स्वच्छ और हरित ईंधन विकल्प, यह ग्रीन हाउस गैसों और अन्य प्रदूषकों का कम उत्सर्जन भी करता है।<br>• इसकी ऑक्टेन रेटिंग 100-105 के बीच है। |
| 8. | ई-वाहन नीति | भारत सरकार | • **उद्देश्य:** भारत को ई-वाहन के विनिर्माण केंद्र और गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना।<br>• ई-वाहन के लिए विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने वाली कंपनियों को कम कस्टम ड्यूटी पर कारों के सीमित आयात की अनुमति दी जाएगी। |
| 9. | iDEX (ADITI) योजना के साथ इनोवेटिव टेक्नोलॉजीज का एसिंग डेवलपमेंट | रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार | • भारत के रक्षा मंत्री ने नई दिल्ली में डेफकनेक्ट 2024 के दौरान **ADITI योजना** लॉन्च की।<br>• **अवधि और परिव्यय:** यह योजना 2023-24 से 2025-26 की अवधि के लिए शुरू की गई, जिसका कुल बजट परिव्यय 750 करोड़ रुपये है।<br>• **उद्देश्य:** रक्षा प्रौद्योगिकी में नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देना। |
| 10. | महतारी वन्दन योजना, छत्तीसगढ़ | पीएम नरेंद्र मोदी ने लॉन्च किया | • इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ की लगभग 70 लाख महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से मासिक 1000 रुपये मिलते हैं।<br>• **उद्देश्य:** महिलाओं का वित्तीय सशक्तिकरण। |

# अभियान

| क्रम संख्या | अभियान/ पहल | के द्वारा लॉन्च किया गया | प्रमुख बिंदु |
|---|---|---|---|
| 1. | मेरा पहला वोट देश के लिए | भारत के प्रधानमंत्री | इस अभियान का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया को अधिक सहभागी बनाना और मतदान के बारे में जागरुकता फैलाना है। |
| 2. | हमारा संविधान हमारा सम्मान | भारत के उपराष्ट्रपति द्वारा | इस अभियान का उद्देश्य भारत के संविधान में निहित सिद्धांत के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता की पुष्टि करना और राष्ट्र को एकजुट करने वाले साझा मूल्यों का जश्न मनाना है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | विविधता का अमृत महोत्सव | भारत के राष्ट्रपति | यह महोत्सव एक जीवंत छतरी के नीचे पारंपरिक कला, शिल्प और संस्कृति के मिश्रण से उत्तर पूर्व भारत की समृद्ध विविधता का प्रदर्शन करेगा। |
| 4. | भारतीय भाषा समिति | शिक्षा मंत्रालय | इस समिति का उद्देश्य शिक्षा में भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देना है। |
| 5. | जल शक्ति अभियान: कैच द रेन-2024 | जल शक्ति मंत्रालय | यह जल शक्ति अभियान का 5वां संस्करण है।<br>इस अभियान का थीम - **"नारी शक्ति से जल शक्ति"** |

## मोबाइल ऐप/पोर्टल

| क्रम संख्या | ऐप/पोर्टल | के द्वारा लॉन्च किया गया | उद्देश्य |
|---|---|---|---|
| 1. | स्वयं प्लस प्लेटफार्म | केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री<br>**संचालन:** आईआईटी मद्रास | यह पोर्टल रोजगार प्रस्तुत करेगा, कैरियर की संभावनाओं को बढ़ाएगा, और व्यक्तियों को उन्नत और पुनः कौशल प्रदान करेगा, जो भारत की ज्ञान अर्थव्यवस्था में योगदान देगा। |
| 2. | निवेशक सूचना एवं विश्लेषण केंद्र | आईआईटी मद्रास | यह प्लेटफ़ॉर्म उद्यमियों के लिए सरकारी योजनाओं, नीतियों, निवेशकों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए वन-स्टॉप समाधान के रूप में कार्य करता है। |
| 3. | नेविगेट भारत पोर्टल | सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की न्यू मीडिया विंग, भारत सरकार | यह पोर्टल सरकारी योजनाओं, पहलों और अभियानों के वीडियो खोजने, स्ट्रीमिंग, साझा करने और डाउनलोड करने के लिए एकल मंच के रूप में कार्य करता है। |
| 4. | प्रेस सेवा पोर्टल | सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया।<br>**विकास:** प्रेस-रजिस्ट्रर जनरल ऑफ इंडिया। | यह पोर्टल देश में समाचार पत्रों और अन्य पत्रिकाओं के पंजीकरण की सुविधा के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली है। |
| 5. | ई- क्षमता ऐप | आस्ट्रिका फाउंडेशन और स्वास्थ्य विभाग, बिहार | नर्सिंग छात्रों को ANM और GNM पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, प्रशिक्षण, परीक्षण प्रदान करना। |
| 6. | टर्न द बस ऐप | टर्न द बस ऐप और जीविका | बिहार में जीविका द्वारा टर्न द बस ऐप के सहयोग से लॉन्च किया गया।<br>बिहार राज्य शिक्षा बोर्ड (BSEB) परीक्षाओं की कक्षा 10 और कक्षा 12 IA स्ट्रीम के लिए ऑनलाइन कक्षाएं, ट्यूशन, अध्ययन सामग्री और टेस्ट प्रदान करना। |
| 7. | कृषि देव ज्ञान ऍप | इफको (इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड-IFFCO) | यह ऐप मृदा की नमी, आर्द्रता, फसल रोग, कीट और मौसम की जानकारी प्रदान करता है। |
| 8. | मौसम बिहार ऐप | बिहार मौसम सेवा केंद्र | यह ऐप मौसम की जानकारी प्रदान करता है। |
| 9. | इंडस ऐप स्टोर | फोन पे | भारतीय उपभोक्ताओं को 45 श्रेणियों में 2 लाख से अधिक ऐप्स और गेम डाउनलोड करने की अनुमति देता है।<br>गूगल के भारतीय संस्करण के रूप में कार्य करता है। |
| 10. | ईवी उपयोग पोर्टल | उत्तर प्रदेश सरकार | इस पोर्टल का उद्देश्य राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना है। |
| 11. | iOncology.ai प्लेटफ़ॉर्म | एम्स, नई दिल्ली | कैंसर के उपचार में सटीकता और प्रभावकारिता को बढ़ाना। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12. | हनुमान | आईआईटी बॉम्बे, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (भारत सरकार)। | यह चैट जीपीटी के समान सेवाएं प्रदान करता है। |
| 13. | जैमिनी | अल्फाबेट (गूगल) | यह गूगल का सबसे उन्नत AI मॉडल है। |
| 14. | घर पोर्टल (गो होम एंड री यूनाइट) | राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) | इस पोर्टल का उद्देश्य कानूनों में निर्धारित बच्चों की बहाली और प्रत्यावर्तन की डिजिटल निगरानी और ट्रैकिंग करना है। |
| 15. | सुभाष अभिनंदन ( डिजिटल प्रदर्शनी) | संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार | भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार के 134वें स्थापना दिवस पर, सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर आधारित सुभाष अभिनंदन की डिजिटल प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। |
| 16. | राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस | सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार | इस डेटाबेस के माध्यम से, सहकारी क्षेत्र से संबंधित सभी जानकारी कुछ ही समय में उपलब्ध होगी। |
| 17. | ई-किसान उपज निधि (डिजिटल गेटवे) | उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार | यह प्लेटफ़ॉर्म किसानों के लिए किसी भी पंजीकृत WDRA (वेयरहाउसिंग डेवलपमेंट एंड रेगुलेटरी अथॉरिटी) गोदाम में अनाज भंडारण की डिजिटल प्रक्रिया को आसान बनाता है। |
| 18. | सखी ऐप | विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (इसरो) | क्रू इंटरेक्शन के लिए अंतरिक्ष-जनित सहायक और ज्ञान केंद्र (SAKHI): एक बहुउद्देशीय ऐप जो गगनयान मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों की मदद करेगा।<br>यह ऐप अंतरिक्ष यात्रियों को तकनीकी जानकारी, एक-दूसरे से संवाद करने और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य की निगरानी आदि में मदद करता है। |
| 19. | नो योर कैंडिडेट (KYC) ऐप | भारत निर्वाचन आयोग (ECI) | यह ऐप मतदाताओं को उम्मीदवारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी जैसे उम्मीदवारों का आपराधिक इतिहास आदि की जांच करने में सक्षम बनाता है। |
| 20. | राज्यों के लिए नीति मंच | नीति आयोग | भारत में सहकारी संघवाद को मजबूत करने हेतु राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों को सशक्त बनाने के लिए एक व्यापक डिजिटल पहल।<br>व्यापक ज्ञान आधार: 7500 क्यूरेटेड सर्वोत्तम प्रथाएं, 5000 नीति दस्तावेज़, 900+ डेटाशीट, 1400 डेटा प्रोफ़ाइल और 350 नीति आयोग के प्रकाशन।<br>बहुभाषी: निकट भविष्य में यह 22 भारतीय और 7 विदेशी भाषाओं में उपलब्ध होगा। |

# अपना बिहार

## आधुनिक युग में बिहार

17वीं शताब्दी से ही बिहार शोरा, सूती वस्त्र, नील और अफ़ीम के व्यापार का एक महत्वपूर्ण केंद्र था। इन सभी विशेषताओं ने बिहार को यूरोपीय देशों के लिए आकर्षण का केंद्र बना दिया, जिसके कारण उनका भारतीय उपमहाद्वीप की ओर आगमन हुआ और आगे चलकर बिहार में उन्होंने अपने कारखाने स्थापित किए और किलेबंदी की।

| यूरोपीय कंपनियाँ | बिहार में उनके कारखानों की स्थापना का वर्ष | स्थान | अन्य महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|---|
| पुर्तगाली कारखाना | 1579-80 | हुगली | पुर्तगाली बिहार में प्रवेश करने वाली पहली यूरोपीय कंपनी थी। पुर्तगालियों द्वारा बंगाल के हुगली में अपना कारखाना स्थापित किया गया, लेकिन व्यापारिक उद्देश्य से वे अक्सर पटना का दौरा करते रहे। |
| अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी | 1620 और 1651 | पहले पटना के आलमगंज में, बाद में गुलजार बाग में। | अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी ने वर्ष 1620 में पटना के आलमगंज में एक फैक्ट्री की स्थापना की लेकिन,वर्ष 1621 में फैक्ट्री बंद कर दी गई। वर्ष 1651 में इसे गुलजार बाग में दोबारा खोला गया। वर्तमान में, गुलज़ार बाग स्थित कंपनी की फैक्ट्री सरकारी प्रिंटिंग प्रेस भवन के रुप में कार्यरत है। |
| डच (नीदरलैंड) कारखाना | 1632 | पटना | डच कारखाना स्थल पटना कॉलेज की वर्तमान उत्तरी इमारत है। |
| डेन्स (डेनमार्क) कारखाना | 1774-75 | नेपाली कोठी (पटना) | |

## 1857 के विद्रोह में बिहार की भूमिका

- 1857 का विद्रोह 10 मई 1857 को मेरठ से शुरू हुआ, लेकिन बिहार में इसकी शुरुआत देवघर के रोहिणी गांव से हुई।

## बिहार में विद्रोह की प्रमुख घटनाएँ

- **रोहिणी गांव**- बिहार में विद्रोह की पहली घटना देवघर जिले के रोहिणी गांव में हुई, जहां 12 जून 1857 को सैनिकों ने दो अंग्रेज अधिकारियों की हत्या के साथ विद्रोह कर दिया। इसके परिणामस्वरूप हत्याओं में शामिल तीनों सैनिकों को मौत की सजा दी गई।
- **पटना विद्रोह**- 3 जुलाई, 1857 को पीर अली (एक पुस्तक विक्रेता) ने अपने साथियों के साथ विद्रोह कर दिया। इस विद्रोह के दौरान पटना के डिप्टी अफीम एजेंट डॉ. लॉयल की हत्या कर दी गयी। लॉयल की हत्या के आरोप में पीर अली को दोषी ठहराया गया और 7 जुलाई, 1857 को उन्हें फाँसी दे दी गई। विलियम टेलर उस समय पटना प्रमंडल के आयुक्त थे।
- **दानापुर विद्रोह**- 25 जुलाई को दानापुर में तैनात तीन रेजिमेंटों ने विद्रोह कर दिया। अधिकांश सैनिक सोन नदी पार करके शाहाबाद पहुँचे जहाँ वे कुंवर सिंह की विद्रोही सेना में शामिल हो गए।

## कुँवर सिंह और 1857 का विद्रोह

- कुँवर सिंह का जन्म नवंबर 1777 में शाहाबाद जिले (वर्तमान भोजपुर) के **जगदीशपुर में राजा शहाबज़ादा सिंह** और **रानी पंचरतन देवी** के यहाँ हुआ था। वह **राजपूत के उज्जैनिया वंश** से संबंधित थे।
- वह बिहार में अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह के मुख्य संगठनकर्त्ता थे।
- **80** साल की उम्र में उन्होंने बहादुरी से बिहार के किसानों और अन्य सताए हुए लोगों के पक्ष में आवाज उठाई।
- **26 अप्रैल, 1858** को उनकी मृत्यु हो गई।
- कुँवर सिंह की मृत्यु के बाद उनके अनुयायियों ने उनके भाई अमर सिंह के नेतृत्व में बिहार के विभिन्न हिस्सों में संघर्ष जारी रखा।
- जगदीशपुर का वन क्षेत्र अमर सिंह के सैन्य अभियानों का अड्डा था।
- अमर सिंह को **गोरखपुर** में कैद कर लिया गया जहां **5 फरवरी, 1860** को पेचिश से उनकी मृत्यु हो गई।



| कुँवर सिंह द्वारा लड़े गए प्रमुख युद्ध | अंग्रेज सैन्य अधिकारी जिनके कार्यकाल में लड़ाई लड़ी गई | अन्य तथ्य |
|---|---|---|
| बीबीगंज की लड़ाई | मेजर आयर | 3 अगस्त 1857 को, मेजर आयर ने इलाहाबाद जाते समय आरा की ओर रुख किया और बीबीगंज में कुँवर सिंह की सेना को हरा दिया। |
| जगदीशपुर की लड़ाई | कैप्टन ली ग्रांड | 21 अप्रैल, 1858 को, कुँवर सिंह ने ब्रिगेडियर डगलस के नेतृत्व वाली ब्रिटिश सैनिकों से लड़ाई लड़ी। युद्ध के पश्चात उन्होंने शिवपुर घाट पर गंगा को पार किया। कैप्टन ली ग्रांड के नेतृत्व में उनके विरुद्ध भेजी गई ब्रिटिश सेना को उन्होंने 23 अप्रैल 1858 को पराजित किया। |

## विद्रोह का अन्य क्षेत्रों में प्रसार

- **हजारीबाग**- हजारीबाग में **माधव सिंह** के नेतृत्व में कंपनी की एक सैन्य टुकड़ी ने अंग्रेजों के ख़िलाफ़ विद्रोह कर दिया। जल्द इन सैनिकों ने रांची की ओर रुख किया जहां उन्होंने जयमंगल सिंह के नेतृत्व में विद्रोह कर दिया।
- **सिंहभूम- पोरहाट के राजा अर्जुन सिंह** और उनके भाई ने सिंहभूम के कोल लोगों के विद्रोह का नेतृत्व किया। प्रारंभ में उन्होंने ब्रिटिश सैनिकों को हराया, लेकिन बाद में चाईबासा के मेवा लाल की मदद से राजा को गिरफ्तार कर लिया गया।
- **पलामू- नीलांबर** और **पीतांबर** की गतिविधियों ने 1857 के विद्रोह के दौरान पलामू को आंदोलन का एक लोकप्रिय केंद्र बना दिया।

## बिहार प्रांतीय कांग्रेस

- कांग्रेस के गठन के शुरूआती वर्षों में बिहार से अनेक प्रतिनिधियों ने कांग्रेस के अधिवेशनों में भाग लिया। परिणामस्वरूप, वर्ष **1908** में **नवाब सरफराज हुसैन खान बहादुर** की अध्यक्षता में बिहार प्रांतीय कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया, जिसका मुख्यालय **पटना** में था।
- बिहार प्रांतीय सम्मेलन का **पहला** अधिवेशन वर्ष **1908** में **सर अली इमाम** की अध्यक्षता में पटना में आयोजित किया गया था।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का **27वां** अधिवेशन वर्ष 1912 में **आर.एन. मधोलकर** की अध्यक्षता में **पटना** के **बांकीपुर** में आयोजित किया गया था। मजहर-उल-हक स्वागत समिति के अध्यक्ष और सच्चिदानंद सिन्हा महासचिव थे।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का **37वां** अधिवेशन **सी.आर. दास** की अध्यक्षता में **गया** में आयोजित किया गया था।

## बिहार में होम रूल आंदोलन

- एनी बेसेंट द्वारा शुरू किए गए होमरूल आंदोलन का बिहार पर भी प्रभाव पड़ा। 16 दिसंबर, 1916 को बांकीपुर में हुई एक बैठक में इस आंदोलन को बिहार में शुरू करने का निर्णय लिया गया।
- **अध्यक्ष**- मजहर-उल-हक
- **उपाध्यक्ष**- सरफराज हुसैन खान, पूर्णेंदु नारायण सिन्हा
- **सचिव**- चंद्रबंसी सहाय, बैजनाथ नारायण सिन्हा।
- एनी बेसेंट ने 18 अप्रैल, 1918 और 25 जुलाई, 1918 को दो बार पटना का दौरा किया।

## चंपारण सत्याग्रह

- चंपारण ऐतिहासिक महत्व का स्थान है, जहां महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा पर आधारित अपने नए अस्त्र सत्याग्रह का सफल प्रयोग किया था।

### क्या था चंपारण का मामला?

- यूरोपीय नील बागान मालिकों द्वारा उत्तरी बिहार में नील की खेती की दो प्रणालियाँ शुरू की गईं। ये प्रणालियाँ थीं- जेरात और असामीवार।

- **जेरात प्रणाली** के तहत, भूमि पर सीधे भूस्वामियों द्वारा खेती की जाती थी, हालाँकि काश्तकारों को इन जमीनों पर काम करने या एक निश्चित राशि के बदले अपने बैल देने के लिए बाध्य किया जाता था।
- सर्वाधिक प्रचलित प्रणाली **असामीवार प्रणाली** थी जिसके तहत, कारखाने के प्रमुखों के पास भूमि होती थी जिसपर काश्तकारों द्वारा नील की खेती की जाती थी।
- **तिनकठिया प्रणाली** जो चंपारण में आम थी, असामीवार प्रणाली का भाग थी। इस प्रणाली के तहत एक काश्तकार को प्रति बीघा अर्थात बीस कट्ठे में से तीन कट्ठे (जमीन का 3/20वां हिस्सा) पर नील की खेती करना अनिवार्य था और लिखित समझौते के अनुसार काश्तकारों को भूमि के इसी टुकड़े के हिसाब से कीमत पाने का अधिकार था, जो कि काश्तकारों को स्वीकार्य नहीं था।
- चंपारण के एक नेता **राज कुमार शुक्ल** ने वर्ष 1916 में कांग्रेस के लखनऊ अधिवेशन में भाग लिया जहाँ उन्होंने गांधीजी से चंपारण आने का अनुरोध किया।
- लखनऊ अधिवेशन में किसानों की समस्याओं की जांच के संबंध में ब्रज किशोर प्रसाद द्वारा एक प्रस्ताव पेश किया गया और यह प्रस्ताव पारित हो गया।

## चंपारण में गांधीजी

- 15 अप्रैल, 1917 को गांधीजी मोतिहारी पहुंचे।
- मजिस्ट्रेट ने उन्हें गांवों में प्रवेश न करने का आदेश दिया।
- 18 अप्रैल को उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया। मुकदमा दर्ज होने के बावजूद गांधीजी ने किसानों की समस्याओं से संबंधित पूरी जानकारी प्राप्त किए बिना चंपारण छोड़ने से इनकार कर दिया।
- हालात को देखते हुए सरकार ने 20 अप्रैल को केस वापस ले लिया।



- लेफ्टिनेंट गवर्नर **सर एडवर्ड गेट** ने चंपारण जांच समिति का गठन कर समस्या के समाधान के लिए रचनात्मक कदम उठाया। गांधीजी इस समिति के सदस्य थे।
- इस समिति की सिफ़ारिश के आधार पर 1 मई, 1918 को **चंपारण कृषि अधिनियम** पारित किया गया।

| गांधीजी द्वारा किये गये कल्याणकारी कार्य |
|---|
| • नील बागान कृषकों की स्थिति की जांच करते समय गांधीजी चंपारण की गरीबी, अशिक्षा, अज्ञानता और सामाजिक ताने-बाने से अच्छी तरह परिचित हो गए। |
| • 8 नवंबर, 1917 को गांधीजी कस्तूरबा के साथ चंपारण आए, जहां उन्होंने कई कल्याणकारी कार्य शुरू किए, जैसे- |
| • 14 नवंबर 1917 को बरहरवा लखन सेन में पहला स्कूल खोला गया। |
| • 20 नवंबर, 1917 को भितिहरवा में एक और स्कूल का खोला गया। इत्यादि। |

## भारतीय/राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में बिहार की भूमिका

| राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन | बिहार की भूमिका |
|---|---|
| रौलट एक्ट सत्याग्रह, 1919 | • वर्ष 1919 में लाए गए रोलेट विधेयक का उद्देश्य नौकरशाही को राजद्रोह और आंदोलन को दबाने के लिए नई और मनमानी शक्ति प्रदान करना था। इस अधिनियम के विरुद्ध गांधीजी द्वारा देशव्यापी हड़ताल एवं भूख हड़ताल का आह्वान कर सत्याग्रह प्रारंभ किया गया। बिहार में भी पटना, मुजफ्फरपुर, छपरा, चंपारण और कई अन्य स्थानों पर प्रदर्शन किए गए। |
| असहयोग आंदोलन (NCM), 1920-22 | • 28 अगस्त, 1920 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में बिहार प्रांतीय सम्मेलन में महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन के समर्थन में एक प्रस्ताव पारित किया गया।<br>• दिसंबर में गांधीजी ने पटना का दौरा किया और नेशनल कॉलेज और बिहार विद्यापीठ की नींव रखी।<br>• पटना में सरकारी प्रेस में हड़ताल किया गया।<br>• पटना, पूर्णिया, मुंगेर और चंपारण में पुलिस हड़ताल भी हुई।<br>• 22 दिसंबर, 1920 को प्रिंस ऑफ वेल्स की पटना यात्रा का पूर्ण बहिष्कार किया गया। |
| साइमन आयोग (1928) | • वर्ष 1928 में अनुग्रह नारायण सिंह के नेतृत्व में बिहार में एक सर्वदलीय बैठक हुई, जिसमें आयोग का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। |


KGS

| | |
|---|---|
| सविनय अवज्ञा आंदोलन (CDM), 1930 | • सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1930 में महात्मा गांधी के नेतृत्व में हुई थी। इस विद्रोह का असर बिहार में भी देखा गया।<br>• बिहार में नमक सत्याग्रह की शुरुआत 15 अप्रैल, 1930 को सारण और चंपारण जिले से हुई।<br>• पटना में इसकी शुरुआत 16 अप्रैल को हुई थी।<br>• नमक कानून के उल्लंघन के लिए पटना में **मंगल तालाब** के नजदीक स्थित **नखास पिंड** को स्थल के रूप में चुना गया।<br>• मुंगेर में **श्रीकृष्ण सिंह और नंद कुमार सिन्हा** ने कांग्रेस की गतिविधियों का नेतृत्व किया।<br>• **छपरा जेल** के कैदियों ने विदेशी कपड़े पहनने से इनकार कर दिया और स्वदेशी कपड़े मिलने तक **नंगी हड़ताल** पर चले गये।<br>• चौकीदारी कर न देने पर आंदोलन किया गया। |
| व्यक्तिगत सविनय अवज्ञा, 1940 | • बिहार में व्यक्तिगत सत्याग्रह की शुरुआत 28 नवंबर, 1940 को हुई।<br>• **श्रीकृष्ण सिंह पहले व्यक्तिगत सत्याग्रही** थे, उसके बाद अनुग्रह नारायण सिन्हा दूसरे सत्याग्रही बने।<br>• गया में गौरी शंकर सिंह सत्याग्रही थे।<br>• सिलाव में श्याम नारायण सिंह सत्याग्रही थे। |
| भारत छोड़ो आंदोलन, 1942 | • जन आंदोलन को फैलने से रोकने के लिए पटना के जिलाधिकारी डब्लू.जी. आर्चर ने राजेंद्र प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया और बांकीपुर जेल भेज दिया।<br>• महाधिवक्ता बलदेव सहाय ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।<br>• 11 अगस्त को छात्रों के एक दल ने पटना सचिवालय की इमारत पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए मार्च किया। जिलाधिकारी के आदेश पर 13-14 राउंड फायरिंग की गयी जिसमें सात छात्र शहीद हो गये और कई घायल हो गये। |

## भारत सरकार अधिनियम 1935 के तहत बिहार में चुनाव

- बिहार में विधानमंडल का चुनाव 22 से 27 जनवरी 1937 के बीच हुआ।
- कुल 152 सीटों में से कांग्रेस ने 107 सीटों पर चुनाव लड़ा और उसे 98 सीटें हासिल हुई।
- 20 जुलाई, 1937 को बिहार में कांग्रेस की सरकार बनी, जिसमें श्रीकृष्ण सिंह मुख्यमंत्री, राम दयालु सिंह सभापति और अब्दुल बारी उपसभापति बने।
- बलदेव सहाय को महाधिवक्ता नियुक्त किया गया।
- बिहार में कांग्रेस मंत्रिमंडल ने भारतीयों की सहमति के बिना द्वितीय विश्व युद्ध में भारतीय सैनिकों की भागीदारी के मुद्दे पर **31 अक्टूबर, 1939** को अपना इस्तीफा दे दिया।

## बिहार में आदिवासी और अन्य आंदोलन

| आंदोलन | नेता | स्थान और वर्ष | अन्य महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|---|---|
| नोनिया विद्रोह | | हाजीपुर, तिरहुत, सारण और पूर्णिया (1770-1800) | • बिहार शोरा उद्योग का एक प्रमुख केंद्र था। नोनिया लोगों का कार्य शोरा मिट्टी इकट्ठा करने का था। मध्यस्थ उस मिट्टी को जिस कीमत पर खरीदते थे वो नोनिया लोगों को स्वीकार्य नहीं था। इसके परिणामस्वरुप विद्रोह हुआ। |
| चेरो का विद्रोह | भुखन सिंह | पलामू (1800 ई.) | • पलामू की चेरो जनजाति ने 1800 ई. में भूखन सिंह के नेतृत्व में उच्च कर वसूली तथा उप-आश्रित पट्टों के पुनः अधिग्रहण के विरुद्ध विद्रोह किया। |
| तमाड़ विद्रोह | भोला नाथ सहाय | छोटानागपुर क्षेत्र (1789-1832) | • तमाड़ आदिवासी समुदाय ने सरकार की दोषपूर्ण संरेखण प्रणाली के विरुद्ध विद्रोह किया। |
| हो विद्रोह | पोरहाट के राजा | सिंहभूम और छोटानागपुर क्षेत्र (1820-1837) | • यह विद्रोह अंग्रेजों की नई कृषि राजस्व नीति के विरुद्ध हुआ था।<br>• यही विद्रोह आगे चलकर मुंडा विद्रोह में परिवर्तित हो गया। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| कोल विद्रोह | बुधु भगत | छोटानागपुर (1832) | • कोल विद्रोह वर्ष 1832 में अंग्रेजों और साहूकारों के विरुद्ध हुआ था।<br>• इसने अंग्रेजों की विस्तारवादी नीतियों को चुनौती दी।<br>• विद्रोह का तात्कालिक कारण जाफर अली खान नामक एक बाहरी व्यक्ति द्वारा सूर्य मुंडा की पत्नी का अपहरण था। |
| भूमिज विद्रोह | गंगा नारायण सिंह | मिदनापुर जिला (1832-33) | • अंग्रेजों द्वारा इस विद्रोह को गंगा नारायण हंगामा कहा गया। |
| संथाल विद्रोह | सिधु, कान्हू | राजमहल पहाड़ी (1855-56) | • अंग्रेजों और साहूकारों के दमनकारी शासन के खिलाफ सिधू, कान्हू, चांद और भैरव के नेतृत्व में विद्रोह शुरु किया गया था। |
| बिरसा आंदोलन | बिरसा मुंडा | झारखंड (1895-1899) | • यह आंदोलन ईसाई मिशनरियों, ब्रिटिश अधिकारियों और साहूकारों की नीतियों के विरुद्ध था। |
| ताना भगत आंदोलन | जतरा भगत | छोटानागपुर (1914) | • विद्रोह छोटानागपुर क्षेत्र में स्थानीय जमींदारों और ब्रिटिश अधिकारियों के खिलाफ शुरु हुआ था। |
| वहाबी आंदोलन | बरेली के सैय्यद अहमद। बिहार में इसका नेतृत्व विलायत अली और इनायत अली ने किया। | प्रारंभ में पंजाब में शुरु हुआ, आगे चलकर पटना में स्थानांतरित हो गया (1820) | • वहाबी आंदोलन का उद्देश्य इस्लाम की कुरीतियों को हटाकर उसके मौलिक और सरल स्वरुप को पुनः स्थापित करना था। प्रारंभ में यह एक धार्मिक आंदोलन था, लेकिन बाद में यह एक राजनीतिक आंदोलन बन गया। |

## बिहार में किसान आंदोलन

1. **मुंगेर किसान सभा**- वर्ष 1922 में **श्रीकृष्ण सिंह** और **मोहम्मद जुबैर** द्वारा किसानों की शिकायतों पर चर्चा करने के लिए मुंगेर में किसान सभा का आयोजन किया गया था, क्योंकि किसान जमींदारों के अधीन थे, लेकिन उनकी जमीन पर किसानों का अधिकार नहीं था।
2. **बिहार प्रांतीय किसान सभा**- इसका गठन **वर्ष 1929** में स्वामी सहजानंद सरस्वती द्वारा किसानों के भूमि पर कब्जा संबंधी अधिकारों पर जमींदारी हमलों के खिलाफ किसानों की शिकायतों पर चर्चा करने के लिए किया गया था। इसके प्रतिशोध में जमींदारों ने किसानों को दबाने के लिए संयुक्त राजनीतिक दल का गठन किया।
3. **बिहार किसान सभा**- इसका गठन वर्ष 1933 में राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया था। बिहार में किसानों की स्थिति का अध्ययन करने के लिए समिति का गठन किया गया था।
4. **पंडित यमुना कारजी, राहुल सांकृत्यायन** ने साप्ताहिक हिंदी समाचार पत्र **"हुंकार"** का प्रकाशन शुरू किया जो बिहार में किसान और कृषि आंदोलनों का मुखपत्र बन गया।

## आधुनिक बिहार के निर्माण में महिलाओं की भूमिका

1. **प्रभावती देवी**- वह ब्रज किशोर प्रसाद की बेटी और जय प्रकाश नारायण की पत्नी थीं। अपने पिता और पति के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम और महिलाओं के सामाजिक उत्थान में भी भाग लिया। उन्होंने **पटना** में **महिला चरखा समिति** की शुरुआत की। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें भागलपुर जेल भेज दिया गया।
2. **अमला मुखर्जी**- उन्होंने वर्ष 1921-22 के दौरान **मुजफ्फरपुर** में **घूँघट प्रथा** के खिलाफ आंदोलन शुरू किया। वर्ष 1928 में गांधीजी के आह्वान पर इस प्रथा के विरुद्ध पुनः आवाज उठाई गई। दरभंगा में रामा नंद मिश्रा ने घूँघट प्रथा के विरुद्ध आंदोलन किया।
3. **विन्ध्यवासिनी देवी**- नमक सत्याग्रह के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और मुजफ्फरपुर जेल भेज दिया गया। सरकार ने **कन्या स्वयं सेविका दल** को अवैध घोषित कर दिया।

# बिहार के महत्वपूर्ण व्यक्तित्व

## जयप्रकाश नारायण



- प्रसिद्ध राजनीतिक हस्ती को **जेपी** या **लोकनायक** के नाम से भी जाना जाता है।
- उनका जन्म **11** अक्टूबर **1902** को **सारण** जिले के **सिताबदियारा** में हुआ था।
- उन्होंने **"संपूर्ण क्रांति"** की शुरुआत की।
- रामवृक्ष बेनीपुरी ने उनकी जीवनी लिखी।
- उन्हें वर्ष **1999 में भारत रत्न** और वर्ष **1965 में रेमन मैग्सेसे** पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- उन्होंने **इंडियन सोशलिस्ट पार्टी** की स्थापना की।

## राजेन्द्र प्रसाद



- डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जन्म 3 दिसंबर 1884 को **सीवान के जीरादेई** में हुआ था।
- उन्होंने सभी राष्ट्रीय आंदोलनों के दौरान बिहार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- वर्ष **1911** के कलकत्ता अधिवेशन में वे कांग्रेस में शामिल हुए।
- उन्होंने **"अधिक अन्न उगाओ"** का नारा दिया।
- उन्होंने 26 जनवरी 1950 से 13 मई 1962 तक भारत के राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया।
- वर्ष **1962** में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया।
- उनके द्वारा लिखी गई पुस्तकें**: चंपारण में सत्याग्रह, इंडिया डिवाइडेड** और **आत्मकथा।**

# अभ्यास कार्य

## BPSC TEST PAPER - 2

**1. 26 नवंबर, 1949 को भारत के लोगों द्वारा अपनाये गए संविधान की प्रस्तावना में निम्नलिखित में से कौन सा/से शब्द शामिल नहीं था/थे?**

1. समाजवादी
2. गणतंत्र
3. पंथनिरपेक्ष
4. अखंडता

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनें:

(A) 1, 2 और 3 (B) 2 और 3
(C) 3 और 4 (D) 1, 3 और 4

**2. राज्यों के पुनर्गठन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही नहीं है/हैं?**

1. राज्य पुनर्गठन से संबंधित विधेयकों को राष्ट्रपति की मंजूरी के बिना संसद में प्रस्तुत नहीं किया जा सकता।
2. राष्ट्रपति इस विधेयक को संबंधित राज्य के विधानमंडल के पास उनका मत जानने के लिए भेजता है।
3. राज्य के पुनर्गठन हेतु राष्ट्रपति संबंधित राज्य का मत स्वीकार करने के लिए बाध्य होता है।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:

(A) केवल 1 (B) केवल 3
(C) केवल 1 और 2 (D) केवल 2 और 3

**3. राज्य पुनर्गठन आयोग/समिति से संबंधित सूची 1 एवं सूची 2 को सुमेलित करें-**

| **सूची-I** आयोग/समिति | **सूची-II** गठन का वर्ष |
|---|---|
| 1. फजल अली आयोग | a. जून 1948 |
| 2. धर आयोग | b. दिसंबर 1948 |
| 3. जे.वी.पी. समिति | c. दिसंबर 1953 |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनें:

(A) 1-a, 2-b, 3-c
(B) 1-c, 2-a, 3-b
(C) 1-c, 2-b, 3-a
(D) 1-b, 2-a, 3-c

**4. विभिन्न मामलों से संबंधित सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित करें -**

| **सूची-I** मामला | **सूची-II** वर्ष |
|---|---|
| 1. शंकरी प्रसाद बनाम भारत संघ | a. 1973 |
| 2. सज्जन सिंह बनाम राजस्थान राज्य | b. 1951 |
| 3. गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य | c. 1965 |
| 4. केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य | d. 1967 |

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:

(A) 1-a, 2-b, 3-c, 4-d
(B) 1-b, 2-c, 3-d, 4-a
(C) 1-b, 2-d, 3-c, 4-a
(D) 1-d, 2-c, 3-b, 4-a

**5. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है:**

A. आत्यंतिक वीटो : राष्ट्रपति विधेयक को अपने पास सुरक्षित रख लेता है।
B. विशेषित वीटो : यह वीटो शक्ति केवल भारत के राष्ट्रपति के पास है।
C. निलंबित वीटो : राष्ट्रपति विधेयक को पुनर्विचार के लिए संसद को वापस भेज सकता है।
D. पॉकेट वीटो: : राष्ट्रपति विधेयक को अपने पास रखता है, इस संदर्भ में भारत का राष्ट्रपति अमेरिका के राष्ट्रपति से अधिक शक्तिशाली है।

**6. मंडल आयोग निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

(A) पंचायती राज संस्थाएं
(B) केंद्र राज्य संबंध
(C) प्रथम पिछड़ा वर्ग आयोग
(D) द्वितीय पिछड़ा वर्ग आयोग

**7. राष्ट्रपति द्वारा अध्यादेश जारी करने के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें -**

1. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 123 में राष्ट्रपति की अध्यादेश संबंधी शक्तियों का उल्लेख किया गया है।
2. राष्ट्रपति की अध्यादेश जारी करने की शक्ति उसकी विवेकाधीन शक्तियों पर आधारित है।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से गलत है/हैं?

(A) (A)केवल 1 (B) केवल 2
(B) (C)1 और 2 दोनों (D) न तो 1, न ही 2

**8. नीचे दो कथन हैं, जिनमें से एक अभिकथन (A) है और दूसरा कारण (R) है।**

कथन (A): गतिरोध की स्थिति में, राष्ट्रपति के पास दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन बुलाने की शक्ति है।

कारण (R): भारतीय संविधान का अनुच्छेद 108 राष्ट्रपति को संयुक्त अधिवेशन बुलाने की शक्ति देता है।

सही उत्तर का चयन करें:

(A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सत्य है लेकिन R गलत है।
(D) A और R दोनों गलत हैं।

**9. निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रपति की चुनाव प्रक्रिया में भाग लेता है लेकिन राष्ट्रपति के महाभियोग की प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकता?**

(A) लोकसभा
(B) राज्यों की विधान सभाएँ
(C) राज्य सभा
(D) राज्यों की विधान परिषद

**10. निम्नलिखित में से कौन उपराष्ट्रपति के निर्वाचन मंडल में भाग लेते है?**

1. राज्य सभा के सभी सदस्य
2. राज्य विधानसभा के सभी सदस्य
3. लोक सभा के सभी सदस्य
4. राज्य विधान परिषद के सभी सदस्य
5. केंद्र शासित प्रदेशों के निर्वाचित सदस्य

सही कूट का चयन करें:

(A) 1 और 3 (B) 1, 2 और 3
(C) 2, 3, 4 और 5 (D) 1, 3, 4, और 5

**11. प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत के अनुसार, प्लेट की गति मुख्य रूप से संचालित होती है:**

1. ज्वारीय बल
2. संवहनीय धारा
3. पृथ्वी का घूर्णन

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2
(C) केवल 2 और 3
(D) 1, 2 और 3

**12. निम्नलिखित में से कौन प्लेट की गति का प्रभाव नहीं है?**

1. पर्वत श्रृंखलाओं का निर्माण
2. भूकंप और ज्वालामुखी विस्फोट/उद्भेद
3. महाद्वीपीय विस्थापन
4. भू-संतुलन

सही कूट को चुनें:

(A) केवल 1 (B) केवल 1 और 3
(C) केवल 3 (D) केवल 4

**13. वैश्विक जलवायु पैटर्न पर सबसे अधिक प्रभाव किस महासागरीय धारा का पड़ता है?**

(A) गल्फ धारा
(B) कुरोशियो धारा
(C) अंटार्कटिक सर्कंपोलर धारा
(D) हम्बोल्ट धारा

**14. समुद्री धाराओं के पीछे की प्राथमिक प्रेरक शक्ति क्या है?**

(A) जल के भीतर ज्वालामुखी विस्फोट
(B) भूकंप
(C) पवन क्रिया
(D) ज्वारीय बल

**15. वह कौन सी प्रक्रिया है जिसके माध्यम से गहरे समुद्र में धाराएँ उठती हैं और पोषक तत्वों को सतह की ओर ले जाती हैं, और समुद्री जीवन को बढ़ावा मिलता है?**

(A) अपवेलिंग
(B) डाउनवेलिंग
(C) थर्मोहेलाइन परिसंचरण
(D) गॉयर परिसंचरण

**16. पवन का अवप्रवाह, उच्च दाब और आमतौर पर शुष्क स्थिति किस दाब क्षेत्र की विशेषता है?**

(A) अंतर-उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र(ITCZ)

(B) उपोष्णकटिबंधीय उच्च दाब

(C) ध्रुवीय उच्च दाब क्षेत्र

(D) मध्य अक्षांशीय चक्रवात

**17. कौन सा बल मुख्य रूप से दाब पेटियों के भीतर वायु द्रव्यमान की गति को संचालित करता है?**

(A) कॉरिओलिस प्रभाव

(B) तापमान अंतराल

(C) समुद्री धाराएं

(D) गुरुत्वाकर्षण

**18. कौन सी परिघटना प्रायः विभिन्न दाब पेटियों की सीमाओं पर वर्षा का कारण बनती है?**

1. वायु राशियों का अभिसरण
2. वायुराशियों का अपसरण
3. स्थिर उच्च दाब प्रणालियाँ
4. तापमान में वृद्धि

सही कूट को चुनें:

(A) केवल 1 (B) केवल 1 और 3

(C) केवल 1 और 2 (D) इनमें से कोई भी नहीं

**19. बनिहाल दर्रा निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में स्थित है?**

(A) हिमाचल प्रदेश

(B) सिक्किम

(C) अरुणाचल प्रदेश

(D) जम्मू और कश्मीर

**20. ग्लेशियर भू-आकृतियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. सर्क
2. फ्यॉर्ड
3. V आकार की घाटी
4. निलंबित घाटी

उपरोक्त में से कितने विकल्प ग्लेशियर भू-आकृतियों से संबंधित हैं/हैं?

(A) केवल 1 (B) केवल 1 और 2

(C) केवल 1, 3 और 4 (D) केवल 1, 2 और 4

**21. निम्नलिखित पर विचार करें:**

| | स्थानीय पवन | अवस्थिति |
|---|---|---|
| 1. | बुरान | रूस |
| 2. | सिरोको | दक्षिण अमेरिका |
| 3. | बर्ग | दक्षिण अफ्रीका |
| 4. | हरमट्टन | सहारा |

उपरोक्त में से कौन सा सुमेलित है?

(A) केवल 1

(B) 1 , 3 और 4

(C) 1 और 2

(D) केवल 1, 2 और 3

**22. निम्नलिखित में से कौन सी नदी विंध्य के दक्षिणी ढलान से होकर प्रवाहित होती है?**

(A) चंबल (B) तापी/ताप्ती

(C) नर्मदा (D) बेतवा

**23. "नीलकुरिंजी" का पौधा पाया जाता है:**

(A) हिमालय (B) विंध्य पर्वतमाला

(C) पश्चिमी घाट (D) उपर्युक्त सभी

**24. गोंडवाना चट्टानें भारत के किन राज्यों में पाई जाती हैं?**

(A) हरियाणा, राजस्थान, गुजरात

(B) तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक

(C) आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक

(D) उपर्युक्त सभी

**25. निम्नलिखित में से कौन कावेरी नदी की एक सहायक नदी नहीं है?**

(A) हेमावती (B) काबिनी

(C) भवानी (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**26. ऋतुओं के अनुसार दिन और रात की लंबाई में भिन्नता का कारण क्या है?**

(A) पृथ्वी का अपनी धुरी पर घूर्णन

(B) अण्डाकार/दीर्घवृत्ताकार कक्षा में सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की परिक्रमा

(C) स्थान की अक्षांशीय स्थिति

(D) झुकी हुई धुरी पर पृथ्वी का परिभ्रमण

**27. निम्नलिखित में से कौन सा द्वीप समूह युग्म एक दूसरे से 'दस डिग्री चैनल' द्वारा पृथक होता है?**

(A) अण्डमान और निकोबार
(B) निकोबार और सुमात्रा
(C) मालदीव और लक्षद्वीप
(D) सुमात्रा और जावा

**28. निम्नलिखित में से कौन सी भारतीय कोयले की विशेषताऐं है/हैं?**

1. उच्च राख सामग्री
2. निम्न सल्फर सामग्री
3. निम्न राख संलयन तापमान

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2
(C) केवल 1 और 3
(D) 1, 2 और 3

**29. निम्नलिखित पाल राजाओं में से किसने मूलत: "महाराजाधिराज" की उपाधि धारण की थी?**

(A) गोपाल
(B) धर्मपाल
(C) देवपाल
(D) विग्रहपाल

**30. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. कोल विद्रोह का नेतृत्व बुधु भगत ने किया था।
2. भूमिज विद्रोह का नेतृत्व गंगा नारायण ने किया था।
3. ताना भगत आंदोलन एक सामाजिक-धार्मिक आंदोलन था।
4. 'हो' आदिवासी आंदोलन का नेतृत्व राजा परहत ने किया था।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है?

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2, 3, और 4
(C) केवल 1, 3, और 4
(D) उपरोक्त सभी

**31. 1857 के विद्रोह से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. बिहार में 1857 के विद्रोह की पहली घटना का साक्ष्य देवघर के रोहिणी गाँव से मिलता है।
2. कैंपबेल के नेतृत्व में ब्रिटिश सैनिकों द्वारा बीबीगंज की लड़ाई में कुंवर सिंह को हराया गया था।
3. ली ग्रैंड की सेना पर जीत के चार दिन बाद 26 अप्रैल, 1858 को कुँवर सिंह की मृत्यु हो गई।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

(A) केवल 1
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3
(D) 1, 2, और 3

**32. बिहार में महात्मा गांधी के नेतृत्व में 1917 का चंपारण सत्याग्रह भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक निर्णायक क्षण था। चंपारण सत्याग्रह के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. आंदोलन का मुख्य उद्देश्य नील की खेती की व्यवस्था को समाप्त करना था।
2. अहिंसक प्रतिरोध के तरीकों को लेकर गांधी जी को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के भीतर से ही काफी विरोध का सामना करना पड़ा।
3. इस आंदोलन के परिणामस्वरूप तिनकठिया प्रणाली का तत्काल और पूर्ण उन्मूलन हुआ, जो किसानों को नील की खेती करने के लिए मजबूर करती थी।
4. चंपारण सत्याग्रह की सफलता ने प्रत्यक्ष रूप से तीन साल बाद असहयोग आंदोलन को जन्म दिया।

सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए:

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 1 और 3
(C) केवल 2 और 4
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**33. कौन सा प्राचीन साम्राज्य, जो अपनी शक्तिशाली नौसेना और रेशम मार्ग के माध्यम से व्यापार के लिए जाना जाता है, की राजधानी पाटलिपुत्र में थी, जो वर्तमान बिहार में स्थित है?**

(A) मौर्य साम्राज्य
(B) गुप्त साम्राज्य
(C) पाल साम्राज्य
(D) चोल साम्राज्य

**34. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?**

| वन्यजीव अभ्यारण्य | जिले |
|---|---|
| A. वाल्मिकी | पश्चिमी चंपारण |
| B. कैमूर | रोहतास |
| C. विक्रमशिला | बेगूसराय |
| D. भीमबांध | मुंगेर |

**35. लीची की खेती के लिए निम्नलिखित में से कौन सी मिट्टी की आवश्यकता होती है?**

(A) गांगेय जलोढ़
(B) तराई मिट्टी
(C) लैटेराइट मिट्टी
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**36. बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार वर्तमान मूल्य पर बिहार की प्रति व्यक्ति आय कितनी है?**

(A) 59,637 रूपये
(B) 50,848 रूपये
(C) 34,314 रूपये
(D) 58,964 रूपये

**37. प्राचीन लावा प्रवाह से बनी बिहार की कौन सी विशिष्ट भू-आकृति आसपास के मैदानी भागों के अकस्मात उभरने के परिणामस्वरूप बनी है, जिसमें खड़ी चट्टानें, झरने और दुर्लभ वनस्पतियां तथा जीव-जंतु शामिल हैं। यहाँ एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल और राष्ट्रीय पार्क भी है।**

(A) राजगीर की पहाड़ियाँ
(B) छोटा नागपुर का पठार
(C) कैमूर की पहाड़ियाँ
(D) तराई क्षेत्र

**38. नवीनतम जनगणना (2011) के आधार पर बिहार की जनसंख्या के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?**

(A) भारत में सबसे युवा आबादी बिहार में है।
(B) बिहार की अधिकांश आबादी शहरी क्षेत्रों में वास करती है।
(C) बिहार में लिंगानुपात राष्ट्रीय औसत से अधिक है।
(D) बिहार में साक्षरता दर राष्ट्रीय औसत से ऊपर है।

**39. बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

1. बिहार में 2021-22 में प्राथमिक क्षेत्र की GVA में हिस्सेदारी 20.7% थी, और इस क्षेत्र में राज्य में कुल कार्यबल का 47.8% कार्य करता है।
2. 2021-22 में राज्य के GVA में द्वितीयक क्षेत्र की हिस्सेदारी 20.7% और रोजगार में हिस्सेदारी 25.9% रही।
3. 2021-22 में राज्य के GVA में तृतीयक क्षेत्र की हिस्सेदारी 58.6% और रोजगार में हिस्सेदारी 26.3% है।

सही विकल्प चुनिए:

(A) 1 और 2
(B) केवल 1
(C) 1 और 3
(D) 1, 2 एवं 3

**40. बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार 2022-23 में बिहार में कुल अंडा उत्पादन कितना है?**

(A) 125 करोड़
(B) 255 करोड़
(C) 343.43 करोड़
(D) 327.43 करोड़

**41. निम्नलिखित में से कौन सा कथन बिहार की वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था की विशेषता नहीं है?**

(A) राज्य विधानमंडल एक सदनीय है, जिसमें केवल विधानसभा शामिल है।
(B) भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त राज्यपाल, राज्य के प्रमुख के रूप में कार्य करता है, लेकिन उसके पास व्यापक रूप से औपचारिक शक्तियां ही होती हैं।
(C) मुख्यमंत्री (सरकार का प्रमुख) को विधानसभा में बहुमत प्राप्त दल या गठबंधन द्वारा चुना जाता है।
(D) पंचायती राज प्रणाली निर्वाचित ग्राम पंचायतों, प्रखंडों और जिला परिषदों को प्रशासनिक शक्तियाँ सौंपती है।

**42. बिहार बजट 2024-25 के अनुसार किस क्षेत्र में बिहार ने सबसे अधिक व्यय किया है।**

(A) शिक्षा
(B) स्वास्थ्य
(C) कृषि
(D) सड़कें और पुल

**43. बिहार बजट 2024-25 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सत्य नहीं है ?**

(A) शहरी क्षेत्रों में महिला स्वयं सहायता समूह को सुविधाएं प्रदान करने के लिए जीविका का विस्तार किया जाएगा।

(B) गरीब परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए लघु व्यवसाय स्थापित करने हेतु 3 लाख रुपये का अनुदान देने की योजना को मंजूरी दी गई है।

(C) वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राजकोषीय घाटा को GSDP के 3% तक लक्षित किया गया है।

(D) वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बिहार का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) (वर्तमान मूल्य पर) के 9.76 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

**44. आदित्य L1 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. दृश्यमान उत्सर्जन रेखा कोरोनाग्राफ (VELC)
2. सौर पराबैंगनी इमेजिंग टेलीस्कोप (SUIT)
3. सौर निम्न ऊर्जा एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (SoLEXS)
4. नियर-इन्फ्रारेड टेलीस्कोप (NIRAT)

**उपरोक्त पेलोड में से किसका उपयोग सौर ज्वालाओं और कोरोनल मास इजेक्शन (CMEs) की उत्पत्ति की जांच के लिए किए जाने की सबसे अधिक संभावना है?**

(A) केवल 1 और 2

(B) केवल 1 और 3

(C) केवल 3

(D) केवल 2 और 4

**45. निम्नलिखित में से किस प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय नर्तकी को 2023 का प्रतिष्ठित नृत्य कलानिधि उपाधि से सम्मानित किया गया था?**

(A) वसंतलक्ष्मी नरसिम्हाचारी

(B) सोनल मानसिंह

(C) मृणालिनी साराभाई

(D) रुक्मिणी अरुंडेल

**46. स्पेस X मुख्य रूप से अंतरिक्ष अन्वेषण और प्रौद्योगिकी के किस पहलू पर ध्यान केंद्रित करती है?**

(A) गहन अंतरिक्ष अन्वेषण और वैज्ञानिक मिशन

(B) व्यावसायिक उपग्रह प्रक्षेपण और अंतरिक्ष पर्यटन

(C) पुन: प्रयोज्य रॉकेटों और अंतरिक्ष यानों का विकास

(D) उपरोक्त सभी

**47. कौन सा बिम्सटेक (BIMSTEC) सदस्य देश संगठन के क्षेत्रीय सहयोग के तहत क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करता है?**

(A) बांग्लादेश

(B) म्यांमार

(C) भारत

(D) थाईलैंड

**48. हाल ही में किस भारतीय हवाई अड्डे को उसके उत्कृष्ट डिजाइन और सुंदरता के लिए यूनेस्को के प्रिक्स वर्सेल्स द्वारा "इंटीरियर के लिए विशेष पुरस्कार" से सम्मानित किया गया?**

(A) इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, दिल्ली

(B) छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, मुंबई

(C) केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, बेंगलुरु (टर्मिनल 2)

(D) कोचीन/कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, केरल

**49. हाल ही में पारित डाकघर विधेयक में गोपनीयता और जवाबदेही के संबंध में प्रमुख चिंताएं हैं। निम्नलिखित में से कौन सी विधेयक की वैध आलोचना नहीं है?**

(A) विधेयक डाक सेवाओं में खामियों के लिए भारतीय डाक को उत्तरदायित्व से छूट प्रदान करता है।

(B) यह विधेयक केंद्र सरकार को डाक सेवाओं पर विशेष अधिकार प्रदान करता है।

(C) विधेयक में डाक कर्मचारियों के लिए किसी अपराध और दंड का उल्लेख नहीं है।

(D) विधेयक "आपातकाल" जैसे अस्पष्ट आधार पर डाक सामग्रियों को रोकने की अनुमति देता है, जो संभावित रूप से मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं।

**50. लॉस एंजिल्स काउंटी मेडिकल परीक्षक की रिपोर्ट में निम्नलिखित में से किस कारक को मैथ्यू पेरी की मौत के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार नहीं ठहराया गया था?**

(A) केटामाइन का तीव्र प्रभाव

(B) डूबना

(C) कोरोनरी धमनी रोग

(D) ओपिओइड ओवरडोज़

**51. PMLA की धारा 19(1) के तहत आरोपी व्यक्ति के किस मौलिक अधिकार के संभावित उल्लंघन के बारे में चिंता पैदा करता है?**

(A) चुप रहने का अधिकार
(B) कानूनी प्रतिनिधित्व का अधिकार
(C) निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार
(D) गिरफ्तारी के कारणों के बारे में सूचित किए जाने का अधिकार

**52. दूरसंचार विधेयक 2023 के निम्नलिखित में से किस प्रावधान ने सबसे अधिक विवाद उत्पन्न किया है?**

(A) आपातकालीन स्थिति में सरकार को अस्थायी रूप से दूरसंचार सेवाओं को अपने नियंत्रण में लेने की शक्ति प्रदान करना।
(B) तीन मौजूदा कानूनों को प्रतिस्थापित करना और दूरसंचार के लिए कानूनी ढांचे को मजबूत बनाना।
(C) कुछ कंपनियों को सैटेलाइट ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम के निःशुल्क आवंटन की अनुमति देना।
(D) दूरसंचार सेवाओं की परिभाषा से OTT प्रतिभागियों को हटाना।

**53. निम्न में से किस कारक को IMF के अनुसार भारत की अनुमानित आर्थिक वृद्धि में प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में उद्धृत नहीं किया जा सकता है?**

(A) भारत की युवा आबादी और बढ़ता हुआ कार्यबल ("जनसांख्यिकीय/जनांकिकीय लाभांश")
(B) सरकार द्वारा पूंजीगत व्यय बढ़ाना।
(C) हरित अर्थव्यवस्था की ओर बदलाव और नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश।
(D) वैश्विक आर्थिक मंदी में भारत की भूमिका "ब्राइट स्पॉट" के रूप में।

**54. नामदफा उड़न गिलहरी को खोजने में निम्नलिखित में से कौन सा कारक एक बड़ी चुनौती नहीं माना जाता है?**

(A) इसका रात्रिचर स्वभाव, अवलोकन को कठिन बनाता हैं।
(B) यह विशालकाय लाल उड़न गिलहरी जैसी दिखती है।
(C) इसकी जनसंख्या का आकार छोटा और विस्तार क्षेत्र सीमित है।
(D) पेड़ की छाल में खुद को प्रभावी ढंग से छुपाने की इसकी क्षमता।

**55. आईएमएफ का सुझाव है कि भारत अधिक लचीली विनिमय दर व्यवस्था की ओर बढ़े। निम्नलिखित में से कौन सा संभावित लाभ ऐसे बदलाव से जुड़ा हो सकता है?**

1. हस्तक्षेप की कम आवश्यकता के कारण विदेशी मुद्रा भंडार पर कम दबाव।
2. विदेशी निवेशकों के लिए बेहतर पारदर्शिता और पूर्वानुमान।
3. विनिमय दर में प्रत्यक्ष हेरफेर करके मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने की क्षमता में वृद्धि।
4. कमजोर रुपये के माध्यम से घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना जो निर्यात को सस्ता बनाता है

**सही कूट का चयन कीजिए:**

(A) केवल 1
(B) केवल 1 और 2
(C) केवल 3 और 4
(D) केवल 1, 2 और 3

**56. बिम्सटेक के क्षेत्रीय आर्थिक विकास और सहयोग के लक्ष्यों को प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण बाधा निम्नलिखित में निहित है:**

(A) इसके सदस्य देशों की विविध राजनीतिक और आर्थिक प्रणालियाँ।
(B) सहयोगात्मक परियोजनाओं के लिए स्थापित संस्थागत तंत्र की कमी।
(C) क्षेत्र के भीतर व्यापार की सीमित मात्रा और अविकसित बुनियादी ढांचा कनेक्टिविटी।
(D) कुछ सदस्य देशों के बीच ऐतिहासिक भूराजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और सीमा विवाद।

**57. हाल के दिनों में भारत के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) में हुई वृद्धि के लिए निम्नलिखित में से कौन सा कारक सर्वाधिक जिम्मेदार है?**

(A) आय के बढ़ते स्तर के कारण उपभोक्ता व्यय में बढ़ोतरी।
(B) कम ब्याज दरों ने अधिक उधार लेने और खर्च करने के लिए प्रोत्साहित किया है।
(C) रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान।
(D) प्रौद्योगिकी/तकनीक में प्रगति से उत्पादन लागत में कमी आई है।

**58. साहित्य अकादमी पुरस्कारों के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?**

(A) राजशेखरन, पतंजलि शास्त्री, और ई.वी. रामकृष्णन पुरस्कार के हालिया प्राप्तकर्ता हैं।

(B) यह पुरस्कार 24 भारतीय भाषाओं में उत्कृष्ट साहित्यिक पुस्तकों के लिए प्रतिवर्ष प्रदान किए जाते हैं।

(C) अंग्रेजी और राजस्थानी को हाल ही में पुरस्कारों के लिए पात्र भाषाओं की सूची में शामिल किया गया था।

(D) साहित्य अकादमी की स्थापना 1954 में हुई थी और इसका मुख्यालय कोलकाता में है।

**59. निम्नलिखित में से कौन सी तकनीक आमतौर पर जेनेटिक इंजीनियरिंग में उपयोग नहीं की जाती है?**

(A) पोलीमरेज़ चेन रिएक्शन (PCR)

(B) रेस्ट्रिक्शन एन्जाइम डाइजेशन

(C) जीन गन बॉम्बार्डमेंट

(D) साउदर्न ब्लॉटिंग

**60. एक ट्रांसजेनिक जीव में, एक भिन्न जीन को उसके जीनोम में डाला जाता है। इसके क्या संभावित नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं?**

(A) एलर्जी पैदा करने वाले नए तत्वों का प्रवेश

(B) मौजूदा जीन कार्यों में व्यवधान

(C) अन्य जीनों का अनपेक्षित सक्रियण

(D) उपरोक्त सभी

**61. CRISPR-CAS9 अधिक सटीकता के साथ जीन को संपादित करने के लिए एक क्रांतिकारी साधन है। इस तकनीक में CAS9 प्रोटीन की क्या भूमिका है?**

(A) लक्ष्य DNA अनुक्रम की पहचान करना।

(B) Cas9 प्रोटीन को लक्ष्य स्थल तक निर्देशित करना।

(C) लक्ष्य स्थल पर DNA को काटना।

(D) टूटे हुए DNA सिरों की मरम्मत करना।

**62. आनुवंशिक रूप से संशोधित (GM) फसलें अक्सर विवादास्पद होती हैं। GM फसलों के उपयोग के पक्ष में वैध तर्क क्या है?**

(A) कृषि उत्पादकता में वृद्धि।

(B) कीटों और रोगों के प्रति संवर्द्धित प्रतिरोधक क्षमता।

(C) बेहतर पोषण मूल्य।

(D) उपरोक्त सभी।

**63. निम्नलिखित में से कौन सी तकनीक आधुनिक अगली पीढ़ी के अनुक्रमण (NGS) वर्कफ़्लो का हिस्सा नहीं है?**

(A) पोलीमरेज़ चेन रिएक्शन (PCR)

(B) फ्लोरोसेंट लेबलिंग ऑफ़ न्यूक्लियोटाइड्स

(C) जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस फॉर फ्रेगमेंट सेपरेशन

(D) सिंगल मॉलिक्यूल सिक्वेंसिंग

**64. लक्षित अनुक्रमण विधियों की तुलना में संपूर्ण-जीनोम अनुक्रमण (WGS) का मुख्य लाभ क्या है?**

(A) प्रति अनुक्रमित आधार युग्म की कम लागत

(B) विशिष्ट जीनों की रुचि का उच्च कवरेज

(C) पूरे जीनोम में अप्रत्याशित आनुवंशिक विविधताओं का पता लगाना

(D) परिणाम प्राप्त करने के लिए तेज़ टर्नअराउंड समय

**65. जीनोम अनुक्रमण डेटा के उपयोग से संबंधित कुछ संभावित नैतिक चिंताएँ क्या हैं?**

(A) परिणामों की गलत व्याख्या जिसके कारण निदान त्रुटिपूर्ण हो जाता है।

(B) आनुवंशिक प्रवृत्तियों के आधार पर भेदभाव।

(C) निजी जीनोमिक जानकारी पर व्यक्तिगत नियंत्रण का अभाव।

(D) उपरोक्त सभी

**66. अधिकांश परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में किस ईंधन का उपयोग किया जाता है?**

(A) यूरेनियम 235

(B) प्लूटोनियम 239

(C) थोरियम 232

(D) ड्यूटेरियम

**67. वह कौन सी प्रक्रिया है जिसमें एक भारी नाभिक छोटे-छोटे नाभिकों में विभाजित हो जाता है तथा बड़ी मात्रा में ऊर्जा निकलती है?**

(A) परमाणु संलयन

(B) परमाणु विखंडन

(C) परमाणु क्षय

(D) रेडियोधर्मी रूपांतरण

**68. परमाणु रिएक्टर में नियंत्रक छड़ों का प्रयोजन क्या है?**

(A) ऊष्मा उत्पन्न करने के लिए।

(B) श्रृंखला अभिक्रिया प्रारंभ करने के लिए।

(C) श्रृंखला अभिक्रिया को नियंत्रित करने के लिए।

(D) परमाणु विकिरण को नियंत्रित करने के लिए।

69. **परमाणु प्रौद्योगिकी के उपयोग से संबंधित मुख्य चिंताएँ क्या हैं?**
1. विद्युत उत्पादन की उच्च लागत।
2. उपयुक्त रिएक्टर साइट खोजने में कठिनाई।
3. परमाणु दुर्घटनाओं और रेडियोधर्मी अपशिष्ट निपटान का जोखिम।
4. ईंधन के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता।

**सही कूट का चयन कीजिए:**
(A) केवल 2
(B) केवल 1 और 3
(C) केवल 2 और 3
(D) केवल 3 और 4

70. **कौन सा जीवाणु तपेदिक का कारण है?**
(A) स्टाफीलोकोकस ऑरीअस
(B) माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरक्यूलोसिस
(C) स्ट्रैपटोकोकस निमोनिया
(D) एस्चेरिचिया कोलाई

71. **'आयकर सेतु' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**
(A) यह जीएसटी से संबंधित सार्वजनिक क्षेत्र की वितरण में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एक तंत्र है।
(B) मोबाइल ऐप के उपयोग से यह करों के ऑनलाइन भुगतान की सुविधा प्रदान करता है।
(C) यह एक संचार रणनीति है जिसे जानकारी एकत्र करने और कर बकाएदारों का डेटाबेस बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
(D) यह आयात और निर्यात घोषणाओं की इलेक्ट्रॉनिक फाइलिंग और संसाधन को सक्षम बनाता है।

72. **सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए:**

| सूची I: [समिति] | सूची II: [विषय] |
|---|---|
| A. रंगराजन समिति | 1. गरीबी का आँकलन |
| B. नरसिम्हन समिति | 2. जीएसटी संबंधी सुझाव |
| C. केलकर समिति | 3. बीमा सुधार |
| D. मल्होत्रा समिति | 4. बैंकिंग क्षेत्र में सुधार |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

73. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. मंदी के बाद आर्थिक सुधार तब होता है जब अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्र में विभिन्न दरों, समय-सीमाओं या मात्राओं के संदर्भ में सुधार होता है।
2. इसके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था की संरचना में बदलाव आता है।
3. तुलना करने पर, अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के आर्थिक सुधार पथ भिन्न हो सकते हैं।

**उपरोक्त विवरण निम्नलिखित में से किस आर्थिक विकास पुनर्बहाली ग्राफ़ को सर्वाधिक उपयुक्त रूप में प्रस्तुत करता है?**
(A) Z- आकार की पुनर्बहाली
(B) V- आकार की पुनर्बहाली
(C) L- आकार की पुनर्बहाली
(D) K- आकार की पुनर्बहाली

74. **भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद वार्षिक वित्तीय विवरण से संबंधित है?**
(A) अनुच्छेद 111
(B) अनुच्छेद 112
(C) अनुच्छेद 123
(D) अनुच्छेद 223

75. **निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| | रोजगार | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|
| 1. | ब्लू-कॉलर | शारीरिक श्रम |
| 2. | गोल्ड-कॉलर | अत्यधिक कुशल कर्मचारी |
| 3. | रेड-कॉलर | सरकारी कर्मचारी |

**उपरोक्त युग्मों में से कौन सा/से सुमेलित है/हैं?**
(A) केवल 1
(B) केवल 1 और 2
(C) केवल 1 और 3
(D) 1, 2 और 3

76. **प्रायः चर्चा में रहने वाला शब्द 'स्मर्फिंग' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**
(A) वैश्विक व्यापार संरक्षणवाद
(B) धन शोधन की एक तकनीक
(C) दिवालियापन
(D) गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों की वसूली

**77. भारत में मौद्रिक नीति तैयार करने और कार्यान्वित करने के लिए कौन सी एजेंसी जिम्मेदार है?**
(A) वित्त मंत्रालय
(B) वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
(C) भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)
(D) प्रधानमंत्री कार्यालय

**78. भारत में मौद्रिक नीति का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
(A) विदेशी मुद्रा भंडार को अधिकतम करना।
(B) निर्यात को बढ़ावा देना।
(C) मूल्य स्थिरता को बनाए रखना।
(D) पूर्ण रोजगार प्राप्त करना।

**79. अम्लीय वर्षा का PH मान होता है:**
(A) 8 से अधिक
(B) 7
(C) 5.5 से कम
(D) इनमें से कोई नहीं

**80. आंसू गैस के घटकों में से एक है:**
(A) ईथेन
(B) इथेनॉल
(C) ईथर
(D) क्लोरोपिक्रिन

**81. यूकेरियोटिक कोशिका में प्लाज्मा झिल्ली बनी होती है:**
(A) फॉस्फोलिपिड
(B) लिपोप्रोटीन
(C) फॉस्फोलिपोप्रोटीन
(D) फॉस्फो-प्रोटीन

**82. एचआईवी द्वारा निर्मित एक एंजाइम जो मेजबान कोशिका के डीएनए में एचआईवी डीएनए के एकीकरण को सक्षम करता है:**
(A) डीएनए गाइरेज़
(B) लाइगेज
(C) इंटीग्रेज
(D) हेलिकेज़

**83. डीपीटी वैक्सीन को निम्नलिखित में से किस रूप में वर्गीकृत किया गया है?**
(A) एंटी-वायरल वैक्सीन
(B) एंटी प्रोटोजोआ वैक्सीन
(C) एंटी रिकेट्सिया वैक्सीन
(D) कंबाइंड वैक्सीन

**84. निम्नलिखित में से कौन सा पदार्थ सामान्यतः मूत्र में पाया जाता है?**
(A) रक्त प्रोटीन
(B) क्रिएटिनिन
(C) लाल रक्त कोशिकाएं
(D) श्वेत रक्त कोशिकाएं

**85. रक्त समूह AB में होता है:**
(A) कोई एंटीजन नहीं
(B) कोई एंटीबॉडी नहीं
(C) न तो एंटीजन और न ही एंटीबॉडी
(D) एंटीजन और एंटीबॉडी दोनों

**86. मानव शरीर में निम्नलिखित में से कौन सा हार्मोन रक्त कैल्शियम और फॉस्फेट को नियंत्रित करता है?**
(A) ग्लूकागन
(B) ग्रोथ हार्मोन
(C) पैराथाइरॉइड हार्मोन
(D) थायरॉक्सिन

**87. दांतों और हड्डियों को मजबूती और कठोरता निम्नलिखित में से किस से प्राप्त होती है?**
(A) क्लोरीन
(B) सोडियम
(C) कैल्शियम
(D) फ्लोरीन

**88. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से यूट्रोफिकेशन के संबंध में सही है/हैं?**
1. यह पानी में घुलित ऑक्सीजन को कम करता है।
2. यह जल निकाय के पोषक तत्व संवर्धन की घटना है।

निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

कूट:
(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1 और न ही 2

**89. निपाह वायरस के संबंध में कौन सा कथन सत्य नहीं है?**
(A) यह चमगादड़ों से फैलता है।
(B) यह हवा से फैलता है।
(C) किसी भी सामग्री या ईंधन की बूंदों से फैल सकता है।
(D) सूअर, बकरी, घोड़े, कुत्ते और बिल्ली से भी फैल सकता है।

**90. डेटॉल में मौजूद एंटीसेप्टिक यौगिक होता है:**
(A) आयोडीन
(B) क्लोरोक्सीलेनॉल
(C) बायोथियोनल
(D) क्रेसोल

**91. निम्नलिखित में से किसका द्रव्यमान सबसे अधिक है?**
(A) इलेक्ट्रॉन
(B) प्रोटॉन
(C) न्यूट्रॉन
(D) हाइड्रोजन नाभिक

**92. निम्नलिखित में से कौन सा प्रोटीन मानव बाल और नाखूनों में मौजूद होता है?**
(A) ऑक्सीटोसिन
(B) केराटिन
(C) वैसोप्रेसिन
(D) ट्रिप्सिन

**93. एक एन्जाइम जो प्रोटीन के पाचन में सहायक होता है, वह है:**
(A) सल्फाटेज़
(B) ट्रिप्सिन
(C) प्रोटीज़
(D) यूरिया

**94. संगीत समारोहों के लिए बनाए गए हॉल की दीवारें होनी चाहिए:**
(A) ध्वनि को परावर्तित करने वाली
(B) ध्वनि संचारित करने वाली
(C) ध्वनि को अवशोषित करने वाली
(D) ध्वनि बढ़ाने वाली

**95. पराश्रव्य तरंगों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. वे कीड़ों को नष्ट कर सकती हैं।
2. वे धूल को हटाकर कपड़े को साफ कर सकती हैं।
3. इनका उपयोग बीमारियों के इलाज के लिए किया जा सकता है।
4. वे स्वचालित दरवाजों को नियंत्रित कर सकती हैं।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 3 और 4
(C) केवल 1, 2 और 3
(D) उपरोक्त सभी

**96. निम्नलिखित में से कौन सा न्यूटन के गति के प्रथम नियम का अन्य नाम है?**
1. जड़त्व का नियम
2. गैलीलियो का नियम

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1 और न ही 2

**97. एक दिष्ट धारा (DC) का उत्पादन किया जा सकता है:**
(A) रेक्टिफायर द्वारा
(B) डायनमो द्वारा
(C) बैटरी द्वारा
(D) उपरोक्त सभी द्वारा

**98. किसी पिंड का द्रव्यमान जो उस पर लगने वाले बल और पिंड में उत्पन्न त्वरण के अनुपात के बराबर है:**
(A) गुरुत्वीय द्रव्यमान
(B) विद्युतचुंबकीय द्रव्यमान
(C) आंतरिक द्रव्यमान
(D) जड़त्वीय द्रव्यमान

**99. प्रत्यास्थता गुणांक का SI मात्रक क्या है?**
(A) $N/m^2$
(B) N/m
(C) Ns
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**100. प्रकाश के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. प्रकाश, ऊर्जा का एक रूप है।
2. यह विद्युत चुम्बकीय विकिरण के रूप में प्रसारित होता है।
3. इसे संचरण के लिए माध्यम की आवश्यकता होती है।

उपरोक्त में से कौन सा/से सही है/हैं?
(A) केवल 1
(B) केवल 1 और 3
(C) 1, 2 और 3
(D) केवल 1 और 2

**101. गलत सुमेलित युग्म का चयन कीजिए:**

| उत्प्रेरक | प्रक्रिया |
|---|---|
| (A) Fe + Mo | - हेबर प्रक्रिया द्वारा $NH_3$ का संश्लेषण |
| (B) Ni | - वनस्पति घी का संश्लेषण |
| (C) $CuCl_2$ | - अल्कोहल से ईथर तैयार करना |
| (D) Pt | - संपर्क प्रक्रिया द्वारा $H_2SO_4$ का संश्लेषण |

**102. 'कांस्य' जो एक मिश्रधातु है, किससे मिलकर बनती है?**

(A) Cu (70%) +Zn (30%)
(B) Cu (90%) +Sn (10%)
(C) Cu (80%) +Sn (20%)
(D) Cu (60%) +Zn (40%)

**103. 'काओलिन' निम्नलिखित में से किसका एक अयस्क है?**

(A) पोटैशियम
(B) मैग्नीशियम
(C) एल्युमीनियम
(D) कैल्शियम

**104. गलत सुमेलित युग्म का चयन कीजिए:**

| प्रकार | कार्बन का प्रतिशत |
|---|---|
| A. पीट | 40-50 |
| B. लिग्नाइट | 60-70 |
| C. बिटुमिनस | 75-80 |
| D. एन्थ्रेसाइट | 90-95 |

**105. CO तथा $N_2$ का मिश्रण क्या कहलाता है?**

(A) सिनगैस
(B) प्रोड्यूसर गैस
(C) कोल गैस
(D) ऑयल गैस

**106. यह एक ऐसा तंत्र है जिसमें तंत्र/निकाय और परिवेश के बीच ऊष्मा का आदान-प्रदान नहीं होता है। इसे किस रूप में जाना जाता है?**

(A) समतापीय प्रक्रिया
(B) रुद्धोष्म प्रक्रिया
(C) समदाब रेखीय प्रक्रिया
(D) स्थिर आयतन प्रक्रिया

**107. किस तत्व की 'इलेक्ट्रॉन बन्धुता (EA)' सबसे अधिक है?**

(A) फ्लोरीन
(B) सीज़ियम
(C) क्लोरीन
(D) आयोडीन

**108. चीनी के घोल की सांद्रता मापने के लिए निम्नलिखित में से किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?**

(A) लाइसीमीटर
(B) सैकरिमीटर
(C) टैकोमीटर
(D) पाइरोमीटर

**109. बौद्ध धर्म के विनय पिटक में क्या शामिल है?**

(A) बुद्ध की मुख्य शिक्षा या धम्म।
(B) भिक्षुओं और भिक्षुणियों के लिए आचरण और अनुशासन के नियम।
(C) शिक्षण का दार्शनिक विश्लेषण।
(D) बौद्ध धर्म के ऐतिहासिक विवरण।

**110. यूरोपीय कंपनियों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?**

(A) 17वीं सदी में बिहार में यूरोपीय कंपनियों का आगमन हुआ।
(B) पुर्तगाली व्यापारी सबसे पहले बिहार पहुंचे।
(C) पुर्तगालियों ने हुगली में अपना व्यापार स्थापित किया।
(D) उपरोक्त सभी

**111. जैन धर्म और बौद्ध धर्म में क्या अंतर है?**

I. जैन धर्म आत्मा के देहांतरण में विश्वास करता है, जबकि बौद्ध धर्म इसमें विश्वास नहीं करता है।
II. बुद्ध ने मध्यम मार्ग का सुझाव दिया, जबकि जैन धर्म ने तपस्यापूर्ण जीवन की वकालत की।
III. जैन धर्म वर्ण व्यवस्था की निंदा नहीं करता है, जबकि बौद्ध धर्म निंदा करता है।
IV. जैन धर्म ने ईश्वर के अस्तित्व को मान्यता दी, जबकि बौद्ध धर्म ने ऐसा नहीं किया।

ऊपर दिए गए विकल्पों में से कौन सा सही है:

(A) केवल II
(B) केवल I और II
(C) केवल I, II और III
(D) उपरोक्त सभी

**112. किस बौद्ध परिषद संगीति के परिणामस्वरूप पंथ संबंधी मतभेद उत्पन्न हुआ और बौद्ध धर्म हीनयान और महायान परंपराओं में विभाजित हो गया?**

(A) प्रथम संगीति
(B) द्वितीय संगीति
(C) तृतीय संगीति
(D) चतुर्थ संगीति

**113. महात्मा गांधी द्वारा किये गये प्रमुख आंदोलनों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. नमक सत्याग्रह के लिए महात्मा गांधी ने 12 मार्च 1930 को अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से दांडी गांव तक पैदल मार्च निकाला था।
2. महात्मा गांधी के नेतृत्व में 1917 में शुरू हुआ चंपारण सत्याग्रह उनका पहला सविनय अवज्ञा आंदोलन था जो बिहार के चंपारण जिले में शुरू हुआ था।
3. 8 अगस्त 1940 को भारत से ब्रिटिश साम्राज्य को समाप्त करने के लिए महात्मा गांधी द्वारा प्रथम विश्व युद्ध के दौरान भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया गया था।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सत्य है/हैं?

(A) कथन 1 और 2
(B) कथन 1 और 3
(C) कथन 2 और 3
(D) कथन 1, 2 और 3

**114. मेगस्थनीज के अनुसार भारतीय जाति व्यवस्था के सबसे महत्वपूर्ण पहलू कौन से हैं?**

I. अंतर्विवाह
II. सामाजिक विभाजन
III. वंशानुगत व्यवसाय
IV. वर्ण व्यवस्था

ऊपर दिए गए विकल्पों में से कौन सा सही है:

(A) केवल I
(B) केवल I और II
(C) केवल I, II और IV
(D) उपरोक्त सभी

**115. कांग्रेस के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?**

1. कांग्रेस के पहले समर्थक ब्रिटिश भारत के वायसराय लॉर्ड मेयो थे।
2. कांग्रेस के सूरत अधिवेशन में वह "नरमपंथी" और "गरमपंथी" नामक दो गुटों में विभाजित हो गई।
3. जॉर्ज यूल कांग्रेस अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले गैर-भारतीय थे।

विकल्प -

(A) कथन 1 और 2 (B) कथन 1 और 3
(C) कथन 2 और 3 (D) कथन 1, 2 और 3

**116. सातवाहनों के भाग्य को पुनर्जीवित करने का श्रेय अक्सर किसे दिया जाता है और जिसे शक, पल्लव और यवनों का विध्वंसक बताया जाता है?**

(A) यज्ञश्री शातकर्णी
(B) गौतमी-पुत्र शातकर्णी
(C) सिमुक
(D) वैशिष्टिपुत्र पुलुमावी

**117. उन राजाओं के नाम बताइए जिन्होंने पश्चिम में गुजरात से लेकर बंगाल क्षेत्र तक विरासत में मिले साम्राज्य पर नियंत्रण बनाए रखा?**

I. श्री गुप्त प्रथम
II. कुमारगुप्त प्रथम
III. स्कन्दगुप्त
IV. चन्द्रगुप्त प्रथम

उपरोक्त में से कौन सा विकल्प सही है?

(A) केवल II (B) केवल II और III
(C) केवल I, II और IV (D) उपरोक्त सभी

**118. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. अलाउद्दीन खिलजी ने बाजार व्यवस्था की निगरानी के लिए "दीवान-ए-रियासत" विभाग की स्थापना की थी।
2. अलाउद्दीन ने वस्तुओं की कीमत "प्रगतिशील उत्पादन लागत" के सिद्धांत पर निर्धारित की।
3. अलाउद्दीन खिलजी ने मलिक याकूब को "दीवान-ए-रियासत" नियुक्त किया था।

उपरोक्त में से कौन सा कथन सत्य है/हैं?

(A) कथन 1 और 2 (B) कथन 1 और 3
(C) कथन 2 और 3 (D) कथन 1, 2 और 3

**119. मुगलकालीन वास्तुकला के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. हुमायूँ का मकबरा 'मिराक मिर्जा ग्यास बेग' ने तैयार कराया था।
2. हुमायूँ का मकबरा चारों ओर से एक ज्यामितीय चतुर्भुज आकार के बगीचे से घिरा हुआ है।
3. मुगल बादशाहों ने ईरानी और हिंदू शैलियों का समन्वय करके मुगल शैली का निर्माण और विकास किया।

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सत्य नहीं है/हैं?

(A) कोई 1

(B) कोई 2

(C) उपरोक्त तीनों

(D) इनमें से कोई नहीं

**120. भारत में राष्ट्रीय आंदोलनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है/हैं?**

1. लाला हरदयाल ने वर्ष 1913 में गदर आंदोलन की शुरुआत की और 1 नवंबर 1913 को कोटलैंड में गदर पार्टी की स्थापना की।
2. अप्रैल 1916 में तिलक ने होमरूल आंदोलन शुरू किया।
3. वर्ष 1924 में एच.आर.ए. (हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन) का गठन गोंडा में किया गया।

कूट:

(A) कथन 1

(B) कथन 2

(C) कथन 3

(D) कथन 1 और 3

**121. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?**

(A) मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार अधिनियम - 1919

(B) खेड़ा सत्याग्रह - 1918

(C) अकाली आंदोलन - 1925

(D) प्रथम गोलमेज़ सम्मेलन - 1930

**122. नीचे दो कथन हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) कहा जाता है और दूसरे को कारण (R) कहा जाता है:**

अभिकथन (A): संथाल आंदोलन का नेतृत्व दो भाइयों सिद्धू और कान्हू ने किया था।

कारण (R) : संथालों की जमीनों पर जमींदारों ने कब्जा कर लिया था।

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(C) अभिकथन (A) सही है और कारण (R) गलत है।

(D) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

**123. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:**

| सूची-I (भवन) | सूची-II (निर्माणकर्ता) |
|---|---|
| 1. सुल्तान गढ़ी | a. खिज्र खान |
| 2. लाल महल | b. कुत्तुबुदीन ऐबक |
| 3. जमात-ए- खाना मस्जिद | c. इल्तुतमिश |
| 4. अढ़ाई दिन का झोपड़ा | d. बलबन |

कूट -

(A) 1-c, 2-d, 3-a, 4-b

(B) 1-c, 2-d, 3-b, 4-a

(C) 1-c, 2-b, 3-d, 4-a

(D) 1-a, 2-b, 3-c, 4-d

**124. भारत सरकार अधिनियम 1919 में प्रांतीय सरकार के कार्यों को "आरक्षित" और "हस्तांतरित" विषयों में विभाजित किया गया था। निम्नलिखित में से किसे "आरक्षित" विषय माना गया?**

1. न्याय प्रशासन
2. स्थानीय स्वशासन
3. भू-राजस्व
4. पुलिस

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(A) केवल 1, 2 और 3

(B) केवल 2, 3 और 4

(C) केवल 1, 3 और 4

(D) केवल 1, 2 और 4

**125. प्राचीन भारतीय धार्मिक गीतों का अंग्रेजी में अनुवाद 'सॉन्स फ्रॉम प्रिज़न' से निम्नलिखित में से कौन जुड़ा है?**
(A) बाल गंगाधर तिलक
(B) जवाहरलाल नेहरू
(C) मोहनदास करमचंद गांधी
(D) सरोजिनी नायडू

**126. औपनिवेशिक भारत के संदर्भ में शाह नवाज खान, प्रेम कुमार सहगल और गुरबख्श सिंह ढिल्लों को निम्नलिखित में से किसके लिए याद किया जाता है?**
(A) स्वदेशी एवं बहिष्कार आंदोलन के नेता
(B) 1946 में अंतरिम सरकार के सदस्य
(C) संविधान सभा में प्रारूप समिति के सदस्य
(D) इंडियन नेशनल आर्मी के अधिकारी

**127. वेलेजली ने कलकत्ता में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना किस उद्देश्य से की ?**
(A) उसे लंदन में निदेशक मंडल द्वारा ऐसा करने के लिए कहा गया था।
(B) वह भारत में प्राच्य विद्या/शिक्षा के प्रति रुचि को पुनर्जीवित करना चाहता था।
(C) वह विलियम कैरी और उनके सहयोगियों को रोजगार प्रदान करना चाहता था।
(D) वह भारत में प्रशासनिक उद्देश्य के लिए ब्रिटिश नागरिकों को प्रशिक्षित करना चाहता था।

**128. संविधान सभा की समितियों के संबंध में समिति और उसके अध्यक्ष का नाम दिया गया है, निम्नलिखित में से कौन सा/से सही है/हैं?**
1. प्रारूप समिति – डॉ. भीम राव अंबेडकर
2. सदन समिति – जी. वी. मावलंकर
3. कार्य समिति – के. एम. मुंशी
4. संघीय शक्ति समिति – पंडित जवाहर लाल नेहरू

कूट:
(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 1, 3 और 4
(C) केवल 2, 3 और 4
(D) 1, 2, 3 और 4

**129. भारत में फ्रेंच ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना किसने की?**
(A) जीन-बैप्टिस्ट कॉल्बर्ट
(B) फ्रांसेबा हॉलेंड
(C) फ्रेंकोइस मार्टिन
(D) फ्रांसेबा ऑकड

**130. ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने शोरा पर अपना एकल नियंत्रण कब स्थापित किया था?**
(A) 1757 AD
(B) 1764 AD
(C) 1759 AD
(D) 1758 AD

**131. निम्नलिखित में से कौन सा कथन चोल शासकों राजराज और राजेंद्र प्रथम के महत्व को उपयुक्त ढंग से निरूपित करता है?**
1. उन्होंने अपनी जीत की स्मृति में मंदिरों के निर्माण को प्राथमिकता दी।
2. उन्होंने सैन्य विजय के माध्यम से चोल साम्राज्य का उल्लेखनीय रूप से विस्तार किया।
3. उन्होंने मुख्य समुद्री व्यापार मार्गों पर नियंत्रण स्थापित कर लिया।
4. उन्होंने पड़ोसी राज्यों के साथ शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की नीति अपनाई।

उपरोक्त कथनों में से सही उत्तर चुनें:
(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 1, 2 और 3
(C) केवल 1, 3 और 4
(D) उपरोक्त सभी

**132. किस मुग़ल बादशाह ने गुरु गोविंद सिंह को मुग़ल सेवा में भर्ती किया था?**
(A) बहादुर शाह प्रथम
(B) जहांदर शाह
(C) फर्रुखसियर
(D) मोहम्मद शाह

**133. किस ब्रिटिश चार्टर अधिनियम ने चाय और अफ़ीम जैसे विशिष्ट क्षेत्रों को छोड़कर, भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के व्यापारिक एकाधिकार को समाप्त कर दिया?**
(A) 1793 का चार्टर एक्ट
(B) 1813 का चार्टर एक्ट
(C) भारत सरकार अधिनियम 1833
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**134. किस चार्टर अधिनियम द्वारा भारतीय विधि आयोग की स्थापना की गई और सभी भारतीय कानूनों को संहिताबद्ध करने का लक्ष्य रखा?**
(A) 1793 का चार्टर एक्ट
(B) 1813 का चार्टर एक्ट
(C) भारत सरकार अधिनियम 1833
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**135. निम्नलिखित में से किस वायसराय ने वर्नाक्युलर प्रेस अधिनियम लागू किया?**

(A) लॉर्ड रिपन

(B) लॉर्ड लिटन

(C) लॉर्ड लैंसडाउन

(D) लॉर्ड लिनलिथगो

**136. 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के बारे में निम्नलिखित में से कौन सी टिप्पणी सत्य नहीं है।**

(A) यह एक अहिंसक आंदोलन था।

(B) इसका आरंभ महात्मा गांधी ने किया था।

(C) यह एक स्वतःस्फूर्त आंदोलन था।

(D) इसने सामान्यतः श्रमिक वर्ग को आकर्षित नहीं किया।

**137. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के लिए दादाभाई नौरोजी का सबसे प्रभावी योगदान यह था कि उन्होंने,**

1. अंग्रेजों द्वारा भारत के आर्थिक शोषण को उजागर किया।
2. प्राचीन भारतीय ग्रंथों की व्याख्या की और भारतीयों में आत्मविश्वास को पुनः जगाया।
3. सबसे पहले सभी सामाजिक बुराइयों की समाप्ति पर बल दिया।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(A) केवल 1

(B) केवल 2 और 3

(C) केवल 1 और 3

(D) 1, 2 और 3

**138. उष्णकटिबंधीय सदाबहार वनों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. ये वन भारी वर्षा वाले क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं हैं।
2. ये वन पश्चिमी घाट और अंडमान-निकोबार तथा लक्षद्वीप के द्वीप समूहों, असम के ऊपरी भागों और तमिलनाडु तट के क्षेत्रों में स्थित हैं।
3. ये उन क्षेत्रों स्थित हैं जहाँ वार्षिक वर्षा 200 सेमी से अधिक होती है।
4. ये पूरे मौसम में ठंडे और शुष्क रहते हैं।

निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1

(B) केवल 1 और 2

(C) केवल 2 और 3

(D) केवल 2, 3 और 4

**139. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. वर्ष 1960 की सिंधु जल संधि के अनुसार, भारत को 40% पानी का उपयोग करने की अनुमति है, जबकि पाकिस्तान को 60% पानी का उपयोग करने की अनुमति है।
2. सिंधु नदी प्रणाली की अन्य सहायक नदियाँ जास्कर, श्योक और हुंजा हैं।

निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1

(B) 1 और 2 दोनों

(C) केवल 2

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**140. निहारिका परिकल्पना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. यह इमैनुएल कांट द्वारा दिया गया था।
2. बाद में इसे प्रसिद्ध गणितज्ञ लाप्लास ने संशोधित किया।

निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों

(D) न तो 1 और न ही 2

**141. हरियाणा के एक चिड़ियाघर में कुछ मोर और लोमड़ियाँ हैं, जिनकी कुल संख्या 80 है और उनके पैरों की कुल संख्या 260 है। ज्ञात कीजिए कि वहाँ कितनी लोमड़ियाँ हैं।**

(A) 30 (B) 50

(C) 60 (D) 20

**142. उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएँ दिए गए सेट की तरह ही व्यवस्थित हैं।**

**A.** (12, 6, 24)

**B.** (45, 15, 180)

(नोट:- आपको संख्या को उसके अंकों में तोड़े बिना हल करना है। उदाहरण के लिए, 19 - 19 पर क्रियाएं जैसे कि 19 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 19 को 1 और 9 में तोड़ना और फिर 1 और 9 पर गणितीय क्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है)

(A) (18,9,36) (B) (36,16,220)

(C) (63,7,49) (D) (45,15,190)

**143. नीचे दिए गए चार विकल्पों में से कौन सा विकल्प संख्या श्रृंखला में प्रश्न चिह्न की जगह आएगा?**
**37, 74, 111, 148, 185, ?**

(A) 212
(B) 222
(C) 232
(D) 242

**144. दिए गए प्रश्न में नीचे दिए गए चार विकल्पों में से लुप्त संख्या चुनिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 9 | 7 | 8 |
| 4 | 3 | ? |
| 45 | 28 | 64 |

(A) 7
(B) 8
(C) 9
(D) 10

**145. नीचे चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से तीन किसी तरह से समान हैं और एक भिन्न है। वह भिन्न विकल्प चुनिए।**
**48,120,169,35**

(A) 48
(B) 120
(C) 169
(D) 35

**146. किन दो चिह्नों को आपस में बदला जाना चाहिए ताकि निम्नलिखित समीकरण सही हो जाए?**
**$27 \div 64 \times 8 + 19 - 17 = 218$**

(A) – और ×
(B) ÷ और ×
(C) + और ×
(D) – और +

**147. नीचे कुछ कथन और निष्कर्ष दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए निर्णय लें कि कौन से निष्कर्ष कथनों का अनुसरण करते हैं।**

कथन:
**A.** सभी प्रतियां कार्ड हैं।
**B.** सभी कार्ड किताबें हैं।
**C.** कोई किताब रबर नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ कार्ड कॉपी हैं।
(II) सभी कॉपी किताबें हैं।
(III) सभी कॉपी रबर हैं।

(A) केवल निष्कर्ष I कथन का अनुसरण करता है।
(B) केवल निष्कर्ष II कथन का अनुसरण करता है।
(C) दोनों निष्कर्ष I और II कथन का अनुसरण करते हैं।
(D) केवल निष्कर्ष III कथन का अनुसरण करता है।

**148. पाँच मित्र पिकनिक पर जाते हैं। दोस्तों में से एक के पास पिकनिक पर जाने के लिए एक भी रुपया नहीं है, इसलिए अन्य चार दोस्तों, जिनके पास ₹420, ₹480, ₹600 और ₹750 हैं, ने अपने पिकनिक खर्च को उसके साथ साझा करने का फैसला किया। यदि अन्य चार दोस्तों ने अपने पैसे का क्रमशः 10%, 15%, 12% और 6% हिस्सा साझा किया, तो ज्ञात करें कि उसे (पांचवें दोस्त को) पिकनिक के लिए कितना पैसा मिला?**

(A) ₹231 (B) ₹219
(C) ₹280 (D) ₹312

**149. जब $(38)^{31} + (24)^{31}$ को 31 से विभाजित किया जाए तो शेषफल ज्ञात कीजिए।**

(A) 0 (B) 7
(C) 48 (D) 252

**150. एक कंपनी के 40 कर्मचारियों का औसत वजन 52 किलोग्राम है। यदि कोई नया कर्मचारी कंपनी में शामिल होता है, तो औसत वजन 500 ग्राम बढ़ जाता है। नए कर्मचारी का वजन (किलो में) ज्ञात कीजिए।**

(A) 74.5 किग्रा.
(B) 72.5 किग्रा.
(C) 73.5 किग्रा.
(D) 78.5 किग्रा.

# उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | D | 26. | D | 51. | D | 76. | B | 101. | C | 126. | D |
| 2. | B | 27. | A | 52. | A | 77. | C | 102. | B | 127. | D |
| 3. | B | 28. | A | 53. | D | 78 | C | 103. | C | 128. | B |
| 4. | B | 29. | B | 54. | D | 79. | C | 104. | A | 129. | A |
| 5. | B | 30. | D | 55. | B | 80. | D | 105. | B | 130. | C |
| 6. | D | 31. | A | 56. | D | 81. | A | 106. | B | 131. | B |
| 7. | B | 32. | A | 57. | C | 82. | C | 107. | C | 132. | A |
| 8. | A | 33. | A | 58. | D | 83. | D | 108. | B | 133. | B |
| 9. | B | 34. | C | 59. | D | 84. | B | 109. | B | 134. | C |
| 10. | A | 35. | D | 60. | D | 85. | B | 110. | D | 135. | B |
| 11. | B | 36. | A | 61. | C | 86. | C | 111. | D | 136. | D |
| 12. | D | 37. | A | 62. | D | 87. | C | 112. | D | 137. | A |
| 13. | C | 38. | A | 63. | D | 88. | C | 113. | A | 138. | C |
| 14. | C | 39. | D | 64. | C | 89. | C | 114. | B | 139. | C |
| 15. | A | 40. | D | 65. | D | 90. | B | 115. | C | 140. | C |
| 16. | B | 41. | A | 66. | A | 91. | C | 116. | B | 141. | B |
| 17. | A | 42. | A | 67. | B | 92. | B | 117. | B | 142. | B |
| 18. | A | 43. | B | 68. | C | 93. | B | 118. | D | 143. | B |
| 19. | D | 44. | C | 69. | B | 94. | C | 119. | C | 144. | A |
| 20. | D | 45. | A | 70. | B | 95. | D | 120. | C | 145. | C |
| 21. | B | 46. | C | 71. | B | 96. | C | 121. | C | 146. | B |
| 22. | C | 47. | C | 72. | D | 97. | D | 122. | A | 147. | C |
| 23. | C | 48. | C | 73. | D | 98. | D | 123. | A | 148. | A |
| 24. | C | 49. | B | 74. | B | 99. | A | 124. | C | 149. | A |
| 25. | D | 50. | D | 75. | D | 100. | D | 125. | C | 150. | B |

*बिहार करेंट अफेयर्स मार्च अंक में दिए गए बिहार विधान सभा मॉक टेस्ट की व्याख्या के लिए QR Code स्कैन करें।*

# करेंट अफेयर्स वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. **हाल ही में, आंध्र प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ने दलबदल विरोधी कानून के तहत आठ विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया। निम्नलिखित में से कौन सी अनुसूची दलबदल विरोध से संबंधित है?**
(A) पांचवी अनुसूची
(B) छठी अनुसूची
(C) आठवीं अनुसूची
(D) दसवीं अनुसूची

2. **हाल ही में, लद्दाख के लोगों द्वारा स्वायत्त जिला परिषद (ADC) की मांग चर्चा में थी। ADC के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
1. ADC संविधान की छठी अनुसूची के अंतर्गत आता है।
2. ADC में 36 सदस्य होते हैं।
3. केवल 3 सदस्यों को राज्यपाल द्वारा मनोनीत किया जा सकता है।

निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:
(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) केवल 1 और 3
(D) उपरोक्त सभी।

3. **हाल ही में लोकसभा की विशेषाधिकार समिति खबरों में थी, इसमें कितने सदस्य होते हैं-**
(A) पंद्रह
(B) सत्रह
(C) इक्कीस
(D) चौबीस

4. **हाल ही में उज्बेकिस्तान में बॉन कन्वेंशन का COP14 आयोजित किया गया। बॉन कन्वेंशन निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**
(A) प्रवासी प्रजातियों का संरक्षण
(B) जैव विविधता का संरक्षण
(C) जलवायु का संरक्षण
(D) परमाणु प्रदूषण की रोकथाम

5. **निम्नलिखित में से कौन सा/से विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम का/के उद्देश्य है/हैं?**
1. भारत में विदेशी मुद्रा बाजार का विकास और रखरखाव।
2. विदेशी मुद्रा या विदेशी प्रतिभूति से जुड़े लेनदेन की सुविधा।

निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:
(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) इनमें से कोई भी नहीं

6. **आठवीं शताब्दी का प्रसिद्ध मार्तंड सूर्य मंदिर हाल ही में खबरों में था। यह निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में स्थित है?**
(A) जम्मू एवं कश्मीर
(B) पुडुचेरी
(C) असम
(D) बिहार

7. **ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (GTRI) के अनुसार, वर्ष 2023 में भारत के कृषि आयात में वनस्पति तेल, दाल और फल का प्रतिशत क्या था?**
(A) 86.4%
(B) 62.1%
(C) 57.8%
(D) 72.1%

8. **हाल ही में, भारत सरकार ने निम्नलिखित में से किस बंदरगाह को 100% लैंडलॉर्ड बंदरगाह घोषित किया है?**
(A) कांडला बंदरगाह
(B) पोर्ट ब्लेयर बंदरगाह
(C) तूतीकोरिन बंदरगाह
(D) जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह

**9. हाल ही में, INSAT-3DS को GSLV रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया था। भू-समकालिक उपग्रह प्रक्षेपण यान (GSLV) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. GSLV एक तीन चरणों वाला यान है।
2. क्रायोजेनिक इंजन का उपयोग ऊपरी चरण में किया जाता है।
3. पहले चरण में विकास इंजन का उपयोग किया जाता है।

**निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए।**

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3
(D) उपरोक्त सभी

**10. हाल ही में, भारत ने अपनी कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना को संशोधित किया है। कार्बन क्रेडिट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. एक कार्बन क्रेडिट एक मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर होता है।
2. कार्बन क्रेडिट और ट्रेडिंग सिस्टम कैप-एंड-ट्रेड मॉडल पर आधारित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1 और न ही 2

**11. हाल ही में, जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन के COP-28 में चक्रवातों से बचाव के लिए मैंग्रोव को उधृत किया गया। निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता/विशेषताएँ मैंग्रोव में पाई जाती है/हैं?**

1. प्रजनन की जरायुजता विधि
2. न्यूमेटोफोर (हवाई जड़) की उपस्थिति
3. स्टिल्ट जड़ों की उपस्थिति

**निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:**

(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) केवल 1 और 3
(D) उपरोक्त सभी

**12. उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**

(A) राधा रतूड़ी
(B) कुसुम कंडवाल
(C) कामिनी गुप्ता
(D) गीता खन्ना

**13. "रैपिड फाइनेंसिंग इंस्ट्रूमेंट" और "रैपिड क्रेडिट फैसिलिटीज़" निम्नलिखित में से किसके द्वारा ऋण देने के प्रावधानों से संबंधित हैं?**

(A) एशियाई विकास बैंक
(B) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(C) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम वित्त पहल
(D) विश्व बैंक

**14. हाल ही में बाल अधिकारों के संरक्षण का मुद्दा समाचारों में था, बच्चों के अधिकारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. 44वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम के माध्यम से शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार के अंतर्गत लाया गया।
2. भारत का संविधान 5 से 16 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान करता है।
3. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को सुरक्षा प्रदान करता है।

**निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:**

(A) केवल 1
(B) 1 और 2 दोनों
(C) केवल 3
(D) 1, 2 और 3

**15. हाल ही में INDUS-X शिखर सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित किया गया। INDUS-X शिखर सम्मेलन के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

(A) यह भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच आयोजित किया गया था।
(B) सम्मेलन की थीम, भविष्य की युद्ध रणनीति थी।
(C) INDUS-X का आयोजन DRDO द्वारा किया गया था।
(D) उपरोक्त तीनों कथन सही हैं।



KGS

**16. हाल ही में आंध्र प्रदेश में बर्ड फ्लू का प्रकोप देखने को मिला। बर्ड फ्लू के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. बर्ड फ्लू H5N1 का टाइप A स्ट्रेन है।
2. ये वायरस जंगली जलीय पक्षियों में प्राकृतिक रूप से फैलते हैं।
3. बर्ड फ्लू में उत्परिवर्तन की घटना बारंबार होती है।

**निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:**

(A) केवल 1 (B) केवल 1 और 2
(C) केवल 3 (D) 1, 2 और 3

**17. हाल ही में, हिंदू कुश पर्वत पर एल्पेंग्लो की घटना देखी गई। एल्पेंग्लो के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?**

1. यह पहाड़ों में एक सुंदर दृश्यमान प्रकाश प्रभाव है।
2. यह चमक चट्टान से परावर्तित होने वाले प्रकाश के कारण होता है।

**निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:**

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1 और न ही 2

**18. हाल ही में, ब्लैक-क्राउन्ड नाइट हेरॉन मणिपुर में देखे गए हैं। ब्लैक-क्राउन्ड नाइट हेरॉन का मुख्य निवास स्थान क्या है?**

(A) आर्द्रभूमियाँ (B) ऊष्णकटिबंधीय वर्षावन
(C) रेगिस्तान (D) बर्फीले पहाड़

**19. भारत वर्ष 2047 तक लागत प्रभावी हरित हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त करने की योजना बना रहा है। ग्रीन हाइड्रोजन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. इसे सीधे आंतरिक दहन के लिए ईंधन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।
2. इसे प्राकृतिक गैस के साथ मिश्रित किया जा सकता है और ऊष्मा या बिजली उत्पादन के लिए ईंधन के रूप में उपयोग किया जा सकता है।
3. इसका उपयोग वाहनों को चलाने के लिए हाइड्रोजन ईंधन सेल में किया जा सकता है।

**निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:**

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3 (D) 1, 2 और 3

**20. हाल ही में आचार समिति खबरों में थी। संसदीय समिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. संविधान में कहीं भी संसदीय समिति का उल्लेख नहीं है।
2. लोकसभा के अध्यक्ष विभागीय स्थाई समितियों की अध्यक्षता करते हैं।
3. विभागीय स्थाई समितियों द्वारा दी गई सलाह संसद के लिए बाध्यकारी है।

**निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:**

(A) केवल 1
(B) केवल 1 और 2
(C) केवल 3
(D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

**21. हाल ही में, एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) द्वारा 'हीलिंग टच डिवाइस' विकसित की गई है। निम्नलिखित में से कौन हीलिंग टच डिवाइस का सर्वाधिक उपयुक्त वर्णन करता है?**

(A) यह एक रोबोटिक सर्जरी है।
(B) यह एम्स द्वारा विकसित एक AI-आधारित भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रणाली है।
(C) यह घाव को शीघ्र भरने वाला एक उपकरण है।
(D) यह उपचार हेतु एक प्रकार की औषधि है।

**22. हाल ही में निम्नलिखित में से कौन से राज्य ने सर्पदंश से होने वाली मौतों की रिपोर्टिंग को अनिवार्य कर दिया है?**

(A) केरल
(B) कर्नाटक
(C) मध्य प्रदेश
(D) छत्तीसगढ़

**23. हाल ही में "दंड पट्टा" को निम्नलिखित में से किस राज्य का राजकीय हथियार घोषित किया गया है?**

(A) महाराष्ट्र
(B) राजस्थान
(C) पंजाब
(D) तमिलनाडु

**24. हाल ही में, किसे भारतीय सेना का नया उपप्रमुख नियुक्त किया गया है?**

(A) उपेन्द्र द्विवेदी
(B) महेंद्र सिंह
(C) मनोज पांडे
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**25. हाल ही में वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद की 28वीं बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता किसने की?**

(A) वित्त मंत्री
(B) भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर
(C) भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार
(D) वित्त मंत्रालय के सचिव

**26. हाल ही में वित्त आयोग चर्चा में था। निम्नलिखित में से किस आधार पर वित्त आयोग राज्यों को धन आवंटित करता है?**

1. आय में अंतर
2. वन और पारिस्थितिकी
3. कर संग्रहण
4. जनसांख्यिकीय प्रदर्शन

निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2 और 3
(C) 1, 2 और 3
(D) उपरोक्त सभी

**27. हाल ही में रायसीना डायलॉग आयोजित किया गया। निम्नलिखित में से किस मंत्रालय द्वारा हर वर्ष रायसीना डायलॉग आयोजित किया जाता है?**

(A) गृह मंत्रालय
(B) विदेश मंत्रालय
(C) प्रधानमंत्री कार्यालय
(D) रक्षा मंत्रालय।

**28. हाल ही में भारत में प्रवासी भारतीय दिवस निम्नलिखित में से किस तिथि को मनाया गया?**

(A) 2 फरवरी (B) 4 जनवरी
(C) 9 जनवरी (D) 21 जनवरी

**29. हाल ही में, भारत द्वारा नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम लॉन्च किया गया। यह निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

(A) डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड प्रबंधन से
(B) चिकित्सा उपकरण आयात को सुव्यवस्थित करने से
(C) मेडिकल रिसर्च फ़ंडिंग से
(D) सार्वजनिक स्वास्थ्य निगरानी से

**30. हाल ही में, सरोगेसी नियम, 2022 में संशोधन किया गया है। भारत में सरोगेसी नियम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. एक विवाहित महिला जिसका अपना एक बच्चा है, सरोगेट मां के लिए पात्र है।
2. एक महिला अपने जीवनकाल में केवल दो बार ही सरोगेट मां बन सकती है।
3. इच्छुक दंपत्ति के पास बांझपन का प्रमाण पत्र होना चाहिए।

निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:

(A) केवल 1 (B) केवल 1 और 2
(C) केवल 1 और 3 (D) उपरोक्त सभी

**31. हाल ही में, भारत कालाजार के उन्मूलन के बहुत करीब पहुँच गया है। कालाजार के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?**

1. कालाजार आमतौर पर नर बालू मक्खी द्वारा फैलता है।
2. यह प्रतिरक्षा प्रणाली पर आघात करता है।
3. कालाजार का वैज्ञानिक नाम विसेरल लीशमैनियासिस है।

निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:

(A) केवल 1
(B) केवल 2 और 3
(C) 1 , 2 और 3
(D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं।

**32. अपशिष्ट डंपिंग के बढ़ते स्तर के कारण दीपोर बील आर्द्रभूमि को पारिस्थितिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। यह आर्द्रभूमि निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?**

(A) असम (B) मेघालय
(C) मिजोरम (D) मणिपुर

**33. निम्नलिखित में से कौन सी भारतीय कंपनी BHARATGPT शुरू करने जा रही है?**

(A) रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड
(B) टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज
(C) विप्रो
(D) भारत पे

**34. भारत ने हाल ही में निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में 100% FDI को मंजूरी दी है?**

(A) अंतरिक्ष क्षेत्र
(B) औषधि
(C) बीमा
(D) सुरक्षा

**35. हाल ही में, राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड चर्चा में था। राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड का गठन केंद्र सरकार द्वारा वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत किया गया है।
2. बोर्ड का गठन वर्ष 2006 में किया गया था।
3. इसने भारतीय वन्यजीव बोर्ड को प्रतिस्थापित किया।

निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:

(A) केवल 1
(B) केवल 2 और 3
(C) सब सही हैं।
(D) केवल 1 और 3

**36. हाल ही में प्रच्छन्न बेरोजगारी चर्चा में थी। निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य प्रच्छन्न बेरोजगारी का सर्वाधिक उपयुक्त वर्णन करता है?**

(A) प्रच्छन्न बेरोजगारी बेरोजगारी का ऐसा प्रकार है जिसमें कुल उत्पादन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।
(B) ऐसा तब होता है जब उपलब्ध नौकरियों और काम की तलाश कर रहे लोगों के बीच कोई मेल नहीं होता है।
(C) यह नौकरियों को प्रभावित करने वाले मौसमी पैटर्न के कारण साल भर में अलग-अलग समय पर होता है।
(D) इनमें से कोई नहीं।

**37. हाल ही में, NB8 ने भारत का दौरा किया। NB8 निम्नलिखित में से किन देशों से मिलकर बना है?**

(A) डेनमार्क, एस्टोनिया, फिनलैंड, आइसलैंड, लातविया, लिथुआनिया, नॉर्वे और स्वीडन
(B) इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, स्विट्जरलैंड, नीदरलैंड, ग्रीस, पोलैंड
(C) माल्टा, हंगरी, साइप्रस, बुल्गारिया, स्लोवेनिया, मोनाको, आइसलैंड, आयरलैंड
(D) ईरान, इराक, जॉर्डन, कांगो गणराज्य, इज़राइल, सीरिया, ओमान, लेबनान।

**38. हाल ही में, "सम्मक्का सरलम्मा जतारा" उत्सव मनाया गया। सम्मक्का सरलाम्मा जतारा उत्सव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. यह देवियों के सम्मान का त्योहार है और इनको लोग बांगरम अर्पित करते हैं।
2. यह केरल में प्रति दो वर्ष पर आयोजित किया जाता है।
3. कोया जनजाति के पुजारी देवी से संबंधित सभी अनुष्ठान करते हैं।

निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) केवल 1 और 3 (D) केवल 2 और 3

**39. हाल ही में, निम्नलिखित में से किस न्यूरोटेक कंपनी ने पहली बार मानव मस्तिष्क में कंप्यूटर चिप प्रत्यारोपित किया?**

(A) न्यूरालिंक (B) कर्नेल
(C) ब्लैकरॉक न्यूरोटेक (D) न्युरेबल

**40. हाल ही में निम्नलिखित में से किस राज्य द्वारा 'कलैगनार स्पोर्ट्स किट' लॉन्च किया गया?**

(A) तमिलनाडु (B) केरल
(C) महाराष्ट्र (D) तेलंगाना

**41. 'वोल्ट टाइफून' जो हाल ही में चर्चा में था, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

(A) AI-आधारित हमला
(B) नई जलवायु परिवर्तन पहल
(C) साइबर हैकिंग ग्रुप
(D) चक्रवात

**42. ऋण माफी योजना हाल ही में खबरों में थी। इस योजना की घोषणा निम्नलिखित में से किस देश द्वारा की गई थी?**

(A) यूनाइटेड किंगडम (B) नॉर्वे
(C) संयुक्त राज्य अमेरिका (D) संयुक्त अरब अमीरात

**43. निम्नलिखित भारतीय बौद्धिक व्यक्तियों में से किसे हाल ही में फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार दिया गया है?**

(A) शशि थरूर (B) अमर्त्य सेन
(C) सुब्रमण्यम स्वामी (D) रामचन्द्र गुहा

**44. सिमरिया धाम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 30 मई 2023 को गंगा के किनारे अवस्थित एक सांस्कृतिक केंद्र सिमरिया धाम के पुनरुद्धार की आधारशिला रखी।
2. सिमरिया घाट उत्तर वाहिनी गंगा नदी के बाएं तट पर स्थित है जो प्राचीन काल से आध्यात्मिक और धार्मिक दृष्टिकोण से प्रसिद्ध है।
3. बिहार सरकार ने वर्ष 2017 में कल्पवास मेले को राज्य मेले का दर्जा दिया।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(A) केवल 1 और 3 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 3 (D) केवल 1 और 2

**45. निम्नलिखित में से किस मंत्रालय/संगठन ने बिहार के 17 विभिन्न जिलों से 70 स्थलों का चयन किया है ताकि इन स्थलों के रखरखाव कार्य और सुरक्षा से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं की स्थिति का पता लगाया जा सके?**

(A) पर्यटन मंत्रालय
(B) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण
(C) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
(D) गृह मंत्रालय

**46. WTO का 13वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन किस स्थान पर आयोजित किया गया?**

(A) कतर (B) अबू धाबी
(C) नई दिल्ली (D) सऊदी अरब

**47. हाल ही में, G-33 खबरों में था। G-33 के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. इसे "कृषि में विशेष उत्पादों के मित्र" के रूप में भी जाना जाता है।
2. G-33 नाम इससे जुड़े देशों की संख्या को दर्शाता है।
3. भारत इसका सदस्य देश नहीं है।
4. विश्व व्यापार संगठन द्वारा पहली बार वर्ष 2003 में कानकुन में G-33 सम्मेलन की मेजबानी की गई।

उपरोक्त कथनों में से कौन से गलत हैं?

(A) केवल 1 और 3
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 3 और 4
(D) केवल 1, 2, और 3

**48. भारतीय सेना और जापान के ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के बीच धर्म गार्जियन युद्ध अभ्यास का आयोजन किस स्थान पर किया गया था?**

(A) टोक्यो
(B) ओडिशा
(C) राजस्थान
(D) गुजरात

**49. भारत-जापान द्विपक्षीय संबंधों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. भारत और जापान के मध्य 28 अप्रैल 1955 को एक शांति संधि पर हस्ताक्षर के बाद राजनयिक संबंधों की शुरुआत हुई थी।
2. मालाबार नौसैनिक अभ्यास में भारत, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के साथ जापान भी भाग लेता है।
3. भारत और जापान दोनों G4 समूह के सदस्य हैं, जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए एक-दूसरे के दावे का समर्थन करते हैं।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(A) केवल 2
(B) केवल 3
(C) केवल 2 और 3
(D) 1, 2, और 3

**50. हाल ही में, माखा बुचा उत्सव मनाया गया। माखा बुचा उत्सव के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से गलत है/हैं?**

1. यह तीसरे चंद्र माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है।
2. यह थाईलैंड, लाओस और कंबोडिया में मनाया जाता है, जहां अधिकांश बौद्ध धर्मावलंबी हीनयान बौद्ध धर्म को मानने वाले हैं।

निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर उत्तर का चयन कीजिए:

(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1 और न ही 2

**51. सौसा चिनेंसिस हाल ही में चर्चा में देखा था। यह एक प्रकार है-**

(A) साँप (B) डॉल्फिन
(C) चिड़िया (D) कीट

**52. नासा के क्यूरियोसिटी रोवर ने हाल ही में किस ग्रह पर क्रिपसकुलर किरणों को कैप्चर किया?**

(A) पृथ्वी
(B) मंगल
(C) बृहस्पति
(D) शुक्र

**53. एशिया के सबसे बड़े 4-मीटर इंटरनेशनल लिक्विड मिरर टेलीस्कोप को किस राज्य में लॉन्च किया गया?**

(A) असम
(B) अरुणाचल प्रदेश
(C) उत्तराखंड
(D) सिक्किम

**54. एशिया के प्रमुख जैव प्रौद्योगिकी और जीवन विज्ञान सम्मेलन बायोएशिया का 21वां संस्करण किस शहर में आयोजित किया गया?**

(A) हैदराबाद
(B) चेन्नई
(C) मुंबई
(D) बेंगलुरु

**55. लोकपाल हाल ही में चर्चा में था। लोकपाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. यह एक संवैधानिक निकाय है।
2. इसका मुख्य लक्ष्य सरकारी अधिकारियों से संबंधित भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करना है।
3. लोकपाल में एक अध्यक्ष और अधिकतम 13 सदस्य होते हैं।

निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:

(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) केवल 1 और 2
(D) 1, 2 और 3

**56. हाल ही में निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा इकोनॉमिक्स ऑफ फूड सिस्टम ट्रांसफॉर्मेशन नीति पत्र जारी किया गया था?**

(A) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)
(B) खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)
(C) खाद्य प्रणाली अर्थशास्त्र आयोग (FSEC)
(D) विश्व बैंक

**57. आईएनएस संधायक को हाल ही में कमीशन किया गया है। यह किस प्रकार का पोत है?**

(A) सर्वे पोत जहाज (B) युद्ध पोत
(C) नौसेना विध्वंसक (D) विमान वाहक

**58. गीज़ा का महान पिरामिड हाल ही में चर्चा में था। यह निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है?**

(A) मिस्र (B) यूनान
(C) कजाखस्तान (D) उज़्बेकिस्तान

**59. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. यह विदेशियों द्वारा किया गया दीर्घकालिक निवेश है।
2. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) चार प्रकार के होते हैं।
3. यह एक बहुत ही स्थिर निवेश है।

निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2
(C) केवल 1 और 3 (D) 1, 2 और 3

**60. हाल ही में निम्नलिखित में से किन देशों के मध्य होमलैंड सुरक्षा वार्ता आयोजित की गई?**

(A) भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका
(B) भारत और फ्रांस
(C) जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका
(D) भारत और जापान

**61. हाल ही में MSME चर्चा में था, MSME के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. MSME विकास अधिनियम वर्ष 2006 में अस्तित्व में आया।
2. यह ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत आता है।
3. "सम्बन्ध" पोर्टल MSME से संबंधित है।

निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:

(A) केवल 1 (B) केवल 1 और 2
(C) केवल 1 और 3 (D) उपरोक्त सभी

**62. म्यूनिसिपल बांड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. म्यूनिसिपल बांड स्थानीय सरकार की ओर से राज्य सरकार द्वारा जारी किए जाते हैं।
2. म्यूनिसिपल बांड को आयकर से छूट प्राप्त है।
3. आमतौर पर, म्यूनिसिपल बांड दीर्घकालिक बांड होते हैं।

निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:

(A) केवल 1 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 3 (D) 1, 2 और 3

**63. हाल ही में नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 लागू हुआ, नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 (CAA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. CAA हिंदू, सिख, यहूदी, बौद्ध और ईसाइयों पर लागू होता है।
2. CAA 2019 के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को एक भारतीय भाषा का ज्ञान होना चाहिए
3. CAA 2019 छठी अनुसूची और इनर-लाइन परमिट क्षेत्रों में लागू नहीं किया जाएगा।

निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:

(A) केवल 1 (B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 2 (D) उपरोक्त सभी

**64. हाल ही में खबरों में रहा एशियन प्रीमियम निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

(A) यह ओपेक (OPEC) द्वारा एशियाई देशों से लिया जाने वाला अतिरिक्त शुल्क है।
(B) यह एशियाई देशों पर UNFCCC द्वारा लगाया गया जुर्माना है।
(C) यह पैसे निकालने के लिए एशियाई विकास बैंक द्वारा लिया जाने वाला शुल्क है।
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**65. "अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉजिट" योजना निम्नलिखित में से किस बैंक द्वारा शुरू की गई है?**

(A) भारतीय स्टेट बैंक
(B) बैंक ऑफ बड़ौदा
(C) बैंक ऑफ इंडिया
(D) सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

**66. भारत ने संयुक्त आर्थिक और व्यापार समिति की स्थापना के लिए निम्नलिखित देशों में से किस के साथ एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए?**

(A) डोमिनिकन गणराज्य
(B) हंगरी
(C) चेक रिपब्लिक
(D) फिनलैंड

**67. मध्य प्रदेश में वायुमंडलीय अनुसंधान परीक्षण स्थल स्थापित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा/से सर्वाधिक प्रासंगिक कारण है/हैं?**

1. यह कर्क रेखा के निकट है।
2. यह क्षेत्र सीधे तौर पर प्रमुख वर्षा-वाहक सम्मिलित प्रणालियों के मार्ग में स्थित है।
3. यह क्षेत्र प्रदूषण और मानवीय गतिविधियों से मुक्त है।

निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:

(A) केवल 1 (B) केवल 1 और 2
(C) केवल 2 और 3 (D) 1, 2 और 3

**68. हाल ही में भारत की पहली पाम तेल प्रसंस्करण मिल निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थापित की गई?**

(A) अरुणाचल प्रदेश (B) सिक्किम
(C) असम (D) मणिपुर

**69. हाल ही में, विशेषज्ञों ने राय व्यक्त की है कि ग्रीनहाउस गैसों के प्रभाव को कम करने के लिए कार्बन पृथक्करण एक व्यवहार्य विकल्प है। इस संदर्भ में कार्बन पृथक्करण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. यह वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड को हटाने की एक प्रक्रिया है।
2. जब कार्बन को प्राकृतिक वातावरण में संग्रहीत किया जाता है तो इसे जैविक कार्बन पृथक्करण कहा जाता है।
3. कार्बन पृथक्करण के लिए वनों की कटाई एक बहुत प्रभावी तरीका है।

**निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:**

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) केवल 1 और 2 (D) केवल 1 और 3

**70. हाल ही में "रोडामाइन-बी" खबरों में था, यह है -**

(A) खाद्य रंग
(B) एंटीबायोटिक
(C) हाल ही में खोजा गया क्षुद्रग्रह
(D) रोबोट

**71. हाल ही में वैज्ञानिकों ने निम्नलिखित में से किस ग्रह पर नोक्टिस ज्वालामुखी की खोज की है?**

(A) मंगल (B) वरुण (नेपच्यून)
(C) बुध (D) पृथ्वी

**72. हाल ही में आइसलैंड में विदर प्रकार का ज्वालामुखी विस्फोट हुआ, इसके पीछे निम्नलिखित में से कौन सा सबसे वैध कारण है?**

(A) आइसलैंड मध्य-अटलांटिक कटक पर स्थित है।
(B) यह प्रविष्ठन क्षेत्र में स्थित है जहां उत्तरी अटलांटिक प्लेट यूरेशियन प्लेट के नीचे है।
(C) जिस भूपर्पटी पर आइसलैंड स्थित है वह बहुत पतली है।
(D) वहां पारंपरिक धारा बहुत सक्रिय है।

**73. निम्नलिखित में से किसने हाल ही में भारत के नए निर्वाचन आयुक्त के रूप में पदभार संभाला है?**

(A) ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू
(B) अश्विनी सिंह और रमेश कुमार
(C) अनादि कुमार महापात्रा और अजीत सिल
(D) ज्ञानेंद्र शेखर और अरविंद सिंह

**74. निम्नलिखित में से किस गायक को वर्ष 2024 के संगीत अकादमी के संगीत कलानिधि पुरस्कार के लिए चुना गया है?**

(A) एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी (B) पंडित भीमसेन जोशी
(C) टी.एम. कृष्णा (D) के.जे. येसुदास

**75. निम्नलिखित में से कौन सा/से सरकार के पूंजीगत व्यय के अंतर्गत नहीं आता/आते है/हैं?**

1. सरकारी कर्मचारियों को वेतन देना।
2. रक्षा उपकरणों की खरीद।
3. मौजूदा ऋणों पर ब्याज का भुगतान।
4. ऋण की अदायगी।

**निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:**

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 1 और 3
(C) केवल 1, 2 और 4 (D) केवल 2, 3 और 4

**76. "LAMITYE-2024" सैन्य अभ्यास भारतीय सेना और निम्नलिखित में से किस रक्षा बल के मध्य आयोजित किया गया?**

(A) सेशेल्स रक्षा बल
(B) दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रीय रक्षा बल
(C) इंडोनेशियाई राष्ट्रीय सशस्त्र बल
(D) रॉयल आर्मी ऑफ ओमान

**77. भारत के निर्वाचन आयोग ने हाल ही में निम्नलिखित में से किस राज्य में मतदान प्रतिशत को बढ़ावा देने के लिए "मिशन 414" लॉन्च किया है?**

(A) उत्तराखंड (B) हिमाचल प्रदेश
(C) अरुणाचल प्रदेश (D) सिक्किम

**78. हाल ही में निम्नलिखित में से किस देश ने सफेद एस्बेस्टस के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है?**

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका (B) ब्रिटेन
(C) फ्रांस (D) नॉर्वे

**79. हाल ही में एंटी-ड्रोन सिस्टम का ठेका निम्नलिखित में से किस संगठन को दिया गया है?**

(A) बिग बैंग बूम सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
(B) टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड
(C) हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड
(D) महिंद्रा एयरोस्पेस

**80. हाल ही में, भारत के लिए विश्व स्वर्ण परिषद का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) किसे नियुक्त किया गया है?**

(A) सचिन जैन (B) आरती सक्सेना
(C) धर्मेश सोडा (D) शीला कुलकर्णी

**81. हाल ही में, गोल्डन लंगूर की जनसंख्या आकलन का कार्य किया गया था। इस संदर्भ में गोल्डन लंगूर के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. गोल्डन लंगूर भारत और बांग्लादेश में पाया जाने वाला स्थानिक जीव है।
2. इसकी IUCN स्थिति 'संकटग्रस्त' है।

निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1 और न ही 2

**82. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. बिहार भारत का पहला राज्य है जो पंचायत स्तर पर मौसम संबंधी आंकड़े एकत्र करता है।
2. भारत सरकार बिहार के मौसम पूर्वानुमान मॉडल मौसम बिहार (MAUSAM BIHAR) ऐप को अपनाएगी।
3. मौसम बिहार (MAUSAM BIHAR) ऐप मौसम पूर्वानुमान के बारे में 5 दिन पूर्व जानकारी देता है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

(A) केवल 1 (B) केवल 2 और 3
(C) 1, 2 और 3 (D) केवल 1 और 3

**83. निम्नलिखित युग्मों को सुमेलित कीजिए:**

| | व्यक्ति | संबंधित क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | श्री बिंदेश्वर पाठक | a. कला |
| 2. | श्री चंद्रेश्वर प्रसाद ठाकुर | b. सामाजिक कार्य |
| 3. | श्री राम कुमार मल्लिक | c. चिकित्सा |
| 4. | श्री सुरेंद्र किशोर | d. साहित्य और शिक्षा |

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

(A) 1 - a, 2 - b, 3 - c, 4 - d
(B) 1 - b, 2 - c, 3 - d, 4 - a
(C) 1 - b, 2 - c, 3 - a, 4 - d
(D) 1 - c, 2 - a, 3 - b, 4 - d

**84. "सिरजनहार" उपन्यास किसके द्वारा लिखा गया?**

(A) उषा किरण खान (B) राम कुमार मलिक
(C) चेतन भगत (D) अरुंधति रॉय

**85. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. 6वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2024 का आयोजन तमिलनाडु में किया गया।
2. 9 पदक जीतकर बिहार पदक तालिका में 21वें स्थान पर रहा।
3. 1500 मीटर दौड़ में बिहार के दुर्गा सिंह ने स्वर्ण पदक जीता।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 1 और 3
(C) 1, 2 और 3 (D) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**86. बिहार लघु उद्यमी योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. इसका क्रियान्वयन बिहार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किया जाएगा।
2. बिहार जाति सर्वेक्षण-2023 के अनुसार, 94 लाख परिवार जिनकी पारिवारिक आय 6000 रुपए से कम है, इस योजना के लिए पात्र हैं।
3. बिहार सरकार प्रति परिवार अधिकतम 5 लाख रुपये देगी।

निम्नलिखित में से सही कूट का चयन कीजिए:

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 1 और 3
(C) 1, 2 और 3 (D) केवल 2 और 3

**87. भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. वह वर्ष 1952 में सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार के रूप में ताजपुर निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान सभा के सदस्य बने।
2. उन्होंने जून 1971 में मुंगेरीलाल आयोग (आरक्षण से संबंधित) का गठन किया।
3. वह "भारत रत्न" पुरस्कार के 50वें प्राप्तकर्ता हैं।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 1 और 3
(C) 1, 2, और 3
(D) केवल 2 और 3

88. **निम्नलिखित युग्मों को सुमेलित कीजिए:**

| उत्कृष्टता केंद्र (CoE) | स्थान (बिहार में) |
|---|---|
| 1. मोटा अनाज | a. चांडी, नालंदा |
| 2. जर्दालू आम | b. शाहकुंड,भागलपुर |
| 3. सब्जियाँ | c. टनकुप्पा, गया |

**निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:**

(A) 1-a, 2-b, 3-c

(B) 1-c, 2-b, 3-a

(C) 1-c, 2-a, 3-b

(D) 1-b, 2-a, 3-c

89. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. बिहार के कृषि विभाग द्वारा “बिहार विशेष उद्यानिक फसल योजना” के तहत वर्ष 2021-22 में सेब की खेती प्रोत्साहन योजना शुरू की गई।
2. यह योजना बिहार के 11 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई थी।
3. सरकार इस योजना के तहत किसानों को 50% तक सब्सिडी देती है।
4. सरकार ने फरवरी 2024 में इस योजना को बंद कर दिया।

**निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:**

(A) केवल 1 और 2

(B) केवल 1, 2 और 3

(C) केवल 1, 3 और 4

(D) 1, 2, 3 और 4

90. **निम्नलिखित तालिका पर विचार कीजिए:**

| बिहार में खनन स्थल | जिला |
|---|---|
| P. गेनजाना निकेल-क्रोमियम और पीजीई ब्लॉक | 1. रोहतास |
| Q. चुटिया-नौहट्टा ग्लूकोनाइट ब्लॉक | 2. औरंगाबाद-गया |
| R. पिपराडीह-भुरवा ग्लूकोनाइट ब्लॉक | 3. रोहतास |

**निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:**

(A) P-1, Q-2, R-3 (B) P-1, Q-3, R-2

(C) P-2, Q-1, R-3 (D) P-3, Q-1, R-2

91. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. वर्ष 2022 और 2023 के लिए बिहार के 5 लोगों को साहित्य नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
2. वर्ष 2022 और 2023 के लिए बिहार के 4 लोगों को उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
3. उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार वर्ष 2006 में दिया जाना शुरू हुआ था और यह पुरस्कार प्रतिवर्ष दिया जाता है।
4. किसी दिए गए वर्ष में उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार की कुल संख्या 33 से अधिक नहीं होगी।

**निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:**

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 1, 2 और 3

(C) 1, 2, 3, और 4 (D) केवल 3 और 4

92. **बिहार में जेंडर बजट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. बिहार में पहली बार जेंडर बजट वर्ष 2008-09 में प्रस्तुत किया गया।
2. वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बिहार के बजट में राज्य में विभिन्न महिला विकास कार्यक्रमों पर कुल 39,000 करोड़ रुपये यानी कुल बजट का 14 फीसदी खर्च किये जाएंगे।

**निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:**

(A) केवल 1

(B) 1 और 2 दोनों

(C) केवल 2

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

93. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. हाल ही में ट्रेड मार्क रजिस्ट्री ने बिहार के चाय ब्रांड “बिहार टी” मार्क को मंजूरी दी है।
2. किशनगंज बिहार का सर्वाधिक चाय उत्पादक जिला है।
3. ट्रेड मार्क को ट्रेड मार्क रजिस्ट्री अधिनियम 1999 के तहत भारत सरकार के ट्रेड मार्क रजिस्टर द्वारा प्रदान किया जाता है।

**निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:**

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 1 और 3

(C) 1, 2, और 3 (D) केवल 2 और 3

**94. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (KIUG) 2024 का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी में किया।
2. KIUG 2024 भारत के 7 उत्तर पूर्वी राज्यों में आयोजित किया गया और इस खेल का शुभंकर अष्टलक्ष्मी था।
3. बिहार ने केवल एक पदक (कांस्य) जीता और पदक तालिका में 115वें स्थान पर रहा।
4. ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की महिला टीम ने कबड्डी में कांस्य पदक जीता।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

(A) केवल 1 और 2

(B) केवल 1, 2, और 3

(C) 1, 2, 3, और 4

(D) केवल 2, 3, और 4

**95. बिहार कराधान विवाद निपटान विधेयक 2024 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. विधेयक में एकमुश्त निपटान योजना द्वारा जीएसटी पूर्व कर दायित्व को प्रस्तुत करने का प्रावधान है।
2. विधेयक में जुर्माने का 10% भुगतान करने का प्रावधान है और शेष 90% की छूट होगी।
3. व्यापारियों को विवादित कर राशि के शेष 65% की छूट पाने के लिए विवादित कर राशि का 35% भुगतान करना होगा।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

(A) केवल 1 और 2

(B) केवल 1 और 3

(C) 1, 2, और 3

(D) केवल 2 और 3

**96. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. हाल ही में 2 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के बेगूसराय और औरंगाबाद से 48,000 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शुभारंभ किया।
2. इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने “1962 किसान ऐप” लॉन्च किया और भारत के लोगों को “भारत पशुधन” समर्पित किया।
3. प्रधानमंत्री मोदी ने बेगूसराय के बरौनी में हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (HURL) उर्वरक संयंत्र का उद्घाटन किया।
4. आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे बिहार के 9 जिलों से होकर गुजरता है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 1, 2 और 3

(C) 1, 2, 3 और 4 (D) केवल 3 और 4

**97. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा राष्ट्रीय जलवायु सुभेद्यता आकलन रिपोर्ट जारी की गई।
2. बिहार भारत के 25% सर्वाधिक “सुभेद्य राज्यों” में से एक है।
3. भारत के 50 सर्वाधिक सुभेद्य जिलों में से 14 जिले बिहार के हैं।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 1 और 3

(C) 1, 2, और 3 (D) केवल 2 और 3

**98. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा 4 साल (वर्ष 2023 से वर्ष 2027) की अवधि के लिए सिटी इन्वेस्टमेंट टू इनोवेट, इंटीग्रेट एंड सस्टेन 2.0 (CITIIS 2.0) योजना शुरू की गई।
2. CITIIS 2.0 योजना के तहत, शहर अगले चार वर्षों के लिए एक चक्रीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाली परियोजनाओं को लागू करेंगे।
3. CITIIS 2.0 योजना के लिए, 18 स्मार्ट शहरों का चयन किया गया है, और बिहार से केवल एक शहर (मुजफ्फरपुर) का चयन किया गया है।

सही विकल्प का चयन कीजिए:

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 1 और 3

(C) 1, 2, और 3 (D) केवल 2 और 3

**99. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. बिहार स्टार्टअप फंड ट्रस्ट (BSFT) और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) ने बिहार में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
2. इस एमओयू पर 50 करोड़ रुपये के बिहार स्टार्टअप स्केल-अप फाइनेंसिंग फंड (BSSFF) के प्रबंधन के लिए हस्ताक्षर किए गए हैं।
3. BSFT बिहार स्टार्टअप नीति के कार्यान्वयन के लिए बिहार के उद्योग विभाग द्वारा गठित नोडल एजेंसी है।

**सही विकल्प का चयन कीजिए:**

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 1 और 3
(C) 1, 2, और 3
(D) केवल 2 और 3

**100. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. हाल ही में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में सतत विकास के लिए "बिहार के लिए जलवायु अनुकूल और निम्न कार्बन आधारित विकास मार्ग" का एक मसौदा लॉन्च किया।
2. इस प्रकार का मसौदा रिपोर्ट जारी करने वाला बिहार भारत का पहला राज्य है।
3. बिहार में वायु प्रदूषण की निगरानी के लिए पंचायत स्तर पर इंटीग्रेटेड डैशबोर्ड फॉर एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सेंटर खोला गया है।

**निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:**

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 1 और 3
(C) 1, 2, और 3
(D) केवल 2 और 3

# उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | D | 11. | D | 21. | C | 31. | B | 41. | C | 51. | B | 61. | C | 71. | A | 81. | B | 91. | C |
| 2. | A | 12. | A | 22. | B | 32. | A | 42. | C | 52. | B | 62. | B | 72. | A | 82. | B | 92. | B |
| 3. | A | 13. | B | 23. | A | 33. | A | 43. | A | 53. | C | 63. | B | 73. | A | 83. | C | 93. | C |
| 4. | A | 14. | C | 24. | A | 34. | A | 44. | D | 54. | A | 64. | A | 74. | C | 84. | A | 94. | D |
| 5. | C | 15. | A | 25. | A | 35. | D | 45. | C | 55. | B | 65. | B | 75. | B | 85. | B | 95. | C |
| 6. | A | 16. | B | 26. | D | 36. | A | 46. | B | 56. | C | 66. | A | 76. | A | 86. | A | 96. | B |
| 7. | D | 17. | A | 27. | B | 37. | A | 47. | B | 57. | A | 67. | C | 77. | B | 87. | A | 97. | C |
| 8. | D | 18. | A | 28. | C | 38. | C | 48. | C | 58. | A | 68. | A | 78. | A | 88. | B | 98. | C |
| 9. | A | 19. | D | 29. | B | 39. | A | 49. | C | 59. | D | 69. | C | 79. | A | 89. | C | 99. | C |
| 10. | C | 20. | D | 30. | C | 40. | A | 50. | B | 60. | A | 70. | A | 80. | A | 90. | C | 100. | A |

*बिहार करेंट अफेयर्स मार्च अंक में दिए गए करेंट अफेयर्स वस्तुनिष्ठ प्रश्न की व्याख्या के लिए QR Code स्कैन करें।*

# Our Other Programmes









# KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform

# UPSC
## Pre + Mains
### Foundation Programme 2025
हिंदी English

Scan to Know More

**Patna**

**Musallahpur**
KGS Campus, Near Sai Mandir, Musallahpur Koiritola, Patna, Bihar – 800006

**Boring Road**
2nd Floor, Kumar Tower, Boring Road Crossing Chauraha, Patna, Bihar – 800001

KGS Offline Centers

Delhi Prayagraj Dehradun

Follow Us

YouTube Website Telegram Whatsapp



9788197137914
Code: KGS-BM01



Price: 70/-

For more informaiton: 8757354880 | enquiry@khanglobalstudies.com